		मे- मैत्रेय, मेधावी, मेनपाल, मेघराज	मेधा, मैत्रेयी, मेनका, मेधना
	पूर्वाफाल्गुनी	मो- मोनू, मोहन,मोहनीश,मोहनलाल,मोतीलाल	मोहिनी, मोनिका, मोहनीशा, मोना,
		टा- टारजन, ट्रावेन्द्र	टम्मीरानी
		टी- टिकू, टीनू, टीकमसिंह	टीना, टिन्नी, टिवंकल, टिवकलिना
		टू- टूकेजकुमार, टूकीराम	टेकी
	उत्तराफाल्गुनी	टे- टेकचन्द	टेकी, टेविका
राशि- कन्या		टो- टोनी	टोनिका
		पा- पंकज, प्रतीक, प्रशान्त, परवीन, प्रदीप, पवन, परवेश, प्रवीणकुमार, प्रणय, प्रमोद	पारूल, प्रभा, प्रमिला, प्रज्ञा, प्राची, प्रतिमा, पामेला, प्रखर, प्रगति, प्रज्ञावती
		पी- प्रियव्रत, प्रियकांत, प्रियांशु, प्रीतमसिंह	प्रियंका, पिंकी, प्रीतिलता
	हस्त	पू- पुनीत, पुष्पेन्द्र, पूर्णेन्दु, पुण्यवीर, पूरनचन्द	पूनम, पूजा, पुष्पा, पुनीता, पूर्णिमा
		ष- पुनीत, पुष्पेन्द्र, पूर्णेन्दु, पुण्यवीर, पूरनचन्द	पूनम, पूजा, पुष्पा, पुनीता, पूर्णिमा
		ण- (ठा) ठाकुरदास	
		ठा- ठाकुरदास, ठाकुरप्रसाद	
	चित्रा	पे- प्रेमपाल, प्रेमसागर, प्रेमशंकर, प्रेमराज	प्रेमलता, प्रेरणा, प्रेमा,
		पो- प्रोवेशचन्द	प्रोमिला

नोट: अ व क हा डा चक्र ज्योतिषकी वर्णमाला में कुछ अक्षर ऐसे भी है जिनपर कोई नाम नहीं होता या बोलनेमें अच्छा नही लगता वहां ज्योतिषी आगे पीछेके अक्षरपर नाम रखनेमें स्वतन्त्र होता है।

राशि	नक्षत्र	लड़के	लड़कियाँ
राशि- तुला	चित्रा	रा- राकेश, राजीव, राहुल, रमेश, रंजन, रवि रत्नाकर, ऋषिकुमार, ऋतुराज, ऋषिराज	राखी, राधा, रंजना, रतिका, रत्नप्रभा, रमा रश्मि, रजनी, रसना, रत्ना
		री- रीतेश, रिंकू, रिपुदमन, रिशांक	रीता, रीना, रिचा, रीतू, रिद्धिमा
	स्वाती	रू- रूपकिशोर, रुद्रदेव, रुद्रदत्त, रूपेश	रूबी, रूकमणी, रूचिता, रूपशिखा, रूपा
		रे- रेवतीप्रसाद, रैवतसिंह	रेनू, रेखा, रेशमा
		रो- रोहित, रोमेश, रोबिन, रोबट	रोजी, रोहिणी, रोशनी, रोचिता
		ता- तन्मय, तरूणकुमार, तपन, तनु, तपेश	ताप्ती, तृष्णा, तनुप्रिया, तरूलता, त्रैयम्बिका
	विशाखा	ती- त्रलोकचन्द, त्रिदेवकुमार	तिलोत्तमा, त्रियनयना, तीक्षा, त्रिशला
		तू- तुहिनांशु, तुहिनचन्द, तुलसीराम, तुलाराम	तूलिका, तुलसी
		ते- तेजप्रताप, तेजासिंह, तेजपाल	तेजसी, तेजस्वनी
राशि- वृश्चिक		तो- तोयद, तोताराम	तोयशी
	अनुराधा	ना- नवीन, नवनेन्दु, नवनीत, नागार्जुन, नगेन्द्र	नम्रता, नवमल्लिका, नवनीता, नंदिनी
		नी- नीरज, निर्मल, निवेश, निर्भय, नीलकांत निपुणेश, नितीश, निशान्त	नीलम, नीतू, निशा, नीरू, निर्मला, निरूपमा
		नू- नूतन	नूतन, नुपूर, नूरी
		ने- नेमिचन्द, नेतराम, नेत्रपाल	नेहा, नेमवती, नेहलिया
	ज्येष्ठा	नो- नोरत्न, नोवेश, नोहवतशरण	
		या- यादवेन्द्र, यज्ञदत्त, यशोमणि, यज्ञसैन यशपाल, यशवंत, यदुवीर	यशोधरा, यशवती, यशोदा, यतिका, यामिनी
		यी	
		यू- धूकेश, युगलकिशोर, यूपेन्द्र	युगेन्द्री, युगलेशकुमारी
राशि- धनु	मूल	ये-	
		यो- योगेन्द्र, योगेश	योगिता, योगेश्वरी, योकिला
		भा- भारतेन्दु, भानुप्रताप, भगवत, भद्रसैन, भागीरथ, भास्कर, भगवती प्रसाद	भावना, भानुप्रिया, भास्वती, भानुमती, भानवी भानुरेखा
		भी- भीमसैन, भीष्म, भीकमसिंह	भीनूरानी
	पूर्वाषाढ़ा	भू- भूपेन्द्र, भुवनेश, भूषण, भुजवीर	भूदेवी, भूषिता, भूमिजा, भूमिका
		धा- धर्मेन्द्र, धर्मांशु, धरणीधर, धीरज, धर्मदत्त धवलकांत, धर्मेश, ध्रुव	धनवती, धनेन्द्री, धनैश्वरि, धवली, धात्री धृति
		फा- फणीन्द्र, फतेहचन्द, फनीशकुमार	फनी, फरहा, फूलन, फूलवती
		ढा- ढिल्लोराम	ढिल्लोरानी
	उषा.	भे- भेदिव्यांश	भेव्यारानी

राशि	नक्षत्र	लड़के	लड़कियाँ
राशि- मकर	उषा.	भो- भोजराज,	भोजवती
		जा- जानकीदास, जगप्रवेश, जतिन, जयपाल, जसवन्त, जयवीर, ज्ञानचन्द्र	ज्योति, जयप्रभा, जाग्रती, * जीनियां, जिप्रू, जिज्ञासा, ★
		जी- जीवाराम, जीवेश, जितेन्द्र, जीयालाल, ज्वाला प्रसाद	जूली,
	अभि.	जू जे- जुगलकिशोर, जून्यादेव, जैपालभारती	खग्रारानी, खजानी, ख्याति
		जो खा- जोगेन्द्र, खगेश, खगेन्द्र, जोगिन्दर	खिस्त्रादेवी
	श्रवण	खी- खिलाड़ीराम	खुमानीदेवी *ज्योत्सना, ज्योतिबाला
		खू- खूबीराम	खेलप्रिया ★ज्ञानवती
		खे- खेरातीलाल, खेमचन्द	
		खो-	गार्गी, गतिका, गरिमा, गायत्री, गाथारानी
	धनिष्ठा	गा- गवनीश, ग्यारसीलाल, गंगाशरन	गीता, गीतांजली, गीतिका, गिरिनन्दिनी
		गी- गीतम, गिरधर, गिरीशकुमार, गिरिराज	
राशि- कुम्भ		गु- गुणवर्धन, गुटलू, गुल्लू, गुरूप्रीति	गुड्डो, गुरमीत, गुंजन, गुंजिता, गुणवती
		गे- गेंदालाल, गेग्रीयलाल	
	शतभिषा	गो- गौरव, गोविन्द, गौरीशंकर, गोविल, गोरेशचन्द	गौरांगना, गौरी
		सा- संजय, सचिन, सतेन्द्र, सर्वेश, शरदचन्द शशिकांत, शशिभूषण, संदीप, सत्यव्रत	साधना, सरोज, सरिता, सारिका, सविता, सन्ध्या, शशी, साक्षी, स्वाती, संगीता
		सी- श्रीकांत, श्रीधर, शीतांशु, शीतलचन्द, शिवराज, शिवेन्दु, सिद्धार्थ, श्रीयांशु, श्रीचन्द्र	सीमा, श्रीप्रभा, शिक्षा, शिविका, शीला शिखा, शीला
		सु- सुकेश, सुधाकर, सुमित, सुरेश, सुरेन्द्र	सुभद्रा, शुचि, शुचिप्रभा, श्रुतिकीर्ति, सुमित्रा, सुधा
		से- शैलेन्द्र, सेवाराम, सेवकराम	शैलजा, शैलेन्द्री, सेव्यावती,
	पूर्वाभाद्रपद	सो- सौरभ, सोमेश, सोमदत्त, सोरनसिंह, शोभन	सोनिया, शोभा, शोभना, श्रोतिभा, शोभांगना
		दा- दामोदर, द्रुपद, द्वारिकप्रसाद, दलवीर, दयानिधि, दयानन्द, दयाराम	दयावती, दुधिसुता
राशि- मीन		दी- दिनेश, दिनकर, दीपक, दीपेश, दीपांशु दीपेन्द्र, दिवस्पति, दिवेन्दु, दिलीप	दिव्यावती, दीपिका, दीप्ति, दीपशिखा
	उत्तराभाद्रपद	दु- दुलीचन्द, दुष्यन्त	दुलारी, दुर्गादेवी
		थ- थानसिंह	थानेश्वरी
		झ- झम्मनलाल	झिलमिली, झुन्झुन
		ञ- झम्मनलाल	झिलमिली, झुन्झुन
	रेवती	दे- देवेन्द्र, देवस्वरूप, देवराज, देवकीनन्दन, देवमणि, देवदास, देवीलाल, देवव्रत	देवप्रभा, देवकी, देवप्रिया, देवांगना, देवज्योति
		दो- दौलतराम	द्रौपदी द्युति
		च- चन्द्रकान्त, चन्द्रेश, चन्द्रमणि, चन्द्रभूषण	चन्द्रकान्ता, चंचल, चन्द्रिका, चारू, चन्द्रकेला,
		ची- चीनू, चिन्टू, चित्रेश, चित्रक	चित्रलेखा, चित्रप्रभा, चित्रांगदा, चित्रा

मेषादि राशियों की संज्ञादि ज्ञानार्थ चक्रम्

संज्ञा	पु.-स्त्री	चरादि	तत्त्व	पुष्टकृश	पाद	वर्ण	गुण	धातु	शब्द	स्थान	क्रूरादि	बलस	विषमसम	दिशा	स्त्रीसंग	कान्ति	जाति	उदय	ऋतु	बुरज	साइन	राशि
मेष	पुरुष	चर	अग्नि	दृढ़	चतुष्पद	पाटलरक्त	तप्तदेह	पित्त	अतिरव	पर्वत	उग्र	दिवा	विषम	पूर्व	अल्प	रूक्ष	क्षत्रीय	पृष्ठोदय	वसन्त	हमल	एरिस	मेष
वृष	स्त्री	स्थिर	पृथ्वी	दृढ़	चतुष्पद	श्वेत	शीत	वायु	अतिरव	समभूमि	सौम्य	रात्रि	सम	दक्षिण	मध्य	रूक्ष	वैश्य	पृष्ठोदय	ग्रीष्म	सूर	टॉरस	वृष
मिथुन	पुरुष	द्विस्वभाव	वायु	मृदु	द्विपद	हरित	तप्त	समधा	दीर्घशब्द	वनचर	उग्र	दिवा	विषम	पश्चिम	मध्य	स्निग्ध	शूद्र	शीर्षोदय	ग्रीष्म	जोंझा	जेमिनी	मिथुन
कर्क	स्त्री	चर	जल	मृदु	अपद	पाटल	शीत	कफ	शब्दहीन	जलचर	सौम्य	रात्रि	सम	उत्तर	बहु	स्निग्ध	विप्र	पृष्ठोदय	वर्षा	सर्तान्	केन्सर	कर्क
सिंह	पुरुष	स्थिर	अग्नि	दृढ़	चतुष्पद	धूम्र	उष्ण	पित्त	दीर्घशब्द	पर्वत	उग्र	दिवा	विषम	पूर्व	अल्प	रूक्ष	क्षत्रीय	शीर्षोदय	वर्षा	असद	लिओ	सिंह
कन्या	स्त्री	द्विस्वभाव	पृथ्वी	कृश	द्विपद	पांडुरंग	शीत	वायु	अर्धशब्द	समभूमि	सौम्य	रात्रि	सम	दक्षिण	अल्प	रूक्ष	वैश्य	शीर्षोदय	शरत्	सबुला	विरगो	कन्या
तुला	पुरुष	चर	वायु	दृढ़	द्विपद	विचित्र	उष्ण	समधा	शब्दहीन	वनचर	उग्र	दिवा	विषम	पश्चिम	अल्प	स्निग्ध	शूद्र	शीर्षोदय	शरत्	मीझान	लिब्रा	तुला
वृश्चिक	स्त्री	स्थिर	जल	कृश	बहुपद	श्वेत	शीत	कफ	शब्दहीन	जलचर	सौम्य	रात्रि	सम	उत्तर	बहु	स्निग्ध	विप्र	शीर्षोदय	हेमन्त	अकव	स्कोर्पिओ	वृश्चिक
धनु	पुरुष	द्विस्वभाव	अग्नि	दृढ़	द्विपद	सुवर्ण	उष्ण	पित्त	अतिशब्द	पर्वत	उग्र	दिवा	विषम	पूर्व	अल्प	रूक्ष	क्षत्रीय	पृष्ठोदय	हेमन्त	कांस	सेजिटेरिस	धनु
मकर	स्त्री	चर	पृथ्वी	दृढ़	चतुष्पद	पीत	शीत	वायु	अतिशब्द	वनचर	सौम्य	रात्रि	सम	दक्षिण	अल्प	रूक्ष	वैश्य	पृष्ठोदय	शिशिर	जदी	केपरिकोर्न	मकर
कुम्भ	पुरुष	स्थिर	वायु	दृढ़	अपद	कर्बुर	उष्ण	समधा	खंडशब्द	भूमि	उग्र	दिवा	विषम	पश्चिम	मध्य	स्निग्ध	शूद्र	शीर्षोदय	शिशिर	दलु	एक्वारीस	कुम्भ
मीन	स्त्री	द्विस्वभाव	जल	दृढ़	अपद	धूम्र	शीत	कफ	शब्दहीन	जलचर	सौम्य	रात्रि	सम	उत्तर	बहु	स्निग्ध	विप्र	उभयोदय	वसन्त	हूत	पीसिस	मीन

अथ जन्मकुण्डल्यां तन्वादि भावस्थ ग्रहाणां फलानि

ग्रहाः	तनु१	धन २	भ्राता३	सुख४	पुत्र५	शत्रु६	स्त्री७	मृत्यु८	धर्म९	कर्म१०	लाभ११	व्यय१२
सूर्य	शूर	धनी	सुखी	दुःखी	अपुत्र	बली	स्त्रीजित	अल्पायु	सुखी	शूर	धनी	पतित
चन्द्र	जड़	कुटुम्बी	क्रूर	सुशील	पुत्रवान	अल्पायु	ईर्ष्यालु	रोगी	सुभग	धीर	ख्यातः	हीनांग
भौम	व्रणी	कुटिल	विक्रमी	पीड़ित	अपुत्र	शत्रुजित	स्त्रीपीड़ा	रोगी	पापात्मा	सुखी	धनाढ्य	पतित
बुध	विद्वान्	धनी	दुर्जन	सुखी	मन्त्री	दुशील	धर्मज्ञ	गुणी	पुत्रवान	विक्रमी	धनी	जड़
गुरु	चिरायु	धनी	कृपण	सुखी	प्रतापी	कामी	प्रसिद्ध	अल्पायु	पुत्रवान	सुकृति	धनी	दरिद्र
शुक्र	सुखी	धनी	पापी	सुखी	धीमान्	रोगी	क्रोधी	नीच	प्रतापी	सुमति	धनाढ्य	खल
शनि	रोगी	वक्ता	विक्रमी	दुःखी	दरिद्र	सुखी	दुःखी	नेत्ररोगी	सुखी	पराक्रमी	धनी	दुःखी
राहु	रोगी	विरोधी	विक्रमी	दुःखी	दुर्भाग	बली	अशुचि	गतायु	दैन्यं	मानी	ख्यातः	पतित
केतु	अल्पायु	धर्महा.	शूर	दुःखी	अपुत्र	बली	दारहा	क्लेशी	पापी	अधर्मी	धनी	दुर्जन

अथ स्त्रियाणां जन्म कुण्डल्यां तन्वादि भावस्य ग्रह फलम्

ग्रहाः	तनु१	धन२	भ्राता३	सुख४	पुत्र५	शत्रु६	पति७	मृत्यु८	धर्म९	कर्म१०	लाभ११	व्यय१२
सूर्य	सक्रोधा	निर्धना	सुपुत्रा	सपीड़ा	अपुत्रा	धनाढ्या	दुःखार्ता	विधवा	धर्मिष्ठा	सती	सधना	सक्रोधा
चन्द्र	अल्पायु	सधना	सुखिनी	दुर्भगा	सुपुत्रा	रोगिणी	पतिप्रिय	दुखार्ता	सुखिनी	धन्या	गुणिनी	हीनांगा
भौम	दुःखार्ता	बन्ध्या	अभ्रतृक्ता	दुखिनी	अपुत्रा	नीरोगा	विधवा	कुलटा	दुखिनी	कुपुत्रा	सधर्मा	दुष्टा
बुध	सुभगा	धनाढ्या	सुखिनी	सुगृहा	सुबुद्ध	सक्रोधा	सती	कृतघ्ना	सुधर्मा	सुधर्मा	सुलाभा	कृशांगी
गुरु	सती	सधना	भ्रातृमती	सुखिनी	साध्वी	सापदा	सुकीर्ति	रोगिणी	पुत्राढ्या	सुभगा	सुरुपा	सद्व्यया
शुक्र	सुखिनी	सहर्षा	धनाढ्या	सुकीर्ति	सुसुता	दरिद्रा	पतिप्रिय	प्रमत्ता	सुपुण्या	सुकर्मा	सुपुत्रा	सद्व्यया
शनि	बन्ध्या	निर्धना	दक्षा	हृद्रोगा	अपुत्रा	सुगुणा	विधवा	दुःखार्ता	बन्ध्या	पापा	सुलाभा	मूढ़ा
राहु	अपुत्रा	दरिद्रा	धनाढ्या	रोगार्ता	अपुत्रा	धनाढ्या	दुःखार्ता	क्लेशिनी	बन्ध्या	कुकर्मा	सुभगा	खला
केतु	दुःखार्ता	शोकार्ता	रोगाढ्या	मातृहीना	विपुत्रा	धनाढ्या	विधवा	सदुःखा	शोकार्ता	पापा	सुभगा	सरोगा

सूर्यादि ग्रहों का द्वादश भावों में गोचर फल

ग्रहाः	भाव१	भाव२	भाव३	भाव४	भाव५	भाव६	भाव७	भाव८	भाव९	भाव१०	भाव११	भाव१२
सूर्य	स्थाननाश	भय	श्री	मानभंग	दैन्य	विजय	मार्गभ्रम	पीड़ा	सुकृतना.	सिद्धि	धनलाभ	धननाश
चन्द्र	धनलाभ	सन्तोष	सुख	रोग	ज्ञानवृद्धि	धनलाभ	स्त्रीलाभ	रोग	धर्मलाभ	सौख्य	धनलाभ	धननाश
भौम	शत्रुनाश	धननाश	धनलाभ	शत्रुभी	पुत्रकष्ट	धनलाभ	स्त्रीकष्ट	शत्रुभी.	शत्रुपीड़ा	शोक	धनलाभ	धननाश
बुध	सुख	धनलाभ	शत्रुभी.	पशुलाभ	सुख	स्थानलाभ	पीड़ा	धनलाभ	पीड़ा	सौख्य	धनलाभ	धननाश
गुरु	भय	धनलाभ	क्लेश	हानि	सुख	शोक	राजमान	पीड़ा	सौख्य	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र	शत्रुनाश	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभी.	शोक	धनलाभ	वस्त्रलाभ	दुख	धनलाभ	धनलाभ
शनि	भय	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुभी	पुत्रकष्ट	धननाश	दोष	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मन	धनलाभ	धनलाभ
राहु	हानि	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक	श्री	कलह	मृत्यु	दुःख	वैर	सुख	शोक
केतु	रोग	वैर	सुख	भय	सुख	धनलाभ	कलह	रोग	पाप	शोक	कीर्ति	शत्रु

अथ पुरुष जन्म कुण्डल्यां तन्वादि भावस्थ ग्रहफलम्

ग्रहाः	भाव१	भाव२	भाव३	भाव४	भाव५	भाव६	भाव७	भाव८	भाव९	भाव१०	भाव११	भाव१२
सूर्य	चिन्ता	राजभय	धनलाभ	हानि	कष्टम्	शत्रुनाश	पीड़ा	कष्ट	धर्मनाशं	सुख	धनलाभ	पीड़ा
चन्द्र	पीड़ा	धनलाभ	हर्ष	शत्रुनाश	सुखम्	पीड़ा	कष्ट	दुःख	भाग्योदय	विजय	धनलाभ	व्यय
भौम	वृणा	धनलाभ	जय	व्यसनं	दुर्मति	शत्रुनाश	स्त्रीकष्ट	पीड़ा	पुण्योदय	राज्यलाभ	धनलाभ	विरोध
बुध	सौख्य	धनलाभ	सुखम्	द्रव्यलाभ	पुत्रलाभ	कलह	धनलाभ	व्यग्रता	सुख	मानलाभ	सुखलाभ	रोग
गुरु	सुख	धनलाभ	जय	वाहनला.	पुत्रप्राप्ति	कष्टम्	सुख	रोग	धर्मलाभ	राज्यलाभ	धनलाभ	शोक
शुक्र	मानप्रा.	धनलाभ	कीर्तिला	सुखलाभ	धनलाभ	शत्रुभय	स्त्रीसुख	कष्ट	धर्मोदय	मानलाभ	क्षेमलाभ	व्यय
शनि	वातार्ति	पीड़ा	धनलाभ	दुःखम्	पुत्रपीड़ा	जय	स्त्रीकष्ट	रोग	भाग्यहानि	धनहानि	धनलाभ	चिन्ता
राहु	शिरोर्ति	राजभय	सुखम्	दुःखम्	बुद्धिनाश	शत्रुनाश	रोगी	कष्ट	धर्महानि	विजय	सुखलाभ	व्याधि
केतु	चिन्ता	क्लेश	आरोग्य	राजभय	दुर्बुद्धि	सुखम्	क्लेश	पीड़ा	भाग्यनाश	धनलाभ	लाभ	शोक
मुन्था	सुखम्	यशोऽर्थ	पुष्टि	दुःखम्	सुखप्राप्ति	कष्टम्	व्यसनं	दुःख	भाग्योदय	राजयोग	लाभ	कष्ट

❀ अथशान्तिप्रकरणम् ❀

गुरुगायत्रीमंत्र- ओ३म् भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्।।

अशुभ ग्रहोंकी शान्तिहेतु ऋषि-महर्षि, ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ विद्वानोंने (जो ग्रह जिस समय अशुभ फल दे रहा हो उसी ग्रह से सम्बन्धित) मन्त्र जप, यज्ञानुष्ठान, दान, पुण्यार्जन एवं ग्रह दोष शमन यन्त्र, तदनुसार रत्न-उपरत्न धारण का विधान बतलाया है। साथ ही यह भी कहा है कि गुरुजनोंका आशीर्वाद, भूदेव द्विजोंकी वन्दना, धर्मशास्त्रोंका चिन्तन-मनन तथा सत्संग साधु सेवासे अशुभ फलकारी ग्रहकी पीड़ा शान्त होती है। श्री ब्रजभूमि पंचांगके पाठकोंकी विशेष सुविधा हेतु सूर्यादिग्रहोंसे सम्बन्धित यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र, जपसंख्या और समय, दान, हौम सामग्री आदिकी जानकारी दे रहे हैं, ताकि अनिष्टसे बचा जा सके। समय पर होने वाले दानादिका फल कल्याणकारी होता है। **प्रगट चारि पद धर्मके, कलि महुँ एक प्रधान।**

जेनकेनविधि दीन्हे, दान करइ कल्यान।। उ.दो.१०३ख।।

सूर्यका ध्यान- पद्मासनः पद्मकरः पद्मगर्भः समद्युतिः।
सप्ताश्वःसप्तरज्जुश्च द्विभुजःस्यात् सदारविः।।

वैदिकमंत्र- ॐ आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च। हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्।। यजु ३४।३१

६	१	८
७	५	३
२	९	४

जपनीय तान्त्रिक मन्त्र- ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः। **एकाक्षरी बीज मन्त्र-** ॐ घृणिः सूर्याय नमः। **प्रार्थना करें-** ग्रहाणामादिरादित्यो लोकलक्षणकारकः।विषमस्थानसम्भूतां पीडां दहतु मे रविः।।

जपसंख्या- ७००० कलियुगमें २८०००। **हवन समिधा-** मदार लाल चन्दन। **दान वस्तुएँ-** माणिक, गोधूम, लाल सवत्साधेनु, लाल वस्त्र, गुड़, सुवर्ण, तांबा, लालचन्दन, लालफूल, गेहूँ, घी, केशर। **दान का समय-** अरूणोदय(सूर्योदय-काल)। **धारण हेतु रत्न-** माणिक्य मानिक चुन्नी(Ruby) याकूत। ५ या कम से कम ३ रत्ती का सोनेकी अँगूठी में रविपुष्यामृत योगमें, धारण करें। साधारणजन १५ चावल वजन का माणिक भी धारण कर सकते हैं। **उपरत्न-** विद्रुम, सूर्यमणि(लालड़ी) जिसे फारसीमें लाल भी कहते हैं कंटकिज (Spinal) तामड़ा या चुनड़ी (Garnet) **जड़ी-** बिल्व वृक्षका मूल। **पीड़ानिवृत्तये सतीर्थजलोषधिस्नानम्-** मनः शिला, इलायची, देवदारू, कुंकुम, मुलहटी, शहद, कमल फूल, लालकनेरके फूल ग्रहण करें।

चन्द्रका ध्यान- श्वेतः श्वेताम्बरधरः श्वेताश्वः श्वेतवाहनः।
गदापाणिर्द्विबाहुश्च कर्त्तव्यो वरदः शशी।।

वैदिकमंत्र- ॐ इमंदेवाऽअसपत्न ॅ सुवध्वंमहते क्षत्राय महते ज्यैष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय। इममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विशऽएष वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणाना ॅ राजा।। यजु.अ.१०मं.१८

७	२	९
८	६	४
३	१०	५

जपनीयतान्त्रिकमन्त्र- ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः। **एकाक्षरी बीजमन्त्र-**ॐसों सोमाय नमः। **लघुमन्त्र-** ॐ ऐं क्लीं सोमाय नमः।
प्रार्थना करें- रोहिणीशः सुधामूर्तिः सुधागात्रो सुधाशनः।
विषमस्थानसम्भूतां पीड़ां दहतु मे विधुः।।

जप संख्या- ११ हजार कलियुगमें ४४ हजार। **हवन समिधा-** पलास। **दानवस्तुयें-** मोती, सोना, चांदी, चावल, मिश्री, दही, सफेद कपड़ा, सफेद फूल, शंख, कपूर, सफेद बैल, सफेदचन्दन, घी से भरा घड़ा। **दान का समय-** सन्ध्याकाल। **धारण हेतु रत्न-** मुक्ता (मोती Pearl, मुखारीद) २।४।६ अथवा ११ रत्तीका धारण करें, ७ या ८ रत्तीका न पहने। चांदी या सोनेकी अंगूठीमें शुक्ल पक्ष के सोमवारको रोहिणी नक्षत्र योगकालमें धारण करना चाहिए। **उपरत्न-** चन्द्रकांत Moon Stone निमरु मोतीकी सीपकी पूंछ (जड़) में मोतीकी सी आभा होती है, यह भी मोतीकी तरह खूब गुणकारी होती है। **जड़ी-**क्षीरणी (खिरनी) मूल। **पीड़ानिवृत्तये सतीर्थजलोषधि स्नानम्-** पञ्चगव्य, गजमद, शंख सीपी, श्वेत चन्दन, स्फटिक लेना चाहिए।

मंगल का ध्यान- रक्तमाल्याम्बरधरः शक्तिशूलगदाधरः।
चतुर्भुजः रक्तरोमा वरदः स्याद् धरासुतः।।

वैदिकमन्त्र-ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिःपृथिव्याऽअयम्। अपा ॅ रेता ॅ सिजिन्वति।। यजु.अ.३मं.१२

८	३	१०
९	७	५
४	११	६

जपनीयतान्त्रिकमन्त्र- ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः। **एकाक्षरीबीजमन्त्र-** ॐ अं अङ्गारकाय नमः। **लघुमन्त्र-** ॐ हुँ श्री मंगलाय नमः। **प्रार्थना करें-** भूमिपुत्रो महातेजा जगतां भयकृत्सदा।वृष्टिकृद-वृष्टिहर्ता च पीड़ां दहतु मे कुजः।।

जपसंख्या- १०हजार, कलियुगमें जपसंख्या ४० हजार। **हवनसमिधा-** खदिर। **दानवस्तुयें-** मूंगा, सोना, तांबा, मसूर, गुड़, घी, लाल कपड़ा, लाल कनेर का फूल, केशर, कस्तूरी, लाल बैल, लाल चन्दन, **दानका समय-** सुबह-सुबह २ घटी=४८ मिनट तक। **धारणकरने हेतु रत्न-** विद्रुममणि या प्रवाल (मूंगा Coral मिरजान) ८ रत्ती वजन का सोनेकी अंगूठीमें मंगलवारको अनुराधा नक्षत्रमें पहने। ५ या १४ रत्ती का न हो। **उपरत्न-** विद्रुममूल या संगमूली, ज्योतिरस, Blood Stone **जड़ी-** नागजिह्वा (अनन्त) मूल धारण करें। **पीड़ानिवृत्तये सतीर्थजलोषधि स्नानम्-**विल्व छाल, चम्पक, बालछड़ लालफूल, हींग, जटामासी, बकुल, लालचन्दन तथा सिंगरफ लेना चाहिए।

बुधका ध्यान- पीतमाल्याम्बरधरः कर्णिकारसमद्युतिः।
खड्गचर्मगदापाणिः सिंहस्थो वरदो बुधः।।

वैदिक मन्त्र- ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्त्ते स ॅ सृजेथा मयं च। अस्मिन्सधस्थे। अध्युत्तरस्मिन् विश्वैदेवा यजमानश्च सीदत।। यजु. अ.१५मं.५४

९	४	११
१०	८	६
५	१२	७

जपनीयतान्त्रिकमन्त्र-ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौ सः बुधाय नमः। **एकाक्षरी बीजमन्त्र-**ॐ बुं बुधाय नमः। **लघुमन्त्र-**ॐ ऐं स्त्रीं श्री बुधाय नमः। **प्रार्थना करें-** उत्पातरूपी जगतां चन्द्रपुत्रो महाद्युतिः।
सूर्यप्रियकरो विद्वान्पीडां दहतुमे बुधः।।

जपसंख्या- ९ हजार; कलियुगमें जप-संख्या ३६ हजार। **समिधा-**अपामार्ग। **दानवस्तुयें-** पन्ना, सोना, कांसा, मूंग, खांड, घी, हरावस्त्र, मिलेजुले फूल, हाथीदांत, कर्पूर, शस्त्र, फल तथा गारूत्मक, दासी, **दानका समय-** सुबह २ घण्टे तक। **धारण हेतु रत्न-** मरकतमणि पन्ना (Emerald जमरुद) ६ या ३ रत्ती का सोनेकी अंगूठीमें बुधवारको उफा नक्षत्रमें धारण करें। **उपरत्न-** हरित नीलमणि (Aquamarine) शिलामणि (Agate सुलेमानी पत्थर) टोडा और देरुजसंग। **जड़ी-**वृद्धदारू-मूल (विधारा वृक्ष की जड़) **पीड़ानिवृत्तये सतीर्थजलोषधिस्नानम्-** गोबर, अक्षत, फल, गोरोचन, मधु, मोती, कमलपुष्प, शहद, सीपी, नवमूल तथा स्वर्ण मिश्रित जल लेना चाहिए।

गुरुका ध्यान- देवदैत्यगुरु तद्वत् पीतश्वेतौ चतुर्भुजौ।
दण्डिनौ वरदौ कार्यौ साक्षसूत्रकमण्डलू।।

वैदिकमन्त्र- ॐ बृहस्पते अति यदर्योऽअर्हाद्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवसऽऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्। उपयामगृहीतोऽसि बृहस्पतये त्वैष ते योनिर्बृहस्पतये त्वा।।यजु.अ.२६मं.३

१०	५	१२
११	९	७
६	१३	८

जपनीयतान्त्रिकमन्त्र- ॐग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः। एकाक्षरी बीज मंत्र- ॐ बृं बृहस्पतये नमः।लघुमंत्र- ॐ ऐं क्लीं बृहस्पतये नमः।
प्रार्थना करें - देवमन्त्री विशालाक्षः सदा लोकहितेरतः।
अनेकशिष्यैः सम्पूर्णः पीडां दहतु मे गुरुः।।

जपसंख्या- १९ हजार, कलियुग में जपसंख्या ७६ हजार होती है। हवनसमिधा- पीपल, अश्वत्थ। दानवस्तुयें- पुखराज, सोना, कांसी, चनेकीदाल, खांड, घी, पीला कपड़ा, पीले फूल, हाथी, पुस्तक, घोड़ा, पीले फल, हल्दी तथा मेवायें। दानका समय- सन्ध्याकाल। धारण हेतु रत्न- पुष्पराग (पुखराज Topaz) ९ रत्ती वजन का गुरुपुष्यामृत योगमें धारण करें; ९ रत्ती के अभावमें १२ चावल वजन अथवा ३।। रत्ती का भी पीतल या सोने की अंगूठीमें पहना जा सकता है। स्मरण रहे ६।११।१५ रत्तीका नहीं पहनना चाहिए। उपरत्न-Emerald संग सोनेला, संग सोनामाखी आदि। जड़ी- भारंगी या केलेका मूल (जड़) लेनी चाहिए।
पीड़ानिवृत्तयेसतीर्थ जलोषधिस्नानम्- मालती पुष्प, चम्पा पल्लव, सरसोंपीली, शहद मिश्रित जल मुलहट्ठी लेना चाहिए।

शुक्रका ध्यान- श्वेतवर्णादण्डायुधा दानवादि पुरोहिता।
अग्निवर्णाश्चम्व्युत रथारूढ़ सुशोभिता।।

वैदिक मंत्र- ॐ अन्नात्परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिवत्क्षत्रम्पयः सोमं प्रजापतिः। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपान ँ शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रिन्य मिदं पयोऽमृतम्मधु।। यजु. अ. १९मं. ७५जपनीयतान्त्रिकमंत्र- ॐद्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः। एकाक्षरीबीजमंत्रः ॐ शुं शुक्राय नमः। लघुमन्त्र- ॐ ह्रीं श्री शुक्राय नमः। प्रार्थना करें-दैत्यमन्त्री गुरुस्तेषां प्राणदश्च महाद्युतिः।प्रभुस्ताराग्रहाणां च पीड़ा दहतु मे भृगुः।।

११	६	१३
१२	१०	८
७	१४	९

जपसंख्या- १६ हजार, कलियुगमें ६४ हजार। हवनसमिधा उदम्बर। दानवस्तुएं- हीरा, सोना, चांदी, चावल, मिश्री, दूध, सफेद चित्रितवस्त्र, सफेद फूल, सुगन्धितद्रव्य, दही, सफेद घोड़ा, सफेदचन्दन, वज्रमणी, गाय तथा परिमल। दानका समय- अरुणोदय-काल (सूर्योदय के समय) धारण हेतु रत्न- वज्रमणि (हीरा Diamond अल्मास) ७ रत्ती का शुक्रवार को मृगशिर नक्षत्रमें पहनना चाहिए। ७ रत्ती की सामर्थ्य न हो तो २ रत्ती का धारण करें, चांदीकी अंगूठी में। उपरत्न- संगदतला, संगतुरमुली Amethyst या Zircon अथवा चांदी में जड़ा हुआ मोती पहनें। जड़ी-सिंहपुच्छ का मूल धारण करें। पीड़ानिवृत्तयेसतीर्थजलोषधिस्नानम्- मनःशिला, इलायची, वृक्षोंकी जड़, कुंकुमयुक्त जलमें केशर मिलाकर प्रयोग करें।

शनि का ध्यान- इन्द्रनीलद्युतिः शूली वरदो गृध्रवाहनः।
बाणबाणासनधरः कर्तव्योऽर्कसुतस्तथा।।

वैदिक मन्त्र- ॐ शन्नोदेवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शन्योरभिस्त्रवन्तु नः।। यजु.अ.३६।१२

१२	७	१४
१३	११	९
८	१५	१०

जपनीय तान्त्रिक मन्त्र- ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः। एकाक्षरीमन्त्र- ॐ शं शनैश्चराय नमः। लघुमन्त्र- ॐ ऐं ह्रीं श्रीशनैश्चराय नमः।
प्रार्थना करें- सूर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः।
मन्दचारः प्रसन्नात्मा पीडां दहतु मे शनिः।।

जपसंख्या- २३ हजार, कलियुगमें ९२ हजार होती है। हवनसमिधा- शमी। दानकी वस्तुएं- नीलम, सोना, लोहा, उड़द, कुलथी, कड़वा तेल, कालावस्त्र, कालाफूल, कस्तूरी, सवत्सा कालीगो, भैंस,भैंसा,खडाऊँ तथा इन्द्रनीलमणि। दानका समय- मध्यान्ह काल अथवा सन्ध्यासमय। धारणहेतु रत्न- नीलमणि (नीलम Saphire याकूत) १०।७।६।३ रत्तीका शनिवारको श्रवण नक्षत्रके योगमें धारणकरें। कम से कम ११ चावलके वजनका भी पहना जा सकता है। लोहेकी अंगूठी या सप्तधातु अथवा जस्तमें धारण कर सकते है। उपरत्न- पन्ना Crysolite संगलीली, संग जमुनिमा। जड़ी-विच्छोल की लेनी चाहिए। पीड़ानिवृत्तयेसतीर्थ जलोषधिस्नानम्- काले तिल, अंजन, लोहवान, लाज्जवती, सौंफ, मुत्थरा खिल्ला, पुष्पयुक्त जल ग्रहण करें।

राहु का ध्यान- करालवदनः खड्गचर्मशूली वरप्रदः।
नीलसिंहासनस्थश्च राहुरत्र प्रशस्यते।।

वैदिक मन्त्र- ॐ कयानश्चित्र आ भुवदूती सदावृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता।। यजु.अ.२७।३९

१३	८	१५
१४	१२	१०
९	१६	११

जपनीयतान्त्रिकमन्त्र- ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः। एकाक्षरीमन्त्र- ॐ रां राहवे नमः। लघुमन्त्र- ॐ ऐं ह्रीं राहवे नमः। प्रार्थना करें- अनेक रुपवर्णश्च शतशोऽथ सहस्त्रशः। उत्पातरुपी घोरश्च पीडां दहतु मे शिरवी।।

जपसंख्या- १८ हजार, कलियुगमें ७२ हजार। हवनसमिधा-दूर्वा। दानकी वस्तुएं- गोमेद, सोना, सीसा, तिल, सरसों, तेल, नीलावस्त्र, कालेफूल, कम्बल, घोड़ा, सूप, तलवार, नारियल तथा सप्त धान्य। दानका समय- रात्रिमें। धारण हेतु रत्न- गोमेद (गोमेद Zircon जरकूनिया या जारगुन) ६रत्ती का बुधवार उफा.नक्षत्र में धारण करें। अंगूठी, लोहा, शीशा या रांग की होनी चाहिए। उपरत्न- लाजवर्त, Sardonyx संगतुरसावा, संगसाफी, जड़ी-श्वेत चन्दन। पीड़ानिवृत्तयेसतीर्थजलोषधिस्नानम्- लोध, तिल, सुथरामोती, हाथीमद, कस्तूरी युक्त जल लेना चाहिए।

केतुका ध्यान- धूम्रा द्विवाहवःसर्वे गदिनो विकृताननाः।
गृध्रासनगता नित्यं केतवः स्युर्वरप्रदाः।।

वैदिक यन्त्र- ॐ केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशोमर्याऽअपेशसे समुषद्भिरजायथाः।। यजु.अ.२९।३७

१४	९	१६
१५	१३	११
१०	१७	१२

जपनीयतान्त्रिकमन्त्र- ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः। एकाक्षरीबीजमन्त्र- ॐ कें केतवे नमः। लघुमन्त्र- ॐ ह्रीं केतवे नमः। प्रार्थना करें- अनेक रुपवर्णश्च शतशोऽथ सहस्त्रशः। उत्पातरुपी घोरश्च पीडां दहतु मे शिखी।।

जपसंख्या- १८ हजार, कलियुगमें ७२ हजार। हवन समिधा- कुशा। दानवस्तुएं- लहसुनिया, सोना, लोहा, तिल, सप्तधान्य, तेल, धूमिल कपड़ा, ऋतु फल, फूल, नारियल कम्बल, बकरा, खोया,ध्वजा और शस्त्र। दानकासमय- रात्रि। धारण हेतु रत्न- वैदूर्य (लहसुनिया Cat's-Eye फिरोजा) ६ रत्ती का गुरुपुष्य योगमें धारण करें। अंगूठी, लोहा, शीशा, जस्ता की पहनें। गोमेद और

लहसुनिया ३ रत्ती का भी ले सकते हैं। २।४।११।१३ रत्ती का वर्जित है। उपरत्न- लाजवर्त Turqaise संगमूसा, संगगोदन्ती आदि। जड़ी- असगंध की जड़ धारण करें। पीड़ानिवृत्तये सतीर्थजलोषधिस्नानम्- लोबान, तिलपत्र, मुत्थरा, हाथीमद, बकरी मूत्र से युक्त जल ग्रहण करें।

ग्रहोंके दोष शान्त्यर्थ सामान्य औषधि स्नानम्

लाजवन्ती (छुईमुई), कूट, खिल्ला, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारू, हल्दी, लोध, जटामासी, मुरा, शिलाजीत, चन्दन, वच, चम्पक और नागरमोथा इन सब औषधियुक्त गङ्गादि सतीर्थोदक जल से स्नान करने पर सब ग्रहोंकी पीड़ा शान्त होती है। ऊपर लिखे अनुसार सूर्यादि ग्रहोंके सम्बन्धमें वर्णित मन्त्रजप यज्ञानुष्ठानादि करने से अशुभ स्थानमें भी ग्रह पीड़ा नहीं देते हैं।

ग्रह औषधि, जल, वायु और वस्त्र- ये सब संग और कुसंग पाकर संसारमें बुरे और भले पदार्थ हो जाते हैं। चतुर एवं विचारशील पुरुषही बातको जान पाते है, जैसाकि गोस्वामी श्रीतुलसीदासने लिखा है-

ग्रह भेषज जल पवन पट, पाइ कुजोग सुजोग।
होहिं कुवस्तु सुवस्तु जग, लखहिं सुलच्छन लोग।।

ध्यान रहे- नग में बाल, रेखा बिन्दु न हो, वह टूटा-फूटा न हो, रंग में रंग मिश्रित न हो। नग लेने की सामर्थ्य न हो तो उपरत्न- यन्त्र एवं शास्त्रोक्त नियमानुसार जड़ी धारण करना भी कम उपयोगी नहीं होता है। जिस प्रकार मूर्तिकी प्रतिष्ठा मन्त्रों द्वारा की जाती है उसी प्रकार जिस ग्रहका नग हो उसी ग्रह मन्त्रका १००० जाप दशांश हवन करके नग धारण करें।

ग्रहयन्त्र पंचांगशुद्धि देखकर अष्टगन्धकी स्याही और अनारकी कलमसे भोजपत्र पर लिखकर सोने, चांदी या तांबेके ताबीजमें ग्रहानुसार धागेमें पिरोकर पुरुष दाहिनी भुजामें, स्त्री व बच्चे गलेमें पहनें। प्रत्येक ग्रह की जड़ी पुष्यार्कयोग में ग्रहण करें। मासान्तर्गत लाभ हो तो ठीक अन्यथा बदल लेना चाहिए।

समस्तविश्व देवताओं (देदीप्तमानज्योतियों) के आधीन है। देवता मन्त्रोंके अधीन रहते हैं तथा मन्त्र भूदेव ब्राह्मणोंके अधीन होते है, इसलिए मन्त्रदृष्टा विद्वान ही सर्वसाधारणके लिये देवता है जहां तक सम्भव हो सके विद्वान से ही जपादि करवाना चाहिए-

देवाधीनं जगत् सर्वम् मन्त्राधीनश्च देवता।
ते मन्त्र ब्राह्मणाधीनः तस्मात् ब्राह्मण देवता भवेत।।

ग्रह किसपाद से आया है- ग्रह जिस समय राशि बदले उस समय चन्द्रमा जिस राशि पर हो, वह राशि जन्म राशि से १।६।११वें हो तो ग्रह स्वर्णपाद से गतिशील रहेगा ऐसा जानें, फल अनावश्यक चिन्ता व्याप्त रहे। ऐसे ही २।५।९वें हो तो चांदीके पायासे, फल- धन प्राप्ति हो, ३।७।१०वें हो तो **ताम्रपाद फल-** लक्ष्मी प्राप्ति और यदि ४।८।१२वें हो तो लोहपादमें ग्रह फल दुःख होता है। मतान्तर- शनि, राहु, केतु का लोहपाद, गुरुका स्वर्णपाद और मंगलका ताम्रपाद फल शुभ होता है।

शनिकी साढेसाती लगनेसे- १०० दिन मुख पर रहता है फल हानि करता है। ऐसे ही ४०० दिन दक्षिण भुजा पर विजय दिलाता है। ६०० दिन चरणोंमें यत्र-तत्र भ्रमण करता है। ४०० दिन वाम भुजामें दुःख देता है। ५०० दिन उदर में लाभ देता है। ३०० दिन मस्तक पर राजलाभ करता है। २०० दिन नेत्रोंमें सुखद होता है और २०० दिन गुह्य प्रदेशमें रहकर दुःख देता है। इस प्रकार शनि की साढेसाती २७०० दिन भोग करती है।

शनि वाहन फल- शनिसंचार दिन के तिथि, वार, नक्षत्र संख्या में नामाक्षर जोड़कर ९ का भाग दे शेष १ बचे तो शनि वाहन गदर्भ, २ अश्व, ३ हस्ति, ४ महिष, ५ जम्बूक, ६ सिंह, ७ काक, ८ मयूर, ० शेष में हंस वाहन होता है **द्वितीय मत-** जन्म नक्षत्र से जिस दिन शनि राशि बदले उस दिनके नक्षत्र तक गिनकर ९ से भाग करने पर उपरोक्त क्रम से वाहन जानें। फल-गदर्भ से कलह, अश्व से मरण भ्रम, गज से लाभ, महिष से व्याधि, जम्बूक से भय, सिंह से विजय, काक से चिन्ता, मयूर व हंस से जय सौख्य समृद्धि होती है।

श्रीदशरथजी कृत-शनि स्तोत्र

दशरथजी ने माता सरस्वती और गणेशजीका स्मरण करके निम्नलिखित स्तोत्रकी रचना करके शनिदेव की सविधि पूजनार्चनाकी जिससे संतुष्ट होकर शनि ने वरदान मांगने को कहा। तब महाराजा ने वरदान में मांगा- 'भगवन् देवता, मानव, पशु-पक्षी' किसी को आप कष्ट न दें। शनि ने एक शर्त के साथ यह वरदान भी दे दिया।

शर्त यह थी- कि यदि किसीकी जन्मकुण्डलीके मृत्युस्थान ८ जन्मलग्नस्थान १ अथवा चतुर्थसुखस्थान ४ में मैं बैठा हूं एवं गोचरमें जब कभी भ्रमण कर रहा हूं तब मैं उसे मृत्यु या मृत्युतुल्य कष्ट दे सकता हूं, किन्तु यदि वह मेरी प्रतिमाकी पूजाकर तुम्हारे द्वारा रचित स्तोत्रका नित्य पाठ करेगा तो उसे मैं कभी पीड़ा नहीं दूंगा। अपितु उपासककी रक्षा करूँगा।

दशरथजी रचित शनि-स्तोत्र

नमःकृष्णाय नीलाय शितिकण्ठनिभाय च।
नमःकालाग्निरुपायकृतान्ताय च वै नमः।।
नमो निर्मांसदेहाय दीर्घश्मश्रुजटाय च।
नमो विशालनेत्राय शुष्कोदरभयाकृते।।
नमःपुष्कलगात्राय स्थूलरोम्णेऽथ वै नमः।
नमोदीर्घाय शुष्काय कालदंष्ट्र नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते कोटराक्षाय दुर्निरीक्ष्याय वै नमः।
नमो घोराय रौद्राय भीषणाय कपालिने।।
नमस्ते सर्वभक्षाय बलीमुख नमोऽस्तु ते।
सूर्यपुत्र नमस्तेऽस्तु भास्करेऽभयदाय च।।
अधोदृष्टे नमस्तेऽस्तु संवर्तक नमोऽस्तु ते।
नमो मन्दगते तुभ्यं निस्त्रिंशाय नमोऽस्तु ते।।
तपसा दग्धदेहाय नित्यं योगरताय च।
नमो नित्यं क्षुधार्ताय अतृप्ताय च वै नमः।।
ज्ञानचक्षुर्नमस्तेऽस्तु कश्यपात्मजसूनवे।
तुष्टो ददासि वै राज्यं रुष्टो हरसि तत्क्षणात्।।
देवासुरमनुष्याश्च सिद्धविद्याधरोरगाः।
त्वया विलोकिताः सर्वे नाशं यान्ति समूलतः।।
प्रसादं कुरु मे देव वरार्होऽहमुपागतः।
एवं स्तुतस्तदा सौरिर्ग्रहराजो महाबलः।।

पद्मपु.उत्त.३४।२७।३६

ग्रह गायत्री मन्त्र

जन्म भूर्गोत्रमनिश्च वर्णः स्थानं मुखानि च।
योऽज्ञात्वा कुरुते शान्ति ग्रहास्तेनावमानिताः।।

ग्रह शान्तिके सन्दर्भों में अध्ययन करने पर निर्विवाद रूप से यह स्वीकार किया जा सकता है कि ४।८।१२ स्थानोंमें रहने वाले, ग्रहोंके कुप्रभावको न्यूनाधिक मात्रामें अनुकूल करनेके लिए ग्रह शान्तिका विशेष महत्व है। यही कारण है कि ग्रह गणिताचार्यो ने न केवल ग्रहोंके प्रभावोंका ही निर्देश किया अपितु उनकी अनुकूलताके लिए 'ग्रहशान्ति' जैसे साधारण एवं सुसाध्य उपायोंका विश्लेषणात्मक अध्ययन भी किया। प्राचीन मन्त्रदृष्टा ऋषियोंने जप के लिए ग्रहोंकी गायत्रीका भी निर्देश किया है यथा-

सूर्य-ॐ आदित्याय विद्महे प्रभाकराय धीमहि तन्नः सूर्यः प्रचोदयात्।।
चन्द्र-ॐअमृताङ्गाय विद्महे कलारूपायधीमहितन्नःसोमः प्रचोदयात्।
भौम-ॐअंगारकाय विद्महे शक्तिहस्तायधीमहितन्नोभौमः प्रचोदयात्।
बुध-ॐसौम्यरूपाय विद्महे वाणेशाय धीमहितन्नो सौम्यः प्रचोदयात्।
गुरु-ॐआंगिरसाय विद्महे दण्डायुधाय धीमहितन्नोजीवः प्रचोदयात्।
शुक्र-ॐभृगुसुताय विद्महे दिव्देशाय धीमहितन्नो शुक्रः प्रचोदयात्।
शनि-ॐसूर्यपुत्राय विद्महे मृत्युरूपाय धीमहितन्नो सौरिः प्रचोदयात्।
राहु-ॐशिरोरूपाय विद्महे अमृतेशाय धीमहितन्नो राहुः प्रचोदयात्।
केतु-ॐगदाहस्ताय विद्महे अमृतेशाय धीमहितन्नो केतुः प्रचोदयात्।।

प्रसव कष्ट शान्ति

प्रजननमें विलम्ब हो, प्रसूता अधिक कष्टमें हो तो निम्नलिखित ऋचा तथा सूक्त द्वारा गंगाजल अभिमन्त्रित करके गर्भिणीको पिलानेसे बच्चा सुखपूर्वक हो जाता है-

प्रथमदिने प्रसूयन्त्यां जपेद् गर्भविमोचनीम्।
इन्द्रं च मनसा ध्यायेन्नारी गर्भ विमुञ्चति।।
वि जिहीष्व वनस्पतये योनिः सूष्यन्त्या इव।
श्रुतं मे अश्विना हवं सप्तवध्रि मुञ्चतम्।।

शीघ्र प्रसव होने का मन्त्र- 'ॐ क्षीं ॐ स्वाहा' इस मन्त्रको पढ़ता हुआ तिल तैल को सौ या हजार बार अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्रीको किंचित्मात्र पिलादें तथा प्रजननमार्ग पर अच्छी प्रकार लेप करनेसे शीघ्र ही प्रसव हो जाता है। हिमवतीके उत्तर पार्श्वमें एक सुरथा नाम राक्षसी है, जिसके स्मरण मात्र से शीघ्रता-शीघ्र प्रजनन होकर प्रसूता निर्दुःख हो जाती है यथा-

हिमवत्युत्तरे पार्श्वे सुरथा नाम यक्षिणी।
तस्याः स्मरणमात्रेण विशल्यागर्भिणी भवेत्।।

औषधिप्रयोग- बांस व नीमकी छाल, तुलसीकी जड़, कपित्थ(कैत) के पत्ते, करवीरकेबीज इन सबको बराबर लेकर भैंसके दूधमें पीसें, तिल तेलमें मिलाय योनिमार्गपर लेप करनेसे शीघ्र प्रसवहो जाता है।

प्रजननके लिए अशुभ समय- कार्तिकमें स्त्री, पौषमें बकरी, माघमें भैंस, चैत्रमें कुतिया, वैशाखमें ऊँटनी, ज्येष्ठमें बिल्ली, श्रावणमें गधी व घोड़ी, भाद्रपदमें गौ, मार्गशीर्षमें हथिनी बच्चा जन्मे तो पिता एवं घरधनी को छः मासान्तर्गत अरिष्ट होता है। शान्त्यर्थ प्रसूता गौ आदि का दान करें, घरमें हवन, शान्तिपाठ, पुण्यहवाचन, श्वेतसर्षप हवन, व्याहृति मन्त्रोंसे यज्ञानुष्ठान करवाना चाहिए, जिससे शान्ति रहे।

त्रिखल जन्म शान्ति विधान

सुतत्रये सुता चेत्स्यात्तत्रये वा सुतो यदि।
मातापित्रोः कुलस्यापि तदाऽनिष्टं महद्भवेत्।।

तीनपुत्रोंके बाद कन्या या तीन कन्याओके बाद पुत्रका जन्म हो तो त्रिखलदोष होता है। पुत्रीमाताके लिये और पुत्र पिताके लिये नेष्ट होता है। परिवारमें अनिष्टकी आशंका बनी रहती है।

शान्त्यर्थ- भूशयन्, तीनअन्न, तीनपात्र, तीन प्रकारके वस्त्राभूषणादि दान तथा महामृत्युञ्जयजप व ब्रह्मा, विष्णु, महेश,इन्द्रके सूक्तोंका पाठ, उक्त देवोंके मन्त्रोंसे १८००आहुति हवन, गुरुजनोंके आशीर्वादसे अरिष्ट विलीनहो जाताहै। विस्तृत विवरण देखें। नि.सि.तृ.प.पृ.५०८

एक नक्षत्र जन्म दोष

पिता-पुत्र,माता-पुत्र व कन्या, दो सहोदर भाइयोंका जन्म एक ही नक्षत्रमें हो तो दोनोंमें से किसी को कष्ट होताहै। दोषशान्त्यर्थ गौ, सुवर्ण एवं छायापात्रका दान,उत्तम सामग्रीसे हवनादि करना चाहिए।

उल्टे दांत जन्म हो तो महाअशुभ- पहले मासमें यदि बच्चेके दांत निकलें तो स्वयंके लिए, दूसरेमें छोटे भाईको, तीसरेमें बहिनको, चौथेमें पारिवारिक भाताको, पांचवेमें बड़े भाई को नेष्ट होता है। जन्म से ही दांत निकले हुए हों तो माता-पिता अथवा अपने लिये महाअशुभ होता है। यदि बच्चेके उल्टे (ऊपर की पंक्तिमें) पहले दांत निकलें तो दैवज्ञोंने मातुलपक्ष अर्थात् मामा-मामी आदिके लिए नेष्ट कहा है। दोष निवृत्तिहेतु सुवर्ण, चांदी, तांबा या कांसीके पात्रमें दही और भात भरकर मामा भान्जे, या भान्जीके हाथमें देते समय निम्न मन्त्रोच्चारणके साथ अवलोकन करें-

रक्ष मां भागिनेय! त्वं रक्ष मे सकलं कुलम्।
गृहीत्वा भाजनं सान्नं प्रसन्नो भव मे सदा।।

हाथीकी पीठ या नौकापर बच्चेको बैठाकर सर्वोषधि, सर्वगन्ध बीज, पुष्प, फल, पंचगव्य, रत्न तथा पत्ता मिश्रित जलसे स्नान करावे, तदनन्तर थालीपाक से ब्रह्माका ७ दिन तक पूजन करे, और ब्राह्मणको भोजन करावे। आठवें दिन स्वर्ण या अन्य धातुसे बने आसनपर बैठकर वृक्ष, जड़, मृत्तिका, रितुफल सर्वोषधि, सर्वगन्ध तथा बीजयुक्त जल से स्नान करावे। अग्नि, सोम, वायु, प्रसिद्ध पर्वत तथा भगवान् केशवके निमित्त अग्निमें हवन, गौ ब्राह्मणपूजन दानमानसे सम्मानित करने पर दोषकी निवृत्ति होती है।

निर्विघ्नं कुरु कल्याणं निर्विघ्नं च मातरम्।
मय्यात्मानमधिष्ठाप्य चिरंजीव मया सह।।

अशुभसमय-भद्रा,व्यतिपात,कुलिंग,यमघण्ट,सूर्यचन्द्रग्रहण,दोनों संध्या,वैधृतिपात,भूमिकम्पन,अन्यान्य महोत्पात या गण्डमूल नक्षत्रादिमें किसीका जन्म हो तो आचार्य युक्तियुक्त विचार कर शान्ति करावे।

अङ्गभंग-जन्महोना,शक्लयोनि विकृतहो, अद्भुतरूप पैदा हो, मनुष्य, गौ,बकरी,घोड़ी,मृग अन्यान्य पशु,पक्षी,सदन्तजन्मे,बहुशिर, बिनाशिर बहुकान, बिनाकान, एकसींग, तीनसींग, तीनपाव,पांचपांव, बड़ेकान पैदाहों तो महोत्पात जाने। जहां जन्म हुआ हो , वहां विनाश होता है। इसलिए ग्राम प्रधान द्वारा अथवा राजकीय शान्ति होनी चाहिए।

मूलशान्तिविधान-

गण्डेऽरिष्टं चन्दनं च कुष्ठं गोरोचनं तथा।
घृतेन मिश्रितं कृत्वा चतुर्भिः कलशैस्ततः।।
सहस्त्रशीर्षामन्त्रेण बालकं स्नापयेद्बुधः।
पितृयुक्तं दिवाजातं मातृयुक्तं च रात्रिकम्।।
स्नापयेत्पितृमातृभ्यां सन्ध्ययोरुभयोरपि।
कांस्यपात्रं घृतैः पूर्णं दद्याद्गण्डोपशान्तये।।
कृष्णां धेनु सुवर्णं च ग्रहजाप्यं च कारयेत्।
आश्लेषायां च मूलेऽपि शान्तिरेवं विधीयते।।

मूल-गण्डमूल शुभाशुभ नक्षत्रोंका विस्तारसहित विवरण देखें जातक प्रकरणमें, यहां केवल शान्तिपरिचर्चा पाठकोंके विचाराधीन है।

मूलमें जन्मे बच्चेका नामकरण संस्कार(शान्तिविधान) पुनः जन्म(मूल) नक्षत्र आनेपर २७वें दिनके आसन्न लग्नशुद्धि देख करना चाहिए।

सर्वे दोषाः विनश्यन्ति लग्नशुद्धिर्यदा भवेत्।।

मूल जपके लिए वेदोक्त मन्त्र- पृष्ठ १०० पर अथ नक्षत्र कष्टावलीचक्रमें देखने चाहिए। अश्विनी,आश्लेषा,मघा, मूल,रेवतीके मन्त्र जप ५ हजार और आश्लेषा मघाके १०हजार जप करने चाहिए। कलियुगमें चौगुना जाप फलदायक होता है।

आहुति किस ग्रह के मुख में जानी चाहिए?

सूर्याश्रित नक्षत्र से हवन दिन नक्षत्र तक गिनें; तीन-तीन में क्रमशः सूर्य, बुध, शुक्र, शनि, चन्द्र, मंगल, गुरु, राहु और केतु के मुख में आहुति होती है। जन्मराशि स्वामीग्रहके मुखमें आहुति पड़नी चाहिए। स्मरण रहे यह मत केवल जन्म नक्षत्र मूल शान्ति सन्दर्भमें है अन्य यज्ञोंमें शुभग्रह के मुखमें आहुति पड़नेसे कल्याण होता है।

अग्निका निवास कहां शुभ होता है?

हवन दिन तिथि संख्यामें वार संख्या जोड़कर १ और मिलायें। ८का भाग दें शेष ३।० बचे तो अग्निका वास पृथ्वीपर शुभ जानें। १ शेषमें अग्निवास आकाशमें प्राणनाशक होता है। २ शेषमें पातालमें अग्नि धनैश्वर्य हानिकारक होती है।

सप्त अग्नियोंके नाम- बहुरूपा, हिरण्या, कनका, रक्ता, कृष्ण, सुप्रभा और जिव्हा। **सप्तजिव्हानाम-** ॐ भुं स्वाप्त,स्तुं स्वाहा, ॐव्रुं स्वाहा,ॐपुं स्वाहा,ॐ ड्डुं स्वाहा,ॐ द्रुं स्वाहा, ॐ क्षुं स्वाहा। **मुन्था-** जिस वर्ष वर्षफलमें जीवसाक्षिणी देहधारी प्रधानग्रह मुन्था पाप ग्रह से युक्त, दृष्ट या संपुट होकर त्रिक भवनमें स्थित होती है; उस वर्ष मृत्यु या मृत्यु तुल्य कष्ट, त्रय तापोंकी वृद्धि होती है। शान्त्यार्थ दान-मोती, तन्दुलान्न, सुवर्ण, कांस्यपात्र, घृत, श्वेत पुष्प, श्वेत वस्त्र, कर्पूर, मिश्री, श्वेत चन्दन, हाथी दांत, वर्ण और दक्षिणा, रत्न-लहसुनिया(वैदूर्यमणि) धारण करना चाहिए। दानकासमय, जप मन्त्र संख्या और समिधा मुन्थेवत्। सप्तधान्योंमें जौ, उड़द, मूंग, गेहूँ,चावल,चना और कांगनी है। कूट, जटामासी, दोनोंहल्दी, मुरा, शिलाजीत, चन्दन, वच, चम्पक और नागरमोथा ये दस द्रव्य सर्वौषधिके हैं। **अष्टगन्धकेद्रव्य-**अगर,तगर, छबीला, केशर,गौरोचन, कस्तरी,कुमकुम तथा दोनों चन्दन हैं।

पंचकोंमें मृत्यु हो जाये तो क्या करें?

आदौ कृत्वा धनिष्ठार्धमेतन्नक्षत्रपञ्चकम्।
रेवत्यन्तं सदा दूष्यमशुभं दाहकर्मणि।।

धनिष्ठाके उत्तरार्ध से रेवती पर्यन्त ५ नक्षत्र पंचक कहलाते हैं। पंचकों में किसीकी मृत्यु हो जाये तो महाअशुभ होती है। सम्भवहो तो पंचकों में दाहसंस्कार न करें। पंचांगके पक्षोंमें पंचक, भद्रा, त्रिपुष्कर, व्यतिपात, भरणी आदि कुयोगोंका स्पष्ट उल्लेख होता है। अशुभ योगमें मरने पर प्राणी प्रेतात्माको प्राप्त होकर वंशजोंका हनन करता है। उसकी ऊर्ध्वगति(स्वर्गारोहण) नहीं होता। मृतक छोटा हो या बड़ा नियम सब पर समान लागू होता है।

कुम्भमीनस्थिते चन्द्रे मरणं यस्य जायते।
न तस्योर्ध्वगतिर्दृष्टा सन्ततो न शुभं भवेत्।।

कुशाकी पांच प्रतिमा बनाकर ऊन से लपेट कर जौ के आटे से अनुलेपन करें। फिर संस्कारकर्त्ता अपने हाथ में गंगाजल अक्षत सहित लेकर अमुकगोत्रस्य अमुकनामकस्य पंचकमरणजनितवंशानिष्ट परिहारार्थ पंचकविधि करिष्ये ओम्। संकल्प कर पुतलों पर छोड दें। पुनः गन्ध पुष्पादि से पांचों पुतलोंका उनके नाम तथा मन्त्रों द्वारा अर्चन करे यथा- १. प्रेतवाहनाय नमः २. प्रेतसखाय नमः ३. प्रेतपाय नमः ४. प्रेतभूमिपायेन नमः ६. प्रेतहर्त्रे नमः और निम्न मन्त्रोंसे पिण्डदान करें यथा- १. **ज्मया अत्र वसवो रन्त देवाः उरावन्तरिक्षे मर्जयन्त शुभ्राः। अर्वाक् पथ उरुज्रयः कृणुध्वं श्रोता दूतस्य जग्मुषो नो अस्य।। (ऋ. ७।३९।३) २. तत् त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेलमानो वरुणेह। बोध्युरुशंसमान आमुः प्रमोषीः।। (ऋ.१।२४।११) ३.उत नोऽहिर्बुध्न्यः श्रृणोत्वज एकपात् पृथ्वी समुद्रः। विश्वेदेवा ऋतावृधे हुवानाः स्तुता मन्त्राः कविशस्ता अवन्तु।। (ऋ.६।५०।१४) ४. कद् रुद्राय प्रचेतसे मीलहुष्टमाय तव्यसे। वोचेम शंतमं हृदे।। (ऋ.१।४३।१) ५. पूषा गा अन्वेतु नः पूषा रक्षत्वर्वतः। पूषा वाजं सनोतु।। (ऋ.६।५४।५)**

कुशाओंकी पूजित प्रतिमाओंको क्रम से प्रेतात्माके एक शिर में, दूसरी नेत्रोंमें, तीसरी बाईं कुक्षीमें, चौथी नाभिमें तथा पांचवीं पैरों पर रखकर काष्ठकी चिता पर मुर्दे को रखें; फिर पूर्वोक्त नाम मन्त्रोंसे ही स्थापन क्रम से घृताहुति देकर अग्नि प्रदान करें। चिता में अग्नि प्रज्वलित होने पर बोलें-'**प्रेहि प्रेहि मे पथिभिः पूर्वेभिः**' अर्थात् जिस मार्गसे अन्य पूर्वज गये हैं, उसी मार्ग से तुम भी जाओ।

पञ्चकके पहले मरने पर पञ्चकमें दाह करें तो पुत्तल विधान ही करे। शान्ति न करें। पञ्चकमें मरने पर पञ्चक के बाद दाहसंस्कार करने पर शान्ति का ही विधान है; पुत्तलकी विधि आवश्यक नहीं। यह धर्मसिन्धु का मत है। पञ्चकोंमें वर्जित अन्य कर्म-

धनिष्ठापञ्चकं त्याज्यं तृणकाष्ठादिसंग्रहे।
त्याज्या दक्षिणादिग्यात्रा गृहाच्छादनमेव च।।

पञ्चक शान्ति कथन

शान्ति कर्त्ता देशकाल वंशानुगतस्मत्पित्रादेर्धनिष्ठादिपञ्चकदुर्मरण जनितदोषोपशान्त्यर्थ मम गृहे सर्वेषां बालादीनां दीर्घायुरारोग्यंसुख प्राप्त्यर्थ ब्रह्माण्डपुराणोक्तां पंचकनिधनशान्ति करिष्ये। इस प्रकार संकल्प कर गणेशादि समस्त देवताओंका आवाहन तथा पूजन करें। उत्तरादि चारों दिशाओंमें ४ कलश जलसे भरकर रखें उनके मन्त्र- **वसुभ्यो नमः। वरुणाय नमः। अजैकपादे नमः। अहिर्बुध्न्याय नमः** और पांचवां कलश मध्यमें रखें **मन्त्र-पूष्णेनमः।** स्वर्णादि ५ धातुओं की धनिष्ठादि ५नक्षत्रोंकी मूर्ति बनवाकर उन कलशों पर स्थापित प्राणप्रतिष्ठा विधि से करें।

यज्ञस्थलके निकट यमादि देवताओंको स्थापित करे। यथा- **यमाय नमः। धर्मराजायनमः। मृत्यवे नमः। अन्तकाय नमः। वैवस्वताय नमः। कालाय नमः। सर्वभूतक्षयाय नमः। औदुम्बराय नमः। दध्नाय नमः। नीलाय नमः। परमेष्ठिने नमः। वृकोदराय नमः। चित्राय नमः। चित्रगुप्ताय नमः। मृत्युञ्जयाय नमः।**

५ कलशोंके सूक्त जप के लिए ५ ब्राह्मणोंका वरण करें। ब्राह्मण ब्रह्मा,विष्णु,महेश,इन्द्र और वरुण सूक्तोंका जाप निरन्तर करें। छाया पात्रका दान देवें। सोना दानमें देवें। लक्षहोम ब्राह्मणपूजन व षष्ट्यंश दान करनेसे शान्ति होतीहै। नि.सि.का आशौच प्र.देखना चाहिए। पञ्चकोंमें कृतकार्य की पांच गुणी वृद्धि होती है। हानि भी पांच गुनीहो जातीहै।

कन्या रजस्वला दोष-शान्ति

स्नापयित्वा तु तां कन्यामर्चयित्वा यथाविधि।
युञ्जानामाहुति हुत्वा ततः कर्मणि योजयेत्।।

विवाह समये कदाचित कन्या रजस्वला हो जाय तो फेरा होम करने से पहले स्नान कराकर निम्नलिखित शु.यजु.११।१मंत्र से युञ्जनी

की आहुति अग्निमे दिलाकर संस्कार करनेमें दोष नहीं होता है-

युञ्जानः प्रथमं मनस्तत्त्वाय सविता धियः।
अग्नेर्ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्या अध्याभरत्।।

भद्रा- श्रीपतिने कहा है कि देव-दानव संग्राममें जब देवगण परास्त हुए तो भगवान् शिवने क्रोध से संतप्त अपने शरीर को देखा, जिससे गर्दन मुखवाली,पूंछयुक्ता,तीन,पांव,सात भुजा तथा सिंहके समान गर्दन वाली प्रेत वाहिनी 'देवी' प्रकट हुई जिसने अपने विकराल मुख से सम्पूर्ण राक्षसों का संहार कर देवताओं का भद्र (भला) किया। इसलिए प्रसन्न हुए देवताओं ने इसे भद्रा नाम से सम्मानित किया और कर्णो के मध्य स्थान दे दिया। भद्राकाल के ३० भाग करनेपर छटे भागतक नेष्ट भद्रा मुख जानें। अन्तिम ३ के भागके समयको विद्वानोंने विष्टिपुच्छ विजयप्रद शुभकहा है। भद्रावास तीनों लोकोंमें बतलाया है यथा-मेष,वृष,मिथुन तथा वृश्चिकके चन्द्रमामें भद्रा स्वर्गमें रहती है। कन्या,तुला,धनु और मकरके चन्द्रमामें भद्रापातालग्सी होती है और कर्क सिंह कुम्भ व मीन में चन्द्रमा होने पर मृत्युलोक निवासिनी भद्राके (मुख) विहितकालमें पृथ्वी वासियोंको विष्टि कष्ट देती है।

स्वर्गे भद्रा शुभम् कार्ये पाताले च धनागमः।
मृत्यु लोके यदा विष्टिः सर्वकार्य विनाशनः।।

'विष्टिस्तिथ्यपरार्धजा शुभकरी रात्रौ तु पूर्वार्द्धजा' दिनमें तिथिके उत्तरार्धकी व रात्रिमें तिथिके पूर्वार्धकी भद्रा शुभ होती है। विशेषरूप से भद्राओंमें श्रावणीकर्म रक्षाबन्धन,होलिका दहन निषेध है। यथा-

भद्रायां द्वे न कर्त्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा।
श्रावणी नृपति हन्ति ग्रामं दहति फाल्गुनी।।

प्रदक्षिणा विचार-

एका चंड्या रवोः सप्त तिस्त्र कार्या विनायके।
हरेश्चतस्त्रः कर्त्तव्याः शिवस्यार्द्ध प्रदक्षिणा।।

दीप निपदर्पिणादि दोष-

नैव निर्वापयेद्दीपं देवार्थ मुपकल्पितम्।
दीपहर्ता भवेदन्ध काणो निवार्पको भवेत्।।

यज्ञानुष्ठान- हवनके सम्बन्धमें आचार्योंने जिन सिद्धान्तोंका प्रतिपादन किया है, उसमें मण्डपकी लम्बाई चौड़ाई ऊँचाई तथा गहराई आदि का उल्लेख करनेके साथ-साथ अग्निकी प्रज्वलिताका विशेष रूप से ध्यान रखनाहै। हवनमें 'स्वाहा' संख्या मुख्य अनुष्ठान पर निर्भर करती है। इस सम्बन्धमें सामान्यतया आचार्योंने तद्दशांश हवन, तद्दशांश तर्पण, एवं तद्दशांश मार्जन आदि का भी विधान किया है। आचार्योंका मानना है कि अग्निकी अप्रज्वलिताके परिणाम स्वरूप यजमान तथा देश पर संकटकी आशंका रहती है। यथा- **वधिराय कर्ण होने जातदेवसः।** शान्ति प्रकरणकी पूर्ति करनेसे पूर्वमें आशा करताहूँ कि पाठकोंके ज्ञानार्जनमें शान्तिप्रकरण सहयोग करेगा। सुयशके भागीदार बनेंगेतो मैं अपने परिश्रमको सफल समझूंगा।

अद्भुत शान्ति कथनम्- यात्रारम्भ करते ही कोई कह दे, कहां जा रहे हो? ठहर जाओ या फिर वस्त्र ही किसी में उलझ जायतो यात्रा अति नेष्ट होती है। अगर अचानक गिद्ध, उल्लू आदि सिरपर बैठ जाय, छिपकली गिरजाय, कौआ स्पर्श करके अद्भुत शब्द करे, अशुभ अंग फड़क उठे, घरमें चमगादड़ आदि घुसना शुरू कर दें, दुस्वप्न आना प्रारम्भ हो जाय। अपने या परिवारमें किसीके मृत लक्षण दिखलाई पड़े तो अपने कुलगुरु अथवा योग्य आचार्य के परामार्शानुसार शान्ति करानी चाहिए। धर्मका अनुसरण करना चाहिए, क्योंकि धर्मही व्याधियोंका शमनकर्त्ता है, धर्मही ग्रह दोषोंका नाश कर्त्ता है और धर्मही शत्रुओंपर विजय दिलानेमें समर्थ है।

धर्मेण हन्यते व्याधि, धर्मेण हन्यते ग्रहाः।
धर्मेण हन्यते शत्रु, यतोधर्मस्ततोजयः।।

असम्भव को भी सम्भव करनेमें समर्थ सर्वशक्तिमान आशुतोष भगवान शिवजीहैं- जैसाकि नारदजीने अपने श्रीमुखसे कहा है-

जौ तपु करै कुमारि तुम्हारी। भाविऊ मेटि सकहिं त्रपुरारी।।

तपकी प्रशंसा जगत्जननि मातापार्वतीजी ने स्वयं इस प्रकार की है-

करहि जाइ तपु सैल कुमारी। नारद कहा सो सत्य विचारी।।

कलियुगमें गंगाजी का महत्व-

कृतयुगे पुष्कराणि त्रैतायां नैमिषिं स्मृतम्।
द्वापरे च कुरुक्षेत्रं कलौ गङ्गासमाश्रयेत्।।
अग्निनादह्यते तूलं तृणं शुष्कं क्षणाद् यथा।
तथा गङ्गाजलस्पर्शातपुसां पापं दह्यते क्षणात।।

देवताओंकोअतिप्रिय-शंकरस्यविल्वपत्रम्। विष्णोस्वतुलसीदलम्।
गणेशस्य दूर्वांकुरा। अम्बायां नानाविधपुष्पाणि। सूर्यस्य रक्तकनीर पुष्पम्।।

छिपकली कोढ़-किरली गिरने का फल-

पुरुषोंके दक्षिणअंग से और स्त्रियोंके वामांगसे विचार करना, पुरुषोंके वामभागमें और स्त्रियोंके दक्षिण भागमें विपरीत भयकारी फल होता है। जो फल पल्लीपातका कहा जाता है; वही सरट(गिरगिट) के चढ़नेका जाने। सरटके गिरनेका व पल्लीके चढ़नेका फल वृथा होताहै।

।। अथाङ्ग-विभागेछिपकलीकोढ़किरली पतनफलम्।।

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भूमध्ये	राज्यसंबंधः	वामपादे	नाशःकष्ट
नासाग्रे	व्याधि	वामकर्णे	बहु लाभः	अधरोष्टे	ऐश्वर्यलाभ
वामभुजे	राज्यभय	स्तनयोः	सौभाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृप तुल्य
जनद्वये	शुभागमः	हस्तयोः	वस्त्रलाभ	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्यलाभः	वाममणिधे	कान्तिनाशः	नाभो	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	गमनम्	मुख	मिष्ठान्नला.
ललाटे	बन्धुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्री नाशः
दक्षिणकर्णे	आयुवृद्धि	नेत्रयोः	धनप्राप्ति	पादान्ते	मृत्युःकष्ट
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	मरणकष्ट
जंघयो	शुभम्	स्कन्धयो	विजयः	नखेषु	धान्य लाभ
दःमणिबन्धे	मनस्तापः	हृदये	धनलाभः	दक्षागृष्ठे	धन लाभ

पल्ली-पतने प्रशस्त वार-तिथ्यर्क्षाणि- यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।११।१२।१३ इन तिथियोंमें तथा चं.बु.गु.शु. इन वारोंमें गिरे तो शुभ फल देती है। पुष्य अश्वि रो.मू.पुनःउफा.ह.चि.स्वा.ध.रे. अनु.श. ये नक्षत्र शुभ दायक है। **अतोऽन्येषु भेषु निन्द्याः।**

पल्ली-पाते कर्त्तव्यकर्म- पल्ली(किरली) तथा सरट (गिरगिट) स्पर्श होने पर वस्त्रसहित स्नान करे। जन्मनक्षत्र, मृत्युयोग, दग्धदिन, भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रह युक्त लग्नमें तथा अष्टम चन्द्रमामें पल्ली आदि के स्पर्श होनेसे अनिष्ट होता है। उसकी शान्तिके लिए हौम, महामृत्युञ्जय मन्त्रका जप वा तिल, स्वर्ण दान पञ्चगव्यसे स्नान तथा घृतका छाया पात्र दान करना भी उत्तम है।

दिवा रात्रौ भूकम्प फलम्

दिन प्र.प्रहर	दिन द्वि.प्रहर	दिनतृ.प्रहर	दिन च.प्रहर
नृप मरण	मन्त्रीभय	पशु भय	अन्न नाश
रात्रौ प्र.प्रहर	रात्रौ द्वि.प्रहर	रात्रौ तृ.प्रहर	रात्रौ च.प्रहर
अन्न वृद्धि	राजमें भय	प्रजामें पीड़ा	राजमें युद्ध भय

अथ तिथि, करण, नक्षत्र, योग एवम् एकादशी नाम सख्यादि ज्ञानाय चक्रम्

तिथि संख्या	नाम	चन्द्र-रवि भोग्यांश	तिथियों में विहित करण नाम पूर्वार्धे	उत्तरार्धे
शुक्ल पक्ष				
१	प्रतिपदा	१२	किंस्तुघ्न	बव
२	द्वितीया	२४	बालव	कौलव
३	तृतीया	३६	तैतिल	गर
४	चतुर्थी	४८	वणिज	विष्टि(भद्रा)
५	पञ्चमी	६०	बव	बालव
६	षष्टी	७२	कौलव	तैतिल
७	सप्तमी	८४	गर	वणिज
८	अष्टमी	९६	विष्टि(भद्रा)	बव
९	नवमी	१०८	बालव	कौलव
१०	दशमी	१२०	तैतिल	गर
११	एकादशी	१३२	वणिज	विष्टि(भद्रा)
१२	द्वादशी	१४४	बव	बालव
१३	त्रयोदशी	१५६	कौलव	तैतिल
१४	चतुर्दशी	१६८	गर	वणिज
१५	पूर्णिमा	१८०	विष्टि(भद्रा)	बव
कृष्ण पक्ष			पूर्वार्धे	उत्तरार्धे
१६	प्रतिपदा	१९२	बालव	कौलव
१७	द्वितीया	२०४	तैतिल	गर
१८	तृतीया	२१६	वणिज	विष्टि(भद्रा)
१९	चतुर्थी	२२८	बव	बालव
२०	पञ्चमी	२४०	कौलव	तैतिल
२१	षष्टी	२५२	गर	वणिज
२२	सप्तमी	२६४	विष्टि(भद्रा)	बव
२३	अष्टमी	२७६	बालव	कौलव
२४	नवमी	२८८	तैतिल	गर
२५	दशमी	३००	वणिज	विष्टि(भद्रा)
२६	एकादशी	३१२	बव	बालव
२७	द्वादशी	३२४	कौलव	तैतिल
२८	त्रयोदशी	३३६	गर	वणिज
२९	चतुर्दशी	३४८	विष्टि(भद्रा)	शकुनि
३०	अमावस्या	३६०	चतुष्पद	नाग

नक्षत्र योग सं.	नक्षत्र नाम	भोग्यांश अं० क०	योग नाम	शुभाशुभ फल
१	अश्विनी	१३|२०	विष्कुम्भ	अशुभ
२	भरणी	२६|४०	प्रीति	उत्तम
३	कृत्तिका	४०|०	आयुष्मान	सौख्य
४	रोहिणी	५३|२०	सौभाग्य	समृद्धि
५	मृगशिरा	६६|४०	शोभन	शुभ
६	आर्द्रा	८०| ०	अतिगण्ड	नेष्ट
७	पुनर्वसु	९३|२०	सुकर्मा	श्रेष्ठ
८	पुष्य	१०६|४०	धृति	श्रेष्ठ
९	आश्लेषा	१२०|०	शूल	नेष्ट
१०	मघा	१३३|२०	गण्ड	नेष्ट
११	पूर्वाफाल्गुनी	१४६|४०	वृद्धि	सौख्य
१२	उत्तराफाल्गुनी	१६०| ०	ध्रुव	मध्यम
१३	हस्त	१७३|२०	व्याघात	नेष्ट
१४	चित्रा	१८६|४०	हर्षण	शुभ
१५	स्वाती	२००| ०	वज्र	अशुभ
१६	विशाखा	२१३|२०	सिद्धि	सौख्य
१७	अनुराधा	२२६|४०	व्यतीपात	नेष्ट
१८	ज्येष्ठा	२४०| ०	वरियान	मध्यम
१९	मूल	२५३|२०	परिघ	अशुभ
२०	पूर्वाषाढ़ा	२६६|४०	शिव	शुभ
२१	उत्तराषाढ़ा	२८०| ०	सिद्ध	सौख्य
२२	श्रवण	२९३|२०	साध्य	मध्यम
२३	धनिष्ठा	३०६|४०	शुभ	श्रेष्ठ
२४	शतभिषा	३२०| ०	शुक्ल	शुभ
२५	पूर्वाभाद्रपदा	३३३|२०	ब्रह्म	श्रेष्ठ
२६	उत्तरभाद्रपदा	३४६|४०	ऐन्द्र	मध्यम
२७	रेवती	३६०| ०	वैधृति	नेष्ट

संख्या	वार+नक्षत्र संयोगाः	शुभाशुभ फल
१	आनन्द	सिद्धि
२	कालदण्ड	मृत्यु
३	धूम्र	असुख
४	धाता	सौभाग्य
५	सौम्य	बहुसुख
६	ध्वांक्ष	धनक्षय
७	केतु	मध्यम
८	श्रीवत्स	सौख्य
९	वज्र	क्षय
१०	मुद्गर	लक्ष्मीक्षय
११	छत्र	राजसम्मान
१२	मित्र	पुष्टि
१३	मानस	सौभाग्य
१४	पद्म	धनागमन
१५	लुम्ब	धनक्षय
१६	उत्पात	प्राणनाश
१७	मृत्यु	मृत्यु
१८	काण	क्लेश
१९	सिद्धि	कार्यसिद्धि
२०	शुभ	कल्याण
२१	अमृत	राजसम्मान
२२	मूसल	धनक्षय
२३	गद	अक्षयविद्या
२४	मातङ्ग	कुलवृद्धि
२५	राक्षस	अभिवृद्धि
२६	चर	कार्यसिद्धि
२७	सुस्थिर	गृहसुख
२८	प्रवर्द्धमान	विवाहसुख

एकादशी नाम चैत्र शुक्लादि	
१	कामदा
२	वरुथिनी
३	मोहिनी
४	अपरा
५	निर्जला
६	योगिनी
७	देवशयनी
८	कामिका
९	पुत्रदा
१०	अजा
११	पद्मा
१२	इन्दिरा
१३	पापाङ्कुशा
१४	रमा
१५	प्रबोधिनी
१६	उत्पत्ति
१७	मोक्षदा
१८	सफला
१९	पुत्रदा
२०	षट्तिला
२१	जया
२२	विजया
२३	आमला
२४	पापमोचनी
अधिक मास में उभय पक्ष	
१	कमला पु.
२	पुरुषोत्तमा

नोट : राशि आदि के विचार में अभिजित् नक्षत्र की गणना नहीं की जाती है। राशि चक्र में जिसका मान ९ रा. ६ अं. ४० क. से ९ राशि १० अं. ५३ क. २०वि. तक विहित है।

एकादश्यां दिने योऽन्नं भुङ्क्ते पापं भुनक्ति सः।
इह लोके च चाण्डालो मृतः प्राप्नोति दुर्गतिम्॥

प्रमुख अवस्थाएँ तीन होती है:- जागृत, सुषुप्ति और स्वप्न। सजग रहते हुए क्रियाशील होने को जागृत अवस्था कहते है। सोने अर्थात् गहरी निद्रावस्था को सुषुप्ति तथा सोने और जागने (सुषुप्ति एवं जागृत) के बीच की अवस्था ही स्वप्न कहलाती है। स्वप्न कई प्रकार के होते हैं। जैसे- अच्छे फलवाले, अशुभ समय का पूर्वाभास कराने वाले, तो कुछ निष्फल भी होते है। स्वप्न का वर्णन वेद तथा ब्रह्मवैवर्त पुराणादि में भी पाया जाता है।

प्राणी जागृत अवस्था में जिन-जिन विषयों का चिन्तन मनन करता है, जिन-जिन वस्तुओं को देखता है अथवा किसी घटना विशेष के विषय में सुनता है। केवल यही जन्म नहीं, अपितु विज्ञानात्मा को पूर्व जन्म-जन्मान्तरों का चिन्तन बना रहता है, उन्हीं से सम्बन्धित अविकल अथवा भिन्न-भिन्न संयोग जनित अनेक प्रकार के स्वप्न देखता है। अतःकैसा भी असम्भव(असामंजस्य) युक्त स्वप्न क्यों न हो, सब ठीक ही माना जाता है। यद्यपि सम्पूर्ण स्वप्नोंका फल ठीक नहीं बैठता, फिर भी निरर्थक नहीं कहा जा सकता। स्वप्नलोक कुछ ऐसा ही है, जहाँ हमें अपनी इच्छा के विरुद्ध भी जाना पड़ता है। फ्रायड के मतानुसार स्वप्न दबी हुई इच्छाओं का प्रकाश मात्र है। विशेषतया हमारी वे इच्छाएँ जो समाज के भय से जागृत अवस्था में पूर्ण नहीं होतीं, वह स्वप्न में चरितार्थ होकर मानसिक तृप्ति देती है। काम वासनाएँ इनमें मुख्य हैं। हृदय में दबी हुई प्रत्येक वासना स्वप्न में मूर्तिमान होकर अपने अनेक करतब दिखलाती है। यह तो रही भौतिकतावादियों की बात। अध्यात्मिक ज्ञान के भण्डार भारतीय मनीषियों से लेकर साधारण जनों ने भी बहुत से ऐसे स्वप्न देखे है, जिनका सम्बन्ध भावी घटनाओं से शत-प्रतिशत सही था। ऐसे स्वप्न आज भी देखते हैं और भविष्यमें भी देखते रहेंगे। मेरे पिताजीने स्वप्नसे प्रेरणा प्राप्तकर श्रीराजधानीपंचांगकी रचना की है।

चिन्ताव्याधि समायुक्तो नर स्वप्नञ्च पश्यति।
तत्सर्वं निष्फलं तात प्रयात्वेन न संशयः।।

किसी विशेष प्रकार की चिन्ता, व्याधि, रोगसे ग्रसित नर जो स्वप्न देखता है, वह सब निष्फल होता है। हे तात! इसमें संशय नहीं करना चाहिए।

जड़ोमूत्र पुरीषण पीड़ितश्च भयाकुलः।
दिगम्वरो मुक्तकेशो न लभते स्वप्नजं फलं।।

जड़ बुद्धि वाला, मूत्र, पुरीशवेग से दबा, पीड़ित (दुःखित) किसी विशेष प्रकार के भय से व्याकुल, बाल खुले हों या अचानक वस्त्र खुल जायं अथवा निर्वस्त्र सोने वालेको स्वप्नफल नहीं मिलता है।

स्वप्न फल विचार

दृष्टवास्वप्नञ्च निद्रःलुर्यदि निद्रांप्रयाति च।
धातु विकारेणानुजं न लभेत स्वप्नजं फलम्।।
उक्तवाकाश्यपगौत्राय विपत्ति लभते ध्रुवम्।
प्रकाशयेन्न सुस्वप्नः पण्डिते काश्यपान्वये।।

अर्थात् स्वप्नदृष्टा यदि स्वप्नान्त में सो जाये या शरीरस्थ रस-रक्तादि धातुओं में किसी तरह का विकार हो तो स्वप्न निष्फल जानना चाहिए। कश्यप ऋषि गोत्रोत्पन्न द्विजमात्र से स्वप्न का वर्णन किया जाय और हृदय की बात प्रकटकर शास्त्रविहित शान्ति विधान करवा लिया जाए तो दुःस्वप्न का कुप्रभाव भी नष्ट हो जाता है। अन्य महर्षियों का मत है कि अच्छे कुलोत्पन्न वेदपाठी ब्राह्मण के आशीर्वाद से सभी पापों का क्षयः हो जाता है। अब अनुभव सिद्धि अच्छे-बुरे स्वप्नों की सूची दे रहे है:-

अच्छे स्वप्नों की सूची

१. स्वयंको खड़ी फसलके बीच देखें तो धनी होंगे। २. साथी अकेला छोड़कर चला जाय, तो नई योजना बडी कठिनाई से पूरी होती है। ३. इम्तिहान में फेल हो जायें तो सफलता मिलेगी। ४. जलती आग देखें तो समस्या पर विजय मिलेगी। ५. जलता दीपक देखना आशा पूरी करता है।

६. आग बुझाते देखें तो रिश्ता टूट जायेगा। ७. अपने घर में आग लगी देखना कार्यपूर्ति का सूचक है। धूआँ देखना महाअशुभ होता है। ८. निर्मल आकाशमें चमकीला देखना बहुत बड़ी उन्नतिका सूचक है। ९. उड़ना, दीवार पर चढ़ना, पेड़ से सहज कूद जाना आदि संकटों को आसानी से पार करना है। १०. दौड़ता हाथी देखना सुख-समृद्धि का सूचक है।

११.स्वप्न में दूसरे का चश्मा लगानेका अर्थ है, दूसरे की रायसे प्रभावित होना। काला चश्मा या टेढ़ा चश्मा लगाना गलत रायका सूचक है। १२. ऊँट देखें तो विवेक से काम लेने पर लाभ होगा। १३. दांत उखड़ना प्रेम कम होने का प्रतीक है। १४. स्वयं दांत उखाड़ें तो नया प्रेम होगा। १५. जलते चूल्हे पर रोटी बनाना शुभ समाचार का सूचक है।

१६. पर्दा लगा देखना अप्रिय जन मिलन का सूचक है। १७. स्वप्नमें बस या ट्रक चलाना देखें तो समझें कि बहुत बड़ा अवसर मिलने वाला है। १८. मिट्टी खोदना शुभ है किन्तु वह गीली न हो। १९. स्वप्नमें खोई वस्तु ढूंढना प्रेमी का प्रेम करना है। २०. वस्तु मिल जाए तो प्रेम साकार होना माना जाता है।

२१. गलीचा देखना, स्वयं या किसी अन्य को गरीबी में देखना शुभ माना गया है। २२. गाय, मधुमक्खी व मोर देखना भौतिकसमृद्धि मिलनेका सूचक है। २३. खेलमें गेंद निकट आना शुभ, दूर चली जाना अशुभ है। २४. स्वप्नमें घड़ीका टिकटिकाना बताता है कि जिस काममें आप लग रहे हैं वह व्यर्थ है। घण्टा ध्वनि किसी फैसले की सूचक है। २५. चिट्ठी का स्वप्न प्रेमसे सम्बन्ध रखता है। अविवाहिता के लिए यह अच्छा-बुरा जैसा प्रतीत हो, वैसाही फल दायक प्रतीत होता हैं। चिट्ठी पाना उत्तम, फेंक देना नेष्ट है।

२६. छज्जे से झांकना आपके किसी निकट सम्बन्धी के विवाहित प्रेम की सूचना है। कुमारी-कुमार छज्जा देखें तो शुभ है। २७. चिड़िया आत्मा या विचार की स्वरूप हैं। स्वप्नमें घायल चिड़िया देखना आन्तरिक दुःख की सूचक है। कमरे में बन्द चिड़िया दिखे तो समझो कि वायदा खिलाफी से आप बच नहीं सकते। कौआ दर्शन महाअशुभ होता है, उसे उड़ाना मुसीबत से छूट जाना है। २८. स्वप्न में चेचक निकले तो आपको धन मिलेगा, यदि दूसरों के निकली देखें तो शुभ समाचार मिलेगा। २९. खरहा, घोड़ा व सांड देखना शुभ है। घोड़े से गिरना अशुभ है। कुत्ता शुभ यदि डर जाये तो अशुभ है। शेर का दर्शन प्रबल शत्रु का सूचक है। कटघरे में शेर देखना दुश्मन से बचना है। ३०. झण्डा लहराना शत्रु पर विजय का प्रतीक है। यदि झण्डा फटा-पुराना, कीचड़से सना हो तो समस्या का सामना करना पड़ेगा।

३१. तम्बू देखें तो नया काम बनेगा, ढ़ोल बजाना स्वप्नमें देखें तो सफलता मिलेगी, लम्बी यात्रा होगी। ३२. डरना या घबराना शुभ सूचक होता है। यदि कोई स्वप्नमें आपके पीछे पड़े तो समझौता होगा। तीर चलाने पर निशाना ठीक लगे तो प्रत्येक काममें सफलता मिलेगी। ताला लगा देखें तो काम बन्द, यदि खुला हो तो नया रोजगार मिलेगा। ३३. ताश खेलना इच्छापूर्ति का सूचक है। ३४. मछली पकड़ें, किसीको पकड़ते देखें तो व्यापारिक सफलता मिलेगी। ३५. बूढ़े लोग देखना, भीख पाना और देना शुभ है। भीड़ लगी

देखना परिवार-मित्र वृद्धिकी सूचना है। भोजनयुक्त थाल शुभ, खाली हो तो अशुभ।

३६. दौड़में जीतना शुभ, हारना अशुभ किन्तु स्वप्नमें साथी साथ दौड़े तो साझीदारसे सावधान रहें। ३७. धन पाना शुभ, खोना अशुभ, चांदीके बजाय तांबेका सिक्का पाना अधिक शुभ माना गया है। ३८. अनेक वस्तुओंकी नीलामी देखना शुभ, बोली लगाना अति शुभ, वस्तु खरीदकर पश्चाताप करना घाटे का सूचक है। ३९. नंगे पांव चलना मुसीबत में पड़ना होता है, किन्तु इसे कुछ आचार्य रोग निवृत्ति मानते हैं। पानी या ओस पर चलना सफलता का प्रतीक है। पत्थर या कांटों पर चलना जोखिममें पड़ना बताता है। किसी अन्यको नंगे पांव चलता देखें तो समझिए कि वह आपकी सहायता चाहता है। ४०. प्रेम, व्यापार या इम्तिहान में फेल होना पास होनेका लक्षण है।

४१. प्राकृतिक दृश्य आकर्षक हो, धूप निकल रही हो या स्वप्नमें आप अजीब घटना देखकर आनन्दित हो रहे हों तो सुयश मिलेगा। बादल छायें देखें तो चिन्ताग्रस्त होंगे। ४२. पिंजड़े में पक्षी आपके गुण गा रहा हो तो सुयश बढ़ेगा। तोता देखना चुगली का परिचायक होता है। खुद को पिंजड़े में बन्द देखना केसमें फंसना होता है। ४३. वाद्यधुन एवं गीत सुनना पारिवारिक सुख, सारंगी धुन प्रेमका प्रतीक मानें, स्वयं बजायें तो प्रेम टूट जाएगा, ऐसा जानें। ४४. डाक्टरसे वार्तालाप रोग निवृत्तिका सूचक है। कड़वी दवा पीना रुकावट डालती है। ४५. भोजन पकाना शुभ समाचार पाना है। दूसरे के साथ खाना अच्छे सम्पर्क का प्रतीक है। भोजन न मिलना परेशानियों का परिचायक है।

४६. यदि स्वप्नमें कोई मार्ग रोके, आगे बढ़ने ही न दे तो आप मित्रोंकी बात मानकर चलें। चाँदनी रात्रिमें अवरुद्ध मार्ग घाटेकी सूचना देता है। ४७. कोई स्वयं को माला जपते देखे तो तत्काल भाग्योदय होगा। ४८. मक्खन(घी) खाने का स्वप्न आरोग्य होने का सूचक होता है। मन्दिर या मूर्ति देखना धर्म में आस्था को प्रकट करता है। ४९. स्वप्न में सड़क पर चलते हुए अच्छा-बुरा जैसा देखें वैसा ही जीवन के लिए फलदायक समझें। चौड़ी सीधी सड़क सफलता की सूचक है, टेढ़ी-मेढ़ी या दलदली असफलता बताती है। ५०. स्वप्न में कोई विदेशी भाषा बोले या सुने तो लम्बी यात्रा का सुयोग बनता है। घर से दूर उस आदमी का भाग्योदय होता है।

मृत्युसूचक दुःस्वप्न

१. अत्यन्त वृद्धा, काले शरीर वाली या नंगी स्त्रीका नाच देखना मृत्युसूचक होता है। २. जो व्यक्ति लाल, श्वेतरस अथवा विष्ठा-मूत्र की वमन होते देखे तो उसकी आयु दस महीने समझनी चाहिए। ३. खुले केश वाली शूद्रा या विधवाका लाल या श्वेतवस्त्र पहने हंसते हुए अपनी ओर आते देखना मृत्युसूचक है। ४. सिर या छाती पर ताड़ अथवा अन्य प्रकारके काले फलों का गिरना भी मृत्युसूचक होता है। ५. नंग-धड़ंग फकीर को नाचते,गाते,हंसते,अपनी ओर क्रूर दृष्टिसे निहारते हुए देखना शीघ्र मृत्यु का सूचक माना है।

६. वृक्ष की डालियाँ पर्वत-श्रृंग, सूर्य-चन्द्र मण्डल या तारे टूटते दिखाई देना परिवारमें किसी की मृत्यु का सूचक होता है। ७. काले वस्त्रोंसे अलंकृत लोहे का डंडा हाथमें लिए किसी को देखना तीन मासमें मृत्युका संदेश होता है। ८. राखके ढ़ेर या जलते दीपकके ऊपर अपने को खड़ा देखें तो आठ महीनेमें ही जीवनकाल समाप्त समझें। ९. भस्मयुक्त सूखा तालाब,जली मछली,लोहा,दावानल से जलकर सूखा खड़ा वन देखना, प्रमुख व्यक्तिकी मृत्यु तथा पारिवारिक घोर आपत्ति का कारण होता है। १०. श्रृगाल,कुक्कर,शूकर,शकुनि, राक्षस,असुर,पिशाच,भूत-प्रेत,पतंग,कुरंग अथवा श्येनपक्षीमें से किसी को खाते हुए दर्शन करना वर्षमें निश्चित यमपुरी जाना होता है। ११. हाथसे दर्पण, दण्डादि का गिरकर टूटना बहुत स्नेहीजनका यमलोक जाना होता है। १२. बन्दरकी पीठ पर सवार हो पूर्व में जाना प्रतीत हो तो पांच दिन जीवन शेष जानें और यदि गधे या भैंस की पीठ पर चढ़कर दक्षिण दिशामें जायें तो अपनी मृत्यु सन्निकट समझनी चाहिए। १३. अंगार,भस्म या रक्तकी वर्षा स्वप्नमें देखना या वानर,कौआ,कुत्ता,भालू,सूअर,गदहा,बैल,भैंस,गीध,कंक,घड़ियाल, सियार को देखना विपत्तिका सूचक है। १४. अपने शरीरमें किसीका तेल लगाना, नृत्य गीतयुक्त विवाहोत्सवको देखना कार्य की विफलता का सूचक है। १५. गलेका हार या मालाका टूटना साथीका बिछुड़ना माना गया है। काले वस्त्रयुक्त किसीको अपना आलिंगन करते देखना विपत्तिमें फंसना है। कालीप्रतिमा या आगसे जला स्थान देखना अशुभ होता है। १६. भस्म,पुञ्ज,हड्डियाँ,ताड़वृक्ष,केश,नाखून,कौड़िया, कबाइत,बुझेअंगार(कोयला),मरघटमें चिता पर रखा हुआ मुरदा, कुम्हारका चाक, तेलीका कोल्हू,अधजला काठ,कुश, तृण,मुरदेका चिल्लता हुआ मस्तक देखना महाविपत्तिका सूचक माना गया है।

१७. सर्वज्ञ मुनिवर कहते हैं कि जिस मनुष्य को जल में सूर्य की छाया (बिम्ब) दक्षिण की ओर फटी दिखाई दे तो वह छः महीने, पश्चिम की ओर कटी दिखे तो तीन मास, उत्तर की ओर कटी दिखे तो दो मास और पूर्व की ओर कटी दिखे तो वह प्राणी एक मास जीता है। बिम्बके बीचमें छिद्र दिखें तो दस दिन आयु भोगता है, इसी प्रकार छाया यदि धूँए के वर्ण की दिखाई दे तो तत्काल (उसी दिन) मृत्यु हो जाती है।

१८. अपने नेत्रों का तारा स्वयं देखनेमें नहीं आता जिसे देखने के लिए विद्वानों ने एक सरल उपाय बताया है। **यथा-** नेत्र बन्द करके नेत्र के कोरों को किसी भी अंगुली से किंचित(मामूली) दबाओ तो जिस कोने को दबाया जायेगा उसकी विपरीत दिशामें आंखों के मध्यवर्ती तारा की आकृति एक गोल ज्योतिमण्डल दिखलाई पड़ेगा, जिसे मात्र मण्डल कहते हैं। उपरोक्त क्रिया करने पर सदैव दिखाई देता है। जब मृत्यु निकट होती है, तब दीखना बन्द हो जाता है।

१९. **मार्जार संकेत:-** रात्रिमें सोते समय किसी मनुष्यके ऊपर बिल्ली आ गिरे अथवा चांटा मारे तो छःमासान्तर्गत उसकी मृत्यु हो जाती है। २०. तिलक करने अथवा सौभाग्यके लिए प्रतिदिन दर्पण देखना चाहिए। जिस दिन दर्पणमें अपना मस्तक धड़रहित दिखाई दे, उस दिनसे पन्द्रह दिनके भीतर मृत्यु जाननी चाहिए। २१. दिनमें चमकते तारे एवं चन्द्रमाकी ज्योति और रात्रिमें धधकता सूर्य दिखाई देने लगे अथवा चन्द्रमण्डल सूर्य के समान और सूर्यमण्डल चन्द्रमण्डलके समान दिखाई दे तो मृत्यु निकट भविष्यमें शीघ्र हो जाती है। २२. जिस मनुष्यकी अंगुलियाँ चटकाने पर भी न चटकें तो उसकी मृत्यु निकट जाननी चाहिए। २३. कबूतर, कौआ, गिद्ध या उल्लू आदि पक्षी जिस मनुष्यके मस्तक पर मांसका टुकड़ा लेकर बैठ जायें, उसकी मृत्यु छःमासके भीतर जाननी चाहिए। २४. जिसके मस्तक की तीन रेखाएँ नष्ट हो जाएं उसकी मृत्यु तीन मासमें हो जाती है। २५. जो मनुष्य दीपक बुझने पर उसकी गन्ध अनुभव नहीं करता तथा रात्रिमें अग्निसे भयभीत हो जाए वह छःमाससे अधिक जीवित नहीं रह सकता।

२६. दाहिने हाथ की मुट्ठी बन्द करके, नाक की सीध में भौंहों के बीच लाकर कलाई को देखने पर बहुत पतली दिखाई पड़ती है, यही स्वाभाविक नियम है। परन्तु मृत्यु से छः मास पहले ही टूटी हुई कलाई अलग दिखाई देने लगती है।

अथ विवाह संस्कार

गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्त, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, वपनक्रिया(चौल), कर्णवेध, उपनयन, वेदारम्भ, केशान्त, समावर्तन, विवाह, विवाहाग्नि परिग्रह और अन्त्येष्टि ये सोलहसंस्कार ब्राहसंस्कार कहलाते है। इनके अतिरिक्त यज्ञानुष्ठानादि ३२ संस्कार देवसंस्कार कहलाते है। कुल मिलाकर हिन्दुओंके ४८ संस्कार धर्मशास्त्रोंमें बताये गये है। इस प्रकरणमें परिचर्चा केवल विवाहके विषयमें ही करेंगें। मनुस्मृति २/२७ में १२ संस्कारोंका उल्लेख मिलता है।

याज्ञवल्क्यादि स्मृतियोंमें विवाह ८ प्रकारके कहे है यथा- **ब्राह्मविवाह-** वर को अपने निवासस्थान पर सम्मानपूर्वक बुलाकर यथाशक्ति वस्त्राभूषणादि से अलंकृत कन्या दी जाती है। **देवविवाह-** यज्ञानुष्ठानके समय ऋत्विजको (यथाशक्ति अलंकृत करके) कन्या दी जाय वह देवविवाह कहलाता है। **आर्षविवाह-** दो गायें लेकर कन्या-वर को दी जाए वह आर्ष विवाह होता है। **प्रजापत्य विवाह-** साथ रहकर धर्मका आचरण करो। ऐसा कहकर कन्या विवाहेच्छु वरको प्रदानकी जाती है, उसे प्रजापत्य विवाह कहते हैं। **असुर विवाह-** धन लेकर कन्या दी जाय वह असुर विवाह कहलाता है। **गन्धर्वविवाह-** परस्पर प्रेम बन्धनमें जो विवाह स्वेच्छासे किया जाय। **राक्षसविवाह-** युद्धमें हरण की गई कन्यासे विवाह राक्षस कहलाता है; दूसरे आचार्य इसे विजयविवाह भी कहते है। **पैशाच विवाह-** कन्याको छलपूर्वक बहला-फुसलाकर या जबरदस्ती से किया गया विवाह पैशाच विवाह कहलाता है।

ब्राह्म, देव आर्ष और प्रजापत्य ये चार प्रकारके विवाह श्रेष्ठ विवाह कहे जाते है। श्रेष्ठ विवाहोंके लिये पंचांगमें उत्तम मुहूर्त्त लगाये जाते है। शेष पशु प्रवृत्तिके विवाह एहिलोक और परलोकमें भी निन्दनीय है। सरकारी रजिस्टर्ड विवाह गन्धर्वविवाहोंमें गिने जाते हैं। विवाहको सर्वश्रेष्ठ संस्कार माना गया है। उत्तमविवाह विधिवत् सम्पन्न होने पर जीवात्मा मनुष्यजीवनके सर्वोपरीयउद्देश्य(धर्म,अर्थ,काम) का यथावत् पालन करते हुए मोक्षको प्राप्त कर सकता है।

ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास चारों आश्रमोंमें गृहस्थ आश्रमका मुख्य आधार है विवाह। स्त्रीको मुख्य रूप से धर्म, अर्थ, कामकी प्रदात्री माननेके साथ-साथ सन्तानसिद्धिका मुख्य साधन तथा जीवनकी सार्थकताका सच्चास्वरूप माना गया है। समित ऽ संकल्पेथा ऽ संप्रियौ रोचिष्णू सुमनस्यमानौ। इषमूर्जमभि संवसानौ।। यजु० १२।५७।। जो स्त्री-पुरुष सर्वथा विरोध त्यागकर परस्पर प्रीतिमें तत्पर, विद्यावत् अच्छे-अच्छे वस्त्राभूषणोंसे अलंकृत रहते है; वहां मंगल होता है; आरोग्य बढ़ता है और जहां विरोध होता है वहां दुःख का सागर उमड़ पड़ता है। स्त्री-पुरुष (प्रकृति-पुरुष) दोनों परस्पर अधूरे माने गये है। दोनोंके मिलनेसे ही प्रकृति कुछ करनेमें समर्थ होती है; या यों कहिए कि संसार चक्रको चलानेके लिए ईश्वरने आत्मस्वरूपके दो रूप बना दिये है। श्रीरामने द्वितीय विवाहके प्रस्तावका परित्याग करते हुए कहा था- **अर्पण जिसको वर दिया मैने आधा अंग। उसे छोड़ कैसे करुँ ब्याह किसी के संग।।** सीताका रुप धारण कर लेनेके कारण आशुतोष भगवान शंकर जी ने सतीके शरीरसे भेंट नहीं की थी, लेकिन मनसे परित्याग फिर भी नहीं किया था। विवाहके लिए समय शुद्धि का विशेष विचार किया जाता है-

भार्या त्रिवर्गकरणं शुभशीलयुक्ता शीलंशुभंभवति लग्न वर्षेन तस्याः।
तस्माद्विवाहसमयःपरिचिन्त्यन्ते हि सन्निहनतामुपगताः सुतशीलधर्माः।।
'राम दैवज्ञ'

आदिकालसे अनेकमहापुरुष ऋषि-महर्षि विज्ञानियोंने विवाह विषय पर गहनअध्ययन चिन्तनमनन करनेके साथ-साथ सूर्यादि ग्रहोंके शुभाशुभ प्रभावका सही आकलनकर कुछ नियम निश्चित किये है। यथा-विद्याध्ययन काल पूरा होने पर जब लड़की व लड़काकी उम्र विवाहके योग्य हो जाय अर्थात् रस रक्तादि धातुऐं परिपक्व हो जाय,यौवनके चिन्ह दिखाई देने लगें,तब माता-पिता वंशानुकूल परम्परानुसार अपने गुरु आचार्य से विचारविमर्श करके सुयोग्य वरकोटीका(वाग्दान) करें। टीका चढ़ाने से पहले वर-कन्याकी जन्मकुन्डलीमिलान सही सुयोग्य आचार्य, ज्योतिषके जानने वाले से करवा लेना चाहिए।

वर्णो वश्यं तथा तारा योनिश्च ग्रहमैत्रकम्।
गणमैत्रं भकूटञ्च नाडी चैत्रे गुणाधिका:।।

आगे अष्टकूटोंके पृथक्-पृथक चक्र दिये है; जिससे पाठक आसानी से गुणोंका मिलान कर सके। राशि, स्वामी, वर्ण, योनि, गण और नाडी के ज्ञानके लिए (अ, व, क, ह, डा) चक्र जातक प्रकरण में पृष्ठ १०७ पर छपा है।

वर्णगुण बोधक चक्र (१)

वर → ↓ कन्या	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
ब्राह्मण	१	०	०	०
क्षत्रिय	१	१	०	०
वैश्य	१	१	१	०
शूद्र	१	१	१	१

वश्यगुण बोधक चक्र (२)

वर → ↓ कन्या	चतुष्पाद	कीट	वनचर	द्विपाद	जलचर
चतुष्पाद	२	१	॥	०	१
कीट	१	२	१	०	१
वनचर	॥	१	२	१	१
द्विपाद	०	०	१	२	०
जलचर	१	१	१	०	२

वर्ण विचार- वर और कन्या का एक वर्ण हो अथवा कन्या से वर का वर्ण उत्तम हो तो १ गुण, हीन वर्ण वर का हो तो ० गुण होता है। समान वर्णमें १, कई आचार्य आधा गुण भी कहते हैं।

वश्य विचार- सिंहको छोड़कर सब राशियाँ नर राशिके वश्य होती हैं; और जलचर राशि भक्ष्य है, तथा वृश्चिकको छोड़कर सभी राशियां सिंहके वश में हैं। अतः अन्य राशियोंके वश्यावश्यको निजी अनुभवसे समझना चाहिए।

तारागुण विचारणीय चक्र (३)

वर → ↓ कन्या			अ	भ	कृ	रो	मृ	आ	पुन	पु	आ
			म	पूफा	उफा	ह	चि	स्वा	वि	अनु	ज्ये
			मू	पूषा	उषा	श्रव	ध	श	पूभा	उभा	रेव
अ	म	मू	३	३	१ १/२	३	१ १/२	३	१ १/२	३	३
भ	पूफा	पूषा	३	३	१ १/२	३	१ १/२	३	१ १/२	३	३
कृ	उफा	उषा	१ १/२	१ १/२	०	१ १/२	०	१ १/२	०	१ १/२	१ १/२
रो	हस्त	श्रव	३	३	१ १/२	३	१ १/२	३	१ १/२	३	३
मृ	चि.	ध.	१ १/२	१ १/२	०	१ १/२	०	१ १/२	०	१ १/२	१ १/२
आ	स्वा	श	३	३	१ १/२	३	१ १/२	३	१ १/२	३	३
पुन	वि	पूभा	१ १/२	१ १/२	०	१ १/२	०	१ १/२	०	१ १/२	१ १/२
पु	अनु	उभा	३	३	१ १/२	३	१ १/२	३	१ १/२	३	३
आ	ज्ये	रेव	३	३	१ १/२	३	१ १/२	३	१ १/२	३	३

ताराविचार- कन्याके नक्षत्रसे वरके नक्षत्र तक और वरके नक्षत्रसे कन्याके नक्षत्र तक (अभिजित् रहित) गिने, उसमें ९ का भाग देने से १ बचे तो तारानाम 'जन्म' का फल शुभ जानें, इसी प्रकार आगे समझें। यथा- २ शेषमें सम्पत्, ३ में विपत्, ४ में क्षेम, ५ में प्रत्यरि, ६ में साधक, ७ में वध, ८ में मित्र और ० शेषमें तारा नाम 'परममित्र' होता है। विपत्, प्रत्यरि और वध अशुभ फलदायक माने गये हैं। **दुष्ट तारा शान्ति हेतु-** पूर्वाचार्योंने इस प्रकार लिखा है, प्रत्यरि तारामें लवण(नमक) दान, जन्ममें शाक ऋतुफल, विपतमें गुड और वध तारामें तिल, सुवर्णका दान करने से शान्ति होती है।

तारापवाद- पर्याय प्रथमे वर्ज्यः विपत्प्रत्यरिनैधनाः।
द्वितीये त्वशंका वर्ज्यास्तृतीये त्वखिलाः शुभाः॥
आद्यांशो विपदि त्याज्यः प्रत्यरौ चरणोऽशुभः।
वधस्त्याज्यस्तृतीयांशः शेषा अंशास्तु शोभनाः॥

❀ अथ शुभाशुभताराज्ञानाय चक्रम् ❀

कर्ता के जन्मनक्षत्र से कार्य दिन (दैनिक चान्द्र) नक्षत्र तक गिनें, गणनानुसार जन्मादि तारा तथा शुभाशुभ फल समझें।

11019	21120	31221	41322	51423	01524	71625	81726	91827
जन्म	सम्पत्	विपत्	क्षेम	प्रत्यरि	साधक	वध	मित्र	परममित्र
शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	शुभ

तारागुणज्ञानम्- एक से शुभ तथा दूसरे से अशुभ हो तो डेढ गुण दोनोंसे शुभ हो तो ३ गुण और यदि दोनोंसे अशुभ हो तो ० गुण समझना चाहिए। नोट- अन्य सभी शुभ कर्मोंमें भी शुभाशुभ तारा का विचार किया जाता है।

योनि विचार- अश्व-महिषमें परस्पर महावैर रहता है। ऐसे ही घोड़ा भैसमें, सिंह-हाथीमें, मेढा-वानरमें, नेवला-सर्प में, मृग-श्वान में, मार्ज़ार-मूषक में और व्याघ्र-गौ में वैर जानना। परस्पर महावैर में ० सामान्य वैर में १, सम में २, मैत्री में ३, अतिमैत्री में ४ गुण ग्राह्य होते है।

योनिगुण बोधक चक्र (४)

वर → / ↓ कन्या	अश्व	गज	मेष	सर्प	श्वान	मार्जार	मूषक	गौ	महिष	व्याघ्र	मृग	वानर	नकुल	सिंह
अश्व	४	२	३	२	२	३	३	२	०	१	३	२	२	१
गज	२	४	३	२	२	३	३	३	३	१	३	२	२	०
मेष	३	३	४	२	२	३	३	३	३	१	३	०	१	१
सर्प	२	२	२	४	२	१	१	२	२	२	२	१	०	२
श्वान	२	२	२	२	४	१	१	२	२	२	०	२	२	२
मार्जार	३	३	३	१	१	४	०	३	३	२	३	२	२	२
मूषक	३	२	२	१	२	०	४	३	३	२	३	२	१	२
गौ	२	३	३	२	२	३	३	४	३	०	३	२	२	१
महिष	०	३	३	२	२	३	३	३	४	१	३	२	२	१
व्याघ्र	१	१	१	२	२	२	२	०	१	४	१	२	२	३
मृग	३	३	३	२	०	३	३	३	३	१	४	२	२	१
वानर	२	२	०	१	२	२	२	२	२	२	२	४	२	२
नकुल	२	२	२	०	२	२	१	२	२	२	२	२	४	२
सिंह	१	०	१	२	२	२	२	१	१	३	१	२	२	४

राशीशमैत्री गुण चक्र (५)

वर → / ↓ कन्या	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
सूर्य	५	५	५	४	५	०	०
चन्द्र	५	५	४	१	४	½	½
मंगल	५	४	५	½	५	३	½
बुध	४	१	½	५	½	५	४
गुरु	५	४	५	½	५	½	३
शुक्र	०	½	३	५	½	५	५
शनि	०	½	½	४	३	५	५

ग्रहमैत्रीविचार- वर-कन्याकी राशि का स्वामी एक ही ग्रह हो अथवा राशियोंके स्वामियों में परस्पर मैत्री हो तो ५ गुण, सममित्रतामें ४ गुण, समतामें ३ गुण, मित्र शत्रुत्व में १, सम शत्रुत्व में आधा, परस्पर शत्रु होने पर ० गुण माना गया है। मित्रादि होने पर भी नीच परिस्थितिमें होने से १ गुण कम करके ग्रहण किया जाता है।

गणगुण चक्र (६)

वर → / ↓ कन्या	देव	मनुष्य	राक्षस
देव	६	५	१
मनुष्य	६	६	०
राक्षस	०	०	६

नाडीगुण चक्र (८)

वर → / ↓ कन्या	आदि	मध्य	अन्त्य
आदि	०	८	८
मध्य	८	०	८
अन्त्य	८	८	०

गणकूटविचार- परस्पर समान गुण में ६ गुण, देव-नर में ५, देव-राक्षस में ० (कोई आचार्य १ गुण कहते हैं) नर-राक्षसमें ० गुण होता है। **गणदोषविचार-** राशियोंमें मैत्री हो अथवा अंशके स्वामीमें मैत्री हो तो गणादि दुष्ट (दोष) रहने पर भी विवाह (पुत्र पौत्रादि को बढ़ाने वाला) शुभ होता है। **राशिकूट-** वर-कन्याकी राशियां परस्पर गिनने पर ६।८ हो तो मृत्युभय ९।५ हो तो सन्तान हानि और यदि २।१२ होंतो दरिद्रताकी प्रतीक मानी जाती है। **यथा-मृत्युः षट्काष्टके ज्ञेयोऽपत्यहानिर्नवात्मजे। द्विर्द्वादशे दरिद्रत्वं द्वयोरन्यत्र सौख्यकृत्॥** लेकिन ऐसी बात नहीं है ६।८ राशियाँ भी परस्पर शुभ होती है जैसे- मेष-वृश्चिक, मिथुन-मकर इत्यादि। **दुष्टभकूटपरिहार-** वर-कन्याकी राशियों के स्वामी एक ही ग्रह हों अथवा दोनों राशियों में मैत्रीत्व हो और नाडी नक्षत्र शुद्ध रहे तो दुष्ट भकूट में भी विवाह शुभ होता है। यथा-

एकाधिपत्ये राशीशमैत्र्यां दुष्टभकूटके।
नाडी नक्षत्रशुद्धिश्चेद्विवाहः शुभदस्तदा॥

भकूटगुण चक्र (४)

वर → / ↓ कन्या	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
मेष	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०
वृष	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७
मिथुन	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७
कर्क	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०
सिंह	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०
कन्या	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७
तुला	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०
वृश्चि.	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०
धनु	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७
मकर	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७
कुम्भ	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०
मीन	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७

नाडी विचार- वर-कन्या की एकं नाडी हो तो विवाह अशुभ होता है। मध्य नाडीमें महाअशुभ मृत्युप्रद माना गया है। एक नाडी में ० गुण और भिन्न नाडी में ८ गुण माने जाते हैं। वर्णभेद से दोष भी अलग-अलग मान्य है। जैसे-

नाडीदोषोऽस्ति विप्राणां वर्णदोषोऽस्ति भूभुजाम्।
वैश्यानां गणदोषः स्यात् शूद्राणां योनिदूषणम्।।

ब्राह्मणोंको नाडी दोष, क्षत्रियोंको वर्ण दोष, वैश्योंको गण दोष और शूद्रोंको योनि दोष विशेषकर वर्जित है। एक नाडी होने पर दोनोंमें से एक की मृत्यु होगी ऐसा भय प्रदर्शित कर दिया जाता है; जबकि यह नियम केवल ब्राह्मणों पर ही लागू होता है। परिहार वाक्यभी मिलते हैं। यथा-

राश्यैक्ये चेद्भिन्नमृक्षं द्वयोः स्यान्नक्षत्रैक्ये राशियुग्मं तथैव।
नाडीदोषो नो गणानां न दोषो नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभं स्यात्।।

वर-कन्या की एक राशि हो और नक्षत्र-भिन्न-भिन्न हो अथवा नक्षत्र एक और राशियां अलग-अलग हों तो नाडी दोष और गणदोष नहीं होता है। अतः एक नक्षत्रमें चरण भेद से शुभ माना गया है।

नाडीपरिहार- रोहिण्यार्द्रामृगेन्द्राणां पुष्यश्रवणरेवती। अहिर्बुध्न्यर्क्षमितेषां नाडीदोषो न विद्यते। शुक्रेजीवे तथा सौम्ये एकराशीश्वयो यदि। नाडीदोषो न वक्तव्य सर्वथा यत्नतो बुधैः।। **वर्णपहिार-** हीनवर्णो यदाराशीराशीशो वर्ण उत्तमः। तदाराशीश्वरो ग्राह्यस्तद्राशिनैव चिन्तयेत्।। **योनिपरिहार-** सति सद्राशिकेऽपि योनिवैरं न दोषकृत्। यदि स्यादबला योनिः पुंसो योनिर्बलो। **गणपरिहार-** सद्भकूटयोनि शुद्धिः ग्रहसंख्य गुणत्रयम्। एष्वेकतमसदभ वे नारीरक्षोगणा शुभा।। **ज्येष्ठनक्षत्रापवाद-** एकराशौ पृथकधिष्णे एकर्क्षे भिन्नराशिगः। एकाधिपत्ये मैत्रेवा द्वितीयं स्वामिशुभम्। एकराशौ पृथक्धिष्ण्ये अन्त्यांत्यौ चरणौ यदा। अतीव शोभनः प्रोक्तो द्वितीयस्थो न दोषकृत्।। अन्यान्यविषय वाक्यानां पंचाँगराजथानौ विलोक्यन्ताम्।

लग्ने विश्वादाग्रहाः

र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.
३	२	३	१	१	१	३	३
६	३	६	२	२	२	६	६
११	११	११	३	३	३	११	११
			४	४	४		
			५	५	५		
			६	६	९		
			९	९	१०		
			१०	१०	११		
			११	११			

विवाह लग्न के इष्ट ग्रह

बु.शु.गु.चं.
राके रमबुचगु श
बु.शु.गु.
सर्व.
बु.शु.गु.
बु.शु.गु.
बु.शु.गु.
बु.शु.गु.
श.मं. गु.रा.के.बु.सू.
र.श.रा.के.

विवाह लग्न के नेष्ट ग्रह

चं.
श.
शु.
पापग्रह
रा
मं.
सर्वग्रह
च.शु.ले
मंशुभग्रच.

राशियों के परस्पर शुभाशुभ योग

शुभ नव-पंचम		मध्यम नव-पंचम		श्रेष्ठ द्विर्द्वादश		अशुभ द्विर्द्वादश		प्रीति षडाष्टक		शत्रु षडाष्टक		अशुभ केन्द्र	
९	५	९	५	२	१२	२	१२	६	८	६	८	४	१०
मेष	सिंह	कुम्भ	मिथुन	मेष	मीन	तुला	वृश्चिक	मेष	वृश्चिक	वृष	धनु	मेष	कर्क
वृष	कन्या	मीन	कर्क	वृष	मिथुन	धनु	मकर	मिथुन	मकर	कर्क	कुम्भ	वृष	सिंह
मिथुन	तुला	कर्क	वृश्चिक	कर्क	सिंह	कुम्भ	मीन	सिंह	मीन	कन्या	मेष	कर्क	तुला
सिंह	धनु	कन्या	मकर	कन्या	तुला	मेष	वृष	तुला	वृष	वृश्चिक	मिथुन	कन्या	धनु
तुला	कुम्भ	अशुभ		वृश्चिक	धनु	मिथुन	कर्क	धनु	कर्क	मकर	सिंह	वृश्चिक	कुम्भ
वृश्चिक	मीन	सम-सप्तक		मकर	कुम्भ			कुम्भ	कन्या	मीन	तुला	मकर	कर्क
धनु	मेष	कर्क	मकर	अपवाद								मीन	मिथुन
मकर	वृष	सिंह	कुम्भ	सिंह	कन्या								

टिप्पणी- तृतीय एकादश सम्बन्ध किन्हीं भी राशियोंका शुभ ही होता है, किन्तु सम-सप्तक (राशि-प्रतियोग) तथा केन्द्र (चतुर्थ-दशम) सम्बन्ध उपर्युक्त अशुभ समसप्तक तथा अशुभ केन्द्र की राशियोंके अलावा शेष राशियोंका ही शुभ होता है।

वर्गकूट- ज्योतिषानुसार हिन्दी देवनागरी लिपिके स्वर तथा व्यंजनों को अवर्ग, कवर्ग, चवर्ग इत्यादि आठ वर्गोंमें बांटा गया है। स्वामी आदि का ज्ञान वर्गचक्र से प्राप्त करें। अपने से पांचवाँवर्ग शत्रु का, चौथा मित्र तथा तीसरा उदासीन होता है। वर-कन्याके नामका प्रथम अक्षर यदि एक वर्ग में हो तो अत्यन्तप्रीति होती है। मित्र वर्गमें उत्तमप्रीति, उदासीनमें बहुत कम प्रीति होती है। परस्पर शत्रु वर्गमें हानि जाननी चाहिए।

नोट- उपरोक्त चक्रांकित राशियों के परस्पर शुभ योग ९,५,२, १२, ६,८ एक दूसरी राशि के अनुकूल ही शुभ होती है। अशुभ केन्द्र गत ४।१० वीं राशियां सीधे हाथ की ओर लिखी गई हैं।

न वर्ग वर्णो गणो न योनिर्द्विर्द्वादशे नैव षडष्टके वा।
तारा विरुद्धे नव पंचमे वा राशीशमैत्री शुभदो विवाहे।।

वर्ग, वर्ण, गण, योनि, अशुभ द्विर्द्वादश, षडाष्टक योग राशि, तारा विरुद्ध और परस्पर अशुभ नव-पंचम राशियोंके विवाह भी शुभ होते हैं; अगर राशियोंके स्वामी ग्रह परस्पर एक दूसरे के मित्र हों तो।

वर-कन्या के ग्रह मिलते है या नही?

उत्तर देने से पहले जन्माङ्ग चक्रमें पड़े ग्रहोंका अच्छी प्रकार चिन्तन करना चाहिए। जातकग्रन्थोंमें दोनोंके लिए ग्रहोंका समान फल है।

कुण्डली में बनने वाले वैधव्य विषाख्य योग

लग्नाच्चन्द्रादन्यमतः पापाः सप्तमेऽष्टमे वा विधवा।। भौमराहौ सप्तमेऽष्टमे व्यये वा विधवा।। द्यूने राहौ कुलदोषदा दुःखार्त्ता।। द्यूनेऽङ्के पापे विवाहोत्तरं सप्तमाब्दे विधवा।। लग्नेन्दू पापान्तरगौ शुभैरदृष्टौ कुलद्वयघ्नी। षष्टेऽष्टमे पापाः चन्द्रेऽष्टमाब्दे रण्डा। सप्तमे रन्ध्रेशे पापदृष्टे नवोढा रण्डा। षष्टाष्टमेशो षष्ठगतौ व्यये पापास्तेनापि विधवा। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा मृतवत्सा वा।। कुजेऽष्टमे कुलटा मन्देऽष्टमे पतिरोगवती। सूर्येऽष्टमे पापयुक्ता भवति।। रन्ध्रे राहौ कुलद्वयघ्नी। लग्नतुर्याष्टमान्त्य संस्थाः पापास्तदा पतिं त्यक्त्वा परासक्ता च भवति।। सप्तमेशोऽष्टमे यस्य सप्तमे निधनाधिपः। पापग्रययुतो बाला वैधव्यं लभते ध्रुवम्। सप्ताष्टमपतौ षष्ठे व्यये वा पाप पीडितौ। तदा वैधव्यमाप्नोति नारी नैवात्र संशयः।। निशाकरात् सप्तमभाव-संस्था महीजमंदागुदिवाकराश्चेत्। तनोऽरिभे जन्मनि नैधने वा दिशन्ति वैधव्यमलं मदेवः।।

दोनों के लिये मंगली दोष- लग्ने व्यये च पाताले यामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्याभर्तुः विनाशाय भर्ता पत्नीविनाशकृत्।। इदं लग्नेन्दुभ्यां विचार्यम्।।

विषाख्य योग

मन्दाश्लेषाद्वितीयायां जाता विषाख्या। सूर्यवारुणद्वादश्यां जाता विषाख्या।। कुज विशाखा सप्तम्यां जाता विषाख्या। पापेगेसशुभ पापावारगौ जाता विषाख्यां। पुत्रेऽर्के मन्देऽङ्के भौमेऽङ्के विषाख्या।। इन पांचों योगोंमें जन्म लेने वाले विषाख्या कहलाते हैं। अर्थात् किसी न किसी प्रकारसे असत्कर्म करके निन्दाके पात्र बनते हैं।

पत्नी विनाशक योग

शुक्रः खलांतरगतः सखला सिताद्वा पापाः सुखास्तमृतिगा रमणीहराः स्युः। जायाधीशः कुटुम्बाधिपतिरपि युतश्चेत्त्रिके गर्हिताख्यैर्यावदभिशुक्रयुक्तैर्नियतमिह भवेत्तावतीनां विरामः।। बुधशुक्रौर्द्यूनस्थौ पत्नीहीनो जायते विपुत्रश्च पापे नोदयगे रवौ। रविसुते मीनस्थिते दारहा पुत्रस्थानगतश्च पुत्रमरणं पुत्रोऽवनेर्यच्छति।।

कौन सा ग्रह किस ग्रहके प्रभावको नष्ट कर देता है?

लग्नाद्व्ययेर्वा यदि जन्मकाले शुभग्रहो वा मदनाधिपश्च। द्यूनस्थितौ हन्त्यनपत्यदोषं वैधव्यदोषं च।। भौमतुल्यो यदा भौमः पापो वा तादृशो भवेत्। उद्वाहः शुभदः प्रोक्तश्चिरायुः पुत्र पौत्रदः।। जामित्रे च यदा सौरिर्लग्नेवाहिंयुतेऽथवा।। अष्टमे द्वादशे वापि भौमदोषविनाशकृत्।।शनिभौमोऽथवा। कश्चित्पापो वा तादृशो भवेत्।। तेष्वेव भवनेष्वेव भौमदोषविनाशकृत्।। अजे लग्ने व्यये चापि पाताले वृश्चिके स्थिते। वृषे जाये घटे रन्ध्रे भौमदोषो न विद्यते। सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽपि वाऽथवा भौमे। वक्रिणिनीचारिगृहे वार्कस्थेपि वा न कुजदोषः।। केन्द्रकोणे शुभाढ्ये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा।।

मंगल अमंगल ही नहीं शुभकर्ता भी है- भूदेव द्विजमात्र विद्वानोंको पक्षपातरहित बुद्धि से विचार करना चाहिए। क्या मंगल कुण्डलीके १।४।७।८।१२ स्थानमें होने पर अशुभ फल ही करता है अगर यह सुनिश्चित होता तो पूर्वाचार्य अजे लग्ने व्यये चापे....... कदापि न लिखते अर्थात् मेष का मंगल लग्नमें, धनुका बारहवें भाव में, वृश्चिकका चौथे घर में, वृषका सातवें घरमें और कुम्भका अष्टम भावमें हो तो दोष नहीं होता है। मकर, मेष, वृश्चिक, सिंह, धनु और मीन राशिके मंगलको शुभ माना है तथा केन्द्र त्रिकोणपति होने से कर्क, सिंह लग्नमें मंगल को योग कारक माना है। 'सर्वे त्रिकोणनेतारो ग्रहाः शुभफलप्रदाः।' महर्षि पराशरजीके वचनानुसार ५।९ का स्वामी होने पर मंगल ग्रह अशुभ फलदायक नहीं होता है। अन्य आचार्यों के मतानुसार परस्पर वर-कन्याकी कुण्डलियोंमें भौम एक-दूसरेके तुल्य हो अथवा उक्त स्थानोंमें शनि पड़ा हो अथवा गुरु ग्रह का शुभ प्रभाव हो तोमंगल दोषके साथ-साथ अन्य अशुभ ग्रहोंका दुष्प्रभावभी नष्ट होता है।

अथ ग्रह मेलापक विचार- वरस्य लग्नशुक्राभ्यां १।४।७।८।१२ स्थानेषु पापग्रहा अशुभकराः। चन्द्रतोऽपि सप्तमस्थानस्य पापखेचरोऽनिष्ट सूचक एव।। कन्याया लग्न-चन्द्राभ्यां १।४।७।८।१२ स्थानेष्वस्थिता पापखेचरा अनिष्टदाः। उक्तस्थानेषु कन्यापापग्रहापेक्षया वरक्रूरग्रहा अधिका अपि न दोषावहाः।। जन्मांगचक्रे सूर्यात् ९ पिता, भौमात् ३ भ्राता, चन्द्रात् ७ पतिः एवं कन्यायाः सप्तमेषशुक्रादि सौम्यग्रहाणां शुभस्थानस्थित्यादिना सौभाग्ययोगश्च विचार्यः।

कुण्डली के द्वितीयभाव में चन्द्र, शुक्र स्थित हो, मंगल पर गुरु की पूर्ण दृष्टि हो तथा केन्द्रगत राहु भौम की युति हो तो मंगली दोष नहीं होता ऐसा 'मुहूर्त्त दीपक' में लिखा है, साथ ही यह भी कहा है कि केन्द्र त्रिकोण में शुभ ग्रह ३।६।११वें भाव में स्वग्रही सप्तमेश भौमदोष को नष्ट करता है तथा राशीश की मित्रता, गण की ऐक्यता और मेलापक चक्र में गुणों की बाहुल्यता होने पर मंगली दोष नहीं होता- न मंगली चन्द्रभृगुद्वितीये न मंगली पश्यति यस्य जीवः। न मंगली केन्द्रगते च राहु न मंगली मंगलराहुयोगे। केन्द्रकोणे शुभाढ्ये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः। तदा भौमस्य दोषो न मदने मदन-पस्तथा। राशिमैत्र यदायाति गणैक्य वा यदा भवेत्। अथवा गुणबाहुल्ये भौमदोषो न विद्यते।।

टिप्पणी- जन्मकुण्डली सूक्ष्म दृश्य (कम्प्यूटर) गणित से बनी होनी चाहिए। आपके करकमलों में ग्राह्य श्री राजधानी पंचांग का प्रकाशन वि. सम्वत् २०३९ से हम करते आ रहे हैं; जिसकी लोकप्रियता से पाठक परिचित हैं। हमारे यहां शुद्ध गणित से जन्मपत्र बनाये जाते हैं। योगों का निर्णय चलित चक्र से करके फल लिख दिया जाता है।

किसी की कुण्डली में एक से अधिक कुयोगों द्वारा प्रबल वैधव्य योग जान पड़ें तथा किसी भी प्रकार से परिहार न होता हो तो उसका विवाह सविधि (गोदान, वस्त्राभूषण, दानजप, पूजन, यज्ञानुष्ठान) शालिग्राम से, पिप्पलवृक्ष से, अर्कवृक्ष से अथवा कुम्भ से करके पुनः सुयोग्य वर से विवाह करने पर कन्या सौभाग्य सम्पन्न पुत्र, धन से युक्त होती है ऐसा श्री रामाचार्य ने लिखा है- जन्मोत्थं च विलोक्य बालविधवायोगं विधाय व्रतम्, सावित्र्या उत पैप्पलं हि सुताया दद्यादिमा वा रहः। सल्लग्नेऽच्युतमूर्तिपिप्पलघटे कृत्वा विवाहं स्फुटम्, दद्यात्तां चिरजीविनेऽत्र न भवेद्दोषः पुनर्भूभवः।।

आगे अष्ट कूटों के संयोग से निर्मित वर-कन्या गुण मेलापक सारिणी अंकित है। गुण योग १८ से अल्प हो तो अशुभ, अधिक हो तो शुभ और यदि २७ से अधिक हों तो अत्यन्त शुभ जानें। अर्धाधिक्य गुण मिलने पर यदि कोई दोष रहे तो उसका परिहार्य भी उसीमें होजाता है-

> अशुभोऽष्टादशाल्पश्चेत् शुभोऽष्टादशतोधिकः।
> शुभोऽतिगुणयोगश्चेत्सप्त विंशतितोऽधिकः।।

राशि की प्रधानता-

देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके। नामराशिप्रधानत्वं जन्मराशि न चिन्तयेत्। कांकिण्यां वर्गशुद्धौ च दाने द्यूतेज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता।। विवाहघटनं चैव लग्नजं ग्रहज बलम्।। नामभात् चिन्तयेत् सर्वजन्म न ज्ञायते यदा। विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रायां ग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशि न चिन्तयेत्।। कुर्यात्षोडश-कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। अर्थात् विवाह, यात्रा, ग्रह गोचर अन्य मंगल कार्य (षोडश) संस्कारविषये जन्मराशि की प्रधानता मानी गई है। यदि लड़का-लड़की की जन्मराशि ज्ञात न हो तो दोनों के प्रसिद्ध नाम नक्षत्र से विचार करना चाहिए। एक का जन्म तथा दूसरे का प्रसिद्ध नाम ऐसा कदापि न लें, अन्यथा दाम्पत्य जीवन में निर्धनता बढ़ती है यथा- जन्मभं जन्मधिष्ण्येन नामधिष्ण्येन नामभम्। व्यत्ययेन यदा योज्यं दम्पत्योर्निर्धनप्रदम्।।

क्या कन्या का नाम बदला जा सकता है?- यह प्रश्न बहुत ही गम्भीर विचारणीय है। कुछ पंचांगोंमें यह लिखा मिलता है कि वर-कन्या की जन्मकुण्डली न हो तथा प्रसिद्ध नामोंका मिलान ठीक न बैठता हो तो कन्याका नाम बदलकर विवाह कर दें। ऐसा नाम रखें जहां गुण ज्यादा मिलते हों; वर का नाम नहीं बदलना चाहिए तो क्यों? इसका उत्तर उनके पास कुछ नहीं है। शास्त्रानभिज्ञ धूर्तों की अपनी कोरी कल्पना है। ज्योतिष के किसी भी ग्रंथ में ऐसा आदेश नहीं है। इस सन्दर्भ में केवल यह कहा जा सकता है कि स्त्री के प्रति उनका घोर अन्याय है। स्त्री-पुरुष का जीवन मेरे विचार से समान उपयोगी है। गृहलक्ष्मी के चले जाने या अपंग हो जाने के दुःख को तो भुक्तभोगी ही जानता है, अन्य कोई उसका अनुमान नहीं कर सकता। हिन्दू धर्म शास्त्रों में तो जननी को देवी मानकर पूजा जाता है।

> यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।
> यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।।
> सन्तुष्टोभार्यया भर्त्ता भर्त्रा भार्या तथैव च।
> यस्मिन्नेव कुले नित्यं कल्याणं तत्र वै ध्रुवम्।।

वर-वधू गुण मेलापक सारणी

ऊर्ध्वाधरस्थाम्यपि भानि पुंसां पार्श्वद्वयस्थानि तथा वधूनाम्।। संपातकोष्ठे शुभयोर्गुणैक्यं सर्वे शुभं तत्सस्मृतितोऽधिकं यत्।।

कन्या ↓	वर →		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन			
	चरण →		४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	
	↓	नक्षत्र	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन	पुन	पुष्य	श्ले	मघा	पूफा	उफा	उफा	ह.	चि.	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा	उषा	उषा	श्रव	धनि	धनि	शत	पूभा	पूभा	उभा	रेव.	
मेष	४	अ.	२८ ३	३३ ०	२८॥	१८॥ ४	२१॥ –४	२२॥ –४	२६	१७ ३	१९ ३	२३॥ ३	३१॥	२८	२१ +५	२५ +५	१५॥ ३५	११ ३६	९ २३६	१३ ६	२२॥	२६॥ –२	२२॥	१८॥ –६	२५॥ –६	१४ ३६	१३॥ ३५	२५ +५	२३॥ +५	२५	२६	२०	२०	१५ ३	१६ ३	१४॥ ३४	२४॥ +४	२६॥ +४	अ.
	४	भ.	३४	२८ ३	२९ ०१	११ ०४१	२१॥ –४	१४॥ ३४	१८ ३	२६	२७	३१॥	२३॥ ३	२५॥ १	२० १५–	१८ ३५	२६ +५	२१॥ ६	२० ६	४ १३६	१३॥ १३	२९॥	२१॥ –२	१७॥ –१६	१७॥ ३६	१९॥ –१६	२० –१५	१८ ३५	२६ +५	२७॥	२६	१० १३२	१० १३२	२० –१	२४ –२	२२॥ २४+	१७॥ +३४	२६॥ +४	भ.
	१	कृ.	२७॥	२९ १	२८ ३	१८ ३४	१० १३४०	१६॥ ४	२०	२० १	२१	२५॥	२६॥	२३॥ ३	१६॥ ३५	२० १५	२० १५	१५॥ १६	२०॥ ६	१८ ६	२७॥	१५॥ ३	१९॥ ३	१५॥ ३६	१९॥ –६	२५॥ –६	२४॥ +५	१८ १२५	१२ ३२५	१३॥ १३	११॥ २३	२५	२५	२७	१९ १	१७॥ १४	१९॥ १४	११॥ ३४	कृ.
वृष	३	कृ.	१८॥ –४	२० १४	१९ ३४	२८ ३	२० ०१३	२६॥	१७॥ +४	१७॥ १४	१८॥ +४	२२	२३	२० ३	१८॥ ३	२२ १	२२ १	२१ १५	२१ +५	२३॥ +५	२२॥ –६	१०॥ ३६	१४॥ ३६	२०॥ ३	२४॥	३०॥	२० ६	१३॥ १२६	७॥ १३६	१२ १३५	१० ३५२	२३॥ +५	२९॥	३१॥	२३॥ १	२० १	२२ १	१४ ३	कृ.
	४	रो.	२३॥ –४	२३॥ ४	११ ३४२	२० ३१	२८ ३	३६ ०	२५॥ ०४	२३॥ +४	२२॥ +४	२६	२७	१२ ३१	१०॥ ३१	२४॥	२७	२६ +५	२६ +५	२० १५–	१९ १६	१५॥ ३६	९॥ ३१६	१५॥ ३१	२९॥	२३॥ १	१४ १६	१९॥ ६	११॥ ३६२	१६ ३५२	१७ ३५	२० १५–	२४॥ –१	२४॥ –१	३०॥	२७	२७	१९ ३	रो.
	२	मृ.	२३॥ –४	१४॥ ३४	१८॥ –४	२७॥	३५	२८ ३	१९ ३४	२४ ०४	२२॥ +४	२६	१९ १	२१	१९॥	१५॥ ३	२४॥	२३॥ +५	२६ +५	१३ ३५	१२ ३६	२५ –६	१८॥ –६	२४॥	२१॥ ३	२४॥	१५ ६	१० ३६	१७ २६	२१॥ +२५	२५ +५	१३ ३५	१९ ३	२७	२९॥	२६	१८ ३	२७	मृ.
मिथुन	२	मृ.	२७	१८ ३	२२	१९॥ +४	२७ +४	२० ३४	२८ ३	३३ ०	३१॥	१९ –४	१२ ३४	१४ ४	२३॥	१९॥ ३	२८॥	३१॥	३४	२१ ३	१४ ३५	२७ +५	२०॥ +५	१४ ६	११ ३६	१४ ६	२३	१८ ३	२५ +२	२० –२६	२३॥ –६	११॥ ३६	१३ ३५	२१ +५	२३॥ +५	२५॥	१७॥ ३	२६॥	मृ.
	४	आ.	१९ ३	२७	२१ १	१८॥ १४+	२४॥ +४	२६ +४	३४	२८ ३	२५ ०३	१२॥ ०३४	२० –४	१३ १४	२३॥ १	२९॥	२१॥ ३	२४॥ ३	२४॥ ३	२७ १	२७ –१५	२७ +५	२० १५+	१३॥ १६	१७ २६	५ १३६२	१६ १३	२८	२८	२३ –६	२३ –६	१७॥ –१६	१९ +१५	१२ १३५	१७ ३५	१९ ३	२६॥	२६॥	आ.
	३	पुन.	२० ३	२७	२३	२०॥ +४	२२॥ +४	२३॥ +४	३१॥	२४ ३	२८ ३	१५॥ ३४–	२२॥ ०४	१७ –४	२२॥ +२	२६॥ +२	२१॥ ३	२४॥ ३	२५॥ ३	२७॥	२०॥ +५	२८ +५	२२ +५	१५॥ ६	२१॥ ६	७ ३६	१४ ३	२७	२७	२२ –६	२३ –६	१७॥ –६	१८॥ +५	१४ ३५	१६ ३५	१८ ३	२८	२७॥	पुन.
कर्क	१	पुन	२२॥ ३	२९॥	२५॥	२२	२४	२५	१८ ४	१०॥ ३४	१४॥ ३४	२८ ३	३५ ०	२९॥	१६॥ २४	२०॥ २४	१५॥ ३४	१८ ३	१९ ३	२१	२०॥	२८	२२	२०॥ +५	२६ +५	११॥ ३५	८ ३६	२१ –६	२१ –६	२६	२७	२१	१२॥ ६	८ ३६	१० ३६	१६ ३५	२६ +५	२५॥ +५	पुन
	४	पुष्य	३०॥	२१॥ ३	२६॥	२३	२५	१८ ३	११ ३४	१८ ४	२१॥ ४	३५	२८ ३	३० ०	१९॥ +४	१५॥ ३४	२३॥ +४	२६	२७	१२ ३	११॥ ३	२६॥	२१	१९ –५	१८ ३५	२१ –५	१७	११ २३६	२१ ६	२६	२५ –२	१३ ३	४॥ ३६	१४॥ ६	१८ ६	२४ +५	१८ ३५	२७ +५	पुष्य
	४	श्ले.	२६	२४॥ १	२२॥ ३	१९ ३	११ ३१	१९	१२ ४	१२ १४	१५ ४	२८॥	२९	२८ ३	१५ ३४२	१५॥ १४२	१८॥ १४	२१ १	२१	२६	२५॥	१२॥ ३	१७॥ ३	१५॥ ३५	२० –५	२६ –५	२२॥ ६	१६ १६	८ ३१६	१३ १३	१३ ३	२६	१७॥ ६	१९॥ ६	११॥ १६	१७॥ १५–	२१ १५	१३ ३५	श्ले.
सिंह	४	मघा	२० +५	२० १५	१६॥ ३५	१७॥ ३	९॥ ३१	१७॥	२१॥	२२॥ १	२०॥ –२	१६॥ २४+	१९॥ +४	१६ ३४२	२८ ३	३० ०१	२७॥ १	१६॥ १४	१६॥ +४	२१॥ ४	२४॥	११॥ ३	१६॥ ३	२२॥ ३	२५॥	३३	२५ +५	१९ १५	८॥ १३५	३॥ ३१६	४॥ ३६	१८॥ ६	२४॥	२५॥	१८॥ १	१८॥ १६–	१९॥ १६–	१३ ३६	मघा
	४	पूफा	२६ +५	१८ ३५	२० १५–	२१ १	२३॥	१५॥ ३	१९॥ ३	२८॥	२६॥ –२	२२॥ २४+	१७॥ +३४	१६॥ १२४	३० –१	२८ ३	३५ ०	२४ ०४	२२ +४	७॥ १३४	१०॥ १३	२५॥	१८॥ १	२४॥ –१	२३॥ ३	२५॥ –१	१९ १५+	१७ ३५	२४ +५	१७॥ ६	१८॥ ६	४॥ १३६	१०॥ १३	१९॥ १	२४॥	२४॥ –६	१७॥ ३६	२५॥ –६	पूफा
	१	उफा	१६॥ ३५	२६ +५	२० १५–	२१ १	२६	२४॥	२८॥	२०॥ ३	२१॥ ३	१७॥ ३४	२५॥ +४	१९॥ १४–	२७॥ –१	३५	२८ ३	१७ ३४	१६ ०३४	१३॥ १४२	१६॥ १२	२५॥	१६॥ १२	२२॥ –१२	३१॥	१७॥ १३	९॥ १३५	२५ +५	२५ +५	२० ६	२० ६	११॥ १६	१७॥ १	११॥ १३	१५॥ ३	१५॥ ३६	२६॥ –६	२५॥ –६	उफा
कन्या	३	उफा	१३ ३६	२२॥ ६	१६॥ १६	२१ १५+	२६ +५	२४॥ +५	३१॥	२३॥ ३	२४॥ ३	२० ३	२८	२२ १	१७॥ १४	२५ +४	१८ ३४	२८ ३	२७ ०३	२४॥ १२+	१६॥ १२६–	२५॥ +४	१६॥ १२४	१८ १२	२७	१३ १३	१४ १३	२९॥	२९॥	२४॥ +५	२४॥ +५	१६ १५+	१६॥ –६	१०॥ ३१६	१४॥ ३६	१७॥ ३	२८॥	२७॥	उफा
	४	हस्त	१० २३६	२० ६	१७॥ ६	२२ +५	२५ +५	२६ +५	३३	२२॥ ३	२४॥ ३	२० ३	२८	२३	१८॥ +४	२२॥ +४	१६ ३४	२६ ३	२८ ३	२८ ०	२० ०४	२६॥ +४	१८॥ +४	२०	२६	१३ ३	१५ ३	२७	२८॥	२३॥ +५	२४॥ +५	१८॥ +५	१९ ६	८॥ ३६२	१३॥ ३६	१६॥ ३	२६॥	२७॥	हस्त
	२	चि.	१३ ६	५ १३६	१९ ६	२३॥ +५	२० १५	१२ ३५	१९ ३	२६ १	२५॥	२१	१२ ३	२७	२२॥ +४	८॥ १३४	१४॥ १२४	२४॥ १२	२७	२८ ३	२० ३४	१९ ०४	२६॥ +४	२८	११ ३	२५	२७	१४ १३	२२ १	१७ १५	१८॥ +५	१५॥ ३५	१६ ३६	२४ –६	१६॥ १६	१९॥ १	१०॥ १३२	१९॥	चि.
		नक्षत्र →	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन	पुन	पुष्य	श्ले	मघा	पूफा	उफा	उफा	ह.	चि.	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा	उषा	उषा	श्रव	धनि	धनि	शत	पूभा	पूभा	उभा	रेव.	

वर्णवश्य आदि के संयोगसे निर्मित यह गुण-दोष मेलापक सारणी है। जिसमें ऊपरकी पंक्तिमें वर के नक्षत्र, तिरछीपंक्ति खडी लाइनमें कन्याके नक्षत्र लिखे है, सम्पात कोष्ठकोंके ऊपरी भागमें गुण, संख्या तथा नीचे महादोषोंके चिन्ह दिए है। चिन्होंका अभिप्राय है, एकनाड़ी दोषकी जगह (३) गण महादोष (मनुष्य राक्षस)के स्थानमें (१), भकूट महादोष (षडाष्टक) मे (६), नवपंचममें (५), द्विर्द्वादशमें (४), वैर योनिमें (२), लिखे है

प्रस्तुत है संशोधित परिवर्धित गुण मेलापक सारणी

वर-वधू गुण मेलापक सारणी

भाग २

ऊर्ध्वाधरस्थान्यपि भानि पुंसां पार्श्वद्वयस्थानि तथा वधूनाम्।। संपातकोष्ठे शुभयोर्गुणैक्यं सर्वे शुभं तत्सस्मृतितोऽधिकं यत्।।

कन्या ↓		वर →	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन			
		चरण →	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	
	↓	नक्षत्र	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन	पुन	पुष्य	श्ले	मघा	पूफा	उफा	उफा	ह.	चि.	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा	उषा	उषा	श्रव	धनि	धनि	शत	पूभा	पूभा	उभा	रेव.	चि.
तुला	२	चि.	२२॥	१४॥ १३	२८॥	२३॥ +६	२० १६	१२ ३६	१३ ३५	२२ १५	१९॥ +५	२०॥	११॥	२६॥	२५॥	११॥ १३	१७॥ १२	१७॥ १२४	२० +४	२१ ३४	२८ ३	२७ ०	३४॥	२३॥ ४	६॥ ३४	२०॥ ४	२७	१४ १३	२२ १	२५ ०१	२६॥	२३॥ ३	१८ ३५	२६ +५	१८॥ १५	१२॥ १६	३॥ १३६२	१२॥ ६	स्वा.
	४	स्वा.	२७॥ +२	२९॥	१७॥ ३	१२॥ ३६	१५॥ ३६	२६ —६	२७ +५	२६ +५	२८ +५	२९	२७॥	१४॥ ३	१३॥ ३	२५॥	२५॥	२५॥ +४	२७॥ +४	२१ +४	२८	२८	२० ०३	९ ०३४	२१॥ ४	१६॥ ४	२३	२७	१९ ३	२२ ३	२३ ३	२६॥	२१ +५	२० ५२+	२५ +५	१९ ६	१९॥ ६	१२॥ ३६	वि.
	३	वि.	२२॥	२२॥ १	२०॥ ३	१५॥ ३६	१०॥ १३६	१८॥ --६	१९॥ +५	२० १५	२२ +५	२२	२२	१८॥ ३	१७॥ ३	१९॥ १	१७॥ १२	१७॥ १४२	१८॥ +४	२७॥ +४	३४॥	१९ ३	२८ ३	१७ ३४	१६ ०४	२०॥ ४	२७	२२ १	१४ १३	१७ १३	१७ ३	३०	२४॥ +५	२६ +५	२० १५	१४ १६	१३ १६२	४॥ ३६	वि.
वृश्चिक	१	वि.	१६॥ +६	१६॥ १६	१४॥ ३६	१९॥ ३	१४॥ १३	२२॥	१२ ६	१२॥ १६	१३॥ ६	१९ —५	१८ —५	१५॥ —५	२१॥ ३	२३॥ १	२१॥ १२	१७ १२	१८	२७	२२॥ ४	७ ३४	१६ ३४	२८ ३	२७ ०	३१॥	२१॥ +४	१६॥ ४१	८॥ १३४	१२ १३	१२ ३	२५	२४	२५॥	१९॥ १	१९ १५	१८ १५	९॥ ३२५	अनु.
	४	अनु.	२४॥ —६	१५॥ ३६	१९॥ —६	२४॥	२७॥	२०॥ ३	१० ३६	१५ २६	२०॥ ६	२६ —५	१८ ३५	२१ —५	२४॥	२०॥ ३	२१॥	२५	२६	११ ३	६॥ ३४	२१॥ ४	१६ ४	२८	२८ ३	३१ ०	१५॥ २४+	१३॥ ३४	२१॥ +४	२५	२६	१२ ३	११ ३	२१	२४॥	२४ +५	१८ ३५	२७ +५	ज्ये.
	४	ज्ये.	१२ ३६	१८॥ १६	२४॥ —६	२९॥	२२॥ १	२२॥	१२ ६	२ ३६६२	५ ६३	१०॥ ५३	२० +५	२६ —५	३१	२३॥ १	१६॥ १३	१२ १३	१२ ३	२४	२९॥ ४	१८॥	१९॥ ४	३१॥	३०	२८ ३	१४ ०२३४	१६॥ १४	१६॥ १४	२० १	२०	२५	२४	१८ ३	१० १३	९॥ १३५	२१ १५	२१ +५	मूल.
धनु	४	मूल.	१२ ३५	२० १५	२४॥ +५	१९ ६	१३ १६	१३ ६	२१	१५ १३	१२ ३	८ ३६	१७ ६	२३॥ ६	२५ +५	१९ १५	९॥ १५३	१३ ३१	१३ ३	२७	२६	२१	२६	२२॥ +४	१५॥ २४+	१५ ३४२	२८ ३	२८ ०१	२६॥ १	१५ १४	१५ ४	२० ४	२८॥	२१॥ ३	१४॥ १३	१६ १३	२५ १	२६॥	पूषा.
	४	पूषा.	२६ +५	१८ ३५	१८ —२५	१२॥ १६२	१८ ६	१० ३६	१८ ३	२७	२७	२३ ६	१३ २३६	१७ १६	१९ —१५	१७ ३५	२५ +५	२८॥	२७	१३ १३	१३ १३	२७	२१ १	१७॥ १४—	१५॥ ३४	१७॥ १४—	२८ +२	२८ ३	३४ ०	२२॥ ०४	२३ ४	६ १३४	१४॥ १३	२३॥ १	२८॥	३०	२३ ३	३१	उषा.
	१	उषा.	२४॥ +५	२६ +५	१२ १३५	६॥ १३६	१०॥ २३६	१७ २६	२५ +२	२७	२८	२३ ६	२३ ६	१६३	८॥ १५३	२४ +५	२५ +५	२८॥	२८॥	२१ १	२१ १	१९ ३	१३ १३	९॥ १३४	२३॥ +४	१७॥ —१४	२६॥ —१	३४	२८ ३	२६॥ ३४	२४॥ ३४०	१५ १४	२३॥ १	२३॥ १	२९॥	३१	३१	२३ ३	उषा.
मकर	३	उषा.	२७	२८॥	१४॥ १३	१२ १३५	१६ २३५	२२॥ २५+	२० २६+	२२ —६	२२ —६	२८	२८	१४ १३	४॥ १३६	२० ६	२२ ६	२४॥ +५	२४॥ ११	१७ १५	२४ —१	२२ ३	१६ १३	१३ ३१	२७	२१ १	१६ १४	२३॥ ४	१७॥ ३४	२८ ३	२६ ३०	२६॥ +१	१७ १४+	१७ १४+	२३ ४+	३०॥	३०॥	२२॥ ३	श्र.
	४	श्र.	२७	२६	१३॥ ३२	११ ३५२	१६ ३५	२५ +५	२२॥ —६	२२ —६	२२ —६	२८	२६ +२	१५ ३	६॥ ३६	१८॥ ६	२० ६	२३॥ +५	२४॥ +५	१९॥ ५	२६॥	२२ ३	१७ ३	१४ ३	२७	२२	१७ ४	२३ ४	१४॥ ३४	२५ ३	२८ ३	२८ ०	१८॥ ०४	१८ +४	२१ +४	२८॥	२९॥	२२॥ ३	ध.
	२	ध.	२०	११ १३२	२६	२३॥ +५	२० १५	१२ ३५	९॥ ३६	१६॥ १६	१५ —६	२१	१३ ३	२७	१९॥ ६	५॥ १३६	१२॥ १६	१५॥ १५	१७॥ +५	१५॥ ३५	२२॥ ३	२४॥	२९	२६	१२ ३	२६	२१ ४	७ ३६१	१६ ६१	२६॥ १	२७	२८ ३	१८॥ ३४	२३॥ ४०	१९ १४	२६॥ १	१५॥ १३	२२॥ +२	ध.
कुम्भ	२	ध.	२०	११ १३२	२६	३०॥	२७ १	१९ ३	१२ ३५	१९ १५	१७॥ +५	१२॥ ६	४॥ ३६	१८॥ ६	२५॥	११॥ १३	१८॥ १	१७॥ १६	१९ +६	१७ ३६	१८ ३५	२० —५	२४॥ —५	२५	११ ३	२५	२९॥	१५॥ १३	२४॥ १	१८ १४	१८॥ +४	१९॥ ३४	२८ ३	३३ ०	२८॥ १	१८ १४	७ १३४	१४ ४२	शत
	४	शत	१५ ३	२१ १	२८	३२॥	२५॥ १	२७	२० +५	१२ १३५	१३ ३५	६॥ ३६	१४॥ ६	२०॥ ६	२६॥	२०॥ १	१२॥ १३	११॥ १३६	८॥ २३६	२५ ६	२६ +५	१९ +५	२६ +५	२६॥	२१	१९ ३	२२॥ ३	२४॥ १	२४॥ १	१८ १४	१८ +४	२४॥ +४	३३	२८ ३	१९ ०	८॥ ०	१७ १४	१६ ४	पूभा.
	३	पूभा.	१८ ३	२५ +२	२० —१	२४॥ —१	३१॥	३१॥	२४ +५	१७ ३५	१८ ३५	१२ ३६	२० ६	१२॥ १६	१९॥ १	२५॥	१६॥ ३	१५॥ ३६	१५॥ ३६+	१७॥ १६	१८॥ १५+	२६ +५	२० —१५	२०॥ १	२६॥	११ १३	१५॥ १३	२९॥	३०॥	२४ +४	२३॥ +४	२० —१४	२८॥ —१	१९ १३	२८ ३	१७॥ ३४	२२॥ ०४	२० ४२	पूभा.
मीन	१	पूभा.	२४॥ ३४	२१॥ +२४	१६॥ —१४	१९ १	२६	२६	२५॥	१८ ३	१८ ३	१७ ३५	२५ ५	१७॥ १५	१७॥ —१६	२३॥ +६	१४॥ ३६	१६॥ ३	१६॥ ३	१८॥ +१	२२॥ १६	१९ ६	१३ १६	१९ १५—	२५ +५	९॥ १३५	१५ १३	२९	३०	२९॥	२८॥	२५॥ १	१७ १४	७॥ १३४	१६॥ ३४	२८॥ ३	३३ ०	३०॥ +२	उभा.
	४	उभा.	२४॥ +४	१६॥ ३४	१८॥ —१४	२१ १	२६	१८ ३	१७॥ ३	२५॥	२८	२७ ५	१९ ३५	२१ १५	१८॥ —१६	१६॥ ३६	२५॥ +६	२७॥	२६॥	९॥ १३२	३॥ १३६२	१९॥ ६	१२ १६२	१८ १५२	१९ ३५	२२ —१५	२४ —१	२२ ३	३०	२९॥	२९॥	१४॥ १३	६ १३४	१६ १४	२१॥ ४	३३	२८ ३	३५ ०	रेव.
	४	रेव.	२५ +४	२४॥ +४	११॥ ३४	१४ ३	१७ ३	२६	२५॥	२४॥	२६॥	२५॥ ५	२७ ५	१४ ३५	१३ ३६	२३॥ +६	२३॥ +६	२५॥	२६॥	१९॥	१२॥ ६	११॥ ३६	४॥ ३६	१०॥ ३५	२७ +५	२२ +५	२६॥	२९	२१ ३	२०॥ ३	२१॥ ३	२२॥ —२	१४ ४२	१६ ४	१८ ४२	२९॥ +२	३४	२८ ३	
		नक्षत्र →	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन	पुन	पुष्य	श्ले	मघा	पूफा	उफा	उफा	ह.	चि.	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा	उषा	उषा	श्रव	धनि	धनि	शत	पूभा	पूभा	उभा	रेव.	

और जहां थोड़ा दोष समझा गया वहां (-) चिन्ह है, जहां (स्वामी मैत्री आदि के) दोष का पूरा निर्वाह है वहां (+), ऐसा चिन्ह बता दिया है, और जिस जगह वरके नक्षत्रसे पूर्व वधू का नक्षत्र है (इसका भी महादोष है) वहां ० शून्य का चिन्ह है और जहां कोई भी महादोष नहीं मिलता वहां केवल गुण ही लिखे है। जैसे अश्विनी वर का नक्षत्र और भरणी वधू नक्षत्र के सामने सम्पात कोष्ठक में केवल ३४ गुण ही लिखे है।

प्रस्तुत है संशोधित परिवर्धित गुण मेलापक सारणी

वरस्य भास्करबलम् कन्यायाश्च गुरोर्बलम्।
द्वयोश्चन्द्रबलं ग्राह्यं विवाहो नान्यथा भवेत्।।

वर को सूर्यबल, कन्या को गुरुबल तथा दोनोंका चन्द्रबल देखना चाहिए। उपनयनमें लड़केकी राशिसे गुरु और चन्द्रबल देखा जाता है। अन्य सभी कार्योंमें केवल चन्द्रबलकी प्रधानता है।

❀ त्रिबल शुद्धिचक्रम् ❀

	श्रेष्ठ	पूजा से शुभ	नेष्ट
राशि से सूर्य	३।६।१०।११	१।२।५।७।९	४।८।१२ अशुभ जानें
राशि से गुरु	२।५।७।९।११ वां	१।३।६।१०	उच्च, मित्र, स्वग्रही गुरु,४।८।१२वां भी ग्राह्य माना गया है।
राशि से चन्द्र	३।६।७।१० ११ वां	१।२।५।९ १२ वां	४,८वांनेष्टनोट-शुक्ल पक्ष में२।५।९ वां तथा कृष्णपक्षमें १२वां चन्द्र ग्राह्य माना है।

द्वादशचन्द्रोग्राह्य-

पाणिग्रहे स्त्री सुरतोऽभिषेके यात्रान्नप्राशे व्रतबन्धने च।
व्रतोपवासादिषु गर्ग पूर्वैः प्रोक्तः शुभो द्वादशगो हिमांशुः।।

विशेष- गुरु व-सूर्य स्वोच्च, स्वमित्र, स्वराशि, स्वनवांश वर्गोत्तमे ४।८।१२वें नेष्ट स्थान में होने पर भी शुभ माने जाते है।

स्वोच्चे स्वभे स्वमैत्रे वा स्वांशे वर्गोत्तमे गुरुः।
रिःफाष्टतुर्यगोऽप्यष्टनीचराशिस्थः शुभोऽप्यसत्।। रामदैवज्ञ

गुरु-सूर्य नीच या शत्रु राशिस्थ हों तो शुभ होने पर भी अशुभ फलप्रद होते हैं। सूर्य के लिए परिहार वाक्य- **'दैवज्ञ कल्पद्रुम'-**

स्वोच्चे स्वमित्रे सदने स्वगृहे स्ववर्गे। स्वांशे ततश्च निधनव्ययतुर्यगोऽपि। श्रेयस्तनोति अरिनीचगतोऽप्यनिष्टम्।तुल्यं फलं निगदितं रविजीवयोश्च।।

तुला राशि वालों के लिए २,५,९वें सूर्य शुभ फलप्रद होते है, पूजा की आवश्यकता नहीं। यथा प्रमाण-

धर्मधीधनगतो दिवाकरतौलिराशिजनितस्य शोभनः।

अन्य राशि वालों के लिए २,५,९वें सूर्य १३ अंश बीतने पर शुभ होते है। अर्थात् पूज्य नहीं होते। यथा-

भृग्वंगिऽरोवत्सवशिष्ठगौतमपराशराद्या मुनयो वदन्ति।
द्वितीयपंचांगतो दिवाकरस्त्रयोदशाहात्परतः शुभावहः।।

त्रिज्येष्ठ विचार-

प्रथम गर्भ वाले लड़का-लड़की का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं होना चाहिए क्योंकि त्रिज्येष्ठ का दोष होता है। एक ज्येष्ठ का विवाह ज्येष्ठ में मध्यम लिखा है। अतएव सूर्यको कृतिका नक्षत्र भोगने (२५ मई) के बाद विवाह करने में हानि नहीं होती है।

काल उत्तरोत्तर बली कैसे मान्य होता है?

कार्य सुसम्पादन के लिए सब प्रकार से समय अनुकूल नहीं हो सकता है। अतएव अधिकांश शुभ (सुयोग) मिलते हों तो कार्यारम्भ कर लेना चाहिए। अथार्ष वचन-

अयोगश्च सुयोगश्च द्वावेतौ भवतो यदि।
अयोगो हन्यते तत्र सुयोगश्च प्रवर्तते।।

शुभाशुभ फल देने में समय के पांच अंग- वर्ष, मास, दिन(तिथि), लग्न और मुहूर्त्त उत्तरोत्तर बली माने गये है अर्थात् वर्ष अशुभ हो तो वह मास की शुद्धि से शुद्ध होता है एवं तिथि(दिन) की शुद्धि से अशुद्ध मास व वर्ष भी शुद्ध हो जाते है, और लग्न व मुहूर्त्त शुद्ध संशोधन होने पर दिन, मास तथा वर्ष भी शुद्ध माने जाते हैं। इसलिए पूर्वाचार्यो ने कहा है- **'सर्वे दोषाः विनश्यन्ति लग्नशुद्धिर्यदा भवेत्।'**

लग्न के विषय में बहुत कुछ जातक प्रकरण में लिखा है। अभीष्ट लग्न कर्त्ता की राशि से ३।६।१०।११वीं हो तो अति उत्तम, ४।८।१२ नेष्ट तथा बाकी लग्न की राशियां मध्यम मानी गई है।

मुहूर्त्तो घटिकाद्वयम्- प्रत्येक मुहूर्त २ घटी बराबर ४८ मिनट का मान्य होता है। लग्न मुहूर्त से ७।८।१२वां स्थान ग्रह रहित हो, लग्न शुभ ग्रह से दृष्ट हो और चन्द्रमा लग्न से ३।६।१०।११वें भाव में हो तो कार्य की सिद्धि होती है। यह नियम विवाह (कन्यादान समय) पर लागू नहीं होता क्योंकि विवाह में विहित लग्न इष्टग्रह रेखा (अधिक) तथा जायाभाव शुद्धि पर आधारित होती है। शास्त्र के मर्म को न समझने वाले द्विज वितण्डावाद में अधिक रुचि लेते है।

साढ़े तीन स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त- १ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, २ वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तीज), ३ आश्विन शुक्ल दशमी (विजया दशमी), ४ कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा (गुजराती नववर्षारम्भ) ये चार स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त कहलाते है। इनमें चौथा अर्धबली होने से इनको साढ़े तीन मुहूर्त्त कहते है। इनमें कोई भी शुभ कार्य किया जा सकता है; पंचांग शुद्धि देखने की आवश्यकता नहीं। देव **प्रबोधिनी एकादशी** और **फुलेरा दौज** भी अनबूझ मुहूर्तों में माने जाते है। बड़ी ही श्रद्धा के साथ पूर्वज इन मुहूर्तों को अपनाते आये है तथा शतप्रतिशत सफल भी होते देखे गये है।

शुभकार्य में त्यागने योग्य- व्यतिपात, वैधृति, अमावस्या, संक्रांति, तिथिक्षय, भद्रामुख, कृष्णाष्टमी, चतुर्दशी, जन्मनक्षत्र, ग्रहणनक्षत्र, क्षय, तथा मलमास, गुरु-शुक्रास्त का समय सिंह के गुरुवर्षारम्भ चार मास, तेरह दिन का पक्ष, ४।९।१४ तिथि, पापवार,अशुभ योग, ग्रहणभात, श्राद्ध दिन तथा अन्य दुर्दिन त्यागकर स्त्रोत-स्मार्त कर्म करने चाहिए।

रवियोग- का स्पष्ट उल्लेख पाठकोंकी सुविधा के लिये अन्ययोगोंके साथ कर दिया जाता है। रवियोग त्रयोदश(चर,क्रकच,दग्धा तिथि व नक्षत्र, मृत्युदातिथि, उत्पात, मृत्यु, काण, कुलिंग, यमदृष्ट, यमघण्ट, मूसल, वज्र) कुयोगों का नाशक माना गया है। मुहूर्त्त निश्चित करते समय अन्य शास्त्रोक्त परिहार्य वचनों पर भी ध्यान देना युक्तियुक्त है यथा- **विष्टिरङ्गारकश्चैव व्यतिपातश्च वैधृतिः। प्रत्यरिर्जन्मनक्षत्रं मध्यान्हात्परतः शुभम्।।** वचन विशेष से भद्रा व्यतिपात, वैधृति, जन्मनक्षत्रादि विविध दोष दोपहर बाद न्यून होते हैं।

नौमी तिथि मधुमास पुनीता। सुकल पक्ष अभिजित् हरिप्रीता।
मध्य दिवस अति सीत न घामा। पावन काल लोक विश्रामा।।

जो भगवान हरि को अत्यन्त प्रिय है; जिसमें काल भी लोकोपकारार्थ कुछ क्षण के लिये विश्राम करता है। इसी अभिजिन्मुहूर्त्त नौमी तिथि चैत्र मास में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अवतरित हुये थे। अभिजित् मुहूर्त्त में अनेक दोष निवारण की शक्ति है। अतः कोई शुभ मुहूर्त लग्न न बनता हो तो जातकादि सभी शुभ कार्य अभिजित् मुहूर्त्त में किये जा सकते हैं। परन्तु बुधवार के दिन इनका निषेध है।

❀ कन्या वरण मुहूर्त्त ❀

अ. रो. मृग. मघा. उफा. हस्त. चित्रा. स्वा. अनु. मूल. उषा. श्र. ध. उभा. रे. नक्षत्र, शुभवार, शुभ तिथि में अच्छा समय देखकर वस्त्राभूषण, पुष्प मिष्ठान्न फलादि से कन्या वरण (गोद भरें) करें।

नोट- मांग में सिंदूर भरने का अधिकार सप्तपदी के पश्चात् वर को ही है अन्य किसी को नहीं। देखें (ऋ.मं. १० सूक्त ८५)

❀ वर वरण मुहूर्त्त ❀

उपरोक्त नक्षत्र तथा शुभ मुहूर्त्त में आचार्य या पुरोहित अथवा कुलगुरु कन्या के पिता, भ्राता एवं अभिभावक सहित वर से पहले गणेशादि पूजन करवाकर कुमकुम केशर आदि से वर का तिलक करें। मोली बांधें, मिष्ठान्न खिलावें, तदन्तर वस्त्राभूषण गोद में रखकर सम्मानित करें, उपरान्त माला पहनावें, न्यौछावर करें। वर जाने से पहले गुरुजनों के सहित बुजुर्गों का आर्शीवाद प्राप्त करे, सामान जननी की गोद में धरे। वर के चौकी पर से जाने से पूर्व कन्या पक्ष की ओर से पठनीय मन्त्र इस प्रकार है-

तस्मिन् कालेऽग्निसान्निध्ये स्नातः स्नाते ह्यरोगिणो।
अव्यगेऽपंडितेऽक्लीबे पिता (दाता) तुभ्यं प्रदास्यति।।

विवाह से पूर्व चिन्तनीय विषय-

दो सगी बहनों का विवाह दो सगे भाइयों से न करें, और दो बहिनों का विवाह एक वर से न करें। पृथक् माता से उत्पन्न बहिनों का विवाह मण्डप तथा आचार्य भेद से करें। यमल (जोड़े) से उत्पन्न दो का विवाह एक मण्डप में कर सकते है। संस्कारान्त ६ मास होना चाहिए। सम्वत्सर भेद हो तो पहले करने में भी दोष नहीं।

विवाह में शौचादि की सम्भावना हो तो १० दिन पहले नान्दीश्राद्ध कर लेना चाहिए। दैववशात् यदि अशौच हो जाय तो माता-पिता तथा कर्त्ता को अशौच नहीं लगता। बड़ा विनायक स्थापन के बाद यदि किसी की मृत्यु हो जाय तो अशौच नही लगता, निश्चित समय पर विवाहादि मंगल कार्य सम्पन्न कर लेना चाहिए। फिर भी मंगल की कामना हेतु कूष्माण्ड हवन, गो-दान तथा पंचगव्य प्राशन, स्वस्तिवाचन ग्रह शान्ति करनी चाहिए। जनाना शौच में श्री शान्ति से एवं अशौच से पूर्व अन्नादि का संकल्प कर लेने से किसी को अशौच नहीं लगता, संकल्पित अन्न को सब प्रयोग कर सकते है।

आचार्य का समयोचित आदर सम्मान कर विवाह के लिए शुभ मुहूर्त निकलवाना चाहिए। उभय पक्ष में मान्य मुहूर्त के अनुसार विवाह से सवा दो मास या सवा महीना अथवा २१ दिन पहले पीली चिट्ठी (षट्कर्म लग्न, तेल-वान, हल्दात, नेग करण और फेरादि) की सूचना देनी चाहिए। लग्न- विवाह दिन से ५।७।९ व ११ दिन की सुविधानुसार लिखवा कर भेजनी चाहिए।

मेषादि राशियों के लिए तेलादि लेपन दिन

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
तेलसं.	७	५	५	७	५	७	७	५	५	५	५	७

नोट- अब बच्चों के विवाह बड़ी उम्रमें होने लगे है, इसलिए तेलों की संख्या कम करके लिखनी चाहिए। यह प्रामाणिक विषयभी नहीं है। देशकाल, परिस्थितियोंके अनुसार विद्वानोंके कई मत पाये जाते है। समयाभावको ध्यानमें रखते हुए विद्वान् न्यूनाधिक् करके स्वयं लिखेंगे, ऐसी हमें आशा है।

तेल चढ़ाने के लिए शुभ दिन- सोम, बुध और शनिवार माने गये हैं। अन्य वारों में तेल चढ़ाना हो तो रवि को पुष्प, गुरु को दूर्वा, मंगल को गंगारज और शुक्र को गाय का गोबर मिलाने से तेल के दोष नष्ट हो जाते है।

तैलाभ्यंगे रवौ तापः सोमे शोभा कुजे मृतिः।
बुधे धनं गुरौ हानिः शुक्रे दुःखं शनौ सुखम्।।

अर्के पुष्पं गुरौ दूर्वा [illegible] रजस्तथा।
भार्गवे गोमयं दद्यात् तैलाभ्यङ्गो न दूषिता।।

विवाह में विहित नक्षत्र- रोहिणी, मृग., मघा, उफा, हस्तश्च स्वाती नक्षत्रकाः। अनु.मूल.,उषा,उभा,रेवत्यां शुभदो विवाहे।। ये ग्यारह नक्षत्र विवाह के लिए सर्वमान्य शुभ हैं। यजुर्वेदियों के लिए ग्राह्य कात्यायन सूत्र वाले सूत्रोक्त आर्ष वचन- 'त्रिषु त्रिषुत्तरादिषु' अर्थात् तीनोंउत्तराओं से तीसरे पड़ने वाले नक्षत्र चित्रा, श्रवण, धनिष्ठा और अश्विनी ये विवाहके लिये शुभ है। अन्य प्रमाण- "चित्राश्रवणधनिष्ठाऽ श्विनीनक्षत्रं यजुर्वेदिविषयम्" इन नक्षत्रोंको धर्मसिन्धु, सत्यकृत्य मुक्तावलीमें भी शुभ माना गया है। ध्यान रहे ऋग्वेदीय और सामवेदियोंके लिए ग्राह्य नहीं है। देशाचार, कुलाचार तथा जात्याचार का अपना विशेष महत्व होता है- देशाचारः कुलाचारः जात्याचारो विशेषतः। कर्त्तव्यो विदुषा तत्र सारासारं विचार्य च।।

विवाह के लिए ग्राह्य मास- वैशाख, ज्येष्ठ, त्रिभाग आषाढ़ (मिथुनार्क में) आगे प्रबोधिनी एकादशीके बाद (वृश्चिकके सूर्यमें) कार्तिक व मार्गशीर्ष (मकरके सूर्यमें) माघ और (कुम्भ संक्रान्ति में) फाल्गुन मात्र शुभ माना गया है। देशाचारकी प्रधानता से चैत्र, पौष को छोड़कर अन्य सभी मासोंमें विवाह होते हैं।

अथ विवाह मुहूर्त्तोंमें रेखाओं का महत्व

द्विजातियोंके विवाह मुहूर्त्तोंमें ८१ दोष शास्त्रोंमें बतलाये गये है; किन्तु उनमें दस महादोष मुख्य है यथा- लता, पात, युति, वेध, जामित्र, वाण, एकार्गल, उपग्रह, क्रान्तिसाम्य महापात और दग्धा तिथि। इनका मुख्यतः विचार किया जाता है। वेध, मृत्युवाण, क्रान्तिसाम्य ये तीन महादोष अपरिहार्य होने से विवाहमें सर्वत्र सर्वथा वर्जित हैं। नोट- वेध दोष चरण गत मान्य होता है।

श्रीव्रजभूमिपंचांग के विवाह मुहूर्तों में लतादि जो कोई दोष जहां आता है उसे (ऽ) ऐसी वक्ररेखा द्वारा लिख दिया जाता है। मुहूर्तों में लगी (।) खड़ी रेखाएं शुद्धताकी परिचायक हैं। इस विषय का शास्त्रसम्मत निर्णय लेना पंचांगकर्त्ताका परमकर्त्तव्य है। दोषोंका संक्षेपमें वर्णन करते है-

लता-दोषज्ञानाय चक्रम्

ग्रहाणां	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
नक्षत्र सं. आगे-पीछे	१२ आगे	२२ पीछे	३ आगे	७ पीछे	६ आगे	५ पीछे	८ आगे	९ पीछे	९ पीछे
फलम्	धन हानि	भय	अति कष्ट	भय	भाई कष्ट	कार्य हानि	वंश हानि	मरण	मरण

अपने आश्रित नक्षत्रसे आगे वाले बारहवें नक्षत्रको सूर्य लतादोष से दूषित बनाता है तो चन्द्र पीछे वाले २२वें नक्षत्र को दूषित करता है। अन्य ग्रह लतादोष एवं फल चक्र से ज्ञात करें।

२. **पातदोष-** हर्षण, वैधृति, साध्य, व्यतीपात, गण्ड और शूल योग काअन्त जिस नक्षत्रमें हो वह नक्षत्र पातदोषसे दूषित समझा जाता है।

३. **युतिदोष-** जिस नक्षत्र का विवाह हो उसी नक्षत्र में यदि कोई ग्रह चल रहा है तो उस ग्रहकी युति का दोष समझा जाता है। चन्द्र उच्च मित्र, स्वक्षेत्री हो तो युति दोष नहीं होता, अपितु श्रेष्ठ होता है। सू. मं. शु. श. रा. के. की युति दारिद्रय मृत्यु आदि भयप्रद मानी गई है। शुक्रकी युति विशेषतः वर्जित है।

४. वेध चक्रम्- पञ्चशलाका चक्र- | **४. वेध चक्रम्- सप्तशलाकाचक्र-**

४. **वेधदोष-** पञ्चशलाका चक्रमें आमने-सामने वाले नक्षत्र परस्पर ग्रह वेधके माने जाते है अर्थात् जिस समय जो ग्रह जिस नक्षत्र पर गतिशील होता है वह अपने से शलाकाविद्ध नक्षत्रका वेध करता है।

५. **जामित्रदोष-** विवाह कालीन लग्न या चन्द्रराशि से सप्तमस्थ ग्रह होने पर उक्त ग्रहका जामित्रदोष समझा जाता है। पापी ग्रह का जामित्र दोष विशेष वर्ज्य है। लग्न या चन्द्र से ५५ वें नवांश यानी उससे सातवीं राशिके उतने ही अंश पर कोई ग्रह हो तो सूक्ष्म जामित्र दोष होता है जो विशेष वर्जनीय माना गया है।

६. बाणदोष ज्ञानाय चक्रम्-

बाण नाम	सूर्य के गतांश	वर्ज्य ५ कर्म	वर्ज्य वार	वर्ज्य काल
रोग	८।१७।२६	उपनयन में	रविवार	रात्रि में वर्ज्य
अग्नि	२।११।२०।२९	गृहारम्भ में	भौमवार	सदैव वर्ज्य
राज	४।१३।२२	राजकाज में	शनिवार	दिन में वर्ज्य
चोर	६।१५।२४	यात्रा मे	भौमवार	रात्रि में वर्ज्य
मृत्यु	१।१०।१९।२८	विवाह में	बुधवार	सन्ध्याकाल वर्ज्य

रोगादि पांचों बाणों का सम्बन्ध सूर्य के जिन भुक्तांशों से होता है, उससे विगत अंश रोगादि पांचों बाणों के सामने चक्र में लिखे हैं। विवाह में बुध-पञ्चक(यानी पांचों बाणों) के समय त्याज्य माने गये है, किन्तु मृत्युबाण का समय सब देशों के लिये वर्जित है। प्रत्येक बाण का समय अपने ही वर्ज्य वार, समय तथा कर्म में नेष्ट होता है।

७. एकार्गल दोष- व्याघात, गण्ड, व्यतिपात, विष्कुंभ, शूल, वैधृति वज्र, परिघ, अतिगण्ड इन अशुभ योगों में सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित् सहित गिनने पर विषम संख्यांक हो तो एकार्गल दोष होता है जो कि कश्मीर देश में वर्ज्य है।

८. उपग्रह दोष- सूर्याश्रित नक्षत्र से वैवाहिक नक्षत्र संख्याँक ५।७।८।१०।१४।१५।१८।१९।२१।२२।२३।२४।२५ हो तो उपग्रह दोष होता है। गणना अभिजित् रहित होती है।

९. क्रान्तिसाम्यदोषचक्रम्-

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
सिंह	मकर	धनु	वृश्चिक	मेष	मीन	कुंभ	कर्क	मिथुन	वृष	तुला	कन्या

उपरोक्त चक्र में ऊपर नीचे लिखी किसी एक राशि पर सूर्य तथा दूसरी राशि पर चन्द्रमा हो तो क्रान्तिसाम्य दोष कहलाता है जोकि मंगल कार्य में अशुभ होता है। यह स्थूल मत है। सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य गणित से सिद्ध होता है। श्री ब्रजभूमि पंचांग के विवाह मुहूर्त्तों में गणित सिद्ध सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य दोष ही लगाया जाता है।

१०. दग्धातिथिदोष ज्ञानाय चक्रम्-

संक्रांति	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुंभ	मीन
द.ति.	६	४	८	६	१०	८	१२	१०	२	१२	४	२

मेषादि संक्रांतियों में लिखित तिथियां दग्ध कहलाती है चाहे वह कृष्ण पक्ष की हो या शुक्ल पक्ष की। दग्ध तिथि मध्यदेश के विवाह मुहूर्तों में दोषप्रद मानी जाती है।

कौनसा दोष किस प्रदेश में वर्जित है?

लता मालवके देशे पातश्च कुरुजांगले।
एकार्गलं च कश्मीरे वेधः सर्वत्र वर्जयेत्॥

लता दोष मालवा प्रान्त(उज्जैन), पातदोष कुरुक्षेत्र वांगर फिरोजपुर भटिण्डा प्रान्त, एकार्गलदोष(कश्मीर) के आसन्न क्षेत्रमें वर्जित होता है तथा वेध सर्वत्र वर्जनीय है।

उपग्रहर्क्षकुरुवाल्हीकेषु कलिंगवंगेषु च पातितभयम्।
सौराष्ट्रशाल्वदेषु च पतितं त्यजेतु विद्धं किल सर्वदेशे॥

उपग्रहदोष- कश्मीर से पश्चिम हिमालय तक तथा हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब तक और आगरा प्रान्त बलखबुखारा तक मान्य है। पातदोष-उड़ीसा के दक्षिण और मद्रास के उत्तर तीरवर्ती कलिंग (वर्तमान भुवनेश्वर) तथा समस्त बंगाल में मान्य होता है। लतादोष-अहमदाबाद से सोमनाथ तक तथा सूरत नाम से प्रसिद्ध (सौराष्ट्र) एवं शाल्व देश (उज्जैन प्रान्त में) मान्य होता है। वेध नक्षत्र सब देशों में त्याज्य माना जाता है।

युतिदोषो भवेद् गौडे जामित्रस्य च यामुने।
मासदग्धा च तिथयो मध्यदेशे विवर्जिताः॥

युतिदोष- बंगाल में ढाका, मुर्शिदाबाद मालवा के आसन्न मान्य है। जामित्रदोष-मथुरा प्रान्तासन्न माना जाता है और दग्धा-तिथि दोष मध्यदेश (उज्जैन,भोपाल, नरसिंहपुर और जबलपुर)के आसन्न क्षेत्रोंमें माना जाताहै।

चित्रां गते पातविचित्रदेशे, मैत्रे मघा मालवके निषिद्धाः।
पौष्णश्रुतिश्चोत्तरदेशजातः सर्वत्र वर्ज्यश्च भुजङ्गपातः॥

चित्रा में बना पात दोष विचित्र देश में (अज्ञात कोई प्रान्त), अनु, और मघा में बना पात दोष उज्जैन में। रेवती, श्रवण में बना पात उत्तर दिशा में सुदूर पर्वतीय प्रदेश में वर्जित होता है। भुजंग पात (रवि-शशि क्रान्ति साम्य) सर्वत्र वर्जनीय है।

भुजंगक्रान्तिसाम्यं च बाणवेधं तथैव च।
लग्नहीनं विवाहं तु कलौ पंच विवर्जयेत्॥

भुजंग क्रान्तिसाम्य, बाण और वेध दोषपूर्ण (विवाह मुहूर्त्त) बलहीन लग्न का विवाह कलियुग में वर्जित है। आगे युति वेध और जामित्र दोष परिहारार्थ ऋषि-महर्षियों के वचन प्रस्तुत है-

स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो वा मित्रक्षेत्रगतो विधुः।
युतिदोषाय न भवेद्दम्पत्योः श्रेयसे सदा॥

विवाहकाल में चन्द्रमा स्वक्षेत्रीय हो, उच्च का हो अथवा मित्र क्षेत्री हो तो युति दोष का नाश करता है। दाम्पत्य जीवन सुखी बनता है। सदा अच्छा श्रेय मिलता है।

पादमेव शुभैर्विद्धम् शुभैर्नैव कृत्स्नतः।
अतोऽन्त्यपादमादिगो द्वितीयकस्तृतीयकम्॥ नारदः॥
तृतीयगो द्वितीयकं चतुर्थगस्तु चादिमम्।
भिनत्तिवेधकृद्ग्रहो न चान्यपादमादरात्॥ वशिष्ठः॥

वास्तव में एक नक्षत्र के प्रथम चरण में ग्रह हो तो दूसरे का चतुर्थ चरण और चतुर्थ चरण में ग्रह हो तो दूसरे का प्रथम चरण विद्ध होता है एवं द्वितीय और तृतीय चरण में परस्पर वेध होता है; जोकि अवश्य वर्जनीय है।

भुक्त भोग्यं तथाक्रान्तं विद्धं पापग्रहेण च।
शुभाशुभेषु कार्येषु वर्जनीयं प्रयत्नतः॥

अस्यापवाद मुहूर्त्त चिन्तामणौ-

ऋक्षाणि क्रूरविद्धानि क्रूरयुक्तादिकानि च।
भुक्त्वा चन्द्रेण मुक्तानि शुभऋक्षाणि प्रचक्षते॥

क्रूर ग्रह से विद्ध और क्रूर ग्रह से भुक्त या भोग्य नक्षत्र और पापग्रह युक्त एवं पापाक्रान्त होने वाले नक्षत्रों को यदि चन्द्रमा भोगकर अग्रिम नक्षत्र पर पहुंच गया हो तो वह नक्षत्र शुभ होते हैं।

स्वोच्चे सौम्यालये चन्द्रे स्ववर्गे मित्रवर्गगे।
हत्वा जामित्रकृद्दोषं करोति विपुलं सुखम्॥

व्यवहार समुच्चय॥

चन्द्रमा उच्च का हो, शुभग्रह की राशि में हो, अपने वर्ग या मित्र के वर्ग में हो तो जामित्र दोष का हरण कर अत्यन्त सुख देता है। पति-पत्नी सुखोपभोग करते हैं।

अन्य मत-

एकार्गलोपग्रहपातलता जामित्रकर्तर्यदयास्तदोषाः।
नश्यन्ति चन्द्रार्कबलोपपन्ने लग्ने यथार्काभ्युदये तु दोषाः॥

ज्योतिषशास्त्र के अविष्कारकर्त्ता पूर्वाचार्यों ने जहां दोषों का वर्णन किया है वहां यह भी बतलाया है कि कौन-सा दोष कहां मान्य होता है और किस दोष का क्या परिहार्य है। पंचांग किसी एक प्रान्त-प्रदेश या एक देश के लिये अथवा एक सम्प्रदाय एवं वर्ग विशेष के लिये नहीं बनता बल्कि वह सार्वभौम होता है। अनन्त शास्त्रों का सार अनन्त विज्ञान का भंडार गूढ़ रहस्यमय अंकों से ओत-प्रोत, पांचों अंगों से परिपूर्ण होता है। अपने अपने प्रयोग में आने वाले विशुद्ध ज्ञान को ग्रहण करना चाहिए।

अनन्तशास्त्रं बहुलाश्च विद्या अल्पश्च कालो बहुविघ्नता च।
यत्सारभूतं तदुपासनीयं हंसो यथा क्षीरमिवाम्बुमध्यात्॥

कर्त्तरी दोष- लग्नस्यपृष्ठाग्रयोरसाव्वोः|सा कर्त्तरी स्याद्युक्वक्रगत्योः।। तावेव शीघ्रो यदि वक्रचारी न कर्त्तरी चेति पितामहोक्तिः।" "इयं कर्त्तरी चन्द्रस्यापि द्रष्टव्या।" केषाञ्चिल्लग्नदोषाणां परिहार:-पापौ कर्त्तरिकारकौ रिपुगृहे नीचास्तगौ कर्त्तरी। दोषौ नैव सितेऽरिनीच गृहगे तत्षष्ठदोषोऽपि न। भौमेऽस्ते रिपुनीचगे नहि भवेद् भौमोऽष्टमौ दोषकृन्नीचे नीचनवांशके शशिनि रिःफाष्टारि दोषोऽपि न।।

दोषापवादा ज्योतिर्निबन्धे- दोषाश्च बहवः सन्ति गुणाः स्वल्पा कलौ युगे। तथापि दोषा नश्यन्ति स्वापवादगुणै सह। अपवादान्तरम्- उक्तानुक्ताश्च ये दोषास्तान्निहन्ति बली गुरुः। केन्द्रसंस्थे सितौ वापि पन्नगानगरुडो यथा। मुहूर्त्तलग्नषड्वर्गकुनवांशग्रहोद्भवाः ये दोषास्तान्निहन्त्येव यत्रैकादशगः शशी।। अब्दायनर्तुमासोत्थाः पक्षतिथ्यर्क्षसम्भवाः। ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसंस्थे शुभग्रहे। लग्नाधिपो यदा केन्द्रे लग्नादेकादशालये सर्वग्रहकृतारिष्टमेकोऽपि विलयं नयेत्।। बलवान केन्द्रगः सौम्यो हन्ति दोषशतत्रयम् चूनं विहाय दैत्येज्य सहस्त्रं लक्ष्मंगिराः।।

स्मरण रहे कि पूर्वोक्त अपवाद वाक्यों में सर्वत्र सप्तमरहित केन्द्र(१।४।१०) ही ग्रहण करना है।

विवाहलग्ने ग्रहाणां रेखाप्रदस्थानानि

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	ग्रहाः	मुहूर्त्तगणपतौ
३ ६ ८ १	२ ३ ११	३ ६ ११	१।२ ३।४ ५।६ ९ १० ११	२।१ ३।४ ६।५ ९ १० ११	१।२ ४।५ ९ १० ११	३ ६ ८ ११	३ ६ ८ ११	३ ६ ८ ११	स्थानानि	लग्नं शुभ विवाहे स्याद्दशविंशो-पकाधिकम्
३॥	५	१॥	२	३	२	१॥	१॥	१॥		विंशोपकाबल

अथ गोधूलिलग्नविचार- लग्नशुद्धिर्यदा नास्ति कन्या यौवनशालिनी। तदा वै सर्ववर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम्। लग्नं यदा नास्ति विशुद्धमन्यद् गोधूलिकं साधु तदा वदन्ति। लग्ने विशुद्धे सति वीर्ययुक्ते गोधूलिकं नैव फलं विधत्ते।। गोधूलिं त्रिविधां वदन्ति मुनयो नारीविवाहादिके, हेमन्ते शिशिरे प्रयाति मृदुतां पिण्डीकृते भास्करे। ग्रीष्मेऽर्धास्तमिते वसन्तसमये भानौ गते दृश्यतां, सूर्ये चास्तमुपागते भगवति प्रावृट्शरत्कालयोः।।

गोधूलिके त्याज्यदोषाः- कुलिक क्रान्तिसाम्यं च लग्ने षष्ठेऽष्टमे शशी। तदा गोधूलिकस्त्याज्यः पंचदोषैस्तु दूषितः।। अष्टमे जीवभौमौ च बुधो वा भार्गवोऽष्टमे। लग्ने षष्ठेऽष्टमे चन्द्रस्तदा गोधूलिनाशकः।। "अस्तं याते गुरुदिवसे सौरे सार्के।" अर्थात् वृहस्पतिवार को सूर्य अस्त होने के पीछे(क्योंकि सूर्यास्त से पहले वारवेला होगी) और शनिवार को सूर्यास्त से पहले (क्योंकि सूर्यास्त हो जाने से कुलिक मुहूर्त्त होगा) गोधूलि समझना।

संकीर्णचाण्डालादिजातीनां विवाहमुहूर्त्ताः- कृष्णे पक्षे भानुभौमा र्कजानां वारे योगे चापि धिष्ण्ये निषिद्धे। संकीर्णानां दारकर्म प्रशस्तं प्रीत्यर्थायुः प्राप्तये शौनकाद्याः।

पुनर्विवाहे सूर्यभात् शुभाशुभज्ञानाय चक्रम्

३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
मृत्यु	धन	मरण	मृत्यु	पुत्र	दुर्भग	श्रीः	उन्नति	फल

अन्यच्च- सूर्यभात् ४।११।१८।२५ संख्यांकसाभिजिद् भेषु पुनर्विवाहे मृत्युः। अत्र तिथिमासवेधभृगुर्वस्तादिदोषोऽपि नावलोकनीयः।।

वधू प्रवेश-द्विरागमन विचार

पाणिगृहीत वधू पिता गृह से जब पतिगृह में प्रवेश करती है, उस समय को वधू प्रवेश कहते हैं जिसमें यात्रा सम्बन्धी विचार नहीं होता क्योंकि विवाह काल को ही यात्रा समय कहते है। वधू प्रवेश में सम्मुख शुक्रदोष भी मान्य नहीं-

स्वभवनपुरप्रवेशे देशानां विप्लवे तथोद्वाहे।
नववध्वा गृहगमने प्रतिशुक्रविचारणा नास्ति।। लल्लाचार्य
न शुक्रदोषो न सुरेज्य दोषो ताराबलं न योज्यम्।
उद्वाहिताया नवकन्यकाया दीपोत्सवे शोभनमङ्गलानि।। भास्कराचार्य

कहीं-कहीं विवाह के बाद वधू अपने पति के घर नहीं जाती तो उसके बाद वधू प्रवेश का लोप करके उसी (वधू प्रवेश ही) को द्विरागमन मानकर उसमें शुक्र शुद्धि का विचार करते हैं; परन्तु यह वहाँ की (विशेष समाज-सम्प्रदाय) की अपनी लोक परम्परा है, जिसका शास्त्रों में कोई प्रमाण नहीं।

मुहूर्त-मार्तण्ड के ४०वें श्लोक में लिखा है कि इस परिस्थिति में विवाह दिन से १६ दिन तक सम दिनों में ६।८।१०।१२।१४।१६ और विषम ५।७।९ में तारों की रोशनी में प्रवेश शुभ है।

१६ दिन के बाद मास पर्यन्त विषम दिन में, १ मास के बाद वर्ष भीतर विषम मास में तथा १ वर्ष के बाद विषम वर्ष में वधू प्रवेश शुभ है। मेष, वृश्चिक तथा कुम्भ सौर मास एवं शुक्ल पक्ष हो तो अति उत्तम होता है। तृतीयादि वर्षों में यात्रा विचार भी करना चाहिए।

द्विरागमन विचार- नव विवाहिता (वधू प्रवेश) के बाद पिता गृह जाती है। पुनः पिता गृह से विदा होकर पति घर जाने को द्विरागमन कहते हैं। जिसमें यात्रा सम्बन्धी सभी नियमों का विचार किया जाता है।

विहित नक्षत्रमासादि- अश्विनी, रोहि., मृग, पुन, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, उफा, अनु, मूल, उषा, श्रव, धनि, शत, उभा और रेवती नक्षत्र, मेष, वृश्चिक, कुम्भ सौर मास अर्थात् वैशाख, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघोत्तर, फाल्गुन विषम वर्ष, शनि, मंगल छोड़कर श्रेष्ठ लग्न में द्विरागमन शुभ की इच्छा से करें। गुरु-शुक्र अस्त हो, गुरु अंश रहित हों, शुक्र यदि सम्मुख हो अथवा दक्षिण हो तो गर्भिणी या बालक के सहित नव विवाहिता का गौना द्विरागमन न करें।

शुक्र का विशेष विचार-

रेवत्यादि मृगान्तञ्च यावत्तिष्ठति चन्द्रमाः।
तावच्छुको भवेदन्धः सम्मुखे दक्षिणे शुभः।।

रेवती से मृगशिर पर्यन्त जब तक चन्द्रमा रहते हैं तब तक शुक्र अन्धा रहता है; तब सम्मुख दक्षिण दोष मान्य नहीं। अन्य आचार्य वर्ष भीतर द्विरागमन (गौना) को गुरु शुक्रास्त काल में भी शुभ कहते हैं-

अस्तेऽथवा शिशुत्वे वा बालत्वे गुरुशुक्रयोः।
शुभो द्विरागमा यावद् वर्षमेकं विवाहतः।।

अन्य परिहार वाक्य

नगरप्रवेशविषयाद्युपद्रवे करपीडने विबुधतीर्थयात्रयोः।
नृपपीडने नववधूप्रवेशने प्रतिभार्गवो भवति दोषकृन्न हि।।
पित्र्येगृहे चेत्कुचपुष्पसम्भव स्त्रीणां न दोषः प्रतिशुक्रसम्भवः।
भृग्वंगिरोवत्सवसिष्ठकश्यपा त्रीणां भारद्वाजमुनेः कुले तथा।।

शुक्र सम्मुख है या दक्षिण?- इस प्रश्न का सन्तोषजनक उत्तर किसी भी ज्योतिष ग्रन्थ में नहीं है। अपनी कक्षा में गतिशील शुक्र ग्रह जब मेष, सिंह व धनु राशि में होता है तब वह पूर्व दिशा में सम्मुख और उत्तर दिशा में दक्षिण माना जाता है। इसी प्रकार वृष, कन्या, मकर दक्षिण में, मिथुन तुला, कुम्भ, पश्चिम और कर्क, वृश्चिक और मीन में गतिशील शुक्र को उत्तर दिशा में सम्मुख जानना चाहिए। यात्रा प्रकरण में कालराहुवास, योगिनीवास दिशाशूल आदि का विस्तार सहित विवरण दिया गया है।

किं कुर्वन्ति ग्रहाः सर्वे यस्य केन्द्रे बृहस्पतिः।
मत्तमार्तंगयूथानां शतं हन्ति च केशरी।।
व्रजभूमिपंचांगस्य विवाहप्रकरणमन्तमगात् व्रजेश्वरिप्रसादात्।

❀ यात्रा प्रकरणम् ❀

गो. तुलसीदास जी के वचनामृत

दोहा- रामु लखन कौसिक सहित, सुमिरहु करहु पयान।
लक्षि लाभ जय जगत जसु, मंगल सगुन प्रमान।।
भरत सत्रुसूदन लखन, सहित सुमिरि रघुनाथ।
करहु काज सुभ साज सब, मिलिहि सुमंगल साथ।।

श्रीविश्वामित्रजीसहित श्रीराम-लक्ष्मणका स्मरण करके यात्रारम्भ करनेसे लक्ष्मीप्राप्तिके साथ-साथ जगतमें विजय सुयश प्राप्त होता है। यह शकुन सच्चा मंगलमय है। भरत,शत्रुघ्न,लक्ष्मण और श्रीरघुनाथजीका स्मरणकर सब शुभ साधनोंके सहित अपने कार्य करोगे तो सफल होगें, यश भी मिलेगा।

दोहा- नकुल सुदरसन, दरसनी, क्षेमकरी चक चाष।
दसदिसि देखत सगुन सुभ, पूजहिं मन-अभिलाष।।
सुधा, साधु, सुरतरु सुमन, सुफल सुहावनि बात।
'तुलसी' सीतापति भगति, सगुन सुमंगल सात।।

नेवला मछली,-दर्पण, क्षेमकरीचिड़िया(चील), चकवा और नीलकण्ठ इन्हें दसों दिशाओंमें कहीं भी देखना शुभ शकुन है और ये मनकी अभिलाषा पूर्ण करते हैं। गो. तुलसीदास जी कहते हैं कि अमृत, साधु, कल्पवृक्ष, सुन्दर पुष्प, अच्छेफल, सुहावनीबात और श्रीसीताराम की भक्ति ये सात सुन्दर शकुन है।

❀ शुभ शकुन ❀

चलत समय नेउरा मिल जाय। बाम भाग चारा चखु[1] खाय।।
काग दाहिने खेत सुहाय। सफल मनोरथ समजहु भाय।।
लोमा[2] फिर-फिर दरस दिखावै। बांयें से दहिने मृग आवै।।
मृग बाये से दाहिने, जो आवै तत्काल।
अन-धन-लक्ष्मी बहु मिलै, चलते प्रात:काल।।
भड्डरिकवि यह सगुन बतावैं। सगरेकाज सिद्ध होइ जावै।।
नारि सुहागिन जलघट लावै। दधिमछली जो सनमुख आवै।।
सनमुख धेनु पियावै बाछा। यही सगुन है सब ते आछा।।

कोयलशकुन- कोयल हरियल आम के, तरु पर बैठी होय।
गमनत में ताको दरश, करे बटोही कोय।।
करे बटोही जोइ, लाभ धन उसको होगा।
कौशिक करौ विचार, जन्म घर शिशु संजोगा।।

1 नीलकंठ
2 लोमड़ी

❀ अशुभ शकुन ❀

गवन समय जो स्वान। फरफराय दे कान।।
एक शूद्र दो बैस असार। तीन बिप्र औ छत्रीचार।
सनमुख आवै जो नौ नार। कहै भड्डरी अशुभ विचार।।
स्वान धुनै जो अङ्ग, अथवा लोटै भूमि पर।
तो निज कारज भङ्ग, अतिहि कुसगुन जानिये।।
वैस पाँच षट् स्वान, एक बैल एक बकरा जान।
तीनि धेनु गज सात प्रमान, चलत मिलै मति करौ पयान।।
सगुन सुभासुभ निकट हो, अथवा होवै दूर।
दूरि से दूरि, निकट ते निकट, समझौ फल भरपूर।।

यात्रारम्भे बिल्लियोंका युद्ध, रजस्वला स्त्रीका सामने आना, जननीका तिरस्कार, अकालोतिवृष्टि और परिवारीय मृतसूतकोंमें शुभकी इच्छा चाहने वाले यात्रा न करें। यथा-

मार्जारयुद्धे कलहे प्रवच्छे रजस्वलाम्स्त्री जननी निषेध।
अकालवृष्टो मृतसूतके चं किञ्चित् न गमनं चाहस्य जीवनं।।

❀ छींक-विचार ❀

सर्दी जुकामसे आने वाली छींक या शराब,शीरादि गन्ध,मिर्च, नोसादर आदि की भस लगनेसे आने वाली छींक प्रायः सभी निष्फल होतीहै।

छींक सूंघनी छलकरि लीनी। सज्जन जानो सो फल हीनी।।

कन्या, बांझस्त्री, विधवास्त्री, रजस्वलास्त्री, वैश्या, मालिन, धोबिन, पशु तथा कुरुपाङ्ग मनुष्यकी छींक अशुभ होती है।

सम्मुख छीक लड़ाई भावै। छीक दाहिनी द्रव्य विनाशै।।
ऊँची छीक होय जयकारी। नीची छीक होय भयकारी।।

छीक भी शुभ होती है-

आसने शयने शौचे दाने चैव तु भोजने।
वामाङ्गे पृष्टतश्चैव षट् छिक्का च शुभावहा:।।
एक नाक दो छीक, काम बनै सब ठीक।
छीकत खड़ये, छीकत नहिये, छीकत पराये घर ना जइये।।
अपनी छीक महादु:खदाई। ऐसे छीक विचारो भाई।।

विशेष- उपरोक्त आवश्यक विचारोंके साथ-साथ मनोत्साह तथा गुरुजन ब्राह्मणादिके सद्वाक्योंका यात्रामें अपना विशेष महत्व होता है।

शकुनकेविषयमें- यहां तक कहा जाताहै, कि संचितकर्मका फल परिपक्व होकर यात्राके समय शुभाशुभ शकुनोंका प्रतिपादन करता है अर्थात् आभासरूप पूर्व सूचना देता है। मनकीशुद्धता एवं निर्बलताका कारण बनताहै। अतः यात्रामें मनोत्साहकी उपयोगिता सर्वोपरि है।

❀ पन्था-राहु चक्रांकित नक्षत्र और उनके फल ❀

धर्मपक्ष के नक्षत्र	अश्वि.	पुष्य	आश्ले	विशा.	अनु.	धनि.	शत.
अर्थपक्ष के नक्षत्र	भरणी.	पुन.	मघा	स्वाती	ज्ये.	श्रव.	पूभा.
कामपक्ष के नक्षत्र	कृति.	आर्द्रा	पूफा.	चित्रा	मूल	अभि.	उभा.
मोक्षपक्ष के नक्षत्र	रोहि.	मृग.	उफा.	हस्त	पूषा.	उषा.	रेवती

प्रस्थानके समय सूर्य धर्म नक्षत्रमें और चन्द्रमा अर्थ या मोक्षके नक्षत्रोंमें हो तो यात्रा शुभ होती है। इसीप्रकार सूर्य अर्थ में और चन्द्रमा धर्म या मोक्षमें हो तो शुभ जानें। सूर्य काममें और चन्द्र धर्म, अर्थ या मोक्ष में होने पर शुभद होता है। सूर्य मोक्षमें और चन्द्रमा धर्ममें शुभद् माना जाता है। इनसे अन्यथा सूर्य चन्द्र की स्थितियां अशुभ होती है। यात्रारम्भे इष्टदेवता और दिक्पतिको प्रणाम करके यह श्लोक पढ़ें-

मंगलंभगवान्विष्णु:मंगलंगरुड़ध्वज:।
मंगलंपुण्डरीकाक्षमंगलायतनो हरि:।।

श्येन-पक्षी

सूर्याश्रित नक्षत्रको श्येन पक्षीकी चोंचके अग्रभावमें माने। इसी प्रकार आगे ३ नक्षत्र छाती,३ शिर,३ ग्रीवा,४ दायां पैर,४ बायां पैर,४ पीठ और ६ नक्षत्र उदर पर रख कर विचार करें नामनक्षत्र यदि पक्षीकी चोंचमें आ पड़े तो बन्धन जानें,छाती,शिर व ग्रीवामें धनलाभ और यदि पैर उदर या पीठपर हो तो नेष्ट रहता है।

आजकादिन कैसा बीतेगा?- यह जाननेके लिए कालदंष्ट्रा चक्रांकित अंकोंके स्थान पर दैनिक नक्षत्रसे अग्रिमनक्षत्रोंको स्थापित करें; अर्थात् १ अंक के स्थानपर आजकानक्षत्र जो भी हो उसे रखें। **यथा फलम्-** कालदंष्ट्रा चक्रमें मध्यके ३ स्थान कालमुखके माने गये है, और दोनों ओर के २-२ स्थान कालदंष्ट्राके दाड़ माने गये हैं। जन्म या नामनक्षत्र मुखमें आ पड़ें तो मृत्यु या कष्ट होता है। और दाड़ स्थानगत होनेपर ज्वर आदि व्याधि जाननी चाहिये।

मुखदंष्ट्रगते मृत्यु: शुभमन्यत्र संस्थिते।
ज्वरितेनष्टदष्टे च विवाहे विग्रहे रणे।।
कालदंष्ट्रस्यगेनामपस्यतस्य महभ्दयम्।

ऐसे अशुभ संयोगमें रोग उत्पन्नहो, कुत्ता,सर्प,चूहा आदि काट ले,या व्यक्ति हमलाग्रस्त हो जाय, विषादिका सेवन कर ले,अग्नि आदि से जल जाय तो जीवन प्राय:समाप्त ही समझना चाहिए।

चन्द्रवासज्ञानाय चक्रम्

उत्तर
कर्क वृश्चिक मीन

चन्द्र वास चक्रम्

योगिनीवासज्ञानाय चक्रम्

वायव्य उत्तर ईशान
७।१५ ति. २।१० ८।३०

योगिनी चक्रम्

अथ योगिनी विचार

तिथियोंके अनुसार योगिनी निवास कहा गया है जैसे- द्वितीया और दशमीको योगिनी उत्तरमें रहती है। तिथि चाहे शुक्ल पक्षकी हो या कृष्ण पक्षकी। समस्त दिशाओंमें योगिनीवास ज्ञान चक्र से प्राप्त करें। योगिनी निवास फल-

योगिनी सुखदा वामे, पृष्ठे वांछितदायिनी।
दक्षिणे धनहन्त्री च, सम्मुखे मरणप्रदा।।

जन्म लग्नेश दशमेश अस्त हों या मारकेशकी दशा हो तो अच्छे मुहूर्त में दूर दराजकी यात्रा न करें; प्रथम तीर्थयात्रा या देव दर्शन गुरु-शुक्रास्त में वर्जित है। अन्तरिक्षयात्रा- तिथि को ५ से गुणाकर १ जोड़कर ३ से भाग दें १ शेष में स्वर्ग, २ में भूमि और ० शेष में राशिका निवास पातालमें होता है, यात्रा तुल्य विचार करें।

दिशाशूलज्ञानाय चक्रम्

उत्तर
बुध मंगल

दिशाशूल चक्रम्

कालराहुवासज्ञानाय चक्रम्

वायव्य उत्तर ईशान
चन्द्र रवि रवि

कालपास प्रतिकूलदिशाएं

लाभालाभ विचार

सम्मुखे चार्थलाभः स्याद् दक्षिणे सुखसम्पदः।
पृष्ठे च शोकसन्तापौ वामे चन्द्रे धनक्षयः।।

यात्रा में सम्मुख चन्द्रमा विशेष लाभदायक होता है, दाहिनी ओर रहे तो सुख सम्पत्ति मिलती है। पीठ पीछे शोक सन्ताप और बांई ओर रहे तो धन की क्षति होती है। राशि से गिनने पर चौथे चन्द्रमा कलह कारक,आठवें प्राणसंशय और बारहवें हानिकारक माने गये हैं।

युद्ध में, विवाद में, कुमारी पूजन में, राजसेवा में तथा वाहनासे यात्रादि में घात चन्द्र वर्जित है अन्य कार्योंमें नहीं; देखें पृष्ठ (१०७) पर।

यथा- युद्धे चैव विवादे च कुमारीपूजने तथा।
राजसेवावाहनादौ घातचन्द्रं विवर्जयेत्।।
दिशाशूल ले जाओ बायें,राहु योगिनी पूठ।
सम्मुख लेवे चन्द्रमा, लावे लच्छमी लूट।।

यात्रा समये लग्न विचार

दहिने सम्मुख लग्न जो, होई सिद्धि सब काज।
बांयें मध्यम जानिये, पृष्ठे महा अकाज।।
जौन लग्न में रवि तपै, ताकौ यहै विचार।
पूर्व अग्नि तामे चलै सो, है अतिहि ख्वार।।

जिन राशियोंमें चन्द्रमा जिस दिशामें रहता है, उन्हीं राशियोंका लग्न भी उसी दिशामें रहता है। लग्नमें सूर्य हो तो पूर्व एवं अग्निकोणकी दिशामें यात्रा नहीं करनी चाहिए।

आग्नेय कोण (विदिशा)की गिनती पूर्व में होती है; इसी प्रकार नैऋत्य की दक्षिणमें,वायव्यकी पश्चिममें और ईशानको उत्तरमें मानकर गिना जाताहै।

सोम सनीचर पूरब ना चालू। मंगल बुध उत्तरदिसि कालू।।
रबी शुक्र जो पच्छिम जाय। हानि होय पथ सुख नहिं पाय।।
बीफे दक्खिन करे पयाना। फिर नही समझे ताको आना।।

दिकशूलमें यात्रा भय, कष्ट और अनर्थप्रद होती है। इसलिए दिशाशूल वर्जित करना ही चाहिए। किन्तु जहां एक ही दिनमें यात्रा करके गन्तव्य स्थानमें पहुँचना सम्भव हो, वहां दिशाशूल योगिनी आदि के विचार की आवश्यकता नहीं रहती है।

काल राहु विचार

उपरोक्त चक्रसे आप सहज जान सकते हैं कि किस दिन कालराहुका वास किस दिशामें रहेगा। यात्रा की दिशामें सम्मुख कालराहु नेष्ट होता है, कालपास- दिनमें कालराहुवास के सम्मुख दिशामें पास रहता है, और रात्रिमें विपरीत चक्र लगाता है। दोनों कालराहु एवं पास त्याज्य है।

दिशा ज्ञानम्

उदित सूर्य के सम्मुख, खड़े हो जाओ सीना ताने।
कौशिक जी के वचन से, सुगम दिशा पहचाने।
सम्मुख दिशा होय सो पूरब। बाईं ओर दिशा कहि उत्तर।
दहिनी ओर दिशा कहि दक्खिन। पश्चिम पीठस जानहु प्रियजन।।

चार मध्यवर्ती आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य और ईशान तथा नीचे ऊपर वाली दो दिशा मिलाने से दश दिशाएँ कहलाती हैं।

नक्षत्रशूलज्ञानाय चक्रम्

उत्तर
पूफा.उफा.हस्त.विशा

समयशूलज्ञानाय चक्रम्

उत्तर
मध्य रात्रि

पश्चिम गोधूलिवेला

समयशूल तथा परिहार वाक्यानि

उषाः (प्रातः) काल में पूर्व, गोधूलि में पश्चिम, अर्धरात्रि में उत्तर और मध्यान्ह काल में दक्षिण दिशा को नहीं जाना चाहिए।

उषः प्रशस्यते गर्गः शकुनं च बृहस्पतिः।
अंगिरा च मनोत्साहः ब्रह्मवाक्यं जनार्दनः।।

चौघड़िया वर्जितचक्रम्

उत्तर
लाभ, रोग

लग्नभङ्गीग्रहस्थिति

चं श शु चं

गोरख पतरा (यात्रा मुहूर्त्त) ॥ श्री गोरखनाथ जी का वचनामृत ॥

पौष	माघ	फाल्गुन	चैत्र	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ़	श्रावण	भाद्रपद	आश्विन	कार्तिक	मार्गशीर्ष	मासों की तिथियों का फल	प्रहर १	प्रहर २	प्रहर ३	प्रहर ४	पूर्व दिश	दक्षिण दिशा	पश्चिम दिशा	उत्तर दिशा
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	बहुत सुख और अर्थपूर्ण हो, क्लेश न हो।	अर्थ	सुख	शोक	सुख	सुख	क्लेश	भीति	द्र.ला
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	महाभय जीवहानि पछतावा हो, Z सहित घर आवे।	भय	क्लेश	सुख	सुख	शून्य	नेष्ट	दारिद्र	समता
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	कामना सिद्ध व अर्थपूर्ण हो, Y कुशल घर आवे	लाभ	सुख	सुख	हानि	क्लेश	दुःख	इष्टलाभ	धनप्रा.
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	क्लेश व जीव हानि, कुशल से घर न आवे।	क्लेश	लाभ	क्लेश	बिनाश	लाभ	सुख	मंगल	श्रीप्रा.
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	वस्तु लाभ हो, व्याधि व संकट कटे, मित्र मिलें।	संकट	क्लेश	भाग्य	सुख	लाभ	द्रव्य	धनप्रा.	सुख
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	घर की चिंता, मित्र संकट हो, कदाचित घरआवे।	संकट	क्लेश	भय	अर्थ	भीति	लाभ	मृत्यु	अर्थला.
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	भाग्योदय, मित्र व साधनों की प्राप्ति, रत्नादिZ	विलम्ब	लाभ	सुख	सुख	लाभ	कष्ट	द्रव्यला	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	बहुत बुरा हो, लेन-देन करना नहीं, जीव नाश हो।	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	कष्ट	सुख	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	कामना व आशा पूर्ण हो, सौभाग्य का उदय हो।	लाभ	भाग्य	मित्र	मित्र	सुख	लाभ	का.सि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	सौभाग्य प्राप्त हो,बहुत दिन लगे किन्तु स Y	लाभ	सम्पूर्ण	मरण	कुशल	क्लेश	कष्ट	अर्थ	श्रीप्रा.
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	क्लेश हो,जीव हानि नहीं,सौभाग्य पावे नहीं।	मरण	अर्थ	कुशल	मरण	मृत्यु	लाभ	द्रव्यला	शून्य
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	मार्ग में सिद्धि,मित्र मिलें,विघ्न मिटे,धन लाभ।	मरण	सुख	सुख	सुख	शून्य	सुख	मृत्यु	अतिक

श्री गोरखनाथके पूछने पर गुरू मत्स्येन्द्रनाथने कहा था कि जो व्यक्ति इस चक्रोक्त यात्रा मुहूर्त के अनुसार यात्रा करेगा, वह कुशल पावेगा। यह मुहूर्तराज है। उसे चन्द्रदोष, भद्रा, दिशाशूल, योगिनी, काल, घातवार इत्यादि किसी कुयोगका दोष नहीं होगा, यह स्वयं सत्यसिद्ध भी है। मैने स्वयं अपने जीवनकालमें इसी यात्रा मुहूर्त से अनेक मुहूर्त बनाए हैं। वे लगभग सभी शतप्रतिशत सत्यसिद्ध हुए है। पंचांगप्रेमी पाठकोंकी विशेष जानकारी हेतु पूरे विवरण सहित यह यहाँ प्रकाशित किया जाता है। इसमें प्रत्येक माह की, प्रत्येक तिथि और प्रत्येक प्रहरमें हर एक दिशाकी यात्राका फल निर्दिष्ट किया गया है। पौषादि मासोंके नीचे दी गई तिथियोंको उस मासके कृष्ण व शुक्ल पक्ष दोनोंकी समझनी चाहिए। इसमें १३।१४।१५ और ३० तिथियोंका उल्लेख नहीं है। सो १३ तिथि का फल ३ तीज तिथिके समान, १४ का फल ४ तिथिके समान और १५ का फल ५ तिथिके समान समझना चाहिए। ३० (अमावस्या) वर्ज्य है। इसी तरह १से ४ तक के प्रहरोंके दिन और रात दोनोंके लिए समान समझे।

नोट:- दिनमानका चतुर्थांश दिनके एक प्रहर का मान होता है। तथा रात्रिमानका चतुर्थांश रात्रिके एक प्रहर का मान होता है। प्रत्येक प्रहर लगभग तीन घन्टें का होता है।

दिन के चौघड़िया							रात के चौघड़िया						
र	चं	मं	बु	गु	शु	श	र	चं	मं	बु	गु	शु	श
उ	अ	रो	ला	शु	च	का	शु	च	का	उ	अ	रो	ला
च	का	उ	अ	रो	ला	शु	अ	रो	ला	शु	च	का	उ
ला	शु	च	का	उ	अ	रो	च	का	उ	अ	रो	ला	शु
अ	रो	ल	शु	च	का	उ	रो	ला	शु	च	का	उ	अ
का	उ	अ	रो	ला	शु	च	का	उ	अ	रो	ला	शु	च
शु	च	का	उ	अ	रो	ला	ला	शु	च	का	उ	अ	रो
रो	ला	शु	च	का	उ	अ	उ	अ	रो	ला	शु	च	का
उ	अ	रो	ला	शु	च	का	शु	च	का	उ	अ	रो	ला

चौघड़ियाविवरण- उ. से उद्वेग, च से चर, ला से लाभ, अ से अमृत, का से काल, शु से शुभ, और रो से रोग का चौघड़िया मुहूर्त जानना चाहिए। चौघड़ियामुहूर्त्तोंके स्वामी उद्वेग का रवि, चर का शुक्र, लाभ का बुध, अमृत का चन्द्र, काल का शनि, शुभ का गुरु और रोग का स्वामी भौम है, श्रेष्ठसमय शुभ, चर अमृत और लाभके चौघड़ियाका होता है। अशुभ समय उद्वेग, रोग और कालका होता है। दिनमानको ८ से भाग करनेपर लब्ध १ चौघड़िया मुहूर्तका मान होता है, उसके घण्टा-मिनट बनाकर सूर्योदयमें जोड़नेसे उस चौघड़िया मुहूर्तका समाप्तिकाल निकलताहै। इसीप्रकार दिनके ८ चौघड़ियामुहूर्त्तोंका समय जान सकते हैं। रात्रिके चौघड़ियोंका समय जाननेके लिए रात्रिमानको ८ से भागकर लब्ध फलघट्यादि के घं.मि. बनाकर सूर्यास्तमें जोड़नेसे रात्रिके प्रथम चौघड़ियाका समाप्ति काल आ जायेगा। सभी आवश्यक कार्योंमें चौघड़िया मुहूर्तोंका बहुत ही उपयोग हो रहा है। किन्तु यात्रा में इनके स्वामीका सूक्ष्म विचार कर लेना आवश्यक है। यात्री उक्त चारों श्रेष्ठ चौघड़ियोंमें किसीभी दिशाकी यात्रा कर लेतेहैं, किन्तु फल कभी-कभी उल्टा यानी अशुभ होता है। इसका कारण यह है कि यदि किसीको पूर्वमें जाना है और 'अमृत' के चौघड़ियामें चला गया तो उसका स्वामी चन्द्र होनेके कारण पूर्व दिशाके लिए वह चन्द्रदिशाशूलदोष कारक होगा- 'सौम शनीचर पूरब ना चालू तो फल श्रेष्ठ की बजाय नेष्ट होना सम्भव है।

प्रस्थानविधान- यदि कहीं जरूरी कारणोंसे यात्रा मुहूर्त्त में न जा सकें तो उसी मुहूर्त्तमें ब्राह्मण जनेऊ माला, क्षत्रिय शस्त्र, वैश्य शहद-घी, शूद्र फलको अपने वस्त्रमें बांधकर किसीके घर में व नगर से बाहर जानेकी दिशामें प्रस्थान कर रख दें। उपर्युक्त चीजोंके बजाय मनकी सबसे प्यारी वस्तु को भी रख सकते हैं। **यात्राके पहले त्याज्य वस्तुएँ-** यात्रा के ३दिन पहले दूध, ५दिन हजामत, ३दिन पहले तेल, ७दिन पहले मैथुन त्याग देना चाहिए। यदि इतना न हो सके तो कम से कम एक दिन पहले तो त्याज्य वस्तुओंको अवश्य ही छोड़ देना चाहिए। **नोट-**जन्म राश्येश, जन्म लग्नेश,वर्तमान दशापति व शुक्रके अस्त रहने पर यात्रा नकरें,गुरु-शुक्रके अस्तमें पहली तीर्थयात्रा नही करनी चाहिए। **यात्रा के लिए शुभ तिथि-** भद्रादि दोषरहित २,३,५,७,१०,११,१३ तथा कृष्ण पक्षमें प्रतिपदा श्रेष्ठ मानी गई है। **यात्राके लिए शुभ नक्षत्र-**अश्वि.,मृग., पुन, पुष्य,हस्त,अनु,श्रव.धनि.,रेवती, मध्यमनक्षत्र रोहि. ,उ.फा.,उ.षा.,उ.भा.,पू.फा.,पू.षा.,पू.भा.ज्येष्ठा, मूल और शतभिषा। **श्रेष्ठ चौघड़िया-** अमृत, चर, लाभ और शुभ। **होरा** चन्द्र, बुध, गुरु और शुक्र की शुभ होती है।

जन्म राशिसे शुभाशुभ चन्द्र

दूजे, तीजे, पांचवें, सप्तम, दशवें जोई।
एकादश ये शुभ कहे, मध्यम नेष्ट सुनोई॥
षष्ठ जन्म अरु नवम जो मध्यम आनहु मीत।
अष्टम, चौथे, बारहवें सब राशिन को भीत॥
सगुन शुभाशुभ निकट हो, अथवा होवै दूर।
दूरि ते दूरि, निकट ते निकट, समझो फल भरपूर॥

यात्रा के पहले ग्राह्य वस्तुयें-

रविको पान सोम को दर्पण। मंगलको गुड़ करिये अर्पण॥
बुधे धनियां बीफे जीर। शुक्र कहे मोहि दधि की पीर॥
कहै शनीमै अरदख पावौ। सुख-सम्पत्ति निश्चयघर लावौ॥
वस्तुग्राह्य करि जो जहाँ जावै,सिद्धिकाज करि घर नर आवै॥

❀ प्रश्न प्रकरणम् ❀

मेरा अमुक कार्य कब पूरा होगा? मेरी पुत्री अथवा पुत्रका विवाह कब तक हो जायेगा? मेरे पास धन क्यों नहीं रुकता? मैं कौन सा काम करुँ जिसमें सफलता मिले? मेरा परीक्षा परिणाम कैसा निकलेगा? ऐसे अनेक प्रश्न प्रतिदिन ज्योतिषियोंसे होते रहते हैं। अपने-अपने अर्जित ज्ञानानुसार ज्योतिर्विद् उत्तर देकर प्रश्न कर्त्ताओं को सन्तुष्ट भी करते रहते हैं। इस प्रकरणमें हम निजी अनुभव सिद्धि प्रश्नोत्तर शैली लिखनेके साथ-साथ पूर्वाचार्योंके विचार भी लिखेगें, जिससे पाठक लाभ उठा सकें।

ज्यौतिश्चक्रे तु लोकस्य सर्वस्योक्तं शुभाशुभम्।
ज्योतिर्ज्ञानं तु यो वेद स याति परमां गतिम्॥

ज्योतिषज्ञान इस लोकमें सबसे उत्तम है, जिसके द्वारा शुभ-अशुभ भूत-भविष्य-वर्त्तमान का ज्ञान तो होता ही है, यह आत्मकल्याणकारी भी माना गया है। कालका यथार्थ ज्ञान भी ज्योतिषके द्वारा ही होता है-जोकि सबका कर्त्ता, संहर्त्ता और पालनकर्त्ता है। काल अन्तरात्मा सर्वदर्शी शुभाशुभ फलका सूचक है, जिसे व्यवहार, स्पर्श, चेष्टादि के द्वारा तत्वदर्शी प्रश्नोत्तर समयमें जाननेकी चेष्टा करें, ऐसी शास्त्र की आज्ञा है।

कालोऽन्तरात्मा सर्वदा सर्वदर्शी शुभाशुभः फलसूचकैः सविशेषेण।
प्राणीनांपराह्नेषुस्पर्शव्यवहारेङ्गितचेष्टादिभिर्निमित्तैःफलमभिदर्शयति॥

उपहासमें कभी किसीसे प्रश्न नहीं करना चाहिए। प्रश्नोत्तरचक्र **'श्रीरामशलाका प्रश्नावली'** हो या केरलप्रश्नोत्तरमाला या अन्य कोई भी किसी विद्वान् द्वारा निर्मित प्रश्नफलबोधक कोष्टक हो अपनी-अपनी जगह सभी मान्य होते हैं। श्रद्धाभावानुसार फल भी देते हैं। उत्तर देनेसे पहले प्रश्नकर्त्ताके हावभाव, चेष्टा, दृष्टि आदि का विचार कर लेना चाहिए। श्रद्धाविहीन प्रश्नका उत्तर ठीक नहीं बैठता। अतः उलटे उपहासका पात्र बनना पड़ता है।

'चन्द्रमामनसोजातः' वेद में चन्द्रमाको मन कहा गया है। अतः प्रश्न कुण्डलीमें चन्द्रमा जिस भाव तथा जिस लग्न, राशिमें एवं जैसी अवस्थामें होगा तदनुसार प्रश्नकर्त्ता प्रश्न करेगा।

❀ चन्द्र की बारह अवस्थाएँ ❀

१.प्रवास, २.नाश, ३.मरण, ४.जय, ५.हास्य, ६.रति, ७.क्रीड़ा, ८.सुप्त, ९.भुक्त, १०.ज्वर, ११.कम्प और १२.स्थिर ये बारह अवस्थाएं चन्द्रमा की बताई गई हैं। अर्थात् मेषमें प्रवेश करने पर शशि जितने समयमें राशिका बारहवांभाग २ अंश ३० कला का भोग करेगा तब तक उसकी प्रवास अवस्था रहेगी, आगे ५ अंश भोग्यकाल तक नाश अवस्था, आगे ७ अंश ३० कला तक मरण, आगे १० अंश तक जय इसी प्रकार आगे जानें।

गणनाक्रम-मेषमें पहले प्रवास अवस्था, वृषमें पहले नाश, मिथुनमें मरण, कर्क में जय, सिंह में हास्य, कन्यामें रति, तुलामें क्रीड़ा, वृश्चिकमें सुप्त, धनुमें भुक्त, मकरमें ज्वर, कुम्भमें कम्प और मीन राशिमें प्रथम अवस्था स्थिर होती है। एक राशिमें गतिशील चन्द्र संचारके समयको समान बारह भाग करने पर स्पष्ट एक अवस्था का समय निकल आता है।

फल-यदि कोई मेषलग्नमें प्रश्न करता है। चन्द्रमाभी तत्काल मेष में है और यदि अवस्थाभी प्रवास हो तो चिन्ता अपने घनिष्ट संबंधीकी जानें (जो दूर देश या परदेश में रह रहा है) लग्नके चन्द्रकी दृष्टि सप्तम पर होगी (वह भाव दाम्पत्यजीवन से सम्बन्धित है) इसमें विहित मिलता जुलताही प्रश्न होगा। चन्द्रमा यदि नाश या मरणावस्था में हो तो प्रश्नकर्त्ता प्रश्न दुःख-सुखके विषयमें करेगा।

❀ मेषादिलग्नोपरि प्रश्नफलचक्रम् ❀

	मनश्चिन्ता प्रश्न	रोगिणां प्रश्न	संज्ञाएँ
मेष	मानवीय जीव चिन्ता	देवी या कुल देव दोष	धातु-चर
वृष	गाय भैंस आदि पशु	पितृ अतृप्ति दोष	मूल-स्थिर
मिथुन	गर्भ विषये चिन्ता	शंकिनी डंकिनी दोष	जीव-द्विस्वभाव
कर्क	व्यवसाय नौकरी चिन्ता	भूत-पिशाचादि दोष	धातु-चर
सिंह	जीव मात्र की चिन्ता	स्वकुलीय मात्र दोष	मूल-स्थिर
कन्या	दाम्पत्य सुख-दुःख "	अपने देवता का दोष	जीव-द्विस्वभाव
तुला	गुप्त धन चिन्ता	कुपित चण्डिका दोष	धातु-चर
वृश्चि.	सांसारिक व्याधि "	मृत्वत्सा नारी दोष	मूल-स्थिर
धनु	आगम धनप्राप्ति "	यक्षिणी-पिशाचिनीदोष	जीव-द्विस्वभाव
मकर	शत्रु जय-पराजय "	स्थान एवं ग्राम दोष	धातु-चर
कुम्भ	अपनी जायदाद "	अपुत्र स्त्री कुदृष्टि दोष	मूल-स्थिर
मीन	देव,भूतपिशाचादि "	कुपित वायु ग्रहरश्मिदोष	जीव-द्विस्वभाव

अन्धसंज्ञकनक्षत्र- रोहि.,पुष्य,उफा,विशा.,पूषा,धनि और रेवती हैं। इनमें यदि कोई वस्तु गुम हो जाय या किसीको दे दी जाय तो वह शीघ्र मिल जाती है। पूर्व दिशा में जाती है।

कमदृष्टिसंज्ञकनक्षत्र-अश्वि.,मृग.,श्लेषा,हस्त,अनु.,उषा.और शत है इनमें खोनेवाली वस्तु दक्षिणमें जातीहै बहुतयत्न करनेपर मिलती है।

मध्यसंज्ञकनक्षत्र-भर.,आर्द्रा,मघा,चित्रा,ज्ये.,अभि.और पूभा.है,इनमें चोरी गई वस्तु पश्चिममें जाती है।कुछ दिनमें केवल सूचना मिलती है।

सुलोचनसंज्ञकनक्षत्र-कृति,पुन.,पूफा.,स्वाती,मूल,श्रव.और उभा है। इनमें गुमहोने वाली वस्तु उत्तरमेंजातीहै न प्राप्त होती है न खबर मिलती है।

वारोंकीमान्य दिशाएँ- रविवारकी पूर्व, चन्द्र की वायव्य,मंगल की दक्षिण, बुध की उत्तर,गुरू की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनि की पश्चिम होती है। किस नक्षत्रका किस वार से सम्बन्ध कैसा बना है सो विचार कर उत्तर देना चाहिए।

कोई घर से चला गया है? इस प्रश्नोत्तरके समय नक्षत्र,वार,चौघड़िया और तत्कालीन लग्न संशोधन से जाना जा सकता है,कि वह कहां किस परिस्थितिमें है। मिलेगा या नहीं, नहीं तो उत्तर विवेकपूर्ण ढंग से दें,जिससे पूछने वालेको बुरा भी न लगे और बात भी पूरी हो।

गर्भसम्बन्धी प्रश्न- कुण्डलीके तृतीय,सप्तम,नवम,पंचम स्थानमें रवि भौम या गुरु पुरुष ग्रह स्थिति हो तो पुत्र और यदि उक्त स्थानोंमें अन्य ग्रह पड़ें हों तो कन्या जन्म कहना चाहिए।

नष्टवस्तु प्रश्न- प्रश्नकालीन तिथि,वार,नक्षत्र और लग्नांक में तीन मिलाकर ५ का भाग दें, शेष १ बचे तो पृथ्वीमें, २ बचे तो जलमें परन्तु मिले नहीं। ३शेषमें ऊँची जगह पर, ४शेष में वस्तुको राज्यखजानेमें जानें और ० शेष में गई हुई वस्तु हवामें नष्टप्रायः जानें फल शोक सन्ताप कहें।

कार्य पूरा होगा या नहीं?- प्रश्नदिन, वार, तिथि, नक्षत्र और प्रहर संख्या मिलाकर ३ से भाग करें। यदि शेष १ बचे तो प्रश्न सत्वगुण सम्पन्न जाने, फल कार्य शीघ्र सिद्ध होगा। २ शेष में प्रश्न रजतत्व प्रधान हुआ फल-कार्यमें विलंब होगा और यदि ० बचे तो तमप्रधान प्रश्न का फल-निष्फल जानना चाहिए।

पथिकागमन प्रश्न- तिथि,वार,नक्षत्र और प्रहर संयुक्त संख्यांक को ७ से भाग देकर फल विचार करें। दूसरी विधि-कृतिका से प्रश्न दिन नक्षत्र तक गिने ७ से भाग करें, १ शेष से स्थान में जानें, २ से मार्ग में, ३ अर्धमार्ग में, ४ से ग्राम में, ५ से आ रहा था लौट गया, ६ से रोगी है और यदि ० शेष बचे तो फल महाअशुभ जानें।

कार्यसिद्ध होगा या नही?- प्रश्नकर्त्ताकी सम्मुख दिशा, प्रहर, वार और नक्षत्र संख्यांक जोड़ में ८ का भाग दें। १।५ शेषमें शीघ्र कार्य सिद्ध होगा, ६।४ बचने पर तीन दिनमें, ३।७ में विलम्ब से काम बनेगा। २।० शेषमें कार्यपूर्तिमें सन्देह है, परेशानी हो सकती है।

अंक प्रश्न- परमात्माके एक सौ आठ नामांकोंमें से किसी एक का नाम कहलवायें अर्थात् १०८ संख्यांक में से कोई भी संख्या प्रश्न पूछने वाला कहे उसको १२ से भाग करें। १।७।९ बचे तो काम पूरा होने में देर लगेगी, ३।० बचने पर काम शीघ्र पूरा होगा, २।६।११ से सिद्धि मिलेगी, ४,५,८,१० बचनेसे कार्य हानि सम्भव है।

पशु खोये जानेका प्रश्न- सूर्याश्रित नक्षत्र से पशु (सफेद या लाल) खोये गये दिन नक्षत्र तक गिनें। ९ नक्षत्र संख्या तक पशुको जंगलमें भ्रमता जानें,१५तक निजस्थानके समीप,२२ तक शीघ्र मिलेगा,२४ तक मिलनेकी आशा नहीं और यदि आगे संख्या हो तो नष्टप्राय जानें खबर नहीं मिलेगी। काले पशु,भैंस,बकरी,कुत्तादि खो गया हो तो शनि जिस नक्षत्र पर चल रहा हो उससे गिनती करके फल ऊपर कहे अनुसार जानें।

पथिकागमन विचार- प्रश्नाक्षरोंको द्विगुणित कर १३ जोड़ दें और ८ का भाग दें। जो शेष बचे उसका फल इस प्रकार बतायें- १.आने की सोच रहा है। २.चल पड़ा है। ३.रास्तेमें है। ४.शीघ्र आ जायेगा। ५.ठहर के आयेगा। ६.अस्वस्थ है। ७.नहीं आएगा। मृत्यु या कष्ट में है ऐसा कहें।

देशान्तरसे सूचना मिलेगी या नही?- प्रश्नलग्न चर राशिका हो और उससे द्वितीय तृतीय स्थान शुभ ग्रह युक्त अथवा दृष्ट हों तो पत्र जल्दी आयेगा,मार्ग में है। स्थिर लग्न में विलम्ब से मिलेगा। प्रश्न लग्नमें चन्द्र हो व शुभग्रह देखें तो पत्रआयेगा। द्विस्वभावलग्न हो तो उत्तरनहीं मिलेगा।

पुत्र लाभ होगा या नही?- प्रश्नकालीन तिथिसंख्याको ४ से गुणाकर, १ जोड़ना तदन्तर वार तथा योगकी संख्या युक्त करके २ से भाग देना, जो लब्धि आये उसको ३से गुणाकरके ४ से भाग देना। जो १ शेष बचे तो विलम्ब से पुत्र सन्तान होगी। चिरंजीविताके लिये पार्थिव शिवपूजन करना चाहिए। शेष २ बचे तो पूर्व जन्मके पापके कारण सन्तान सुख न होगा, गया यात्रा तथा हरिवंशपुराणका नवाह्न सुनने तथा सन्तान गोपालके सवालक्ष जपसे सम्भव है, ईश्वर कृपा करें। ३ शेष रहे तो पुत्र लाभ होगा, किसी गरीबकी कन्याका विवाह कर दें, या उसके विवाह में गुप्तदान से मदद करें। ऐसा करनेसे पुत्रका पूर्णसुख होगा। ०शेषमें सन्तान शीघ्र होगी।

टिप्पणी- दिनमान को ४ से भाग करने पर एक प्रहरका मान होता है। वार की गिनती रवि से होती है। तिथि की गिनती शुक्ल प्रतिपदा से, नक्षत्रकी अश्विनी से और दिशाओंकी गिनती पूर्वको एक मानकर की जाती है।

विवाह होगा या नही?- प्रश्नकालीन कुण्डली में २।३।६।७।१०।११वें भाव में पड़े चन्द्रमाको बृहस्पति देखे तो विवाह हो जायेगा। १।३।५।६।७।११वें भावस्थिति चन्द्रमापर सूर्य, बुध, गुरु, का प्रभाव हो अथवा व्ययेश सप्तम में और सप्तमेश लग्नमें या २।४।७ इन राशियोंमें से किसी एक राशि में चन्द्र या शुक्र हो तो विवाह अवश्य हो जायेगा। चन्द्रमाके साथ पापीग्रह होने पर कठिनाई होती है।

विवाह कितनी उम्र में होगा?- जन्मकुण्डली में सप्तमेश सूर्य हो तो २६, चन्द्र हो तो २२, मंगल हो तो १८, बुध हो तो १५ गुरु हो तो २४, शुक्र हो तो २०, शनि हो तो २८वें वर्ष में विवाह होगा। सप्तमेश पर शुभ ग्रहों की दृष्टि हो तो अवधि कम तथा अशुभ ग्रह संयोगात और भी विलम्ब होता है। गोचरमें शुभ गुरु या शुक्र ५।७।९।१०।११ भावमें आते हैं तब विवाहका संयोग बनता है।

विवाह किस दिशामें होगा?- इस प्रश्न का उत्तर देने से पहले कुण्डलीमें सप्तमेशका ध्यान कीजिये। सप्तमेशसे सप्तम भावेश और सप्तमेशकी दिशामें विवाह होता है।

दाम्पत्यजीवन कैसा बनेगा?- कुण्डलीके चतुर्थ और सप्तम घर में शुभ ग्रह हो या इन स्थानोंके भावेश शुभ हो तो घर गृहस्थीका पूर्णसुख मिलता है। सप्तमेश सूर्य भौम गुरु शुक्र होने से कन्याका पति सर्विस वाला होता है। बुध चन्द्रसे शान्त स्वभाव निजी व्यवसायरत। मंगलसे उच्चपदासीन क्रोधी। शनि हो तो जिद्दी स्वभाव सांवला कदलम्बा दुबला पतला होता है।

फल परिणाम प्रश्नोत्तर- प्रश्नकर्त्ता इच्छित फल फूल लेकर ज्योतिषी के पास आये तदनुसार ज्योतिषी फल कथन करें। फल-फूल नाम और प्रश्नकर्त्ता नामाक्षर जोड़कर ९ का भाग दें, जो शेष बचे उसका फल कहें। यदि १।३।५।७।० शेष रहे तो तत्काल कार्यसिद्ध होगा। २।४ से विलम्ब से काम बनेगा और यदि ६।८ बचे तो कार्य हानि, दुःख-शोकादि, परेशानी जानें।

प्रश्नकर्त्ता- द्वारा लाये गये फल फूल संख्यांक तुल्य दिन वर्ष मासमें फलका परिपक्व होता है। फलोंका रंग रूप आकृति देखकर सहजही सुख दुःख का अहसास किया जा सकता है, लाये हुये फल रस युक्त है या शुष्क यह भी ध्यान देने योग्य है।

जय-पराजय प्रश्न- यदि तीसरे भावसे लेकर आठवेंभावतक शुभग्रह अधिक बलवान हों तो प्रतिवादी (मुद्दालह) जीतेगा। यदि नवम भाव से दूसरे भाव तक शुभ ग्रह अधिक बलवान हो तो मुद्दई जीतेगा और यदि पापग्रह लग्नमें बैठा हो तो प्रश्नकर्त्ता जीतेगा,परन्तु वहां पापग्रह नीच राशिमें हो या अस्त हो या शत्रु राशिके घर में हो तो हार जायेगा।

❀ मुकद्दमा सम्बन्धी प्रश्नोत्तर ❀

वादी उसको जानिए केस चलावै जोइ।
जाके ऊपर केस है, प्रतिवादी है सोइ॥
प्रतिवादी है सोई प्रश्न कोई पूछन आवै।
उसी वक्त का लग्न पूरि परिणाम बतावै॥
द्विज पूरन समझाय लग्न को मानो वादी।
दसवां न्यायाधीश, सातवां घर प्रतिवादी॥१॥

शुभ राशिमें लग्नहो, शुभग्रह देखत होय।
पापी क्रूर सप्तम परै, वादी विजयी होय॥
वादी विजयी होय, यदि घर सप्तम शुभ हो।
लग्न पाप युत परै, जीत प्रतिवादी की हो॥
भाषत पूरनचन्द लग्न-सातवें दोऊ पापी।
द्वन्द्व बढ़ै बहु काल होएगी आपा धापी॥२

एक, सात, छः भाव के, स्वामी होवें मित्र।
सन्धी जरुर होएगी, ईश्वर गती विचित्र॥
ईश्वरगती विचित्र, बली दशमेश शनीचर।
रिश्वत लेकर न्यायं करैगो, जज्ज फटीचर॥
भाषत पूरनचन्द, कर्मक्षेत्र में दिनकर आवै।
जुर्माना करै अंवश्य, साथ में सजा सुनावै॥३

❀ चोरी से सम्बन्धित प्रश्नोत्तर ❀

चोरीमें गये मालकी दिशा प्रश्न लग्नेश ग्रहकी दिशा समझनी चाहिए। यदि केन्द्र में दो या दो अधिक ग्रह हों तो सबसे बली ग्रह की दिशामें धन गया जानना चाहिए। सप्तमेश व चन्द्रमा सूर्य के साथ हों तो चोरीमें गया सामान मिलता नहीं। प्रश्नलग्न से ३।५।७।११वें स्थान शुभग्रह हो तो धन मिल जाता है।

प्रश्नलग्न प्रथम द्रेष्काणमें हो तो चोरी गया सामान चोर ने द्वार के पास रखा है। द्वितीय द्रेष्काण में घर के मध्य तथा तृतीय द्रेष्काण में सामान पीछे के भाग में रखा है, ऐसा जानना चाहिए।

❀ लग्नगत गये मालकी दिशा आदि ज्ञानार्थचक्रम् ❀

प्रश्न लग्न	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
गये मालकीदिशा	पू.	पू.	आ.	द.	नै.	प.	प.	प.	वा.	उ.	उ.	ई.
चोर का वर्ण	उच्च	क्षत्रिय	वैश्य	अन्त्य.	अन्त्य.	स्त्री.	पुत्रमि.	नौकर	स्त्रीभा.	वैश्य	अनभि	स्वयं
माल कहां रखाहै?	जमीन	पशुस्थ	सहवा	जलमें	जंगल	ओख.	निजक्षे	गुप्तज.	अलग	जलमें	घरमें	भूलहुई
नामाक्षर	सअक्ष	मकार	ककार	तकार	नकार	मकार	भकार	सकार	सकार	सकार	चकार	चकार

जन्मलग्नज्ञानम्- प्रश्नकालिक लग्नस्थ द्रेष्काण से सूर्य जितनी संख्याके द्रेष्काणमें हो उतनी ही संख्यामें सूर्य से जो राशिहो उसी को जन्मलग्न समझना चाहिए।

द्वितीय प्रकार- प्रश्नकर्त्ता खड़ा होकर जिस लग्नमें प्रश्न करे, वही उसकी जन्म लग्न होती है। इसी प्रकार लेटा हुआ प्रश्न करे तो तत् कालीन लग्नसे चौथीलग्न जन्मलग्न होती है। यदि बैठा हुआ प्रश्न करे तो प्रश्नलग्नसे सप्तम राशि जन्मलग्न होती है, और यदि यकायक उठकर प्रश्न करने लग जाय तो प्रश्नकालीन से दसवीं राशि ही जन्मकी लग्न होती है।

तृतीय प्रकार- यदि प्रश्नकालिक लग्नमें ग्रह हो तो राश्यादि स्पष्ट ग्रह की कला बनाकर, यदि प्रश्नलग्नमें कई ग्रह हों तो उनमें जो सब से बली हो उसकी कला बनाकर, प्रश्नस्थानकी पलभासे गुणा करके बारह से भाग करने पर जो शेष हो वही जन्मलग्न प्रश्नकर्त्ताकी होती है। ऐसा निःशङ्क कहना चाहिए।

जन्मनक्षत्र ज्ञानम्- प्रश्नकर्त्ताके जन्मनामकी मात्राओंको २ से गुणा करके उनमें जन्मस्थानीय पलभा जोड़कर २७ से भाग करने पर जो शेष बचे वह धनिष्ठादि गिनती करके जन्मनक्षत्र जानें। जन्मनाम के आद्य अक्षरानुसार नक्षत्र होता है।

यन्त्र

४	३	८
९	५	१
२	७	६

अभीष्ट स्मरण करके यन्त्र के किसी एक कोष्ठक पर अनामिका अंगुली रखें। तत्तुल्य अंक में १३ जोड़कर ९ का भाग दें। शेष एक बचे तो धनवृद्धि, २ से धनहानि, ३ से आरोग्यता, ४ से आदिव्याधि, ५ से दाम्पत्यलाभ, ६ से बन्धुकष्ट, ७ से कार्यसिद्धि, ८ से जीवहानि और ०शेष बचे तो राज्य-समाज से लाभ होता है।

कालास्यपुखदंष्ट्रा ज्ञानम्- रोगदिन नक्षत्रसे रोगीके नामनक्षत्र तक गिनने पर ५।१४।२३ संख्या हो तो कालका मुख होता है। इसी प्रकार ९।१०।१८।१९वां नक्षत्र दंष्ट्रा(दाढ़ा) होती है। कालमुख या दाढ़में जिसदिन गोचरमें नक्षत्र प्राप्त हो उसदिन अत्यन्त रोगग्रस्त व्यक्तिकी मृत्युतुल्य हालत होती है। रोगोत्पत्ति,सर्पादि दर्शन, गिद्धादिके स्पर्श, विग्रह तथा युद्धमें जाते समय मुखदंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो महाअशुभ होता है।

कालांगचक्र शुभाशुभ फलम्- व्यक्ति विशेष अंगादि में पीड़ा,कष्ट, घाव,फोड़ा,केन्सर आदि चर्मविकार हो तो तत्काल प्रश्नकुण्डलीमें कालांग चक्रानुसार उस पीड़ित भाव को देखें। अतः उसभावमें अशुभ ग्रह हो या वहभाव पापदृष्ट हो, उसमें नीच ग्रह शुभ प्रभाव रहित हो तो उसमें अधिक कष्ट सम्भव है। शान्ति-हेतु उस ग्रह से सम्बन्धित विवरण शान्ति प्रकारण में देखें।

❀ कालपुरुष के अङ्गों में राशियों का स्थान ❀

भाव	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अंङ्ग	शिर	मुख	भुजायें	हृदय	उदर	कटिभाग	मूत्राशय वस्ति	गुप्ताङ्ग	जंघायें	घुटने	पिंडलियाँ	अंगुलियाँ पैर

नोट- कुछ दैवज्ञ भावोंके स्थान पर मेषादि द्वादश राशियोंकी कल्पना करके इसी प्रकार विचार करते हैं।

❀ रोग त्रिनाड़ी चक्रम् ❀

आर्द्रा.	पूफा.	उफा.	अनु.	ज्येष्ठा	धनि.	शत.	भरणी	कृति.	आदि
पुन.	मघा.	हस्त	विशा	मूल.	श्रव.	पूभा.	अश्वि.	रोहि.	मध्य
पुष्य.	अश्ले.	चित्रा	स्वा.	पूषा.	उषा.	उभा.	रेव.	मृग.	अन्त्य

सूर्यनक्षत्र, दिननक्षत्र और जन्मनक्षत्र या नामनक्षत्र रोग त्रिनाड़ी चक्रमें एक नाड़ीपर हों तो रोगीकी मृत्यु होती है। प्रतिदिन देखनेसे जिसदिन यह त्रियोग मिले, उसदिन रोगीकी मृत्यु या विशेष कष्ट जानें। यह रोग त्रिनाड़ीचक्र यात्रा तथा युद्धके समयभी वर्जित है।

तिथि कष्टावली चक्रम्

ति.	तिथीशाः	कष्ट दिन	बलि-वस्तु	दान-वस्तु
१	अग्नि	१२	शर्कराज्य बलि	घृत अन्न दान
२	ब्रह्मा	५	पायस बलि	भोजन दान
३	गौरी	७	घृतान्न बलि	रक्तवस्त्र दान
४	गणेश	१६	मोदकान्न बलि	मूंगा दान
५	सर्प	२१	पायस बलि	दुग्ध दान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्न बलि	चित्रवस्त्र दान
७	सूर्य	८	पायस बलि	ताम्रपत्र दान
८	शिव	१३	नानाभक्ष्य बलि	पीतवस्त्र दान
९	दुर्गा	१८	मिष्ठान्न बलि	रक्तवस्त्र दान
१०	यम	२५	कृशरान्न बलि	नीलवस्त्र दान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्न बलि	पीतवस्त्र दान
१२	विष्णु	७	मोदकान्न बलि	श्वेतवस्त्र दान
१३	काम	१०	दधिशर्करा बलि	सुवर्ण दान
१४	महादेव	६०	मिष्ठान्न बलि	क्षीरशाक विजिया
१५	चन्द्र	३	दध्यादिन बलि	रौप्य (चांदी)दान
३०	पितर	१८	पकान्न बलि	उत्तमान्न भोजन

❀ रोगोत्पत्तौ कुयोगाः ❀

रोगके शुरू होने वाले दिनमें रोगीकी राशि, जन्मनक्षत्र एवं जन्म लग्न से चौथे, आठवें चन्द्रमा या लग्नेश आदि अन्य ग्रह पड़े हों, अथवा यमघण्ट,यमदंष्ट्रा,मृत्युदादि कुयोग हो तो रोगका निदान कठिन होता। यद्यपि प्रतिवर्ष निकृष्ट योगोंका उल्लेख हम अपने पंचांगमें कर देते हैं। फिरभी पाठकोंकी सुविधा हेतु वार, नक्षत्रादिसे बनने वाले कुयोगोंके विषयमें लिख रहे हैं।

रविवारको भरणी, मघा, अनु., धनि. नक्षत्र, द्वादशी तिथि हो।
सोममें आर्द्रा,विशा,मूल,उषा नक्षत्र एवं भद्रा२।७।१२ तिथियां हों।
मंगलको भर.,कृति.,मघा व शत. नक्षत्र नन्दा तिथियां १।६।११ हों।
बुधवारमें अश्वि.,पुन.,चित्रा,विशा.,मूल,पूषा.नक्षत्र जया ३।८।१३ तिथियाँ हों।
गुरुवारको मृग.,मघा,ज्येष्ठा,उषा.नक्षत्र रिक्ता ४।९।१४तिथियां हों।
शुक्रवारमें रोहि,श्लेषा,श्रव.,धनि नक्षत्र भद्रा २।७।१२ तिथियां हों।
शनिको हस्त,श्रव.,शत.,पूभा नक्षत्र पूर्णा५।१०।१५।३०तिथियां हों।
सूर्य मंगल शनिवार में ६।९।१२।१४।३० तिथि,भर.,कृति., आर्द्रा, आश्ले. तीनोंपूर्वा विशा.,ज्येष्ठा,धनि.,शत. नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है। यह रोगोत्पत्ति दिनका विचार है।

परन्तु जन्मपत्र में मारकेशका भी विचार कर लेना चाहिये क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं, हां ऐसे कुयोगोंमें कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है। बताये गये कुयोगोंमें से किसी भी कुयोगमें रोगारम्भ होते ही तुलादान, गोदान तथा महामृत्युञ्जय जप करना कल्याणकारी है।

वारकष्टावली चक्रम्

वार	वारेश	कष्ट दिन	बलि एवं दानादि
रवि	रुद्र	५	पायसबलि सूर्यदान
चन्द्र	गौरी	८	नानाभक्ष्य बलि चन्द्रदान
मंगल	स्कन्द	५	दुग्धबलि भौमदान
बुध	विष्णु	७	मृद्गान्नबलि बुधदान
बृहस्पति	ब्रह्मा	५	घृतपक्वान्नबलि गुरुदान
शुक्र	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधु बलि शुक्रदान
शनि	यम	१५	माषान्नबलि शनिदान

❀ तेजी-मन्दी परिज्ञानम् ❀

श्रीब्रजभूमिपंचांगके पक्षोंमें गोवर्धन पद्धत्यानुसार मास,तिथि,वार,नक्षत्र, योग और मेषादि संक्रान्तियोंके ध्रुवाङ्क जोड़कर लिख दिये जाते है। जिन्हें तेजी-मन्दी सूचकांक कहते है। बीचके कालम में वस्तु ध्रुवाङ्क(सूचकांक) लिखे है। जिस मासमें जिस वस्तुकी तेजी-मन्दी ज्ञात करनी हो उसी मास के तेजी-मन्दी सूचकांकोंमें वस्तु ध्रुवांक जोड़कर तीन से भाग देने पर एक बचे तो मन्दीहो, २ बचे तो भाव समान रहें और यदि ० शेष बचे तो वह वस्तु तेज होगी,ऐसा जानें।

भाव कितने बढ़ेंगे या घटेंगे?

चन्द्रदर्शन एवं सूर्य संक्रान्ति के मुहूर्त्तो का चालू मार्किट के रुख पर बहुत ही प्रभाव पड़ता है। इसलिए चन्द्रमा एवं संक्रान्ति का मुहूर्त्त कितना है। यह प्रत्येक पक्ष में लिखा रहता है। सामान्यतः संक्रान्ति व चन्द्रदर्शन मुहूर्त्त, १५ तेजी के, ३० समभाव के और ४५ मन्दी के सूचक होते है।

नक्षत्र ग्रह वेध, नक्षत्र दृष्टि तथा ग्रहोंका नक्षत्र व राशिचार, उदयास्त तथा वक्री-मार्गी होनेका बहुतभारी प्रभाव चालूमार्किट पर पड़ता है। सस्यजातकमें अर्ध से सम्बन्धित अनेक योगोंका वर्णन मिलता है। पंचांगके पाक्षिक फलमें अनेक विषयोंका खुलासा हम करते रहते है। अन्तरिक्षमें बननेवाले शुभाशुभ योगोंको ध्यानमें रखते हुए फलका निश्चय करना चाहिए। ज्योतिषशास्त्र अथाह सागर है अतः किसीभी नियमको **'इदमित्थं'** नहीं कहा जा सकता।

संक्रान्तिकालीन कुण्डलीमें सूर्य शुभ ग्रहोंसे युत या दृष्ट हो तो सूर्याश्रित राशिके प्रभावान्तर्गत आने वाली वस्तुओंका बाजार भाव बढ़ जाताहै। अशुभ ग्रहोंसे दृष्ट या युत होने पर भाव घट जाते है।

अमावस्या अथवा पूर्णिमाको चन्द्रमा शुभ ग्रहोंसे युत या दृष्ट हो तो चन्द्राश्रित नक्षत्राधीन वस्तुओंके भाव बढ़ जाते हैं। अशुभ ग्रह युत या दृष्ट होने पर भाव घटा करते है। सूर्य चन्द्र ग्रह संयोगात् के अभावमें मुहूर्त्तदर्शनका प्रभाव परिलक्षित होता है। सूर्य, चन्द्र व बुध से जिस समय जैसे ग्रहका वेध लगेगा। वैसी ही प्रतिक्रिया व्यापार जगत् में होगी। जैसे- सूर्य, चन्द्र, बुध का वेध होने पर सरकार व्यापारका निरीक्षण करने लगती है। छापे पड़ते हैं या आयात निर्यात् सम्बन्धी विचार विमर्श होने लगता है।

❀ वस्तुध्रुवाङ्क(वस्तुनाम) तेजी-मन्दी सूचकांक ❀

अफीम ८८४	अजमोद १७१	आँवला ७७४	अश्व ८७१	अगर १२	इलायची २१
ऊन १५०	ऊँट ४८४	कस्तूरी २८४	कसुंबी ४६२	कपास ३५	करडी १२५
कांगनी २३४	काष्ठ ८१	कांसा १०१	कांगड़ी ८१	कथीर १८२	कटु २२४
कांच २८७	कंकुम ९५	कुलथी ३३	कुरी ७७	कलाय २७४	कूट १०५
उड़द १४३	केसर २२७	खजूर १२६	गरी १७६	गुडाल ८२	गेहूँ २८५
कपूर ९२	केशव १०१	खली ६२	गधा २७४	गोंद २३५	ग्वार ९१
कपड़ा ४८	कोदव १०९	खांड २४७	गाय २८३	गुड़ ६६	घृत ४४५
चना २४२	जीरा ७७३	पश्मीना ५२	मसूर २८३	लकड़ी २२४	सार ८७२
चावल ३७२	तम्बाखू २८३	पारा ६२७	मटर ४८	लाख ८८	सुहागा ६७
चांदी १२८	तांबा ८९	पीपल १२८	मिर्च ६३०	लोध ८३०	सुपारी १०८
चिरौंजी ७७८	तिल १८	पीतल १०२	मुरदाशंख ९४	लोहा २७८	सोना ६८
चिरायता २३०	तीसी १०८	वच ७३	मूंग ३५२	लौंग २७	सोड़ा ९१
चीनी १२८	तुवर ५५७	बादाम ७६०	मूंज २१	शाली ३२	हल्दी ५४
चोला ७२	तृण ७३५	दुशाला २८	मूंगफली २१२	सौंचर १२	हरड़ ८४७
चन्दन १२६	तेल ५४७	वहेड़ा ७८४	मैथी ३६	सरसों ८४०	हरताल ७२५
चंदनलाल ११५	दाख ३२०	बकरी ३२१	मोठ ६८२	सन ८८२	हाथी ४८२
जस्ता ७८६	दाना ६२	बाण १२५	मोती ८०	रूपा ८८	हिंगलू ८२७
यव ७७२	धनिया ४४२	बाजरा ७१८	राई ४४१	लहशुन १०१	हींग २४
ज्वारी ७७७	नारियल ३०४	रेशम ५०	सज्जी ८८४	बैल १४४	भैंस ६८४
जायफल २३	नील ५३१	रूई १७३	शाक ८८४	किसमिश २४०	सट्टा २०५

❀ शुभाशुभ नक्षत्र ❀

श्रुति गुन कर गुन यु जुग मृग हय रेवती सखाउ।
देहि लेहि धन धरनि धरु गएहुं न जाइहि काउ।।

गो.तुलसीदासजी के मतानुसार शुभनक्षत्र-अश्वि.,मृग.,पुन.,पुष्य,हस्त, चित्रा,स्वाती,अनु.,श्रव.,धनि.,शत. और रेवती हैं। जिनमें जमीन जायदाद सम्बन्धी लेनदेन में व्यय होने पर या बहुलाभकारी योजनामें लगाया जाने पर धन जाता हुआ प्रतीत होने पर भी नहीं जायेगा, अर्थात् नुकसान नहीं होगा।

ऊ गुन पू गुन वि अज कृ म आ भ आ मू गुनु साथ।
हरो धरो गाड़ो दियो धन फिर चढ़ह न हाथ।।

अशुभनक्षत्र- भर.,कृति.,रोहि.,आर्द्रा,आश्ले.,मघा,पूफा,उफा,विशा, मूल,पूषा,उषा,पूभा और उभा हैं। इन १४नक्षत्रोंमें हरा हुआ(चोरीगया हुआ) धरोहर रखा हुआ, गाड़ा गया या कारोबारमें लगाया हुआ तथा उधार दिया हुआ धन फिर लौट कर हाथ नहीं लगता।

टिप्पणी- इन नक्षत्रोंके अलावा भद्रा तथा व्यतिपात योगमें जो द्रव्य किसीको दिया जाय, पृथ्वीमें गाड़ा जाए या किसी व्यवहार में लगाया जाए या बैंकमें जमा किया जाए, अथवा चोरी आदिमें चला जाए तो वह फिर प्राप्त नहीं होता। यथा-

तीक्ष्ण मिश्र ध्रुवोग्रैर्यद् द्रव्यं दत्तं निवेशितम्।
प्रयुक्तं च विनिष्टं च विष्ट्या पाते च नाप्यते।।

मुहूर्त्त चिन्तामणिके इस श्लोकमें केवल एक नक्षत्र ज्येष्ठाके अलावा अन्य सब निषिद्ध नक्षत्र वही है जो गोस्वामीजी ने बताए हैं। मघाके बजाय ज्येष्ठाको अशुभ माना है। अतः मघाको द्रव्य प्रयोगमें न अशुभ न शुभ, बल्कि मध्यम समझना चाहिए और आवश्यकता में तत्परक तिथि,वार शुभ होनेपर ही उसे उपयोगमें लेना चाहिए।

लेनदेन के लिए वर्जित समय- रविवार,मंगलवार,संक्रान्ति दिन वृद्धि-योग और हस्तनक्षत्रमें यदि ऋण लें तो कभी मुक्त न हो। बुधवारको द्रव्य अनावश्यक देना नहीं चाहिए।

श्रीकाशीनाथके मतानुसार क्रय-विक्रय-मुहूर्त्त- पुष्य,श्लेषा,मघा,उफा, हस्त,स्वाती,अनु.,उषा.,श्रवण,पूभा,उभा,रेवती,**ऐषुत्रेषुसत्तिथौ शुभ दिने उत्तमशकुनं विचार्य क्रय-विक्रय कार्यम्।**यह १२नक्षत्र शुभदिन शुभशकुन मिलनेपर व्यापारसम्बन्धीप्रत्येक कार्यमें सफलता मिलती है।

वस्तु खरीदने के नक्षत्र- अश्वि.,चित्रा,स्वाती,श्रव.,शत.,रेव. वारोंमें बुध,रवि सर्वश्रेष्ठ माने गये हैं।

वस्तु बेचनेके नक्षत्र- भर.,कृति.,श्लेषा,पूफा,विशा.,पूषा और पूभा, ये ७ नक्षत्र और गुरु, सोमवार श्रेष्ठ माने गये हैं।

खरीदनेके नक्षत्रोंमें बेचना और बेचनेके नक्षत्र वारादिमें खरीदना सुनिश्चित रुप से घाटेका सौदा जानना चाहिए। जो वस्तु, पशु, धन जिस ग्रहके कारकतत्वमें आता है उसे उससे सम्बन्धित ग्रहके नक्षत्र, वार में युक्तियुक्त विचार कर बेचा या खरीदा जा सकता है।

कौनसी वस्तु किस ग्रहके अधीन है?

सूर्य- माणिक्य,स्वर्ण,पीतल,गुड़,खांड,चना,भूसा,हल्दी,सरसों,मुनक्का, सभी औषधियाँ,शर्बत,लालपीला रंग,रंगीन वस्त्र,सरकारी ऋणपत्र, पशु, वृक्षादि।

चन्द्र- मोती,चन्द्रकान्त(मून स्टोन)कल्चर्ड मोती,चांदी,पारा,दूध,दही,मक्खन,दूध से बने पदार्थ,मछली,सर्वौषधि,फल-फूल,रसदार पदार्थ,सोडा वाटर,बर्फ, शीशा।

मंगल- मूंगा,अकीक सुर्ख, सोना, तांबा, गन्ना, गुड़, मुनक्का, आसवारिष्ट, किसमिश, छुहारा,लौंग,किराना,कैडियम,हिल,गेहूँ,चना,मसूर,मोठ, लालसरसों, सुपारी, हल्दी, धनिया, लालमिर्च, शराब, चाय, काफी,चमड़ा,लाख, लालरंग, बारीक लालऊन, बारदाना, धातुपदार्थ, मशीनरी सामान, विभिन्न शेयर्स।

बुध- पन्ना, जबरजद हरा पत्थर, अकीक, विभिन्न रंगोंका फीरोजा, ज्वार, बाजरा, गेहूँ, जौ, मूंग, मटर, ग्वार, अरहर, काली खेसारी, सौंफ, सर्वरस, सर्वधान्य, हरी उड़द, पीली सरसों, घी, कपास, अलसी(तीसी), एरण्डा(अण्डी), बिनौला(काकड़ा), मूंगफली(सींगदाना), हैसियन, जूट, पाट, सफेद बारदाना, रेशम, टैक्सटाइल, न्यूजप्रिंट कागज, पेपर मिल्स के शेयर्स।

गुरु- पुखराज, सुनेला पत्थर, बुलियान, नमक, जमीन से पैदा होने वाले कन्द, मूल, आलू, प्याज, अदरक आदि सब्जियाँ, नकली सिल्क, पाट(कुष्टा), रबड़, तम्बाकू, बैंक शेयर्स खरड़ जवाहरात, समुद्री पदार्थ, हाइड्रो खाद।

शुक्र- हीरा,वैकान्त,ओपल,सफेद गेहूँ, चावल,चीनी,अरहर(तुअर),रुई,रेशम, हैसियन,सिल्क,फैन्सीगुड्स,श्रृंगारप्रसाधन की चीजें, अत्तारोंकी दवाएँ, टैक्स टाइल्स शेयर्स, देशी अंग्रेजी दवाएँ।

शनि- नीलम,लाजवर्त,कसौटी,तिलहन, खनिज आदि सर्व तेल, काले तिल, उड़द, तोरिया, कालीमिर्च,कालाऊन,काले रंग,बारदाना,कालीधारी भैंस, लोहा, वाहन,जस्ता,टीन,रांगा,सीसा,कांसी,संगमरमर,चमड़ा व चमड़े की चीजें,कोलतार, आयल शेयर्स, कोयलाकी खानोंके शेयर्स, कलपुर्जे तथा वाहनादि।

राहु-केतु- वैदूर्यमणि(लहसुनियाँ), दुआ(तारामीरा), संगमूसा, गोमेद, फीरोजा, वायरलैस, टेलीफोन, तार, बिजलीके सामान, एल्युमीनियम आदि मिश्रित धातुएँ दोनों ग्रहोंके अधीन है।

व्यापारिक अमूल्य चुटकुले- यदि कोई वस्तु सामयक भाव को देखते एकदम मन्दी हो जाए तो निश्चय १०० दिनके भीतर उसका भाव बहुत बढ़ जाता है। यदि तेज हो जाए उक्त अवधिमें काफी मन्दीका झटका लगता है।

भावबढ़ने पर विक्रय वाले नक्षत्रोंमें बेचना तथा भाव घटनेपर क्रय वाले नक्षत्रोंमें खरीदना चाहिए।

गुरुवारके बने भाव मामूली हेरफेर से अगले गुरुवारको वही होते हैं। मंगलको तेजी होकर यदि शनिवारको भी तेजी हो तो अगले मंगलवार तक तेजी ही चलती है। यदि शनिवारको मन्दी आ जाए तो तेजीकी लाइन रुकी रहेगी, ऐसा जानें।

किसीभी ग्रह के वक्री, अस्त, युतिकालमें जो भाव किसी वस्तु के बनें, उससे उलटा रुख उक्त ग्रहके मार्गी,उदय या युति छूटनेके बाद प्रायःहो जाता है। संक्रान्तिके पूर्वदिन का भाव संक्रान्तिके दिन मन्दा रहे तो आगे तेजीका रुख एक मास तक चलेगा। यदि तेज रहे तो मास पर्यन्त मन्दा जानें।

ग्रहगति अन्तर अपने अधीन वस्तुओं को बहुत ही प्रभावित करता है। चालूमार्किट रुखको पलट देता है। सर्वतोभद्र चक्रमें जहां जिस स्थानपर ग्रहवेध हो वहां सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है।

यद्यपि बुधग्रह सबसे छोटा ग्रह है लेकिन व्यापारका कर्ता होने से इसका बहुत तीव्र प्रभाव चालूमार्केट पर पड़ता है। बुध का सूर्य के साथ युति या प्रतियोग होने पर पृथ्वी पर शासनतन्त्र व्यापार पर नियन्त्रण करने लगता है या सरकार खुदही रेट घटाती-बढ़ाती है। शुभग्रह योग होने पर मंहगाई बढती है तो क्रूर पापग्रह संयोगात् मंहगाई घटती जाती है।

अन्तिम कालम में उल्लिखित मेषादि राश्याधीन वस्तुनाम ग्रह संचार तथा वेधादि के कारण विशेष प्रतिक्रिया हुआ करती है। उत्पात से विनाश होता है भाव बहुत बढ़ जाते हैं।

मण्डलं नगरं ग्रामो दुर्ग देवालयं पुरम्।
क्रूरैरुभयतो विद्धं विनश्यति न संशयः॥

अपनीसामर्थ्य और सम्पत्तिके अनुसारही व्यापार करना चाहिए। ज्योतिषसे लाभ उठाने वालोंको योग्य ज्योतिषी द्वारा अपने शुभाशुभ समयका ज्ञान करवा लेना चाहिए। अशुभ समय (बुरे दिनोंके फेर से) कभी-कभी भारी घाटा लग जाता है। भाग्यका कर्त्ता समय सर्वोपरि है। कालकी सत्ताको सभी नमन करते हैं। खोटेग्रहों के दुष्प्रभावको विनष्ट करनेमें धर्मसर्वोपरि है।

धर्मेणहन्यते व्याधि, धर्मेणहन्यते ग्रहाः।
धर्मेणहन्यते शत्रु, यतो धर्मस्ततो जय॥

राश्याधीन वस्तुएँ, देश तथा स्थान विशेष

मेष- चावल, तृण, सर्वधान्य, तुषधान्य, वस्त्र,घी, मिर्च, युगंधरी, सर्वौषधि। खच्चर, ऊँट। **देश-** इग्लैण्ड, जर्मनी, डेनमार्क, पोलैण्ड, सीरिया।

वृष- सर्वरस, चावल, जौ, सर्वधान्य, सर्वधातु, तिल, ऊनी वस्त्र, रत्न, मणि, हीरा। घोड़े, गाय, भैंस, गर्दभ। **देश-** आयरलैण्ड, फारस, साईप्रस, अर्धभाग रुस और हालैण्ड। दिल्ली, मध्य प्रदेश तथा केन्द्रशासित प्रदेश।

मिथुन- ज्वार, बाजरा, कोंदोधान्य, तुअर, तेल, लवण, सर्वक्षार रस, सुगन्धित द्रव्य, लाख, सोना, रुपा, शेयर्स। **देश-** यूनाइटेड स्टेट्स अमेरिका, (U.S.A.) बेल्जियम, इजिप्ट।

कर्क- गेहूँ आदि धान्य, चावल, गुड़, खांड, चीनी, मजीठ, सेलडी, सुण्ठी, कोंदो, सरसों,सब्जी,तेल,हींग, सौंचरनमक,कपास,रेशमी,वस्त्र,वर्फ, घी, सोना, रुपा **देश-** अफ्रीका, न्यूजीलैण्ड, हालैण्ड, स्काटलैण्ड। राजस्थान।

सिंह- चना, गुड़, मसूर, उड़द, मूंग, तिल, तेल, धृत, प्रवाल, कम्बल, ऊन, अलसी, कांगुनी, रुपा, युगन्धरी। **देश-** फ्रांस, इटली, सिसली, केलिफोर्निया, आल्पस, रोम, बम्बई।

कन्या- चावल, कोंदो, लहसन, सब्जी, चन्दन, कपूर, देवदारु, अगर तगर, कन्दमूल, पन्ना, सोना। **देश-** टर्की, स्विटजरलैण्ड, वेस्टइण्डीज, यूनान, येरुसलम, लासऐंजिल्स, पेरिस, बगदाद पाकिस्तान।

तुला- सुपारी, मिर्च, सरसों, तेल, राई, हींग, खजूर, मूँग, जौ, चावल, गेहूँ, मसूर मोठ। घोड़ा वाहन। **देश-** पश्चिमोत्तरीय भारत, इण्डोचाइना, आस्ट्रिया, तिब्बत,चीन,वर्मा, अर्जेन्टाइना, वियना, लिस्बन और जापान। कश्मीर, राजस्थान।

वृश्चिक- सभी अन्न, चावल, गुड़, हींग, मोठ, गुग्गल, लाख, कपूर, पारा, हिंगुल। **देश-** स्वीडन,ब्राजील, नार्वे, सीरिया, अल्जीरिया, वाशिंगटन, हैलीफेक्स, डोबर, लिवरपूल, न्यूफाउण्डलैण्ड, फ्रेंकफर्ट।

धनु- चावल,धृत, कन्दमूल, तुषधान्य, अनाज, सेंचर, सेंधा नमक, श्वेतवस्तु, रस। सुरमा, कपास, लवण। **देश-** अरब, इजरायल, आस्ट्रेलिया, हंगरी, स्पेन, मैडागास्कर। उत्तरप्रदेश।

मकर- दाख, खजूर, धृत, अखरोट, चिरौंजी, पिप्पली, सुपारी, इलायची, मूंग, जायफल। लोहादिस्याह धातु। **देश-** भारत, सीरिया, अफगानिस्तान, बल्गेरिया, मेक्सिको, लिथुनिया।

कुम्भ- मद्यादि अर्क, नशेड़ी वस्तुएँ, प्रियंगु, मूल, जवित्री, देवदारु, तेल, सर्वधान्य, सर्वधातु, सर्वौषधि कोंदो। भैंस,वाहन। मणि, मोती, नीलम आदि रत्न। **देश-** अर्धाल्प अरब, रुस, अबीसनिया, स्वीडन।

मीन- गुड़, खांड, शक्कर,चावल,धृत,नारियल,सुपारी,त्वली, किराना। मणि, मोती **देश-** पुर्तगाल,सहारा,रेगिस्तान,अलैक्जेंड्रिया,पंजाब,हिमाचल हरियाणा।

वर्षफल बनाने की विधि

वर्ष शुभाशुभ फलित हित, जो सम्वत् आमाब्द।
जन्म का सम्वत् हीन करि, जो बचे वर्ष शेषाब्द।।

वर्षका शुभाशुभ फल जाननेके लिए वर्तमान सम्वत् में से जन्मका सम्वत् घटा दें, जो शेष बचे उन्हें शेषाब्द (गताब्दाः एवं ध्रुवाङ्काः) भी कहते हैं। शेषाब्द संख्यांकतुल्य वर्षप्रवेशसारणीमें जो वारादि अंक मिलें, उन्हें जन्मके वारादि इष्ट घट्यादि में जोड़नेसे वर्षप्रवेशका वारादि इष्टकाल होगा। उसी इष्ट परिमित लग्नवत् क्रिया करने से वर्षलग्न सिद्ध हो जाएगा।

नोट- जन्म वारादि इष्ट घटी-पल और सारणीसे प्राप्त वारादि घटी-पलोंका जोड़ ६० से अधिक हो तो ६० से भागकर शेष ग्रहण करें, और वार के स्थान पर एक बढ़ा दें। वार संख्या ७ से अधिक हो तो ७ से भागकर शेषांकको रविवार से गिनती करें। ध्यान रहे- प्रतिवर्ष जन्मकालीन तारीख मासके आसन्नही वर्षेष्ट सिद्ध होता है। **वर्षारम्भ कुण्डलीमें** तत्कालीन गोचरग्रह यथावत् रखे जाते है अर्थात् वर्षप्रवेश समये(पंचांगमें उल्लिखित) जो ग्रह जिस राशिपर चल रहा हो उसे उसी राशिमें रख देते हैं। वर्षप्रवेश कुण्डलीमें प्रधान ग्रह मुन्था (जीवसाक्षिणी) मानी जाती है।

मुन्था लगानेकी विधि-

जन्म लग्न मे मुन्था, जन्म समय बलवान।
भोग एक राशि वर्ष, कौशिक वचन प्रमान।।

कौशिकजीके वचनानुसार जन्म समयमें मुन्था जन्मलग्नमें स्वस्थबलवन्ती होती है। प्रतिवर्ष प्रति एक राशिका भोग करती हुई पुनः(१३) तेरहवें वर्ष में जन्म लग्नांक राशिमें मुन्था आ जाती है।

वर्षारम्भ कुण्डलीमें मुन्था लगानेकीविधि- गताब्द संख्यामें जन्म लग्नांक जोड़कर १२ का भाग दें; शेषांकतुल्य(राशि) में मुन्था लगा दें।

दूसरी विधि- गताब्द संख्यामें १ जोड़कर १२ से भाग देने पर जो शेष बचे, जन्म लग्न से उतनी संख्यांक राशिसे मुन्था होती है। मुन्था प्रतिदिन ४.९३१५ कला चलती है।

वर्षमध्ये मुद्दादशा-ज्ञानायचक्रम्

ग्रहाः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	राहु	गुरु	शनि	बुध	केतु	शुक्र
मास	०	१	०	१	१	१	१	०	२
दिन	१८	०	२१	२४	१८	२७	२१	२१	०

मुद्दादशा जाननेकी विधि- जन्मनक्षत्र संख्यामें गताब्द संख्या जोड़कर २ घटा दें। ९से भाग करनेपर जो शेष बचे उसी नम्बरकी मुद्दादशा वर्षारम्भ में होती है। यथा १ शेष बचे तो सूर्य की, २ शेष में चन्द्रमा की, ३ में मंगल ४ में राहु, ५ में गुरु, ६ में शनि, ७ में बुध, ८ में केतु और ० शेष रहनेपर शुक्रकी दशा जाननी चाहिए। नक्षत्र गणना अश्विनीको १ मानकर अभिजित रहितकी जाती है। वर्षारम्भे दशा सुनिश्चित समयानुसार भोग करती हुई चक्र (वर्ष) पूरा करती है।

त्रिराशिपति ज्ञानार्थचक्रम्

वर्षलग्नम्	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
दिवा	र.	शु.	श.	शु.	गु.	च.	बु.	म.	श.	म.	गु.	च.
रात्रौ	गु.	चं.	बु.	मं.	र.	शु.	श.	शु.	श.	मं.	गु.	चं.

दिनमें वर्षप्रवेश हो तो मेषादि राशियोंके क्रमशः सूर्य, शुक्र, शनि आदि ग्रह त्रिराशिपति होते हैं और यदि रात्रिमें वर्षप्रवेश हो तो गुरु, चन्द्र, बुधादि ग्रह त्रिराशिपति माने जाते हैं।

स्वोच्चबल- वर्ष कुण्डलीमे सू.१।५ चं.२।४ मं.१।८।१० बु.३।६ गु.४।९।१२ शु.२।७।१२ श.७।१०।११ इन स्थानोंमें होने पर ५ बल देते हैं। **पुरुष-स्त्री बल-** स्त्रीसंज्ञकग्रह (चं बु.शु.श) १।२।३।७।८।९ और पुरुषसंज्ञकग्रह (सू. मं.गु.) ४।५।६।१०।११।१२वें स्थानोंमें बैठने पर ५ बल देते हैं। **दिन-रात्रि बल-** दिनके वर्षेष्ट में पुरुषग्रह और रात्रिके इष्टमें स्त्रीग्रह ५ बल देते हैं।

अथ वर्षेषाधिकारी

१जन्म लग्नेश, २वर्ष लग्नेश, ३मुन्थेश, ४त्रिराशिपति तथा ५दिनमें वर्षप्रवेश हो तो सूर्याश्रित राशिकास्वामी और यदि रात्रिमें वर्ष प्रवेश हो तो चन्द्राश्रित राशिकास्वामी इनका बल विचार कर जो सबसे बलीहो और लग्नको देखता हो वह वर्षेश होता है। यदि लग्नको न देखताहो तो वह वर्षेश नहीं होता। यदि दो ग्रह समान बली हों तो लग्नपर जिसकी दृष्टि विशेष हो वही वर्षेश होता है। बल, दृष्टि एवम् अधिकार दो या दो से अधिक ग्रहोंका हो तो मुन्थेश ही वर्षेश होता है।

वर्षकुण्डलीमें स्थित ग्रहदृष्टि ज्ञान और फल- जो ग्रह जिस भावमें पड़ा हो उससे ५।९वें को प्रत्यक्ष मित्रदृष्टि से देखता है। **फल-** कार्यमें शीघ्र सफलता, सुत प्राप्ति, स्नेह वृद्धि, सौख्य-समृद्धि और विरोधियोंसे सौहार्दपूर्ण मैत्री लाभ मिलता है। ३।११वें गुप्त मित्र दृष्टिसे देखता है **फल-** प्रत्यक्षकार्य में सफलता कठिनाई से बने, गुप्त रूप से सफलता मिले। आगम धनप्राप्तिकी रुपरेखा बने। १।७वें प्रत्यक्ष शत्रुभाव पूर्ण दृष्टि होती है। **फल-** अनावश्यक शत्रुता बढे। मित्र विरोधी कार्यवाही करने लगें। धनैश्वर्य अभिवृद्धि। चालू काममें गतिरोध हो जाए आदि खराब फल होते रहते हैं। ४।१० गुप्त शत्रुदृष्टि से ग्रह देखता है **फल-** सोचे हुए कामोंमें कठिनाई से सफलता मिले, ना भी मिले। गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचावें। रोगऋणका सन्ताप बढे। परस्पर २।६।८ और १२वें भावमें पड़े ग्रह एक-दूसरे को समदृष्टि से देखते हैं। भाव-भावेशके साथ ग्रह योगायोगका विचार कर फलका निश्चय करना चाहिए।

❀ वेधसिद्ध सूक्ष्मातिसूक्ष्म नवीन मानानुसार वर्ष-प्रवेश सारणी ❀

गताब्दा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३
घटी	१५	३०	४६	१	१६	३२	४७	३	१८	३३	४९	४	१९	३५	५०	६	२१	३६	५२	७	२३	३८	५३	९	२४
पल	२२	४५	८	३१	५४	१७	४०	३	२६	४९	११	३४	५७	२०	४३	६	२९	५२	१५	३८	०	२३	४६	९	३२
वि.	५४	४८	४२	३६	३०	२४	१८	१२	६	०	५४	४८	४२	३६	३०	२४	१८	१२	६	०	५४	४८	४२	३६	३०

गताब्दा	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०
वार	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६
घटी	३९	५५	१०	२६	४१	५६	१२	२७	४२	५८	१३	२९	४४	५९	१५	३०	४६	१	१६	३२	४७	२	१८	३३	४९
पल	५५	१८	४१	४	२७	४९	१२	३५	५८	२१	४४	७	३०	५३	१६	३८	१	२४	४७	१०	३३	५६	१९	४२	५
वि.	२४	१८	१२	६	०	५४	४८	४२	३६	३०	२४	१८	१२	६	०	५४	४८	४२	३६	३०	२४	१८	१२	६	०

गताब्दा	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५
वार	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३
घटी	४	१९	३५	५०	५	२१	३६	५२	७	२२	३८	५३	९	२४	३९	५५	१०	२५	४१	५६	१२	२७	४२	५८	१३
पल	२७	५०	१३	३६	५९	२२	४५	८	३१	५४	१६	३९	२	२५	४८	११	३४	५७	२०	४३	५	२८	५१	१४	३७
वि.	५४	४८	४२	३६	३०	२४	१८	१२	६	०	५४	४८	४२	३६	३०	२४	१८	१२	६	०	५४	४८	४२	३६	३०

गताब्दा	७६	७७	७८	७९	८०	८१	८२	८३	८४	८५	८६	८७	८८	८९	९०	९१	९२	९३	९४	९५	९६	९७	९८	९९	१००
वार	४	५	६	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६
घटी	२९	४४	५९	१५	३०	४५	१	१६	३२	४७	२	१८	३३	४८	४	१९	३५	५०	५	२१	३६	५२	७	२२	३८
पल	०	२३	४६	९	३२	५४	१७	४०	३	२६	४९	१२	३५	५८	२१	४३	६	२९	५२	१५	३८	१	२४	४७	१०
वि.	२४	१८	१२	६	०	५४	४८	४२	३६	३०	२४	१८	१२	६	०	५४	४८	४२	३६	३०	२४	१८	१२	६	०

त्रिपताकी चक्रम्
लग्न

ग्रहवेधविचार- त्रिपताकी चक्रमध्ये बीच वाली खड़ी रेखाके ऊपरी भागमें वर्ष लग्नाङ्क लिखकर कुण्डलीक्रमसे राशियां लिख दी जातीहैं।

ग्रहलगानेकी विधि- गताब्द वर्ष संख्या में १ जोड़कर ९ का भाग देने से जो शेष बचे जन्मकालीन चन्द्राश्रित राशि अर्थात्(चन्द्रमा जन्म समय जिस राशि पर था) से उतनी संख्यामें जो राशिहो उसी राशिमें चन्द्रमाको लिखें तथा उसी सैक(गताब्द वर्ष संख्या+एक) में ४ का भाग देने से जो शेष बचे **"जन्मकालीन ग्रहाश्रित राशि से"** उतनी संख्यामें जो राशि हो उसमें अन्य सभी ग्रहोंको लिखें। राहु और केतु को उल्टा गिनकर रखा जाता है।

ग्रहवेध फल- इस प्रकार त्रिपताकीचक्र में सूर्यादि ग्रहोंके न्यास करने पर जहां चन्द्रमा स्थित हो उस रेखा के दूसरे सिरे पर जो ग्रह बैठा हो उससे चन्द्रमाको विद्ध समझना चाहिए। चन्द्रमा शुभ ग्रहविद्ध या युक्त हो तो वर्षमें शारीरिक सुख मिलेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। सौख्य-समृद्धिका प्रादुर्भाव होगा, ऐसा जानना चाहिए। यदि चन्द्रमा पापग्रह से विद्ध हो तो वर्षमें आधिव्याधि समायुक्तेनमें भौतिक परेशानियां बढ़ सकती हैं।

भौतिक सुख-समृद्धि योग- जिसवर्ष वर्षप्रवेश कुण्डलीमें प्रधानग्रह मुन्था शुभग्रह दृष्ट अथवा युक्त होकर केन्द्र या त्रिकोणमें आ जाए तो उस वर्षमें भौतिक सुख-समृद्धिका प्रादुर्भाव होता है। नित नवीनताका अनुभव होता रहता है।

जमीन-जायदाद प्राप्ति योग- मुन्थाका वर्षेशसे शुभ सम्बन्ध बनने पर पदोन्नतिका योग बनता है। चतुर्थेश से योग होनेपर जमीन-जायदादका सुख मिलता है। सप्तमेशके योग से दाम्पत्य सुख होता है। इसी प्रकार अन्य सभी भावोंका विचार करना चाहिए।

तबदीलीका योग- वर्षलग्नेश तृतीयेश, चतुर्थेश या नवमेश ६।८।१२ स्थान छोड़कर किसी एक घरमें हों या एक-दूसरे को मित्रदृष्टि से देखें तो वर्षमें सुनिश्चित तबदीली होती है। यदिवर्ष लग्नेश वक्री हो, घनिष्ठ मित्र से दृष्ट हो तो भी उक्त फल जानें। अन्य अपनी बुद्धिबल से पहिचानें।

अरिष्ट योग- यदि जन्मलग्न ही वर्षलग्न हो और जन्मनक्षत्रभी वर्ष में वही आ जाए तो यह द्विजन्मा वर्ष अशुभ है, वर्षमें गुरु चन्द्र शुभ न हो तो अशुभ, कष्ट, भयप्रद होता है। वर्षमें गुरु चन्द्र शुभ हों तो अशुभ फल नहीं होते हैं।

मुन्था जिसवर्ष वर्षकुण्डलीके छठे भावमें पड़ती है तो रोग होता है। यदि ८।१२वें भाव में हो तो सामाजिक उपद्रव, मुकद्मादि झंझटों में धनका अपव्यय परेशानियां बढ़ती हैं। मुन्थाके साथ ग्रह युति या शुभाशुभ दृष्टिबल विचार कर फल का निश्चय करना चाहिए।

जन्मपत्री न हो तो वर्षफल कैसे बनायें?

स्पष्ट प्रश्नलग्नकी राशिको छोड़कर अंशादिकी कला करना, फिर उसमें १५० का भाग देना। लब्ध जो राश्यादि चार फल आवें उसकी राशिके अंक में प्रश्नलग्नकी राशि अंक मिलाना, यह मुन्थाका स्पष्ट लग्न जानना। और प्रश्नलग्नसे चतुर्थ राशिका स्वामी जन्म लग्नेश जानना अर्थात् पंचाधिकारियोंमें जन्मलग्नपति के स्थानमें प्रश्नलग्न से चतुर्थ राशिका स्वामी जो हो वह लिखना। प्रश्नलग्न पर वर्षफल बनाने में इतना ही विशेष जानना। अन्य सब रीति पूर्ववत्ही जानें।

वर्षकुण्डलीमें वर्षेश और भाग्येशके बलवान् होनेपर सभी तरहका लाभ मिलता है। निर्बलतासे हीन फलोंका प्रादुर्भाव होता है। वर्षेश ६।८।१२वें भावगत होने पर दैहिक-दैविक तथा भौतिक कष्टों का सामना करना पड़ता है। **सूर्यवर्षेश** हो तो वर्ष में यशोपलब्धि राजकीय मान-सम्मान। **चन्द्रवर्षेश** हो तो सांसारिक सुखोपभोग, लम्बीयात्रा एवं पदोन्नति होती है। **मंगल वर्षेश** हो तो विजयोपलब्धि होती है। शरीरमें रक्तविकार होते हैं। धोखा भी सम्भव है। **बुधवर्षेश** हो तो संगीत कलामें दक्षता, मान-सम्मान, व्यवसाय वृद्धि, जमीन वाहनादि सुख मिलता है। **गुरुवर्षेश** हो तो धनैश्वर्य वृद्धि, सन्तति सुखोपभोग, राजसमाजमें मान-सम्मान मिले। निरोगता बनी रहे। **शुक्रवर्षेश** हो तो विलासिता परिपूर्ण वैभव बढ़े। विजयलाभ हो। **शनिवर्षेश** हो तो भूमि वाहनके उपयोग होते रहें। विचाराधीन उद्योग संचालनमें सफलता भी मिले। पदोन्नति हो। लम्बीयात्राका संयोग बने। यह फल ग्रहोंके पूर्ण हर्षबल प्राप्त होनेके हैं। निर्बल ग्रहोंका फल प्रतिकूल समझना चाहिए। विस्तृत विवरण ताजिक ग्रन्थोंमें देखें।

नोट :- पंचांगमें लिखित मेषार्क वार, घटी, पलमें इच्छित अब्दके वार, घटी, पल, विपल जोड़ने पर अभीष्ट सम्वत्में मेषार्क काल सुनिश्चित हो जाता है। **स्मरणरहे** इस समय ९० प्रतिशत पंचांग नवीन मानानुसार बनाये जाते हैं। वेधसिद्ध शुद्ध वर्षमान प्राचीन सूर्यसिद्धान्तीय वर्षमानसे ८।। पल के लगभग कम है।

वेधसिद्ध सूक्ष्मातिसूक्ष्म नवीन मानानुसार वर्ष प्रवेश सारिणी केतकी ज्योतिर्गणित द्वारा बनाई गई है। ज्योतिर्गणित भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। इसी को देश-विदेशके सभी विद्वान् दैनिक प्रयोगमें लाते है। शुद्धमानसे शताब्दि वर्षप्रवेशसारणी छापनेका अच्छा प्रयास है।

❀ प्राचीन (सूर्यसिद्धान्तीय) मानानुसार वर्षप्रवेश सारणी ❀

गताब्दा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५
घटी	१५	३१	४६	२	१७	३३	४८	४	१९	३५
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्दा	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०
वार	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४
घटी	५०	६	२१	३७	५२	८	२३	३९	५४	१०
पल	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्दा	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
वार	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२
घटी	२६	४१	५७	१२	२८	४३	५९	१४	३०	४५
पल	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्दा	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०
वार	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१
घटी	१	१६	३२	४७	३	१८	३४	४९	५	२१
पल	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्दा	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०
वार	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६
घटी	३६	५२	७	२३	३८	५४	९	२५	४०	५६
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्दा	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
वार	१	२	३	४	६	०	१	३	४	५
घटी	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	०	१५	३१
पल	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्दा	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०
वार	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४
घटी	४७	२	१८	३३	४९	४	२०	३५	५१	६
पल	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्दा	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०
वार	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२
घटी	२२	३७	५३	८	२४	३९	५५	१०	२६	४२
पल	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्दा	८१	८२	८३	८४	८५	८६	८७	८८	८९	९०
वार	३	५	६	०	१	३	४	५	०	१
घटी	५७	१३	२८	४४	५९	१५	३०	४६	१	१७
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्दा	९१	९२	९३	९४	९५	९६	९७	९८	९९	१००
वार	३	३	५	६	०	१	३	४	५	६
घटी	३२	४८	३	१९	३४	५०	५	२१	३६	५२
पल	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

मेषादि राशियोंके लिये मासदशा देखने की सारिणी

जन्मनिविंशतिःसूर्येतृतीये दशचन्द्रमा। चतुर्थे चाष्टमेभौमःषष्ठे वेद बुधस्तथा।। सप्तमे दश मन्दस्य नवमेष्ट वृहस्पतेः। दशमे विंशतीराहौःशेषा भृगुदशा भवेत्।।

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
ता.१३अप्रैल से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.१४मई से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.३ अप्रैल से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.२२मार्च से राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२२अप्रैलसे राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२४मार्च से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.१८मार्च से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.१७अप्रैल से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.२२मार्च से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२४मार्च से मंगल दशा २८ दिन तक	ता.२३अप्रैल से मंगल दशा २८ दिन तक	ता.३अप्रैल से चन्द्र दशा ५० दिन तक
ता.४ मई से चन्द्रदशा ५० दिन तक	ता. ४ जून से चन्द्र दशा ५० दिन तक	ता.१५ जून से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.४ मई से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.४जून से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.२२मई से राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२३अप्रैल से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.२५ मई से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.१८मई से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.२१ अप्रैल से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२२ मई से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२५ मई से मंगल दशा २८ दिन तक
ता.२५ जून से मंगल दशा २८ दिन तक	ता.२७जुलाई से मंगल दशा २८ दिन तक	ता. ६ जुलाई से चन्द्र दशा ५० दिन तक	ता.१६जुलाई से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.१६अगस्त से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.६जुलाई से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.२४ जून से राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२५जुलाई से राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२५जून से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.१९ जून से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.२०जुलाई से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.२४जून से बुध दशा ५६ दिन तक
ता. २५ जुलाई से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२५अगस्त से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२७अगस्त से मंगल दशा २८ दिन तक	ता.६अगस्त से चन्द्र दशा ५० दिन तक	ता.६सितम्बर से चन्द्र दशा ५० दिन तक	ता.१७सितम्बर से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.६अगस्त से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.६सितम्बर से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.२५अगस्त से राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२७जुलाई से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.२७अगस्त से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.२१अगस्त से शनि दशा ३६ दिन तक
ता.२१सितम्बर से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.२१अक्टूबर से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.२५ सित. से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२७ सित. से मंगल दशा २८ दिन तक	ता.२७अक्टू. से मंगल दशा २८ दिन तक	ता.७अक्टूबर से चन्द्र दशा ५० दिन तक	ता.१७अक्टूबर से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.१६नवम्बर से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.७अक्टूबर से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.२५सितम्बर से राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२५अक्टूबर से राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२७सितम्बर से गुरु दशा ५८ दिन तक
ता.२७अक्टू. से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.२६नवम्बर से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.२०नवम्बर से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.२५अक्टू. से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२४नवम्बर से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२६नवम्बर से मंगल दशा २८ दिन तक	ता.६नवम्बर से चन्द्र दशा५० दिन तक	ता.६दिस.से चन्द्र दशा ५० दिन तक	ता.१५ दिसम्बर से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.६नवम्बर से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.६दिसम्बर से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.२४नवम्बर से राहु दशा ४२ दिन तक
ता.२४ दिस. से राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२२जनवरी से राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२५दिसम्बर से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.१९दिसम्बर से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.१८जनवरी से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.२३दिसम्बर से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२५ दिस. से मंगल दशा २८ दिन तक	ता.२४जनवरी से मंगल दशा २८ दिन तक	ता.४जनवरी से चन्द्र दशा ५० दिन तक	ता.१४ जनवरी से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.१२फरवरी से सूर्य दशा २० दिनतक	ता.१४ जनवरी से शुक्र दशा ७० दिन तक
ता.२फरवरी से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.४ मार्च से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.२०फरवरी से राहु दशा ४२ दिन तक	ता.२४ जनवरी से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.२२ फरवरी से गुरु दशा ५८ दिन तक	ता.१७फरवरी से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.२२ जनवरी से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२०फरवरी से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२२फरवरी से मंगल दशा २८ दिन तक	ता.२ फरवरी से चन्द्र दशा ५० दिन तक	ता. ४ मार्च से चन्द्र दशा ५० दिन तक	ता.२४ मार्च से सूर्य दशा २० दिन तक

ग्रहोंसे सम्बन्धित जानकारी- हमारे इस सौर परिवार के मध्यस्थ भुवनभास्कर भगवान् सूर्य के इर्द-गिर्द परिक्रमा करने वाले ग्रहों में सबसे नजदीक बुध ग्रह है, द्वितीय कक्षा में शुक्र, तृतीय में पृथ्वी, चतुर्थ में मंगल, पंचम में बृहस्पति, छठी में शनि, सातवी में हर्शल(यूरेनस), आठवी में नेपच्यून और नवमी कक्षा में प्लूटो(यम) निर्बाध गति से प्रदक्षिणा करता रहता है। पृथ्वी के उपग्रह चन्द्रमा को मिलाकर ११ सदस्यों से शोभायमान आकाश गंगा सहित अनेक तारा समूहों से सुशोभित अन्तरिक्ष बहुत ही सुहावना लगता है।

पृथ्वी से ग्रहोंकी दूरी(कि.मी.)- चन्द्रमा ३८,००,०००; शुक्र ४,१४,००,०००; बुध ९,१७,००,०००; सूर्य १४,९६,००,०००; मंगल ७,८३,००,०००; गुरु ६२,८७,००,०००; शनि १,२७,७४,००,०००; यूरेनस २,७२,०४,००,०००; नेपच्यून ४,४४,४४,००,०००;प्लूटो ५,७५,०४,००,०००।

ग्रहोंकापरिभ्रमणकाल-पृथ्वी२३.५६; चन्द्रमा २७.३२; बुध ५८.६५; शुक्र २४३; मंगल १.०२; गुरु ०.४१; शनि ०.४४, हर्शल ०.६५; नेपच्यून ०.७७; प्लूटो ६.३८।

ग्रहोंका परिक्रमा काल- दिवस दशमलव में पृथ्वी ३६५.२५६३६, चन्द्रमा २७.२५६३०, बुध ८७.९६२६, शुक्र २२४.७००८, मंगल ६८६.९७९८२, गुरु ४३३२.५८८९६, शनि १०७५९.२२६२०, हर्शल ३०६८८.४४१७५, नेपच्यून ६०१८१.२७९११, प्लूटो ९०७३६.०५६४० है।

ग्रहोंके उपग्रह अर्थात् अब तक (सन् १९९५) प्राप्त जानकारी के अनुसार किस ग्रह के इर्द-गिर्द कितने चन्द्रमा चक्कर लगाते हैं। यथा- पृथ्वी का प्यारा चन्द्रमा १, इसी प्रकार मंगल के २, बृहस्पति के १६, शनि के २०, हर्शल के १५, नेपच्यून के ८ और यम(प्लूटो) का १ चन्द्रमा है। प्लूटो के उपग्रहके विषय में सभी खगोलविद् अभी एकमत नहीं है।

अनन्त ब्रह्माण्डमें व्याप्त तारोंकी दूरी- ज्ञात करने के लिए विद्वानों ने जो विधि निकाली, वह है प्रकाश वर्ष। अर्थात् सब से तेज गति प्रकाश की है। सूर्य की किरणें ८ मिनट में करीब १४,९६,००,००० कि.मी. की दूरी पार करके पृथ्वी तक पहुँच जाती हैं। इसीलिए कहा जाता है कि पृथ्वी और सूर्य के मध्य की दूरी ८ प्रकाश मिनट है। प्रति एक वर्ष में प्रकाश करीब ९४,६३,००,००,००० कि.मी. चलता है। पृथ्वी से ध्रुवतारा ८०० प्रकाश वर्ष दूर है, तो हमारी आकाश गंगा की लम्बाई १,००,००० चौड़ाई २०,००० प्रकाश वर्ष है। हमारा सबसे नजदीकी तारा प्रोक्जीमा सेंटोरी ४.२२ प्रकाश वर्ष दूर है। आकाश में अरबों मन्दाकिनियाँ तथा असंख्य विशालकाय तारापुञ्ज हैं। आकाश गंगा के जुड़वाँ तारों की संख्या बहुत अधिक है। हर तीसरा तारा जुड़वा है। हमारे सूर्य का कोई साथी तारा नहीं है। कुछ तारा समूह तो २४,००० प्रकाश वर्ष दूर है। जैसे हरक्यूलीज, जिसमें १०,००,००० सूर्य होने का अनुमान है। इतनी खोजबीन होने के बाद भी अन्तरिक्ष की अनेकों अनसुलझी पहेलियाँ मानव को बरबस नित नये अनुसंधान करते रहने के लिए प्रेरित कर रही है।

ग्रहों के इर्द गिर्द वलय

अन्तरिक्षमें गतिमान ग्रह गुरु, शनि, हर्शल और नेपच्यून के चारों ओर वलय है, जिनके कारण ये ग्रह बहुत ही सुन्दर लगते है। श्रीब्रजभूमिपंचांगके मुखपृष्ठ पर बने मानचित्रसे आप भलीभांति समझ सकते है।

अयनांश- पृथ्वीका अक्ष खगोलमें कदम्बके चारों ओर परम क्रांतितुल्य व्यासार्धके वृत्तमें घूमता है और वह करीब २६,००० वर्षोंके बाद अपने पूर्व स्थान पर आ जाता है जैसा कि मुञ्जालने कहा है- **उत्तरतो याम्यदिशं याम्यान्तात् तदनु सौम्यदिग्भागम्। परिसरतां गगनसदा चलनं किञ्चिद्भवेदपमे।** इस तरह पृथ्वी में कुलाल चक्रवत् और रथचक्रवत् इन दो गतियोंके अलावा अक्ष भ्रमणरूपी यह तीसरी गति उत्पन्न होती है। इसी अक्ष भ्रमणरुपी तीसरी गति के कारण अयन चलन होता है। अयन चलन का नाम ही अयनांश है। अर्थात् सायन वसन्त व शरत् संपात बिन्दु प्रतिवर्ष ५०% विकलाकी गति से पीछे को खिसक जाते है। वही अयनांश की बढ़ती गति है। भारतीय ज्योतिर्गणितीय भचक्रका आदि निरयण बिन्दु स्थिर है, जिसकी स्थिति चित्रा तारा के ठीक सामने १८० अंश पर है। सायन व निरयण बिन्दुओंके अन्तर का नाम ही चित्रापक्षीय अयनांश है।

अयनांशके विषयमें ज्योतिर्विद एकमत नहीं है। प्रस्तुत पंचांगमें केतकी चित्रापक्षीय अयनांशके आधारपर गणित तैयार किया जाता है। किंचित् संशोधन परिलेन चित्रापक्षीय अयनांश ही भारत सरकार द्वारा स्वीकृत है।

ग्रहदर्शन- सूर्याश्रित राशिमें पहुँचने पर ग्रह निर्लोप हो जाते है। शीघ्रगामी ग्रह बुध शुक्र मार्गी होने पर पूर्वास्त होकर पश्चिममें उद हुआ करते है। वक्री होनेपर पश्चिमास्त होकर पूर्वमें उदय हो जाते है। मन्दगामी ग्रह मंगल बृहस्पति, शनि, सदैव पश्चिमास्त होकर पूर्व में उदय हुआ करते हैं।

मध्यम मान से- चन्द्रमा १२, मंगल १७, बुध १३, गुरु ११, शुक्र ९, शनि का १५ अंश उदयास्त कालांश मान्य है।

तारीख वार निकालनेकी विधि- अभीष्ट ईस्वी सन् संख्यामें ४००का भाग दें,जो शेष बचे उसमें १००का भाग दें,इसी प्रकार १०० के शेष में २८ का और २८के शेष में ४का भाग दें। १००और ४की लब्धियोंके जोड़(योगफल) को ५ से गुणा करें। गुणनफल में अन्तिम ४ के शेषको जोड़ने से साधारण ईस्वी सन् के आरम्भ(१जनवरी) का वार (वारांक)होता है। अभीष्ट सन् अधिक वर्ष (लीप ईयर) हो तो वाराङ्क में १ घटाकर शेष ग्रहण करें। वाराङ्क संख्या ७ से अधिक हो तो ७ का भाग देकर शेषकी सोमवार से गणना करें। मासाङ्क संख्या (साधारण वर्ष) जनवरी ०, फरवरी ३,मार्च ३, अप्रैल ६, मई १, जून ४, जुलाई ६, अगस्त २, सितम्बर ५, अक्टूबर ०, नवम्बर ३, दिसम्बर ५ जानें। मासाङ्कसंख्या (अधिकवर्ष, लीपईयर) जनवरी आदि क्रमशः ०,३,४,०,२,५,०,३,६,१,४,६ ईस्वी सन् के आरम्भ वाराङ्क में अभीष्ट मासाङ्क जोड़ने पर मासारम्भ का वारांक निकल आयेगा। आगामी **२१वीं** शताब्दी का अन्तिम वर्ष कुछ विद्वानोंके अनुसार (लीपईयर) नहीं माना जायेगा। अन्यथा इस विषय में विश्वके समस्त विद्वानोंका निर्णय मान्य होगा।

संसारके प्रसिद्ध संवत्सरोंका उत्पत्तिकाल- यहूदी सन् ईसा पूर्व ७अक्टूबर ३७६१, कलियुगाब्द १८फरवरी ३१०२, रोमी सन् २१ अप्रैल ७५३, आसुरी बाबुली सन् २६ फरवरी ७४७, विक्रमाब्द संवत् २३ फरवरी सन् ५७ ईसा पूर्व शुरू हुआ था।

ईस्वीके बाद जिन सनोंका प्रचलन हुआ- शकाब्द ३ मार्च ईसा पश्चात् ७८, आरमेनीस ९ जुलाई ५५२ ई., हिजरी सन् १६ जुलाई ६२२ ई., पारसीसन् १० जून ६३२ ई. में शुरू हुआ।

शक और संवत् का पारस्परिक परिवर्तन- संवत् में से १३५ घटा देने से शकाब्द और शकाब्द में १३५ जोड़ने सं संवत् के वर्ष आ जाते है। सम्वत् चैत्र शुक्ल प्रतिपदासे और शक वर्षारम्भ सायन मेषऽर्क दिनसे शुरू हो जाता है। राष्ट्रीय चैत्रारम्भके साथ ही शकसंवत् शुरु होता है। जोकि प्रतिवर्ष २१ मार्च के आसन्न पड़ता है।

सन्१५८२ में रोम के १३वें पोप ग्रेगरी ने ५वीं अक्टूबर को १५ अक्टूबर किया था, तब से इस संशोधित सन् में अभी तक कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस समय विश्वके लगभग सभी देशोंमें ईसवी सन् तारीखोंका प्रचार है। दो शताब्दी बाद कुछ संशोधनकी आवश्यकता परिलक्षित होगी।

समयका ध्यान रखें- द्वितीय विश्वयुद्ध(३सितम्बर १९३९ से ९ मई १९४५ई.) के कारण १ सितम्बर १९४२ ई. सं. १५ अक्टूबर सन् १९४५ ई. तक अंग्रेजी हुकूमत(सरकार ने) चालाकीसे घड़ियां एक घण्टा आगे कर दीं थीं। इसकी सर्वसाधारण भोली-भाली जनता को जानकारी नहीं थी। अतः इन दिनों घड़ियों द्वारा नोट किये गये टाइम में से १ घण्टा घटाकर उसे भा.स्टै.टा. समझना चाहिए।

१सितम्बर सन्१९४२ से १५ अक्टूबर सन्१९४५ ई. (कुल अवधि ३ वर्ष १।मास) के अन्तर्गत यदि दिन के २ बजकर १५ मिनट पर किसी का जन्म टाइम नोट किया गया है, तो उसे दिन के घं.१मि.१५ बजे यानी १३।१५ बजे मानकर जन्मपत्र बनाने के लिए इष्ट साधनार्थ प्रयोग किया जाएगा। तभी आप शुद्ध इष्ट संशोधन कर यथार्थ फलित के परिणाम प्राप्त कर सकेंगें।

वरुण(हर्शल) यूरेनशका संक्षिप्तविवरण

हर्शल को सूर्यकी एक परिक्रमा करनेमें ८४ वर्ष ८ दिनका समय लगता है। यह एकराशिमें लगभग ७वर्ष तक रहता है। एकदिनमें ४२ प्रतिविकलाकी गतिसे चलता हुआ भगणों का भोग करता है। परिक्रमामार्ग में शनिके बाद इसका नम्बर आता है, जैसाकि श्रीब्रजभूमि पंचांगके मुख पृष्ठ पर दर्शाया गया है। यह ग्रह अत्यन्त खल बलिष्ठ तमोगुणी जलतत्वप्रधान अशुभ है। भारतीय मान्यतानुसार इसका नाम वरुण है। आकस्मिक घटना, रोगोत्पात, बैर-विरोध, वियोग, स्थान त्यागप्रिय तथा विज्ञानके क्षेत्रमें भौतिक तरक्की कारक है। इसकी प्रभाव राशि कुम्भ मानी जाती है। यह वृत्ति को चंचल बनाता है। हर्शल मिथुन, तुला एवं कुम्भमें अत्यन्त बलवान समझा जाता है। मेष व वृश्चिक राशिमें घातक फल देता है। इसके फल पर संशोधन जारी है। विद्वान किसी एक निष्कर्ष पर नहीं पहुँच पाये है।

इन्द्र (नेपच्यून) का संक्षिप्त विवरण

नेपच्यून को सूर्यकी एक प्रदक्षिणा करनेमें १६४ वर्ष २८५ दिनका समय लगता है। अतः यह एक राशिमें १३वर्ष ९ मास के लगभग रहता है। एकदिनमें २१ प्रतिविकला की गति से भगणोंका भोग करता हुआ चक्र पूरा करता है। सूर्य के इर्द-गिर्द परिक्रमा मार्ग हर्शलके बाद इसका है। जैसाकि श्रीब्रजभूमिपंचांगके आवरण पृष्ठ पर दिखाया गया है। इसके भारतीय नाम इन्द्र से बोध होता है कि नेपच्यून जलतत्व प्रधान ग्रह है। अतः मीन इसकी प्रभाव राशि है। मीन में यह स्वगृही माना जाता है। यह सात्विक प्रवृत्ति वाला ग्रह है। यह १।५।९ वें स्थान में सत्त्वप्रधान। २।४।६।८।१२ में तम प्रधान तथा ३।७।१०।११वाँ होने पर रजप्रधान फल का प्रतीक होता है। इसका वास्तवमें भूमण्डल पर प्रभाव पड़ रहा है। इस पर रिसर्च हो रही है। पाश्चात्य और भारतीय विद्वानों में काफी मतभेद है।

यम(प्लूटो) का संक्षिप्त विवरण

प्लूटो को सूर्य की परिक्रमा करने में सर्वाधिक समय लगता है, अर्थात् २४८वर्ष के लगभग समयमें भगणोंका भोग करता है। ९०७३६.०५६४० दिन लगते हैं। यह एक राशि में २० वर्ष ७ मास के लगभग रहता है। इसके भा.नामानुसार अनुमान लगाया जा सकता है कि यह शनि से भी कहीं अधिक तामसी खल प्रकृतिका ग्रह है। उपरोक्ततीनोंग्रह वरुण, इन्द्र और यम पृथ्वी से बहुत दूर होनेके कारण नंगी आखों से दिखाई नहीं पड़ते अतः अस्तोदय कालांश सुनिश्चित कर पाना कठिन है। **भूभ्रमणजन्यउदयास्त-** प्रतिदिन सभीग्रह पूर्वदिशामें उदय होकर लगभग १२ घंटे बाद पश्चिममें अस्त होते है। प्राणियोंको दृश्य तभी होते है जब उदयास्त कालांश से बाहर होते है।

काल उत्तरोत्तर बली कैसे माना जाता है?

किसी भी कार्यके लिए सब प्रकारसे समय अनुकूल नहीं हो सकता। अतः अधिकांशशुभ सुयोग हों तो कार्यका शुभारम्भ कर देना चाहिए,क्योंकि अच्छे योग कुयोगोंके दुष्प्रभावका नाशकर शुभफल देनेमें समर्थ होते हैं। यथार्षवचन-

अयोगश्च सुयोगश्च द्वावेतौ भवतो यदि।
अयोगो हन्यते तत्र सुयोगश्च प्रवर्तते।।

शुभाशुभ फल देनेमें समयके ५ अङ्ग प्रधान माने गये है। यथा- वर्ष, मास, दिन (तिथि), लग्न और मुहूर्त। किसी कार्यमें पांचों शुद्ध मिल जायें तो कार्यकी सिद्धि प्रायः सुनिश्चित होती है। उपरोक्त पांचोंकाल उत्तरोत्तर बली होतेहैं। जैसे- वर्ष अशुद्ध हो तो मासकी शुद्धि से वह शुद्ध हो जाता है, एवं तिथि(दिन) की शुद्धि से अशुद्ध मासभी शुद्ध समझा जाता है, तथैव लग्नकी शुद्धिसे तिथि(दिन) भी शुद्ध हो जाता है, इसलिए कहा है कि- **सर्वेदोषाः विनश्यन्ति लग्नशुद्धिर्यदा भवेत्।**

इष्टलग्न कर्त्ताकी राशिसे ३।६।१०।११वीं हो तो अति श्रेष्ठ, चौथी मध्यम और ८।१२वीं लग्न राशि नेष्ट होती है। ऐसा लग्न देखना चाहिए जिससे ८।१२ स्थानमें कोई भी ग्रह न हो और लग्न शुभग्रह से युक्त अथवा दृष्ट हो तथा चन्द्रमा लग्न से ३।६।१०।११ में से किसी भी स्थानमें हो तो कार्यकी सिद्धि होती ही है। **'मुहूर्त्तोघटिकाद्वयम्'** एक मुहूर्त २ घटी का होता है। अर्थात् प्रत्येक मुहूर्त ४८ मिनट तक रहता है।

सूक्ष्मातिसूक्ष्म विभेद-

यदि किसी दिन आवश्यककार्य सुसम्पादन हेतु स्थूल तिथि, नक्षत्र एवं वार उपयुक्त न हो तो सूक्ष्मतिथि, सूक्ष्म(क्षण) नक्षत्र एवं क्षण वार का चिन्तनकर विद्वज्जन कामको व्यवस्थित ढंग से करा सकते है, ऐसा ज्योतिषके प्रणेताओंका मत है। अतः गृह्यसूत्रादि में कहा गया है। यथा- **विवाहेसर्वकालःशुभः।**

सिद्धि होरा मुहूर्त-

यस्य ग्रहस्य वारेयत् कर्म किञ्चित्प्रकीर्तितम्।
तस्य ग्रहस्य होरायां सर्व कर्म विधीयते।।

सूर्यकी होरा- टैण्डर देने, नौकरी व राजकार्य का चार्ज लेने देने के लिए अच्छी होती है। नामांकन फार्म भरनेमें सर्वश्रेष्ठ मानी गई है।
चन्द्रमाकी होरा- सब कार्योंके लिए शुभ है। विजय मिलती है।
मंगलकी होरा- युद्ध, द्यूत, यात्रा, कर्ज देना, सभा-सोसायटीमें जाना, मुकद्मा, अस्त्र-शस्त्र बनाना आदि कार्योंमें उत्तम होती है।
बुधकी होरा- विद्या(कलाकाव्य) का आरम्भ, कोष संग्रह करना, नवीन व्यापार करना, नवीन लेखन, पुस्तक प्रकाशन, प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करनेके लिए शुभ होती है।
गुरुकी होरा- विवाह सम्बन्धी कार्यक्रम, बड़ोंसे मिलन, कोष-संग्रह, नवीन काव्यलेखन, प्रकाशन, ज्ञानार्जन आदि अनेक कार्योंके लिए शुभ है।
शुक्रकी होरा- लम्बी यात्रा, वस्त्राभूषण धारण, सौभाग्यवर्धक कार्य, सिनेमा शूटिंग, भूमि वाहनादिके लिए शुभ।
शनिकी होरा- द्रव्य संग्रह, भूमि-मकानकी नीव, नूतन गृहारम्भ, मशीनरी मिल्स कार्यारम्भ, समस्त स्थिर कार्योंके लिए शुभ होती है।

सम्पूर्ण कार्योंकी सिद्धिके लिए ज्योतिषशास्त्रमें होरा (क्षणवार) मुहूर्त पूर्ण फलदायक माना है। सातग्रह वार नामकी सात होरा होती है। प्रत्येक वार को एक घण्टेकी सूर्योदयके समय उसी वार की पहली होरा होती है। दिन-रात के २४ घण्टोंमें २४ होरे व्यतीत होनेसे अगले वार के सूर्योदयके समय उसी वार के स्वामीकी होरा आ जाती है। **होराका समय ढाई घटी यानी एक घण्टा होता है।** दूसरे वार की होरा उसी वार के छठे-छठे वार के क्रम से स्वामीकी होती है। इसी प्रकार प्रत्येक घण्टेकी होरा समझनी चाहिए।

ध्यान रहे कि प्रत्येक व्यक्तिको स्वराशिके स्वामीग्रह के शत्रु ग्रहोंकी होरामें यात्रा-विवाहादि तथा शुभ कार्योंका त्याग कर देना चाहिए अन्यथा अशुभ फल मिलेगा। स्वराशिके मित्र ग्रहोंकी होरामें कार्यारम्भ श्रेयष्कर रहेगा। निम्नलिखित चक्र द्वारा दिन-रात के जिस किसी भी समयमें अभीष्टकार्य सिद्धियर्थ होरा देखनी हो, सहजमें ज्ञात हो सकेगी।

क्षणवार जानने का चक्र

वार	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो
	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४
सू.	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु
चं.	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु
मं.	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु
बु.	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श
गु.	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू
शु.	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं
श.	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं	सू	शु	बु	चं	श	गु	मं

उदाहरण- कल्पना करो कि आज मंगलवार है। आपको कार्य सिद्धयर्थ किसी बड़े अधिकारीसे मिलना है, तो इसके लिए उपरोक्त पंक्तियोंमें गुरुकी होरा उत्तम होती है, ऐसा लिखा है। अतः उस दिन गुरुकी होरा मालूम करनी है जोकि किस-किस समय पर होती है। उपरोक्त चक्रमें मंगलके सामने देखा तो उस दिन ७।१४।२१वें भागमें गुरुकी होरा मिली। अतः मंगलवारको स्थानीय सूर्योदयसे ६।१३।२०वें घण्टेके बाद एक-एक घण्टे तक गुरु की होरामें जाना चाहिए।
नोट- होरा मुहूर्त गणनानुसार ही सप्तवारोंके नाम निश्चय किए गए हैं। जैसे रविवार को पच्चीसवां होरामुहूर्त चन्द्रमाका होने से रविवार के बाद वार गणनामें चन्द्रवार आता है।

सूक्ष्मतिथि- प्रत्येकतिथि के आरम्भ से ४-४ घटी उसी तिथि से आरम्भ कर क्रमशः १५ तिथियां बीतती हैं। जैसे प्रतिपदारम्भ से ४ घटी=१घं.३६मि. तक प्रतिपदा, उसके बाद ४ घटी तक द्वितीया इत्यादि। अतः प्रतिपदामें ४ घटीके बाद ८ घटी पर्यन्त द्वितीयाका फल मिलेगा, प्रतिपदाका नहीं। वस्तुतः तिथिभोग घटीमानका पञ्चदशांश तुल्य क्षण तिथि होती है। यथा-

तिथेः पञ्चदशो भागः क्रमात् प्रतिपदादितः।
क्षणसंज्ञा तिथिः प्रोक्ता शुभाशुभ फलप्रदाः।।

सूक्ष्म(क्षण) नक्षत्र- प्रतिदिन सूर्योदयके बाद अहोरात्र में २-२घटी के क्रमशः आर्द्रा, आश्लेषा, अनु., मघा, धनि., पूषा., उषा., अभि.,रोहि., ज्येष्ठा, विशा., मूल, शत, उफा, पूफा, आर्द्रा, पूभा, उभा, रेवती, अश्वि, भर., कृति, रोहि., मृग., पुन., पुष्य, श्रव., हस्त, चित्रा और स्वाती नक्षत्र भोग करते हैं। ये मुहूर्त कहलाते है। दैनिक चान्द्रनक्षत्र यदि श्रेष्ठ न हो तो क्षण नक्षत्रमें कार्यकी सिद्धि प्रायः सुनिश्चित होती है।

योगस्य सप्तविंशांशो सूक्ष्मयोगो भवेदिति।
एकस्मिन्नपि योगे च सर्वेयोगा भवन्ति हि।।

एक-एक विष्कुम्भादि योगमें- उसी-उसी योगसे प्रारम्भ करके २७ योगोंके भोग होते है, जो सूक्ष्मयोग कहलाते है। स्थूल योगके पूर्णमान का २७वां भाग सूक्ष्मयोग होता है। अभीष्ट फल देनेमें वही समर्थ माना जाता है।

सावन दिन सात है-

वाराः सप्त रविः सोमो मंगलश्च बुधस्तथा।
बृहस्पतिश्च शुक्रश्च शनिश्चैव यथाक्रमम्।।

जैसे रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु शुक्र और शनिवार ये यथा-क्रमशः भोगते है। सूर्योदय से वार का शुभारंभ माना जाता है। अंग्रेजी तारीख ग्रीनविचवेधशाला दृश्योदयकाल से बदल दी जाती है। स्मरणरहे-ता.के साथ वार नहींबदलता।

शुभाशुभ अन्यान्य संज्ञा-

सोम, बुध, गुरु और शुक्र ये वार सभी कार्योंमें सिद्धिप्रद होते हैं। रवि, मंगल और शनि अग्रिम पृष्ठ पर वर्णित कार्योंमें ही प्रशस्त है।
रवि स्थिर संज्ञक है, ऐसे ही सोम चर, मंगल उग्र, बुध मिश्र, गुरु लघु, शुक्र मृदु और शनिवार तीक्ष्ण संज्ञक है। संज्ञा तत्तुल्यकार्य सम्पादनमें सिद्धि प्रायः सुनिश्चित होती है। क्षणवारका अपना विशेष महत्त्व है, क्योंकि पूर्वाचार्योंने स्थूलसे सूक्ष्मको अत्यन्त प्रबल होनेमें कारण प्रधान माना है।

❀ रविवारमें कृत्य ❀

राज्याभिषेक, उत्सव(गाना बजाना) नई सवारी (वायुयान आदि) पर चढ़ना, यात्रा, नौकरी, गाय, बैल आदि पशु क्रय-विक्रय, अग्नि सम्बन्धीकर्म (हवन यज्ञादि), मन्त्रोपदेश, औषधिनिर्माण और सेवन, अस्त्र-शस्त्र व्यवहार(युद्धादि), सोना-तांबा, ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, युद्ध, व्यापार और न्यायसे सम्बन्धित सभी कार्य रविवार में करने चाहिए।

❀ सोमवार में कृत्य ❀

शंख आदि जलोत्पन्न वस्तु, मुक्ता, चांदी, ऊखरस से उत्पन्न गुड़, चीनी आदि भोज्य पदार्थ, स्त्रीप्रसंग, वृक्ष(बीज) रोपणादि, कृषि कर्म, जल सम्बन्धी कार्य (नहर निकालना,नल लगाना,तालाब, कुआं बनाना आदि) वस्त्राभूषण धारण, गीत-नृत्य, यज्ञादि कर्म, दूध, दही, घृत, बर्फ, पशु सम्बन्धी, पुष्प तथा अक्षराम्भ(विद्याध्ययन) आदि अन्यान्य सभी कार्य सोमवारमें करने चाहिए।

❀ मंगलवार में कृत्य ❀

चुगलखोरी, जासूसीकार्य, चोरी, विष, अग्निसम्बन्धी, शस्त्रघात, बन्धन, संग्राम(लड़ाई शुरु), शठता, दम्भ-पाखण्ड, सेनासम्बन्धी, कर्जदेना, खान, धातु, सोना, मूंगा आदि ये सभीकार्य मंगलवार में करने चाहिए।

❀ बुधवार में कृत्य ❀

ट्रेनिंग,व्यापार,अध्ययन,कलाकौशल,शिल्प,खेलकूद,चित्रकारी,बहीखाता, हिसाब-किताब,नोटिस देना,धातुसम्बन्धी सोना,कांसा,पीतल,सन्धि समझौता, व्यायाम,वाद-विवाद,नौकरी प्रवेशादि अन्यसभीशुभकार्य बुधवारमें करने चाहिए।

❀ गुरुवार में कृत्य ❀

धर्मानुष्ठानादि कर्म, पौष्टिक (स्वास्थ्य), यज्ञ, विद्याध्ययन, मंगलोत्सव, सोना सम्बन्धी गृहकर्म, वस्त्राभूषण, यात्रा, रथ, घोड़ा, गाड़ी, कार, मोटर, वायुयान आदि सवारी सम्बन्धीकार्य, औषधि-आभूषणोंका निर्माण व प्रयोग सभी शुभ काम गुरुवार में करने चाहिए।

❀ शुक्रवार में कृत्य ❀

स्त्री-सम्बन्धी, गुप्तवार्ता, छायाचित्र, फिल्मकार्य, नाटक, संगीत सीखना, शय्या, मणि, रत्न, सुगन्ध, वस्त्र, उत्सव, आभूषण, भूमि, व्यापार, गोसम्बन्धी, कृषिकर्म, जमीन, जायदाद व भण्डार (संग्रह) से सम्बन्धित सभीकार्य अन्यान्यशुभ कार्य शुक्रवार में करने चाहिए।

❀ शनिवार में कृत्य ❀

लोहा, पत्थर, सीसा, गंगा सम्बन्धीकर्म, अस्त्र-शस्त्र, नौकरी या नौकर रखना, पापकर्म, चोरी, मिथ्यालाप, विपाकतकर्म, आसव-निर्माण व प्रयोग, गृह प्रवेश, हाथीको बांधना, अन्य पशुको सिखाना, दीक्षा(मन्त्रग्रहण) आदि स्थिर कर्म शनिवार में करने चाहिए।

तिथियों के स्वामी संज्ञादि ज्ञानाय चक्रम्

तिथि	१ प्रतिपदा	२ द्वितीया	३ तृतीया	४ चतुर्थी	५ पञ्चमी	६ षष्ठी	७ सप्तमी	८ अष्टमी	९ नवमी	१० दशमी	११ एका.	१२ द्वा.	१३ त्र.	१४ चतु.	१५ पूर्णिमा	३० अमा.
स्वामी	अग्नि	ब्रह्मा	गौरी	गणेश	सर्प	कार्तिकेय	सूर्य	शिव	दुर्गा	यमराज	विश्वेदेव	विष्णु	कामदेव	महादेव	चन्द्रमा	पितर
संज्ञा	नन्दा	भद्रा	जया	रिक्ता	पूर्णा	नन्दा	भद्रा	जया	रिक्ता	पूर्णा	नन्दा	भद्रा	जया	रिक्ता	पूर्णा	रिक्ता
सत् असत्	सत्	सत्	सत्	असत्	सत्	असत्	सत्	असत्	असत्	सत्	सत्	असत्	सत्	असत्	सत्	असत्

❀ नन्दादि तिथियोंमे कर्त्तव्य ❀

नन्दातिथिमें चित्रकर्म, उत्सव, वास्तु(भूमि) पूजन, तन्त्र, खेती, नाच तमाशा, विवाह, वाहनोंका प्रयोग शुभ है। भद्रामें उपरोक्त वर्णित सभीकार्य और पौष्टिक बलवीर्य पुरुषार्थ को बढ़ाने वाला कर्म शुभ होता है। जयामें संग्रामके लिए उपयोगीकार्य सिद्ध होते हैं, तथा रिक्तामें वध, बन्धन आदि, विष, अग्नि सम्बन्धी और बनाए हुए शस्त्र शुभ होते है। पूर्णातिथिमें विवाहअन्यान्य मंगलोत्सव, यात्रा तथा पौष्टिक सहित शान्तिकर्म शुभ होते हैं। नोट-अमावस्यामें केवल पितृकर्म होते हैं। जिस अमावस्यामे चन्द्र काल दृष्ट हो तो वह सिनीवाली और कला नष्ट रहे वह कुहूवाली कही जाती है।

❀ पाँच पर्व दिन ❀

अमावस्या, अष्टमी, पूर्णिमा, चतुर्दशी और रविसंक्रान्तिका दिन, ये ५ पर्व दिन कहलाते हैं। ये द्विगर्तीय देशवालोंको विशेष शुभ फलदायक हैं।

❀ पंचक-विवेचन ❀

धनिष्ठाके उत्तरार्ध से रेवतीपर्यन्त पांच नक्षत्र पंचक कहलाते हैं। इनमें प्रेतका दाहकर्म, दक्षिण दिशाकी यात्रा, चारपाई, पलंग कुर्सी मेज आदि बनवाना, भवननिर्माण हेतु तथा जलानेके लिए काष्ठ, कोयला, गैसका संग्रह करना, छत डालना वर्जित है। परिहार- शत.के मध्यकी, पूभाके आदि की, उभाके अन्तकी केवल पांच-पांच घटी त्याज्य है और रेवती सम्पूर्ण त्याज्य माना गया है।

❀ भद्रा-विवेचन ❀

भद्रा- श्रीपतिने कहा है कि देव-दानव संग्राममें जब देवगण परास्त हुए तो भगवान् शिवने क्रोधसे संतप्त अपने शरीरको देखा, जिससे गदर्भ मुखवाली, पूंछयुक्ता, तीनपांव, सातभुजा तथा सिंहके समान गर्दनवाली प्रेतवाहिनी 'देवी' प्रकट हुई जिसने अपने विकराल मुखसे सम्पूर्ण राक्षसोंका संहारकर देवताओंका भद्र(भला) किया। इसलिए प्रसन्न हुए देवताओंने इसे भद्रा नाम से सम्मानित किया और पंचांगमें कर्णोंके मध्य स्थान दे दिया। भद्राको छाया से उत्पन्न सूर्यपुत्रीभी कहा गया है यथा-

छायासूर्यसुते देवि विष्टिरिष्टार्थदायिनि।
पूजितासि यथाशक्त्या भद्रे भद्र प्रदा भव॥

भद्रा मुख-पुच्छ ज्ञानाय चक्रम्

भद्रातिथियाँ	भद्राके मुख का समय	भद्राके पुच्छ का समय
शुक्ल ४	१ प्रहरके प्रारंभमें षष्ठ्यंश तुल्य	४ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
शुक्ल ८	२ प्रहरके प्रारंभमें षष्ठ्यंश तुल्य	१ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
शुक्ल ११	३ प्रहरके प्रारंभमें षष्ठ्यंश तुल्य	२ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
शुक्ल १५	४ प्रहरके प्रारंभमें षष्ठ्यंश तुल्य	३ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
कृष्ण ३	४ प्रहरके प्रारंभमें षष्ठ्यंश तुल्य	३ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
कृष्ण ७	३ प्रहरके प्रारंभमें षष्ठ्यंश तुल्य	२ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
कृष्ण १०	२ प्रहरके प्रारंभमें षष्ठ्यंश तुल्य	१ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
कृष्ण १४	१ प्रहरके प्रारंभमें षष्ठ्यंश तुल्य	४ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य

छाया एवं सूर्यपुत्री भद्रा यथाशक्ति पूजनार्चन मात्रसे सभी अरिष्ट निवारणकर जगतीतलवासी प्राणियोंका मंगल करतीहै। रोगोपद्रव निवृत्ति विघ्नबाधा शान्तिके साथ-साथ युद्ध, मुकद्दमा, द्यूत तथा राजकाजमें विजय दिलवाती है। भद्राके द्वादश नामोंकाविवरण- धन्या,दधिमुखी,भद्रा,महामारी, खरानना, कालरात्रि, महारुद्रा, विष्टि, कुलपुत्रिका, भैरवी, महाकाली, असुरक्षयकरी।

भद्रा मुख-पुच्छ ज्ञानम्- भद्रा विहित(कुलसमय) को तीन स्थानोंमें रखकर पृथक-पृथक क्रमशः ४।६।१० से भाग करने पर प्रहर, षष्ठ्यंश और दशमांश का मान निकल आता है। उपरोक्त चक्रमें शुक्लपक्ष की चतुर्थी तिथिमें जो भद्रा लिखी गई है उसके प्रथम प्रहर (यानि भद्रा के शुरु में) षष्ठ्यंश तुल्य भद्रा का मुख होता है और चतुर्थ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य भद्राका पुच्छकाल माना जाता है। प्रहर का मतलब भाग से है।

उदाहरण- सं.२०५९ श्रावण शुक्ल पूर्णिमा गुरुवार(राखी) के दिन भद्राकी व्याप्ति व्यवधान कारक है। अतः भद्राके मुखका समय सभी शुभकृत्योंमें वर्जित है। उक्तदिन भद्रा विहितकाल १२घं.४०मि. को ४ से भाग करने पर ३घं.१०मि. प्रत्येक प्रहर का मान हुआ। पुनः १२।४० को ६ से भाग दिया तो २घं.७मि. षष्ठ्यंश हुआ। इसीप्रकार १० से भाग करनेपर दशमांश १घं. १६मि. सुनिश्चित हुआ।

पूर्णिमाके ४ प्रहरके प्रारंभमें षष्ठ्यंश तुल्य भद्राका मुख होता है, सो ज्ञात कीजिये- प्रत्येकप्रहर ३।१०×३=९।३०जमा भद्रारम्भकाल २६।३९=३६।९-२४ शेष पूर्णिमा दिन १२घं.९मि. से चौथा प्रहर शुरू भद्रामुखारम्भ का समय प्रारंभ हुआ, जिसमें षष्ठ्यंश २।७ जमा किया तो १४घं.१६मि. तक का समय सुनिश्चित हुआ। जोकि राखी बांधने के लिये उपयुक्त नहीं है। तीसरे प्रहरके अन्त १२।९ से दशमांश १।१६ घटाया तो १०।५३ से भद्राका पुच्छकाल १२।९बजे तक रहेगा, जिसे प्रत्येक काममें शुभ माना गया है।

पृथिव्यां यानि कर्माणि शुभान्यशुभानि च।
तानि सर्वाणि सिद्ध्यन्ति विष्टि पुच्छे न संशय॥

भद्रावास- १.२.३ और ८ राशिमें चन्द्रमा हो तो भद्रावास स्वर्गमें होता है। ऐसे ही ४.५.११.१२ राशिस्थ चन्द्र में भद्रा मर्त्य(मनुष्य) लोकमें विचरण करती है और ६.७.९ एवं १० के चन्द्रमामें भद्रा पातालवासिनी कही गई है। जहां रहती है वहीं फल है। भूलोकस्था सदात्याज्या स्वर्ग-पातालगा शुभा। भद्रा दिनमें तिथिके उत्तरार्धको व रात्रिमें पूर्वार्धकी शुभ होती है। (मु.चिन्तामणि)

स्वर्गेभद्राशुभम् कार्ये पाताले च धनागमः।
मृत्युलोके यदा विष्टिः सर्वकार्य विनाशिनी॥

भद्रामें मुख्य रूपसे रक्षाबन्धन,होलिकादहन वर्जित तथा असत्कर्म ग्राह्यहै।

विष्टिरङ्गारकश्चैव व्यतीपातश्च वैधृतिः।
प्रत्यरिर्जन्मनक्षत्रं मध्याह्नात्परतः शुभम्॥

विष्टि, अंगारक, क्रकच, दग्धादि योग, व्यतिपात, वैधृति, दुष्टतारा कुयोग दोपहर के बाद सभी शुभ होते हैं।

कालकी परिभाषा

प्रतिदिन प्रत्येक स्थानका दिनमान न्यूनाधिक होता रहता है। अभीष्ट दिनके दिनमानको पांचसे विभाजित करनेपर प्रत्येक भागको जिस नामसे जाना जाता है उसका विवरण-१ प्रातःकाल २ संगवकाल या पूर्वाह्नकाल, ३ मध्याह्नकाल, ४ अपराह्नकाल और ५ सायंकाल कहलाता है। सूर्योदय से गणना शुरु होती है। दिनमानके १५ भाग करनेपर ८वां भाग अभिजित् मुहूर्त कहलाता है। और १०वाँ भाग विजयमुहूर्तके नामसे जाना जाता है। रात्रिमानके १५ भाग करने पर ३ भागतक प्रदोषवेला ८ वां भाग महानिशीथकाल, १३ वां भाग ब्रह्ममुहूर्त, १४ वां भाग उषाःकाल और १५ वां भाग अरूणोदयकाल कहलाता है। प्रातः सन्ध्या सूर्योदय उपरान्त ७२मि. तक और सायंसन्ध्या सूर्यास्तके पश्चात् ७२ मि. तक होती है।

विशेष जानकारी

६० पल बराबर १ घड़ी, दण्ड व घटी
६० घटी बराबर १ दिन अहोरात्र
३६५ दिन ६ घंटा ९ मिनटका १ सौरवर्ष
२९ दिन १२ घंटा ४४ मिनटका एक चान्द्रमास
३५४ दिन ८ घंटा ४८ मिनटका एक चान्द्रवर्ष
२½ पल बराबर १ मिनट, १घटी बराबर२४ मि.
२½ घटी बराबर १ घंटा होता है।
६० घटी बराबर २४ घंटा (एक दिन रात-अहोरात्र)

अधिमास सम्वत् में दिन संख्या लगभग ३८४ होती है। सं.२०२०, २०३९ में क्षयः मास हो चुका है। आगे २१८० में होगा।क्षयमास वर्ष में दो अधिमास होते हैं।

नक्षत्रोंकी संज्ञा-विहितकर्म ज्ञानम्

ध्रुव-स्थिर नक्षत्र- रोहिणी, उफा, उषा, उभा तथा रविवार ध्रुव और स्थिर संज्ञक है। इनमें स्थिर कार्य बीजबोना, बगीचा लगाना, गीत, वाद्योत्सव, विवाहोत्सव, वस्त्राभूषण धारण तथा निर्माण करना, शान्तिकर्म, गृहारम्भ, नृत्यकला सीखना, मैत्री, सन्धिविचार, पदभार संभालने हेतु शपथग्रहण करना और खेलकूदका आरम्भ तथा प्रतिष्ठाकर्म शुभ होता है।

चर-चल नक्षत्र- पुन.स्वाती,श्रवण,धनि.,शत. तथा सोमवार। इनमें साईकल,स्कूटर, कार, बस, ट्रक, घोड़ा आदि वाहनों का लेनदेन एवं उपयोग करना, लम्बी यात्रा, क्रय-विक्रय, दुकान खोलना, चित्रकारी, शिक्षा ज्ञान, रतिक्रीड़ा शुभ है। जलोत्पन्न कर्म भी शुभ है।

उग्र-क्रूर नक्षत्र- भर., मघा, पूफा, पूषा, पूभा तथा मंगलवार। इनमें दुष्ट(घात) कर्म, तस्करी, लाटरी सट्टा आदि धन्धे विषाग्नि तथा शस्त्रकर्म (बनाना चलाना) और पशु ज्ञानार्जन, पालन पोषण तथा चुगलपन श्रेष्ठ होता है।

मिश्र-साधारण नक्षत्र- कृति, विशा, तथा बुधवार। इनमें अग्नि सम्बन्धी कर्म, कई वस्तु विशेषके संयोगसे बनने वाले कार्य, वृषोत्सर्ग (सांड छोड़ना), घातकर्म, अग्निदाह, शठता, विष एवं शस्त्र सम्बन्धीकर्म शुभ होते हैं। कई आचार्य मांगलिककर्म, व्यापार एवम् उद्योगसम्बन्धीकर्म भी शुभ मानते हैं।

क्षिप्र-लघु नक्षत्र-अश्वि.,पुष्य,हस्त,अभि. तथा गुरुवार। इनमें दुकान,रतिकर्म, ज्ञानार्जन,शिल्प व चित्रकला,वाहन लेनदेन,दूर-समीपकी यात्रा,क्रय-विक्रय शुभ होता है।

मृदु-मैत्र नक्षत्र- मृग,चित्रा,अनु.,रेव तथा शुक्रवार। इनमें गीत विवाहादि मंगलोत्सव तथान्य क्रीड़ा, मैत्री-कार्य, वस्त्राभूषण निर्माण तथा धारण करना, बीजबोना, बागबगीचा लगाना, शान्ति कर्म, गृहारम्भ, नृत्यसीखना, गोपनीयताकी शपथ लेना, खेल खेलना शुभ होता है। जलोत्पन्नकर्म भी शुभ कहे हैं।

तीक्ष्ण-दारुण नक्षत्र- आर्द्रा, श्लेषा, ज्येष्ठा, मूल तथा शनिवार इनमें अभिचार घातलगाना, पापकर्म, चुगलपन, पशुशिक्षा, बन्धन, तस्करी, लाटरी, सट्टा आदि धन्धे, विषाग्निकर्म तथा अस्त्र-शस्त्र निर्माण और प्रयोग शुभ होता है।

टिप्पणी- वार की गिनती रविवारको एक मानकर की जाती है। तिथिकीगणना शुक्ल प्रतिपदा से होती है। कृष्णपक्षकी प्रतिपदा सोलहवीं तिथि गिनी जाती है। नक्षत्रकी गिनती अश्विनी आदि मानकर की जाती है। नक्षत्रोंकी संख्या२७ प्रसिद्ध है। उषा. के अन्तिम चतुर्थांश एवं श्रवणके आदि पंचमदशांश भाग(९रा. ६ अं. ४०क. से ९ रा.१०अं ५३ क.२०वि. तक) अभिजित् नक्षत्र माना जाता है। **सूर्यभादगणना, भौमभादगणना-** आदि से तात्पर्य यह है कि सूर्यादि ग्रह कर्मकाल समये जिस नक्षत्र पर चल रहे हों उसी नक्षत्र से दैनिक चन्द्र नक्षत्र तक गिनतीकर फल प्रसंगके अनुसार जानना चाहिए।

साढ़ेतीन स्वयंसिद्धि मुहूर्त्त

१.चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, २.वैशाखशुक्ल तृतीया(अक्षयतीज) ३.आश्विन शुक्ल दशमी(विजयादशमी) ४.कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तथा दीपावली प्रदोषवेला चार स्वयं सिद्धि मुहूर्त है। इनमें किसी भी कार्यको करने के लिए पंचांगशुद्धि देखनेकी आवश्यकता नहीं है। इनमें से प्रथम तीन मुहूर्त पूर्ण त्रली तथा चौथा अर्धत्रली होनेसे इन्हें साढ़ेतीनमुहूर्त्त कहते हैं।

लोकप्रसिद्ध मुहूर्त्त

आषाढ़ शुक्ल नवमी, कार्तिक शुक्ल एकादशी, माघ शुक्ल वसन्त पञ्चमी (श्री सरस्वती जयन्ती), फाल्गुन शुक्ल द्वितीया(फुलेरा दौज)- ये मुहूर्त्त लोकव्यवहारमें सिद्धि माने जाते हैं। कार्तिकशुक्लप्रतिपदा को उत्तरवासी मान्यता नहीं देते हैं। ये प्रत्येककर्ममें बड़ी ही श्रद्धाके साथ अपनाए जाते हैं। इन्हें 'अनपूछा' मुहूर्त्त कहा जाता है।

अभिजित् मुहूर्त्त

दिनमानके १५ भागकरने पर आठवां भाग अभिजित् मुहूर्त कहलाता है। इसमें अनेकदोष निवारणकी शक्ति है। अतः कोई शुभ लग्न मुहूर्त न बनता हो तो जातकादि सभी शुभकार्य अभिजित् मुहूर्तमें किये जा सकते हैं, परन्तु बुधवार के दिन इसका निषेध है। भगवानको अत्यन्त प्रिय यही पावनकाल सबको शान्ति देने वाला होता है।

नौमी तिथि मधु मास पुनीता। शुक्ल पच्छ अभिजित्हरिप्रीता॥
मध्यदिवस अति सीत न घामा। पावन काल लोक विश्रामा॥

आनन्दादि योगोंका विवरण

वार एवं नक्षत्रके संयोगसे आनन्द, कालदण्ड, धूम्र, धाता, सौम्य, ध्वांक्ष, केतु श्रीवत्स, वज्र, मुद्गर छत्र, मित्र, मानस, पद्म, लुम्ब,उत्पात,मृत्यु,काण, सिद्धि, शुभ, अमृत, मूसल, गद्, मातङ्ग, राक्षस, चर, सुस्थिर और प्रवर्धमान- ये २८ योग बनते हैं, जोकि जन्त्री, पंचांगमें लिखे जाते हैं। गणनाक्रम- रविवारमें अश्विनी से, सोम में मृग.से, भौममें श्लेषासे, बुधमें हस्तसे, गुरुमें अनु. से, शुक्रमें उषा.से और शनिवारमें शत.से गिनती करने पर जाने जा सकते हैं।

आनन्दादि योगफल

धूम्र योगारम्भ की १ घटी, ध्वांक्ष, वज्र और मुद्गर की ५ घटी नेष्ट होती है। ऐसे ही पद्म, लुम्ब की ४, गद् की ७, काण और मूसल की २ घटी अशुभ मानी गई है। काल, उत्पात, मृत्यु और राक्षस सम्पूर्ण त्याज्य माना गया है। अन्य सभी योग श्रेष्ठ फलदायक है।

दोषसमूह नाशक रवियोग सूर्याश्रित नक्षत्रसे चन्द्राश्रित नक्षत्र तक गिननेपर संख्या ४।६।९।१०।१३।२० हो तो रवियोग होता है। जोकि त्रयोदश कुयोगोंके दुष्प्रभावको समाप्त कर देता है। प्रतिवर्ष हम अपने पंचांगोंमें सर्वार्थसिद्धि अमृतसिद्धि आदि सुयोग अन्यान्य कुयोग किस दिन कितने समय तक रहेंगे यह लिख देते हैं। अच्छे समयमें किये कार्य सफल होते हैं।

वार, तिथि एवं नक्षत्रके संयोग से बनने वाले शुभाशुभ योग

शुभाशुभ योग	रविवार	चन्द्रवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
अमृत सिद्धि योग	हस्त	मृगशिर	अश्विनी	अनुराधा	पुष्य	रेवती	रोहिणी
विषयोग तिथि	५	६	७	८	९	१०	११
सर्वार्थसिद्धि योग	अश्वि.पुष्य.उफा.	रोहि,मृग.पुष्य	अश्वि.कृति.	कृति.रोहि.मृग.	अश्वि.पुन.	अश्वि.पुन.	रोहि.,स्वाती
एवं	हस्त,मूलउषाउभा	अनु.,श्रवण	श्लेषा,उभा.	हस्त.अनु.	पुष्य,अनु.	अनु.श्रवण	श्रवण
दुष्ट तिथि	१,३(७संवर्त)	२,११	३,९,१२	७,९,११	रेवती	रेवती	११,१३
सिद्धियोग नक्षत्र	मूल	श्रवण	उभा	कृतिका	पुनर्वसु ३०	पूफा	स्वाती
सिद्धियोग तिथि	०	०	३*,८**,१३	२,७*,१२	५,१०*,१५**	१,६,११**	४**,९,१४*
दग्ध नक्षत्र	भरणी	चित्रा	उषा	धनिष्ठा	उफा	ज्येष्ठा	रेवती
दग्ध तिथि	१२	११	५	३	६	८	९
विषाख्य तिथि	४	६	७	२(१संवर्त)	८	९	७
हुताशन तिथि	१२	६	७	८	९	१०	११
क्रकच(अधम)योग	१२	११	१०	९	८	७	६
ज्वालाकूट योग	८**,१३	१	४**,१४*	५,१०*,१५**	२,७*,१२	५,१५**	३*,८**.
मृत्युद तिथि	१,६,११	२,७,१२	१,६,११	३,८,१३	४,९,१४	२,७,१२	५,१०,१५
यमदंष्ट्रा	मघा धनि.	विशा, मूल	भर.कृति.	पुन.रेवती	अश्वि.उषा.	रोहि.अनु.	श्रव.शत.
कालयोग	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पूभा.
वज्र योग	श्लेषा	हस्त	अनु.	उषा.	शतभि.	अश्वि.	मृगशिर
लुम्बक योग	स्वाती	मूल	श्रवण	उभा.	कृतिका	पुनर्वसु	पूफा.
उत्पात योग	विशाखा	पूषा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उफा.
मृत्यु योग	अनु.	उषा.	शत.	अश्वि.	मृग.	श्लेषा	हस्त
काण योग	ज्येष्ठा	अभि.	पूभा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा
राक्षस योग	शतभिषा	अश्विनी	मृग.	श्लेषा	हस्त	अनुराधा	उषा.
यमघण्ट योग	मघा	विशा.	आर्द्रा	मूल	कृति.	रोहिणी	हस्त
याम(प्रहर)	४प्रहर	७ प्रहर	२ प्रहर	५ प्रहर	८ प्रहर	३ प्रहर	६ प्रहर
घटी	३।।।	३।।।	३।।।	३।।।	३।।।	३।।।	३।।।
कुलिक मुहूर्त	१४	१२	१०	८	६	४	२
कण्टक मुहूर्त	६	४	२	१४	१२	१०	८
कालबेला मुहूर्त	८	६	४	२	१४	१२	१०
अर्धयाम मुहूर्त	७	९	३	९	१५	५	१
यमघण्ट मुहूर्त	१०	८	६	४	२	१४	१२
दुष्टक्षण मुहूर्त	७।१४	१३।१४	४।६	८।९।१०	१५।१६	४।५।६।९	१।२
विष घटी	२० घटी	२ घटी	१२ घटी	१० घटी	७ घटी	५ घटी	२५ घटी

* कृष्णपक्ष के तिथियर्ध में भद्रा होती है।

** शुक्ल पक्ष के तिथियर्ध में भद्रा रहेगी।

अयोग सुयोगोऽपि चेत् स्यात्तदानीमयोगं निहत्यैष सिद्धि तनोति।
परे लग्नशुद्धया कुयोगादिनाशं दिनार्द्धोत्तरं विष्टिपूर्वञ्च शस्तम्।।

यदि यमदृष्टा, कालयोग, अन्यान्य कुयोगमें सुयोग आ जाए तो अयोगके (बुरेफल) का नाश कर शुभ फल ही देता है। अतः उसमें कार्य सम्पादन कर सकते हैं।

अन्य आचार्योंके मत से तत्काल लग्नशुद्धि समस्त अशुभयोगों के फल का नाश कर शुभफल देनेमें समर्थ होती है। यथा-

यत्रलग्नं विना किञ्चित् क्रियते शुभ संज्ञकम्। तत्र तेषामयोगानां प्रभावाज्जायते फलम्।।

अतः कार्य-भेद से लग्नशुद्धि का विचार सुविज्ञजन स्वयं करें। सामान्यतः लग्न से ४।८।१२ वें स्थान शुद्ध हों, अपनी राशि से ३।६।१०।११वीं लग्न राशि होनी चाहिए। राशि से ४।८।१२वां चन्द्रमा नहीं होना चाहिए। कुछ आचार्य १२ वां चन्द्रमा नेष्ट नहीं मानते है।

देशभेदसे दुष्ट योगोंका परिहार

कुयोगास्तिथिवारोत्थास्तिथिभोत्था भवारजाः। हूणवंगखशेष्वेव ज्यांस्त्रितयजास्तथा।।

तिथि और वार से उत्पन्न। तिथि और नक्षत्र से उत्पन्न। दिन और नक्षत्र से उत्पन्न एवं वार, तिथि, नक्षत्र इन तीनोंसे उत्पन्न कुयोग क्रमशः हूण(मध्य एशिया) वंग(बंगाल), खश(नेपाल) क्षेत्र में ही त्याज्य है, अन्य स्थानों पर दोष माननेकी आवश्यकता नहीं। **मुहूर्त्त चिन्तामणि पृ. १३**

नोट- विषाख्य कुलिक और संवर्त योग की अवशिष्ट तथा वार-दग्ध, हुताशन, की सर्वतिथियोंका समावेश चक्र में वार-क्रम से अन्यान्य अशुभ तिथियों में हो गया है। इसलिए इन कुयोगोंके खाने अलग से नहीं दिए गए है।

एक दिन में अमृतयोग और सिद्धियोग-तिथि दोनों एक साथ ही पड़ जायें तो वह दिन दुष्ट हो जाता है, जैसे मधु और घृत समभाग मिलने पर विष बन जाता है।

अमृत सिद्धियोग च यद्येकस्मिन्दिने भवेत्। तक्ष च तद्दिनं दुष्टं मधु सर्पिविष यथा।।

चक्रांकित रविवार में हस्त नक्षत्र और पंचमी तिथि एक साथ आ जाए तो 'त्रितयज' कुयोग होता है जो सभी शुभ कार्यों में त्याज्य माना गया है, ऐसे ही अन्य सभी वारों में जानना चाहिए।

कालबेला मुहूर्त्त

रविवार को आठवाँ सोम को छठा, भौम को चौथा, बुध को दूसरा, गुरु को चौदहवां, शुक्र को बारहवाँ और शनि को दशवां कालवेला नामक मुहूर्त्त महाअशुभ माना जाता है। **ज्ञातकरनेकी विधि-** अभीष्टदिन दिनमान का १५वां भाग प्रत्येक मुहूर्तका मान होता है। कालबेला मुहूर्तसे पूर्व मुहूर्त्त संख्यांक से मुहूर्त्त मान को गुणाकर दें। गुणनफल (कुलमान) को सूर्योदयमें जोड़नेपर कालबेल मुहूर्त्तारम्भका समय ज्ञात हो जाएगा। दक्षिण भारतमें इस मुहूर्त्तमें कोई भी शुभकार्य नहीं करते हैं। त्रयोदश कुयोगनाशक रवियोग होता है। जिसका उल्लेख प्रतिवर्ष हम अपने पंचांगों मे कर देते हैं।

❀ होमाहुति शुभाशुभग्रहे मुखज्ञानम् ❀

रवि नक्षत्रसे दैनिक चान्द्रनक्षत्र तक गिने ३ संख्या तक आहुति सूर्य के मुख में जाती है, तदुपरान्त ६ तक बुधके मुखमें। इसी प्रकार आगे निम्नलिखित चक्र से जान लें।

❀ ग्रहमुखे होमाहुति ज्ञानाय चक्रम् ❀

सू.	बु.	शु.	श.	चं.	मं.	गु.	राहु	केतु	ग्रहाः
३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
नेष्ट	श्रेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	नेष्ट	फलम्

शुभग्रह के मुखमें पड़नेसे यज्ञाहुति मंगलकारी होती है। नोट- ग्रह दोष शान्त्यर्थ आहुतियोंका विचार प्रसंगवश करना चाहिए। अर्थात् जिस ग्रहकी शान्तिहेतु हवन किया जाय, आहुतियाँ उसीग्रहके मुख में पड़नी चाहिए।

❀ होमसमये अग्निवास ज्ञानम् ❀

हवनदिन तिथि संख्यामें 'वार' संख्या जोड़कर १ और मिलावें ४ से भाग दें,यदि शेष ३।० बचे तो अग्निकावास भूमिपर होता है, सो यज्ञकर्ममें श्रेष्ठ माना जाता है। १बचे तो अग्निका वास स्वर्गमें प्राणनाशक, और २शेषमें अग्निकावास पातालमें धनैश्वर्य अभिवृद्धि कारक होताहै।

नोट-दैवज्ञरंजनमें अग्निवास स्वर्गमें शुभ कहा है। नित्य नैमित्तिक कार्योंमें अग्निवासेका विचार नहीं करना चाहिए। यथा-यात्रा-विवाह-व्रत गोचरेषु **चौलोपनीताद्यखिल व्रतेषु। दुर्गाविधानेषु सुत-प्रसूतौ नैवाग्निचक्रं परिचिन्तनीयम्। महारुद्रव्रतेऽमायां ग्रस्तेन्द्वर्कास्त राहुणां। नित्यनैमित्तिके कार्ये अग्निचक्रं न दर्शयेत्।।**

❀ शिववासज्ञानम् ❀

हवनदिन तिथि संख्याको दूना करके ५ और मिलावें, ७ से भाग करने पर १शेष बचे तो शिवजीका वास कैलाशपर श्रेष्ठ, २ शेष में गौरी पार्श्वे श्रेष्ठ, ३शेषमें वृषारुढ़ श्रेष्ठ,४शेषमें सभायां सन्ताप, ५ शेष में ज्ञावेलायां पीड़ा,६शेष में क्रीड़ायां दुःख शोक और ०शेष अर्थात् भाग पूरा लगने पर शिववास शमसानभूमिमें होता है जिसकाफल मृत्यु कहा गया है।

❀ शिववास शुभ तिथि ❀

शुक्लपक्ष की तिथियाँ	२	५	६	९	१२	१३
कृष्णपक्ष की तिथियाँ	१	४	५	८	११	१२

हवनमें शाकल्यविचार- यथाशक्ति ली गई सामग्रीमें तिल का आधा भाग चावल, चावलका आधा यव (जौ), यव का आधा शर्करा और सबके अनुपातमें घृत लेना चाहिए। तिल सफेद लेने चाहिये, क्योंकि काले तिलोंमें अधिकांशतः कीड़े पाये जाते हैं।

❀ गृहनिर्माण मुहूर्त्त ❀

शेषकी चालका विचार- सिंह, कन्या और तुलाकी संक्रांतियोंमें शेषनाग का मुख ईशानमें रहता है तब भवन निर्माणार्थ नीमरखने, भूमिपूजन करने, के लिये जमीनको आग्नेयकोण (पूर्व दक्षिण के मध्य) खुदवाना चाहिये। ऐसे ही सभी संक्रांतियोंके लिये निम्नचक्र से दिशाओंका ज्ञान प्राप्त कर सकते है। जिसमें विवाह, देवालय, स्कूल आदि निर्जीवभवन गृहारम्भ और जलाशय बनवाने के लिये जमीन किस दिशामें खोदी जाय यह लिखा है।

❀ अथ खात (भूमि खोदना) चक्रम् ❀

सूर्य	विवाहे	देवालये	गृहारम्भे	जलाशये	शुभस्थान
सूर्य	२।३।४	१२।१।२	५।६।७	१०।११।१२	आग्नेय दिशा
सूर्य	११।१२।१	९।१०।११	२।३।४	७।८।९	नैर्ऋत्य दिशा
सूर्य	८।९।१०	६।७।८	११।१२।१	४।५।६	वायव्य दिशा
सूर्य	५।६।७	३।४।५	८।९।१०	१।२।३	ईशान दिशा

❀ गृहारम्भे शेषनाग फलम् ❀

फन दावै त्रिरिया डंशे, पूंछ दवै भरतार।
जो कोई दावै मध्य में, होय कुटुम्ब संहार।।

पिहोवातीर्थ (हरियाणा) २अप्रैल

नोटः देशकाल परिस्थित्यानुसार कभी-कभी पर्वोत्सवोंकी निर्धारित तिथियोंमें राज्य सरकारों के स्थानीय प्रबन्धकों को परिवर्तन करनेके लिए बाध्य होना पड़ जाता है,सो उसका उत्तरदायित्व सम्पादक पर नहीं, पाठकोंसे- अपने यहाँ मान्य मेला उत्सवादि विवरण पंचांग कार्यालय को भेज दें, जिससे उन्हें सूचीमें शामिल कर सकें।

ब्रजक्षेत्र के खास उत्सव

पंचांगश्रवण श्रीबांके१६मार्च
बिहारीजीमहाराज वृन्दावन
सभीमंदिरोंकेसमयपरिवर्तन१६ ”
श्रीयमुनाजी उत्सव वृन्दावन२१ ”
देवी मेला नरीसेमरी मथुरा२३ ”
फूलडोल११,फूलबंगलाप्रा.२६ ”
बन्दी-आनन्दी मेला मथुरा२८ ”
द्वारिकाधीश५६भोगमथुरा३० ”
केशवेश्वरमें जलधारा घटस्था.१४अप्रै.
चरणदर्शनसर्वाङ्गचन्दनलेपन१६ ”
श्रीबांकेबिहारीमंदिरवृन्दावन
वृन्दावनपरिक्रमा वनविहार२९ ”
कृष्णद्वारारुक्मिणीहरणलीला२२जून
जगन्नाथस्नानयात्रागु.सेवा वृ. २६ ”
श्रीजगन्नाथजी रथयात्रा १३जुला.
मुडियापूनोगोवर्धनपरिक्रमा२६ ”
केशवेश्वरमहादेवबंगलादर्शन २अग.
श्रावणकेप्रत्येक सोमवारमें
श्रीबिहारीजीमहाराज स्वर्ण१२ ”
हिंडोले में विराजें वृन्दावन
विशालमेला जेतगांव मथुरा१४ ”
छटीकरा मेला मथुरा १७ ”
महारासलीलाउत्सववृन्दावन२४ ”
दाऊजी-मातारेवतीकाभव्यश्रृंगार२४ ”
१०००बत्ती-नामोच्चारआरती२४ ”
कृष्णजन्माष्टमीव्रतोत्सवमथुरा१-२सित.
नन्दोत्सव नन्दगांव बरसाना ३ ”
देवछटिमेलाब्रजमण्डल-गौमत१३ ”
राधिकाजन्मोत्सव बरसाना१५ ”
मेलागरुड़गोविन्द छटीकरा१५ ”
मटकीफोरडोंगालीलाबरसाना२१ ”
श्रीबिहारीजीकटिकाछनीमुकुट-२१अक्टू
मुरली धारण करें, वृन्दावन

महारासपूर्णिमा,शरद्पूर्णिमाव्रत २२ अक्टू.
८४ कोसकी ब्रजपरिक्रमा शुरु २३ "
श्रीराधाकुण्डमेंस्नान महोत्सव ३० "
अन्नकूटगोवर्धनपूजा,गोवर्धन ६ नव.
मोक्षप्राप्तियर्थयमुनास्नानमथुरा ७ "
जुगलजोड़ी परिक्रमा वृन्दावन १५ "
कंशवधलीलाचतुर्वेदीयप.मथु. १६ "
तीनवन परिक्रमा मथुरा वृन्दावन १७ "
एवं गरुड़गोविन्द
सभीमंदिर समयदर्शनपरिवर्तन २२ "
बांकेविहारीम.प्रादुर्भावउत्सव १० दिस.
श्रीविट्ठल विपुल उत्सव १० "
स्वा.हरिदासजीकीसवारीनिधिवन १० "
५६ भोगबलदेवजीगोपमाससमाप्त २१ "
छप्पनभोग,मे.गरुड़गोविन्द ९ जन.
श्रीठाकुरजीतिलकभोगस्वीकारें २९ "
दुर्वासाऋषि मेला मथुरा ८ फर.
श्रीमद्भागवतभवनप्रतिष्ठादि. २२ "
श्रीकृष्णजन्मस्थान मथुरा
लट्ठमारहोरी बरसाना में १४ मार्च
लट्ठमारहोरी नन्दगांव में १५ "
लट्ठमारहोलीजन्मभूमि,मथुरा १५ "
धार्मिकमे.मानसरोवरवृन्दावन १५ "
होलीमहोत्सवप्रा.रमणरेतीवृ. १७ "
पुजारीजी का होलीमें से १९ "
निकलना फालेन गांव कोसी
महारासलीलास्वामीरामस्वरुप १९ "
होलोत्सव राधावल्लभ-बांकेबिहारी २० "
श्रीदाऊजीके मन्दिर में हुरंगा २१ "
छोटी आतिशबाजी मंदिर श्री २३ "
रङ्गनाथजी वृन्दावन
रथोत्सव श्रीराधावल्लभ वृन्दावन २४ "
भण्डारा छटीकरा मथुरा में २४ "
श्रीरङ्गनाथजीरथोत्सव मेलावृन्दावन २८ "
बडीआतिशबाजी रङ्गनाथजीवृन्दा. २९ "

निम्नलिखित शहरों में सकष्टी श्री गणेश चतुर्थी वाले दिन चन्द्रोदय का समय

	२३अप्रैल	१ मई	३१मई	३०जून	२९जुला.	२८अग.	२७सित.	२६अक्टू.	२५नव.	२४दिस	२२जन.	२१फर.	२२मार्च
	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.
अयोध्या	२१।५६	२१।३७	२१।५०	२१।३३	२०।३५	२०।१०	२०।०५	१९।४१	२०।३४	२०।३३	२०।२८	२१।२६	२१।१९
अलवर	२२।२२	२२।०३	२२।१५	२१।५८	२०।५९	२०।३३	२०।२७	२०।०३	२०।५७	२०।५६	२०।५२	२१।५१	२१।४५
अजमेर	२२।२८	२२।०८	२२।२१	२२।०५	२१।०७	२०।४२	२०।३८	२०।१४	२१।०७	२१।०५	२१।००	२१।५८	२१।५१
अमृतसर	२२।४०	२२।२१	२२।३१	२२।०९	२१।०७	२०।३६	२०।२६	२०।००	२०।५६	२०।५८	२०।५८	२२।०३	२२।००
अलीगढ़	२२।१६	२१।५६	२२।०९	२१।५१	२०।५२	२०।२६	२०।२०	१९।५६	२०।४९	२०।४८	२०।४५	२१।४४	२१।३८
आगरा	२२।१५	२१।५५	२२।०८	२१।५१	२०।५२	२०।२६	२०।२१	१९।५७	२०।५०	२०।४९	२०।४५	२१।४४	२१।३८
इटावा	२२।०९	२१।५०	२२।०३	२१।४६	२०।४८	२०।२३	२०।१८	१९।५४	२०।४७	२०।४६	२०।४१	२१।३९	२१।३२
इन्दौर	२२।१४	२१।५४	२२।०९	२१।५७	२१।०२	२०।४१	२०।४१	२०।१८	२१।०९	२१।०५	२०।५६	२१।४९	२१।४०
कलकत्ता	२१।२१	२१।०१	२१।१७	२१।०५	२०।१०	१९।५०	१९।४९	१९।२६	२०।१६	२०।१२	२०।०४	२०।५६	२०।४६
कानपुर	२२।०४	२१।४४	२१।५७	२१।४१	२०।४३	२०।१८	२०।१४	१९।५०	२०।४३	२०।४१	२०।३६	२१।३४	२१।२७
कोटा	२२।२०	२२।००	२२।१४	२१।५९	२१।०२	२०।३८	२०।३५	२०।१२	२१।०४	२१।०१	२०।५६	२१।५२	२१।४४
खीरीलखीमपुर	२१।५५	२१।३६	२१।५०	२१।३५	२०।३८	२०।१४	२०।११	१९।४७	२०।४०	२०।३७	२०।३१	२१।२७	२१।१९
ग्वालियर	२२।१२	२१।५३	२२।०६	२१।५०	२०।५२	२०।२७	२०।२३	१९।५९	२०।५२	२०।५०	२०।४५	२१।४३	२१।३५
जबलपुर	२१।५९	२१।३९	२१।५४	२१।४१	२०।४५	२०।२४	२०।२३	२०।००	२०।५१	२०।४७	२०।३९	२१।३३	२१।२४
जयपुर	२२।२४	२२।०४	२२।१७	२२।००	२१।०२	२०।३७	२०।३३	२०।०९	२१।०२	२१।००	२०।५५	२१।५४	२१।४७
जोधपुर	२२।३३	२२।१३	२२।२६	२२।१०	२१।१२	२०।४७	२०।४३	२०।२०	२१।१२	२१।११	२१।०६	२२।०४	२१।५६
झुंझनू	२२।२८	२२।०९	२२।२१	२२।०३	२१।०३	२०।३६	२०।३०	२०।०६	२०।५९	२०।५९	२०।५६	२१।५६	२१।५१
चंडीगढ़	२२।२९	२२।१०	२२।२१	२२।००	२०।५९	२०।२९	२०।२०	१९।५५	२०।५०	२०।५१	२०।५०	२१।५४	२१।५०
दिल्ली	२२।२१	२२।०२	२२।१४	२१।५५	२०।५६	२०।२८	२०।२२	१९।५७	२०।५१	२०।५१	२०।४८	२१।४९	२१।४४
बम्बई	२२।१९	२१।५८	२२।१५	२२।०६	२१।१४	२०।५७	२१।००	२०।३९	२१।२८	२१।२१	२१।१०	२१।५८	२१।४६
बरेली	२२।१२	२१।५३	२२।०५	२१।४७	२०।४७	२०।२०	२०।१४	१९।४९	२०।४३	२०।४३	२०।३९	२१।४०	२१।३४
बिलासपुर	२१।४७	२१।२६	२१।४२	२१।३०	२०।३५	२०।१५	२०।१४	१९।५२	२०।४२	२०।३८	२०।२९	२१।२१	२१।११
बीकानेर	२२।३७	२२।१८	२२।२९	२२।११	२१।१२	२०।४५	२०।३९	२०।१५	२१।०८	२१।०८	२१।०४	२२।०५	२१।५९
भोपाल	२२।०९	२१।४९	२२।०४	२१।५०	२०।५५	२०।३३	२०।३२	२०।०९	२१।००	२०।५७	२०।४९	२१।४३	२१।३४
मेरठ	२२।२२	२२।०३	२२।१४	२१।५५	२०।५५	२०।२७	२०।१९	१९।५५	२०।४९	२०।४९	२०।४७	२१।४९	२१।४४
रोहतक	२२।२५	२२।०६	२२।१८	२१।५९	२०।५९	२०।३१	२०।२५	२०।००	२०।५४	२०।५४	२०।५१	२१।५२	२१।४७
वाराणसी	२१।४९	२१।३०	२१।४४	२१।२९	२०।३२	२०।८	२०।०४	१९।४१	२०।३३	२०।३०	२०।२४	२१।२१	२१।१३
लखनऊ	२२।०३	२१।४३	२१।५६	२१।४०	२०।४२	२०।१७	२०।१२	१९।४८	२०।४१	२०।३९	२०।३४	२१।३३	२१।२६
सिलचर	२१।०८	२०।४९	२१।०३	२०।४९	१९।५३	१९।३०	१९।२७	१९।०३	१९।५५	१९।५२	१९।४५	२०।४०	२०।३२
सूरत	२२।२४	२२।०४	२२।१९	२२।०८	२१।१४	२०।५५	२०।५६	२०।३४	२१।२४	२१।१९	२१।०९	२२।००	२१।५०
हरिद्वार	२२।२०	२२।०१	२२।१३	२१।५३	२०।५२	२०।२३	२०।१५	१९।५०	२०।४५	२०।४६	२०।४४	२१।४७	२१।४२
हिसार	२२।३०	२२।११	२२।२२	२२।०३	२१।०३	२०।३५	२०।२७	२०।०३	२०।५७	२०।५७	२०।५५	२१।५७	२१।५२

श्री राधा - कृष्ण संवाद

सुखासीन ब्रजधाम में, कृष्णा परमानन्द।
सेवारत श्री राधिका, करें प्रश्न सुखछन्द॥
संवत सड़सठ आ गया, ईश जगत् आधार।
विश्वमें क्या कुछ होयगा, फलकहि दो विस्तार॥
राधा तुम जग कारिणी, हे जगत् तुम्हारे हाथ।
दुराचार नितबढ़ रहे, अब छोड़ो सुखका साथ॥
राजा मंगल मेघपति, मंत्री नपुंशक बुध जात।
राजनीति सहद्विन्द से, होंगे चौतरफा उत्पात॥
युद्ध और आतंक से, धरा जाय अकुलाय।
पश्चिम दिशि निर्मोहसे, कालबली सब खाय॥
सस्यनीरपति शुक्र है, रवि को रसपति मान।
धनधान्यादिक गुरु है,फलेशदुर्गेशचन्द्र को जान॥
वसी रोहिणी शिखरपर, समय कुम्भकारके द्वार।
जलनहिं वर्षेसमयपर, सब फसल होय बेकार॥
मेघनाम पुष्कर सुना, संवत्विश्वा दस आठ।
सुजन सभी दुःख पाऐंगे, लुच्चे गुंडन के ठाठ।
भूखप्यास से दुःखितजन, त्रिसित फिरे महिमाह॥
रुण्ड मुण्ड लुढ़कत फिरें, होहल्ला प्रति माह॥
शनी गुरुपतियोग में, रज तम गुण अधिकाय।
धर्मविराघी लड़ मरें, कहीं सत्ता पलटी जाय॥
बालमृत्यु जननी हनन, बढ़ते नित उत्पात।
समाधान इनका नहीं, अपस्वार्थी राजतन्त्रके हात॥
ब्रजभूमि सानन्द मय, दिनकटिहहिं ममसाथ।
कौशिक भारतभूमिके, रक्षक श्रीराधा-नाथ॥

ग्रहों की युति-प्रतियुतियाँ

सूर्य से हर्शल की युति	१७	मार्च
सूर्य-शनि का प्रतियोग	२२	"
शुक्र शनि का षडाष्टकयोग	१	अप्रैल
सूर्य से चन्द्र की युति	१४	"
सूर्य से बुध की युति	२८	"
सूर्य भौम का ९०डिग्रीकोण	४	मई
गुरु शनि का प्रतियोग	२३	"
भौम गुरु का षडाष्टक योग	८	जून
सूर्य बुध की युति	२८	"
सूर्य राहु का प्रतियोग	४	जुला.
मंगल शनि की युति	३१	"
भौम गुरु का प्रतियोग	४	अग.
शुक्र से शनि की युति	८	"
गुरु शुक्र का प्रतियोग	१०	"
मंगल शुक्र की युति	२१	"
सूर्य बुध की युति	३	सित.
सूर्य गुरु का प्रतियोग	२१	"
सूर्य शनि की युति	१	अक्टू.
मंगल शुक्र की युति	४	"
बुध शनि की युति	८	"
सूर्य बुध की युति	१७	"
बुध शुक्र की युति	२५	"
सूर्य शुक्र की युति	२९	"
पापग्रह त्रेकादश योग	१०	नव.
मंगल बुध की युति	२०	"
मंगल बुध की प्रतियुति	१४	दिस.
सूर्य बुध की युति	२०	"
सूर्य से राहु की युति	२४	"
गुरु शुक्र का नवपंचमयोग	४	जन.
बुध से राहु की युति	१५	"
सूर्य भौम की युति	४	फर.
गुरु शुक्र का ९० डिग्रीयोग	६	"
सूर्य नेपच्यून युति	१७	"
मंगल से बुध की युति	२१	"
सूर्य बुध की युति	२५	"
चतुर्ग्रही योग नेष्ट	४	मार्च
बुध शनि का प्रतियोग	१९	"
सूर्य से हर्शल की युति	२१	"
गुरु शनि का प्रतियोग	२९	"
सूर्य शनि का प्रतियोग	४	अप्रैल

नोटः- अक्टूबर २०१० में ग्रहों के अतिनेष्ट योग असम्भावी कुघटनाचक्र का संकेत है।

❊ अभिजित् नक्षत्र ❊

ता.	मास	घं.मि.	से	घं. मि.	तक
७	अप्रैल	११।४५	"	२८।१८	"
४	मई	२७।४४	"	-।-	"
५	"	-।-	"	१२।१४	"
१	जून	१२। १	"	२०।२७	"
२८	"	११।४६	"	२७। ९	"
२५	जुलाई	२६।३१	"	-।-	"
२६	"	-।-	"	१०।५७	"
२२	अगस्त	८।१८	"	१७। ०	"
१८	सितम्बर	१४।२९	"	२२।५८	"
१५	अक्टूबर	२१।१८	"	२९।४२	"
१२	नवम्बर	५।२२	"	१३।३२	"
९	दिसम्बर	१४।२४	"	२२।३३	"
५	जनवरी	२३।००	"	-।-	"
६	"	-।-	"	७। ८	"
२	फरवरी	६।१२	"	१४।२७	"
१	मार्च	१२। ८	"	२०।२५	"
२८	"	१७।५५	"	२६। ९	"

लाभ-खर्च देखने की विधि-

लाभ-खर्च अंक जोड़कर १ घटा दें, ८का भाग दें। शेष यदि १बचे तो उत्तम लाभ, २शेष में सुख, ३शेष में क्लेश, ४शेष में रोग उपद्रव, ५शेष में अपयश, ६शेष में मान-सम्मान, ७शेष में विजय लाभ और ०शेष बचे तो वर्ष में हानि हो, चिन्ता व्यथा रहे। अन्यान्य ग्रहोंका गोचरमें गतिशील प्रभाव भी चिन्तनीय विषय है।

❊ लाभ-खर्च ज्ञानाय कोष्ठक ❊

राशियाँ	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	२	११	२	११	१४	२	११	२	१४	८	८	१४
खर्च	१५	५	५	१४	११	५	५	१५	२	५	५	२

दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र संवत् 2067

जयति जयति श्रीराधिके, बंदौ पद-अरबिंद। चहत मुदित मकरंद मृदु, जेहि ब्रजचंद मलिंद।।
राधाकृष्णात्मिकानित्यं कृष्णोराधात्मको ध्रुवम्। वृन्दावनेश्वरी राधा राध्यैवराध्यते मया।।

* राजा-मंगल, मन्त्री बुध के शासनकाल में विश्व के अधिकांश भागों में प्राकृतिक आपदा, आतंकीउत्पात, युद्ध, भयातंक के कारण त्राहि-त्राहि मचेगी। शान्तिके प्रयास गौण बनकर रह जायेंगे। बड़े देश छोटे देशों पर दवाब बनाने का प्रयास करेंगे। आतंकीप्रकोप प्रभावी देश को भारी पड़ सकता है।

* गुरु-शनि के प्रतियोग में कई देशों में सत्तापरिवर्तन के साथ-साथ असम्भावी कुघटनाएं घटित होंगी। बिगड़ता प्रकृति का सन्तुलन कहीं अतिवृष्टि, बाढ़, आंधी-तूफान, भूकम्प, भूस्खलन, झन्झावात, अग्निदाह, ज्वालामुखीविस्फोट का कारण बनेगा। पराशक्ति से अनुनय विनय है कि अमानवीय कुकृत्य तथा सिरफिरों से समूचे विश्व का बचाव करें, अन्न-जल की कमी सताने न लगे।

* इस वर्ष वेढ़ंगी ग्रहचाल के प्रभावा से अमेरिका, फ्रांस, खाड़ी के देश, ईरान-इराक, साऊदीअरब, टर्की तथा अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, नेपाल, बांग्लादेश और चीन में सर्वाधिक उपद्रव होंगे। कश्मीर समस्या गहरायेगी। सीमाओं पर युद्ध के बादल मंढ़राने लगें, अलगाववादी ताकतें सिर उठाने लगें तो आश्चर्य नहीं।

* इस वर्ष बालहत्यायें, बलात्कार, नारीअपमान, चोरी, डकैती, अपहरण, लूटपाट, घोटालेबाजी, यान-खान दुर्घटनाऐं, सर्वोच्च बैठकों में हिंसा, तोड़-फोड़, जूतपैजारी, हुडदंगी, आतंकी घटनाएं खूब घटेंगी। सरकारी तन्त्र की निष्क्रियतावसात् महानगरीय सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगेगा। न्याय व्यवस्था सुरक्षा से सम्बन्धित नये नियम निर्धारित कर सकती है।

* सभी देश सुरक्षा के नाम पर अत्याधुनिक हथियार, बारूद का ढ़ेर ऊंचा करने में लगे रहेंगे। शान्ति के नाम पर दूसरों को नसीहत देंगे। अन्तरिक्ष अनुसंधान, प्रकृति के रहस्य खोलने के नाम पर अपव्यय खूब होगा, फिर भी नतीजा सन्देहास्पद रहेगा।

* अन्तरिक्ष में प्रतिकूल ग्रहचाल के प्रभावावसात् मौसम कोई भी सही नही बनेगा। वर्षा अनियमित कहीं कम तो कहीं अधिक होगी। पूर्वापेक्षा फसल भी हल्की रहेगी। महंगाई बेतहासा बढ़ेगी। विदेशी व्यापार अधिक बढ़ेगा। खाद्यसामग्री का आदान-प्रदान होगा।

ग्रहाधीनं जगत्सर्वं ग्रहाधीना नरावराः। सृष्टि-रक्षण-संहारा सर्वेचापिग्रहानुगाः।। सृष्टिसृजन, संरचना, रक्षण, भरण-पोषण तथा अभिवृद्धि, विनाशके कारण हेतु सूर्यादि समस्त ग्रह, नक्षत्रमण्डल, तारापुंज हैं। गुरु वृहस्पतिजीके अनुसार यह सारा जगत् ग्रहोंके प्रभावाधीन है। चराचरमें व्याप्त प्राणीमात्र ग्रहोंसे प्राप्त रश्मियोंद्वारा फलते-फूलते हैं और दुष्प्रभावावसात् भविष्यके गर्त में समा जाते हैं। "यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे" अर्थात् जो कुछ इन पिण्डों में है, वही सब कुछ इस ब्रह्माण्ड में भी है। वेदाङ्ग-कल्प, व्याकरण, छन्द, शिक्षा, ज्योतिष और निरुक्त हैं। जिनमें ज्योतिषशास्त्र को वेद का निर्मलनेत्र कहा गया है- "वेदस्य निर्मलं चक्षुर्ज्योतिष शास्त्र कलषम्"। नेत्रोंके बिना संसार में कुछ भी दृश्य नहीं हो सकता, इसीलिए ब्रह्माजीने इस शास्त्रकी रचना स्वयं की हैं- "तस्माज्जगद्धितावेदं ब्रह्मणा निर्मितं पुरा" ज्योतिष ज्ञान ही नही, बल्कि विशुद्ध विज्ञान है। जरूरत है, वर्त्तमान परिप्रेक्ष्य में इसे समझने की। ज्योतिष को देव विद्या कहा गया है। अतः जो द्विज ज्योतिषको भली प्रकार से समझकर राष्ट्र, समाज एवं व्यक्ति विशेषके विषयमें भविष्यवाणी करता है, वह दैवज्ञ कहलाता है। निराश्रित दैवज्ञ भी तो मनुष्य ही है, सर्वज्ञ निर्भ्रांत नहीं। यदि उसके द्वारा किंचित कोई त्रुटि रह जाए तो वह सहज मानवीय विकार है। श्रीब्रजभूमि पंचांग में की गई भविष्यवाणियाँ लगभग सही बैठती हैं, इसके साक्षी स्वयं पाठक हैं। आज जहाँ राज्याश्रय प्राप्त देश-विदेशोंमें एलोपैथी डाक्टरी, आयुर्वेद तथा विज्ञान शत-प्रतिशत सत्यता की गारंटी नहीं दे सकते। मौसम विभाग ७२ घण्टे से अधिक भविष्यवाणी नहीं कर सकता। यदि तीन दिन के अनन्तर करता भी है तो वह सम्भावना पर आधारित होती है। पूर्वाचार्य, ऋषि-महर्षियोंकी देन देवविद्या ज्योतिष पर आक्षेप तो बहुत लगाये जाते हैं, लेकिन इसके विकासमें सहयोग कोई नहीं करता। मेरे विचार से ज्योतिष के फलित भाग पर विद्वानोंका अधिक ध्यान केन्द्रित हो और सरकारी तौर पर सहयोग मिले तो भविष्य के यथार्थ को समझने में काफी मदद मिलेगी। जिससे मनुष्यादि प्राणी, समाज और राष्ट्र यानि समस्त संसार का हित होगा। राष्ट्र के निर्माण, कृषि आदि कार्योंमें पूरा सहयोग मिलेगा। दैवज्ञ भी वेद पारायण, सर्वांग सुन्दर, कुलीन, मिष्ठावान, वेदपाठी और धर्मज्ञ होना चाहिए।

वर्ष प्रवेश लग्नम्

१० ८ ११गु. ९ रा. ७ ने. सू. प्लू. बु.१२श. ६ श. चं.ह. १ ३ के. ५ २ मं.४

श्रीसम्वत् २०६७ का शुभारम्भ १५ मार्च २०१० चन्द्रवार की रात्रि में २ बजकर ३० मिनट पर उदित धनु लग्न से हो रहा है। तत्कालीन कुण्डली साथ में दृष्टव्य है। लग्न में नीच का राहु प्लूटो (यम) के साथ बैठा है। शनि की त्रिपाद दृष्टि पड़ रही है। लग्नपति गुरु शनि की राशि में नीच मंगल की दृष्टि से त्रस्त है। लग्न, लग्नेश और वर्ष के राजा-मंगल, मन्त्री-बुध की बलहीनता इस बात का संकेत है, कि यह वर्ष पूरे विश्व के लिए हानिकारक सिद्धि होगा। धनु लग्न का फल वर्ष प्रबोध में ऐसा लिखा है-

धनुर्लनग्ने तूत्तरस्यां पूर्वस्यां च सुखं नृणाम्।
दुर्भिक्षं प्रबला वृष्टिर्मध्यदेशे सरोगता॥

देश के उत्तर एवं पूर्व सम्भागों में किंचित सुख हो साथ ही अतिवृष्टि, बाढ़ से खेती में हानि, दुर्भिक्ष की त्रासदी झेलनी पड़े। मध्य देश में रोगोत्पातों की भरमार रहे।

पश्चिमायां घृतं धान्यं समर्घं मासपंचकात्।
दक्षिणस्यां सुखं लोके किंचित्पीड़ा चतुष्पदे॥

देश के पश्चिम में पांच मास तक घी, अनाज कुछ सस्ते रहें। दक्षिण में समृद्धि बढ़े, किन्तु चौपाये जानवर, पशुओं में रोग फैलें, मनुष्यों को भी भारी क्षति उठानी पड़े। शनि दृष्टि दक्षिण में तथा प्रभाव पश्चिम में अत्यन्त अशुभता का लक्षण है।

वर्ष लग्न में राहु+प्लूटो का योग अतिनेष्ट है। युद्ध का देवता मंगल राजा होते हुए नीच का होकर लयपद (आठवें) स्थान पर बैठा है। मन्त्री बुध चार ग्रह संयोग में अस्तप्रायःबलहीन है अर्थात् इस वर्ष जो कुछ होगा, वह पाप ग्रह मंगल के इशारे पर होगा। पूर्वाचार्यों ने इसके राज्य का फल अग्निभय, प्राणियोंकाक्षयः, चोरों, आतंकियों, दुराचारी राजाओं का भयातंक, किंवा भारी राजविग्रह, प्रजा में नाना प्रकार के रोग पीड़ा, युद्धोत्पात, अत्याचार से दुःखित पृथ्वी का अकुलाना, भगदड़ मचना, वियोगपीड़ा सहना तथा हल्की वर्षा होना लिखा है-

भौमेनृपे वह्निभयं जनक्षयं चौराकुलं पार्थिव विग्रहं च।
दुःखं प्रजाव्याधि वियोग पीड़ा स्वल्पं पयोमुञ्चन्ति वारिवाहाः॥

लग्नगत राहु+प्लूटो देश की राजनीति को त्रस्त करेंगे। वर्ष मध्ये कोई भी राजनीतिक दल विखण्डन से नहीं बच पायेगा। बड़े पैमाने पर फेरबदल होंगे। नारी नेतृत्व को बल मिलेगा। प्रभावी नेता व्याधिग्रस्त हो सकते हैं। कोई अपने आप सीट छोड़ने के लिए विवस हो जायेगा।

कन्यायां सूर्यपुत्रे च काश्मीरं याति नाशनम्। कन्या का शनि कश्मीर के लिए अनिष्टप्रद रहता है। देश के प्रहरियों को सजग रहना चाहिए। इस वर्ष शनि दोनों कुण्डलियों में कर्म का कर्त्ता बनकर उद्योग-धन्धों को खूब बढ़ावा देगा। विज्ञान के क्षेत्र में नई उपलब्धि करायेगा। सड़कों पर वाहनों की भरमार रहेगी। अन्तरिक्ष में नई खोज के लिए यह वर्ष यादगार बनेगा। ध्यान रहे- गुरु शनि के प्रतियोग में परस्पर वाहन बहुत टकराते हैं। सात्त्विक तामस वृत्ति वाले जनसमूह आपस में लड़ते-झगड़ते हैं। ईसा-मूसा की ठन सकती है।

सौर जगत् लग्नम्

२ चं.१२ ३ बु. ह. के. श.११सू. गु.११ ने ४ मं. १० ५ ७ रा.९ प्लू. श.६ ८

ता.१४ अप्रैल २०१० प्रथम वैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या बुधवार को प्रातः घं.६ मि.५६ बजे सूर्यदेव अश्विनी नक्षत्र मेष राशि में प्रवेश करेंगे। तत्कालीन मेष लग्न की कुण्डली साथ में दृष्टव्य है। सौर जगत् लग्न का मालिक मंगल नीच का होकर केन्द्रगत सुख के स्थान पर बैठा है। भाग्य स्थान पर नीच का राहु तो पुरुषार्थ के क्षेत्र में केतु हीन फलदायक है। कर्मोद्योग के माध्यम से होने वाले भौतिक विकास तजन्य लाभ का स्वामी शनि कुण्डली में त्रिकस्थान पर है। इससे स्पष्ट है कि वर्षमध्ये समस्त संसार की उन्नति में गतिरोध होगा। सुख सुविधाओं के अभाव में जनता त्रस्त रहेगी। मेष संक्रान्ति अमावस्या में होने से बना खर्पर योग जीवहानि, अन्नादि का नाशक है- खर्परयोगोऽयं जीवधान्यादि नाशकः। संवत् २०६७ मध्ये कन्या में शनि तथा प्रतियोगी मीन के गुरु का फल भी कुछ ऐसा ही लिखा है-

यदा सुरगुरुर्मीने दुर्भिक्षं तत्र रौरवम्। सागराःसर्वनद्योपि विनश्यंति चतुष्पदाम्॥

सात समन्दर पार किन्हीं देशों में असामान्य विषम परिस्थितियाँ त्रस्त करेंगी। त्रियतापों के मार से जीवजगत् में भारी क्षति होगी। अमेरिकादि देशों में कहीं भी युद्ध व युद्ध से बदतर हालात बन सकते हैं।

यदा भास्करतनयःकन्याराशि प्रवश्यति। जलशोषं भवेद्वायुमध्यदेश नृपक्षयः॥

कन्यागत शनि जल, तेल, गैस तथा खनिजपदार्थों की कमी करेगा। इन्हीं को लेकर युद्ध होगा, जिसमें कोई राजा काल का ग्रास बनेगा। ग्रहचाल को देखने से विदित होता है कि पश्चिम के देशों में कब क्या कुघटनाचक्र बन पड़े, अनुमान लगाना मुश्किल है।

वर्षलग्न एवं जगत्लग्न दोनों ही कुण्डलियों में जगदात्मा सूर्य के साथ शुक्र है, सो यह विश्वव्यापी रुझान के तहत नारी नेतृत्व को बल दिलायेगा। मलेच्छावृत्ति वाले राष्ट्रनायकों को यूरोपियन देशों से हरसम्भव सहायता मिलेगी, जो कि विश्व के लिए खतरनाक सिद्धि होगी। शुक्र तामस वृत्तिवालों का रहनुमा है, सो देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपूज्यों को खूब पुजवायेगा। आरक्षण के नाम पर पद की योग्यता न रखते हुए भी उच्च पदों पर अभिषिक्त करायेगा। बढ़ती विषमता की खाई को पाटना मुश्किल हो जायेगा। २०१० के अप्रैल, जून, जुलाई, अगस्त, सित.मास अधिक परेशानियोंमें बीतेंगे।

१ जन. २०१०यूरोपदेश

७ ५ ८ ६ श. चं.४ सू. मं. प्लू.९रा. ३ के. शु.बु. १० १२ २ गु. ने.११ह. १

सन् २०१० यूरोपियन देशों की कुण्डली के केन्द्रस्थानों में पापग्रहों का वर्चस्व बना हुआ है। नीच के मंगल का शनि पर दृष्टिपात हो रहा है। इससे स्पष्ट है कि यूरोप के किन्हीं देशों में उग्रवाद, आतंकीकुकृत्यों के चलते भारी भगदड़ मचेगी, जन- धन की अपार हानि होगी। ब्रिटेन, अमेरिकाके प्रहरियोंको सचेत रहना चाहिए। विश्व के बिगड़ते हालात पर काबू पाने के लिए इन देशों को मिलकर किसी देशके खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी पड़ सकती है।

हिजरीसन् १४३१

म.४		२
५	३ के.	१
६ श.		१२
७	सू. चं.१बु. रा.प्लू.	११ने ह.
शु.८		गु.१०

१८ दिसम्बर २००९ पौष शुदी द्वितीया शुक्रवार १७।२४ बजे नवीन चन्द्रमा के दर्शन होने पर अग्रिम दिन गुरुवार से हिजरी सन् १४३१ प्रारम्भ हो रहा है। तत्कालीन कुण्डली के केन्द्रस्थानों में पापग्रहों का वर्चस्व बना हुआ है और लग्नेश बुध धनु राशि में पांच ग्रहों के साथ अति विकल है, जो कि कहीं भारी विनाश का कारण बनेगा-

धनेमीने बुधोयाति मारयति मृगान् गजान्।
प्रजा शाशयोर्वैरं करोति विग्रहं तदा॥

प्लूटो (यम) के साथ सूर्य तथा चन्द्रमा को ग्रहण लगा हुआ है। अतः सन् २०१० में सात्विक सोच मन्द पड़ जायेगी। राजसी तामसवृत्ति का खुला ताण्डव नृत्य होगा। चौतरफा हो हल्ला मचेगा। पृथ्वी पर रुण्ड-मुण्ड लुढ़कते फिरेंगे। इस वर्ष यूरोपियन तथा मुस्लिम देशों की कुण्डलियाँ मिलती जुलती हैं, फलतः परस्पर खींचतान चलती रहेगी। कोई किसी पर अटैक कर दे तो आश्चर्य नहीं।

एक राशौ यदायान्ति चत्वारःपंच खेचराः। प्लावयन्ति महीसर्वा रुधिरेण जलेनवा॥

आर्द्रा प्रवेश लग्नम्

श.६		शु.४
७ चं.	५ मं.	सू.३ के.
८		२ बु.
९ रा.	११	१
१०		गु.१२

२२ जून २०१० दिन में १० बजे भगवान् सूर्यदेव का आर्द्रानक्षत्र में प्रवेश होगा। तत्कालीन लग्न अग्नितत्त्व की है और उसमें अग्नितत्त्व का मंगल बैठा है, इससे स्पष्ट है कि वर्षाकाल में समयोचित वर्षा नहीं होगी। 'दिवाद्रौं यातिचेत् भानुर्जलभक्षण कारकाः' सूत्रानुसार जून में आंधी-तूफान का जोर रहेगा। मानसून की वर्षा न के बराबर होगी, वह भी देश के दक्षिण भागों में। उत्तरभारत में गर्मी बेतहाशा पड़ेगी। जुलाई के उत्तरार्ध से न्यूनाधिक मात्रा में वर्षा देश के अधिकांश भागों में होने से कुछ राहत मिलेगी। सूखे की आशंका फिरभी बनी रहेगी। आर्द्रा प्रवेश दिन मंगलवारका फल दैवज्ञोंने लिखा है-

मानोर्वेशःपृथ्वीसूनोर्वरिरौद्रेधिष्ण्येचेत्सात्।
शस्त्रघातात्पृथ्वीशानां निःसन्देहंमृत्युस्तदा॥

इस वर्ष देश की नय्या रामभरोसे ही चलेगी। राजतन्त्र की निर्बलता सभी सीमाएें पार कर जायेगी। निरंकुश नरपिशाच कुकृत्यों में लगे रहेंगे।

प्राकृतिक आपदा, राजनीतिक, सामाजिक झगड़े-झमेले

२२ जून २०१० मंगलवार के दिन १० बजे सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश होगा। 'दिवार्द्रा जलशोषकः' सूत्रानुसार वर्षमध्ये वर्षा की कमी रहेगी। अग्नितत्त्व की लग्न में उसी तत्त्व का मंगल ग्रह भयंकर सूखा पड़ने का संकेत है। सिंह लग्ने दक्षिणस्यां दंष्ट्राभय मुदीर्यते। धान्ये समर्घता मासषट्कंयावर्द्धनं महतम्॥ के अनुसार ६ मास तक तेजी चलेगी अथवा सस्ते की लाईन बनेगी।

मार्च २०१० के उत्तरार्ध में ग्रहचाल के हिसाब से भावों में घटा-बढ़ी कम ही होगी। जेहि पखवारे तिथि बढ़े, वाही में घट जाय। सभी वस्तु मन्दी बिकैं, महंगाई हट जाय॥ ता.२० एवं २७ मार्च के आस-पास तीव्र वायुवेग के साथ हल्की वर्षा होगी, मौसम की प्रतिकूलता से चैत्र में संक्रामक रोग फैल सकते हैं। पिता-पुत्र के प्रतियोग में सत्तासीन दलों में अकल्पित उलटफेर सम्भव है। नेता भद्दा प्रदर्शन करने लगें तो आश्चर्य नहीं। प्रादेशिक सरकार, प्रभावी राजनेता संकटग्रस्त हो सकता है। इमारती सामान, मशीनरी, वाहन, श्रृंगारप्रसाधन, घी, तेल, दूध, दही, फल, फूल, सब्जियाँ और शेयर, सर्राफा, सट्टाबाजार में तेजी सम्भव है।

अप्रैल २०१० के पूर्वार्ध वैशाख कृष्ण पक्ष में बुध शुक्र का राशि संयोग पृथ्वी पर शुभ फलों का प्रादुर्भाव करेगा- बुध शुक्रो यदैकत्र तदेवैकार्णवा महिम्। सुभिक्षं सर्व धान्यानां धरण्यां सुख सम्पदाम्॥ पैदावार बढ़ने, कल कारखानों में उत्पादन वृद्धि से भावों में गिरावट दर्ज हो सकती है। इस सुयोग का प्रभाव २० अप्रैल तक रहेगा। ग्रहों के त्रिकोणात्मक योग में गर्मी बेतहासा पड़ेगी। बिजली पानी की कमी के कारण चौतरफा हो-हल्ला मचेगा। ता.१४ अप्रैल वैशाखी के आसन्न मेघगर्जन, विद्युत्पात, आंधी-तूफान, हल्की बूंदा-बांदी से कुछ राहत मिलेगी। नीच का मंगल किन्हीं देशों में राजविग्रह करा सकता है। देश के पश्चिम उत्तर सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बरतनी चाहिए। विदेशियों का देश में आवागमन श्रेष्ठ नहीं।

१५ से २८ अप्रैल प्र. वैशाख शुदी में वृष का शुक्र अच्छे फल करेगा- भृगुपुत्रो वृषे स्थित्वा सुभिक्षं पृथ्वीतले। प्रधानां सुखमुत्पन्नं किंचिद्विग्रहकारकम्॥ राजा-प्रजाजनों में सौहार्दपूर्ण मैत्री की भावना पनपेगी। राजनैतिक पार्टियों में कलह होगा। भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बुल्गारिया, मैक्सिको, लिथूनिया, सीरिया, हालैण्ड, स्काटलैण्ड, न्यूजीलैण्ड, उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका, अमेरिका और फ्रांस के लिए नीच का मंगल नेष्ट है। कब कहाँ किस किस्म के उपद्रव होने लगें कुछ नहीं कहा जा सकता। पदार्थों की कमी भाववृद्धि का कारण बनेगी। ता.२० व २८ अप्रैल के आसन्न आंधी-तूफान के साथ जहाँ-तहाँ हल्की वर्षा से गर्मी कुछ कम होगी।

मई से अक्टूबर २०१० तक शनि के प्रतियोग में मीन का गुरु चौतरफा भय-विषाद का कारण बनेगा। यदा सुरगुरुर्मीने दुर्भिक्षं तत्र रौरवम्। सागराः सर्वनद्योपि विनश्यंति चतुष्पदाम्॥ मई में गुरु अतिचारी तो शनि वक्री है, फल दैवज्ञों ने ऐसा लिखा है- अतीचार गते जीवे शनौ वक्रत्व भागते। हा! हा!! भूतं जगत्सर्वं रुण्ड-मुण्डा च मेदिनी॥ वसुन्धरा पर जहाँ-तहाँ रुण्ड-मुण्ड लुढकते फिरेंगे। ता.७ व १४ मई के आसन्न यत्र-तत्र बूंदा-बांदी का संयोग बनेगा। मरुस्थलों में धूलभरी आंधियाँ चलेंगी। दक्षिण भारत में गर्मी बेतहासा पड़ेगी। किंवा भयंकर अग्निकाण्ड, यान-खान कुघटनाचक्र सम्भव है। पश्चिमी सीमा पर सावधानी बरतनी चाहिए। मई के उत्तरार्ध में वैशाख का शुक्ल पक्ष तेरह दिन का है। जिस वर्ष ऐसा होता है, उस वर्ष पृथ्वी नरमुण्डों की माला धारण करती है। विज्ञान के क्षेत्र में तरक्की भी

खूब होती है। राजनैतिक उतार-चढ़ाव भी देखने को मिलते हैं।

२८ मई से १२ जून २०१० ज्येष्ठ बदी में ग्रहचाल का प्रभाव कुछ अच्छा रहेगा। पश्चिम के देशों में युद्धोत्पाती षड्यन्त्र रचा जायेगा। वक्र चाल चलते हुये, शनि मार्गी हो जाय। सभी वस्तु व्यापार की एकदम पलटा खाय॥ चल रहे सामयक भावों में फेरबदल होगा। किसी देश-प्रदेश की सरकार विघटन के कगार पर पहुँच सकती है। यत्र-तत्र बादलचाल, आंधी -तूफान के साथ मौसम खराब होगा। तापमान रिकार्डतोड़ बढ़ सकता है। ता.१३ से २६ जून ज्येष्ठ शुदी में चन्द्रग्रहण प्रभावी राजनेता के लिए नेष्ट है- क्रूर संयुक्त सूर्येन्दोर्ग्रहणे नृपतिक्षयः। राष्ट्रभङ्गं इति प्राहुर्भ प्रजावै मुनीश्वराः॥ यद्यपि चन्द्रग्रहण देश के पूर्वीभाग तथा विदेशों में होगा, फिर भी देश के कर्णधारों को सचेत रहना चाहिए। किंवा पदार्थों की कमी से महंगाई बढ़ेगी। ता.१७ व २६ जून के आसन्न मौसम खराब होगा। मेघगर्जन, विद्युत्पात, आंधी -तूफान, बडम्बर के साथ हल्की वर्षा से राहत मिलेगी। ज्येष्ठ शुदी भावों में दो तरफा चाल चलेगी। शेयर, सर्राफा सट्टा बाजार में अधिक घटा-बढ़ी सम्भव है। जून के आखरी सप्ताह में देश के किसी भाग में हो-हल्ला मच सकता है। महानगरीय सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

जुलाई २०१० के पूर्वार्ध आषाढ़ वदी में सूर्यासन्न ग्रहों का जमघट सत्तारूढ़ पार्टी के लिए श्रेष्ठ नहीं- आगे पीछे बहुत ग्रह, रवि केतू आगार। राजनीति सह द्विन्द से होवै बहुत बिगार॥ अकल्पित उलटफेर की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। भावों में घट-बढ़ चलेगी। कहीं वर्षा होगी तो कहीं नहीं। दक्षिण पूर्व सम्भागों में मानसून की भारी वर्षा हो सकती है। ता.१२ से २६ जुलाई आषाढ़ शुदी में पाकिस्तान, नेपाल, चीन, श्रीलंका, बांग्लादेश में भारी विग्रह के योग बन रहे हैं। समसप्तक बहु ग्रह हों, अथवा एकहि संग। प्रजा कष्ट पावे अति, जनविग्रह का रंग॥ राजनेता एक दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। किंवा प्राकृतिक आपदा, भूकम्प, भूस्खलन, बादलफाड़ वर्षा, भयंकर बाढ़ जानलेवा सिद्धि हो सकती है। सिंह राशि में बुध शुक्र के प्रभाव से भावों में घट-बढ़ चलेगी। जुलाई के आखरी सप्ताह में अतिवृष्टि, बाढ़, यान-खान कुघटनाचक्र सम्भव है।

अगस्त २०१० में विरोधी ग्रह प्रतियोग का फल- देवगुरु के सामने, जब चलते शुक्राचार। धर्मविरोधी मर मिटें, करते पापाचार॥ धार्मिक उन्माद के तहत मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरिजाघर आदि को लेकर दंगे-फसाद होंगे। राष्ट्र विरोधी ताकतें सक्रिय होने लगें तो आश्चर्य नहीं। प्रान्तीय सरकार तथा पड़ौसी देश के लिए समय सानुकूल नहीं। सीमाविवाद उभरकर सामने आयेगा। बाह्य ताकतें कश्मीर के संदर्भ में दबाव बनाने लगेंगी। कन्या राशि में त्रग्रही योग भावों में अकल्पित उलटफेर करायेगा। श्रावणे शुक्ल पक्षे च क्षीणाक्वापि तिथि र्भवेत्। तदावे कार्तिके मासि छत्रभङ्गःप्रजायते॥ कार्तिक में कोई सरकार लुढ़क सकती है। अगस्त के उत्तरार्ध श्रावण शुदी में भाव बदलते रहेंगे। शेयर सर्राफा, सट्टाबाजार गर्म रहेगा। भूकम्प, समुद्री तूफान, वर्षा, बाढ़ से भारी क्षति सम्भव है। ता.८ अगस्त शिवरात्रि के आसन्न चौकसी बरतनी चाहिए।

१ सितम्बर २०१० श्रीकृष्णजन्माष्टमी तुला का शुक्र कहीं वैर-विरोध का कारण बनेगा, तो कहीं राजनैतिक सामाजिक वातावरण को सरस बनायेगा- यदा दैत्यगुरुश्चैव तुला राशि प्रवर्तते। मेदिन्यां क्षेममारोग्यं किंचित्किंचिद्विरोधकृत्॥ भादों के कृष्ण पक्ष में भाव वृद्धि को प्राप्त होंगे। सीमातिक्रमण क्षोभ को जन्म देगा। कश्मीर के मामले में सतर्कता बरतनी चाहिए। अन्तर्राष्ट्रीय जगत् में शान्तिपरिचर्चा मात्र लोकदिखावा ही जानें। ता.९ से २३ सितम्बर आकाश मेघाच्छांदित रहेगा। भादों शुदी में संक्रामक रोग फैल सकते हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, साऊदीअरब, इराक, मिश्रगणराज्य आदि में अराजकता फैलेगी। आतंकी बौखलाहट किसी को निशाना बना सकती है। उदयास्तगतःशुक्रो बुधश्च वृष्टिकारकः। चलत्यङ्गारके वृष्टिस्त्रियावृष्टिःशनैश्चरे॥ ता.१० व २३ सितम्बर के आसन्न अच्छी वर्षा हो सकती है। अन्तिम सप्ताह में शुभाशुभ फल समान घटित होंगे। वर्षा गतिरोध के साथ-साथ भाव वृद्धि को प्राप्त हो सकते हैं। अन्तरिक्ष में विस्मयकारी घटनाचक्र सम्भव है।

अक्टूबर २०१० आश्विन मास में अन्तर्राष्ट्रीय जगत् में बड़ा हादसा सम्भव है। समसप्तक ग्रह योगों का फल- समसप्तक बहु ग्रह हों, अथवा एकहिसंग। प्रजा कष्ट पावे अति, जन विग्रह का रंग॥ युद्धोत्पात, भयातंक से दुःखित प्रजा पलायन करेगी। भारत, पाकिस्तान, रूस, चीन, नेपाल की राजनीति में उठापटक होगी। देश में बाह्यताकतों की दखलंदाजी क्षोभ का कारण बनेगी। सूर्य के साथ त्रग्रही योगका फल- एकराशौ गताह्येते सौम्य शुक्रदिनाधिपाः। सर्वधान्य महर्घत्वं मेघाःस्वल्पजलप्रदाः॥ आश्विन शुक्ल और कार्तिक कृष्ण पक्ष में महंगाई बेतहासा बढ़ सकती है। मौसम आमतौर पर साफ रहेगा। सुदूर दराज के पर्वतीय क्षेत्रों में झञ्झावात, दुर्दिन, हिमपात के कारण क्षति होगी। अक्टूबर के अन्तिम सप्ताह में सामाजिक दंगे-फसाद, आतंकी महोत्पात जानलेवा सिद्धि हो सकते हैं। तापमान में गिरावट आयेगी। शीतल मन्द सुगन्ध वायु मन को मोहित करेगी।

नवम्बर २०१० के आरम्भ में वक्री गुरु कुम्भ में प्रवेश करेगा, जिसका फल पूर्वाचार्यों ने ऐसा लिखा है- कुम्भ राशिगते जीवे करोति यदि वक्रताम्। आरोग्यं सर्वस्वस्थत्वं राज्ञांश्रीर्जय सम्भवः॥ देश देशान्तरों के कुछ भागों में सौख्य-समृद्धि बढ़ेगी, जनता सुख-शान्ति का अनुभव करेगी। ता.७ से २१ नवम्बर कार्तिक शुक्लपक्ष में- आगे पीछे बहुत ग्रह, रवि के भौम अगार। राजनीति सह द्विन्द से, होवे बहुत विगार॥ घिनौनी राजनीति के तहत नेताओं के इशारे पर उपद्रव के चलते भारी क्षति होगी। सीमाओं पर युद्ध के काले बादल मंडराने लगें तो आश्चर्य नहीं। चल रहे सामयक भावों में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। ता.१७ देवउठान, ईदुलजुहा ईद के मौके पर विशेष चौकसी बरतनी चाहिए। ता.२१ में यत्र-तत्र बादलचाल मेघगर्जन वर्षा का संयोग बनेगा। नवम्बर के अन्तिम सप्ताह में भारी हिमपात, भूस्खलन, भूकम्पादि महोत्पात की आशंका जाननी चाहिए। धने मीने बुधो याति मारयति मृगान गजान्। प्रजा शाशकयोर्वैरं करोति विग्रहं तदा॥ पशु-पक्षी, जीव-जन्तुओं की क्षति होगी। धनु का मंगल महंगाई को बल देगा।

दिसम्बर २०१० मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष में- यदा सुरगुरुर्मीने दुर्भिक्षं तत्र रौरवम्। सागराःसर्वनद्योपि विनश्यन्ति चतुष्पदाम्॥ विश्व के किन्हीं देशों में अकाल जैसी असामान्य परिस्थितियाँ दुःख का कारण बनेंगी। इस मास में सूर्य के साथ बनने वाला चार ग्रह संयोग और अंगारक योग अति नेष्ट है। सीमाविवाद उभरकर सामने आयेगा। अग्निकाण्ड, आंधीतूफान, प्राकृतिक प्रकोप के कारण क्षति होगी। कश्मीर समस्या सिर चढ़कर बोलेगी। भावों में घट-बढ़ चलेगी। पर्वतीय प्रदेशों में भारी हिमपात से शीतलहर प्रभावित करेगी। दिल्ली के आसन्न राज्यों में हल्की बूंदा-बांदी का संयोग बनेगा। कोहरा छाया रहने से यातायात में व्यवधान होगा। राहुरंगारकश्चैकं राशिऋक्षगतौ तथा। महाभयं च सस्यानां न च वृष्टिःप्रजायते॥ दिसम्बर के उत्तरार्ध पौष कृष्ण पक्ष में घी, तेल, किराना, शेयर, सर्राफा, मूंगफली, चाय, काफी, रूई, ऊन, मेवा, मिर्च-मसालों में तेजी होगी। पक्षान्तर्गत घामाछांई का संयोग बनेगा। मौसम खराब होगा। जहाँ-तहाँ ओले पड़ सकते हैं।

जनवरी २०११ पौष शुदी में गोचर का प्रभाव कुछ अच्छा रहेगा। जनता सुख शान्ति का अनुभव करेगी- बुधस्य पंचवाराःस्यु यत्र मासे निरन्तरम्। प्रजाश्च सुख सम्पन्ना सुभिक्षं च प्रजायते॥ ता.१४ मकर संक्रान्ति के आसन्न उच्च का मंगल राजनीति में भूचाल ला सकता है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, साऊदीअरब, अमेरिकादि में प्राकृतिक महोत्पात का कारण बनेगा। इस वर्ष कर्क और मकर दोनों संक्रान्तियाँ शुक्रवार में लगी हैं- करक मकर दो बहिन हैं, बैठे एकहि वार। कै परजा को पति मरै, कै पड़े अचिन्त्योकार॥ फलतः कोई राष्ट्रनायक संकटग्रस्त हो सकता है। किंवा वस्तुओं के अभाव, भयातंक के कारण भारी हो-हल्ला मचेगा। घी, तेल, मिर्च मसाले, मेवा, ऊनी-सूती वस्त्र, वाहन तथा मशीनरी के दामों में वृद्धि होगी। भारी मेघगर्जन, विद्युत्पात, हिमपात, तुषारपात होने से शीतलहर प्रभावित करेगी। अन्तरिक्ष में असम्भावी घटना तथा वाहन टकराव से क्षति सम्भव है। जनवरी के अन्तिम सप्ताह में वक्री होकर शनि युद्धोत्पाती षड्यन्त्र रचवायेगा।

फरवरी २०११ ता.४ से १८ माघ शुक्ल पक्ष में अतीचारी गुरु तथा वक्री शनि का फल- अतिचार गते जीवे शनौ वक्रत्व भागते। हा! हा!! भूतं जगत्सर्वं रुण्ड मुण्डा च मेदिनी॥ अतिनेष्ट है। चौतरफा हो-हल्ला मचेगा। किन्हीं दो देशों के बीच युद्धोत्पात शुरु होने लगे तो आश्चर्य नहीं। स्वदेश के प्रहरियों को सजग रहना चाहिए। श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, वर्मा, अफगानिस्तान, पाकिस्तान पर संकट गहरा सकता है। भाव घटते-बढ़ते रहेंगे। ता.६ व १८ फरवरी के आसन्न यत्र-तत्र बादलचाल, बिजली, गाज, हल्की वर्षा, किंवा ओलावृष्टि, हिमपात के कारण क्षति होगी। शीतलहर प्रभावित करेगी। ता.१९ फरवरी से १९ मार्च २०११ फाल्गुन में पांच शनिवारों का फल नेष्ट है- शनिवारा यदा पंच पाताले कम्पते फणी। ईशान देशभङ्गश्च वह्निदाहो महार्घताः॥ इस योग के चलते प्रादेशिक सरकार लुढ़क सकती है। फाल्गुन वदी में मौसम की प्रतिकूलतावसात् खड़ी फसलों में क्षति होगी। तेजी का चक्र चलेगा। उपलवृष्टि, बर्फवारी, कोहरा के कारण यातायात, यान-खान कुघटनाचक्र सम्भव है। विज्ञान के क्षेत्र मे नई उपलब्धि हो सकती है।

मार्च २०११ के पूर्वार्ध फाल्गुन शुक्ल पक्ष में मीन का बुध राजा-प्रजाजनों में परस्पर वैर-विरोध को बढ़ावा देगा। पशु-पक्षी, जीव-जन्तुओं की क्षति करेगा- घने मीने बुधो याति मारयति मृगान् गजान्। प्रजा शाशकयोर्वैरं करोति विग्रहं तदा॥ पश्चिम के देशों में युद्ध का षड्यन्त्र रचा जायेगा। मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च आदि को लेकर धार्मिक विवाद उग्र रूप धारण कर सकता है। ता.१९ मार्च होलिकादहन के आसन्न विशेष सावधान रहने की जरूरत है। सूर्य शनी सम सप्तक, राहु केतु केन्द्र। युद्ध कहीं पर होयगा, बन्दी बने नरेन्द्र॥ पक्षान्तर्गत मार्कीट का रुख नरम रहेगा। ता.११, १९, २०, २७ मार्च के आसन्न यत्र-तत्र बादलचाल, मेघगर्जन, बिजलीगाज के साथ बूंदा-बांदी होगी। जहाँ-तहाँ ओले पड़ सकते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में भारी हिमपात की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उत्तरदिशा में भय व्याप्त रहेगा-- दिननाथेन्दु गुरुवः यदैकत्र समाश्रिता। उत्तरस्यां दिशिभयं प्रजाःक्रन्वन्तिनित्यशः॥ ता.२० मार्च से ३ अप्रैल २०११ चैत्र कृष्णपक्ष में बनने वाला चतुर्ग्रही योग किन्हीं देशों में तहलका मचवा सकता है। एक राशौ यदा यान्ति चत्वारःपंचखेचराः। प्लावयन्ति महीं सर्वांरुधिरेण जलेन वा॥

तुष्टिकरण, भाई-भतीजावाद, जातिवाद के दलदल में फंसी देश की राजनीति

२२ मई २००९ शुक्रवार सायं साढ़े ६ बजे के आसन्न १६वीं लोकसभा विजयान्वित कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में बनने वाली सरकार में दूसरी बार डा. मनमोहन सिंह के प्रधानमन्त्री पद की शपथग्रहण समारोह की तत्कालीन वृश्चिक लग्न की कुण्डली साथ में दृष्टव्य है। स्थिर संज्ञक लग्नमें होने वाले कार्य काफी समय तक टिके रहते हैं। लग्न पर सूर्य+बुध का प्रभाव सकुशल राजनीति में दक्षता प्राप्त कर ऐनकेन प्रकारेण सत्ता संचालन करते रहने का संकेत है।

आई कांग्रेस की प्रभाव राशियाँ मेष व मिथुन मानी गई हैं। इस वर्ष मेष का स्वामी मंगल राजा है, तो मिथुन का स्वामी बुध मन्त्री बना हुआ है। दोनों ग्रह २२ मई की कुण्डली में बलवान होकर बैठे हैं। इससे यह तो स्पष्ट है कि इस वर्ष में वर्त्तमान सरकार को कोई हिलाने वाला नहीं है। भले ही झंझावात क्यों न झेलने पड़ें। मनमोहनजी के असमर्थता जाहिर करने पर श्रीयुत राहुलजी को सत्ता संभालनी पड़ सकती है। प्रादेशिक चुनावों में आई कांग्रेस को अच्छी खासी सफलता मिलेगी। इस दल में अन्तर्कलह टूट-फूट का संयोग भी बनेगा। शनि की दृष्टि बृहस्पति, सूर्य तथा बुध पर पड़ रही है। श्रीमति सोनिया गांधीजी येन-केन-प्रकारेण दल का नेतृत्व करती रहेंगी। फिर भी इन्हें आस्तीन में छिपे भुजंगों से सचेत रहना चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी- धनु राशि के प्रभावान्तर्गत है। सम्वत् २०६७ में धनु का स्वामी गुरु शनि के वेध में रहेगा, फलतः इस दल में नाटकीय परिवर्तन होंगे। फिर भी मीन में स्वगृही गुरु वर्षमध्ये सबलता प्रदान करेगा। किसी बड़े नेता का देहावसान पार्टीस्तर पर अखरेगा। मई

से अक्टूबर २०१० तक भा.ज.पा. में आश्चर्यजनक, अकल्पित उलटफेर होंगे। किसी प्रदेश में वर्चस्व बढ़ेगा तो किसी में घटेगा। शीर्षस्थ नेताओं ने सूझबूझ से काम लिया तो केन्द्रमें भागीदारी बढ़ सकती है। विघटनकारी तत्त्वोंसे सावधान रहें। दूसरे दलोंका अन्धा नुकरण न करते हुए आगे बढ़ें, अच्छा खासा लाभ होगा। इस वर्ष मीन में रहते हुए गुरु के इस पार्टी की जड़ें मजबूत होंगी। आम चुनाव में हर सम्भव सहयोग मिलेगा।

बहुजन समाजवादी पार्टी– की प्रभाव राशियाँ वृष और कुम्भ कही गई हैं। पार्टी की सुप्रीमो सुश्री मायावती की राशि सिंह में गुरु का वेध २०१० के जनवरी फरवरी मार्च और अप्रैल में रहेगा। शुभ ग्रह बृहस्पति दिसम्बर २००९ से इनकी तरक्की को बल देगा। मई २०१० से ६ मास पर्यन्त इन्हें पुनः अनेक तरह की राजनैतिक उलझनों का सामना करना पड़ेगा। सम्वत् २०६७ के आते-आते उत्तरप्रदेश के मुख्यमन्त्री पद का उत्तरदायित्व संभालने में सशक्त कोकर कामयाब रहेंगी। पार्टी सुप्रीमो नपे तुले कदमों से चलती रहीं, भीतरघात से बची रहीं, निजी सूझबूझ का खुलकर उपयोग करने में सफल रही तो इन्हें अच्छी खासी कामयाबी मिलेगी। दूसरी पार्टियों का विलय बहुजन समाजवादी पार्टी के लिये खतरनाक सिद्धि हो सकता है। २०१० में पार्टी नेतृत्व परिवर्तन का योग भी सबल बन रहा है। 'जगबौराइ राजपद पाए' इस सूत्र का भागीदार इन्हीं की पार्टी का कोई प्रभावी राजनेता बन सकता है।

राष्ट्रीय जनता दल– की प्रभाव राशि तुला है, जिसका स्वामी शुक्र सन् २०१० में खास प्रभावी नहीं है। श्री लालूप्रसाद यादव जी की राशि नायक मंगल वर्षारम्भ से ही नीच राशि में बलहीन चल रहा है। २०१० में मई तक इन्हें मुँह की खानी पड़ सकती है। इस अवधि में इन्हें राजनीतिक, सामाजिक तथा प्राकृतिक कठिनाइयों में से गुजरना पड़ेगा। पार्टी में विघटन उलटफेर से बचे रहना चाहिए।

समाजवादी पार्टी– के सुप्रीमो श्री मुलायमसिंह यादव की राश्यानुसार २०१० में ग्रहचाल पूरी तरह अनुकूल नहीं रहेगी। कन्यागत शनि इन्हें प्रभावित तो करेगा ही, पार्टी की राशि कुम्भ से आठवें स्थान में मानहानि का योग भी बनायेगा॥ समझौते के तहत चलना पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं के लिए फायदे में रहेगा। आस्तीन के छिपे विषधरों से बचे रहने पर अच्छा खासा लाभ होगा।

मिलीजुली सरकार– को झटके तो लगेंगे, मगर सूझबूझ से काम लेने पर बड़ी कामयाबी हासिल होगी। नेतृत्वकर्त्ता बड़े दल को किसी ओछी विचार धारा वाले दल को अलग करना पड़ सकता है। अपस्वार्थ में संलिप्त नेता नीति को भले ही छोड़ दें, मगर सत्ता को छोडने के लिए सहज तैयार नहीं होंगे। देश की चिन्ता नहीं पेट की चिन्ता त्रस्त करेगी।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वेभद्राणिपश्यन्तु मा कश्चिद्दुःखभागभवेत्॥

महापुरुषों के जन्मदिन

जयंती	तिथि		जयंती	तिथि	
डा. हेडगेवार जयंती	१६	मार्च	श्री विश्वेश्वरैया जयंती	१५	सित.
श्री गौत्तम जयंती	१६	"	बाबा रामदेव जयंती	१७	"
श्री झूलेलाल जयंती	१७	"	शहीद भगतसिंहजयंती	२८	"
सन्त पीपा जयंती	३०	"	श्री गांधीजी व शास्त्रीजीजयंती	२	अक्टू.
श्री बल्लभाचार्य जयंती	१०	अप्रैल	श्री अग्रसेन जयंती	८	"
डा. अम्बेडकर जयंती	१४	"	श्री माधवाचार्यजयंती	१७	"
श्री शुकदेव मुनि जयंती	१४	"	महर्षि बाल्मीक जयंती	२२	"
देवदामोदर तिथि असम	१५	"	सरदार पटेल जयंती	३१	"
बाबू कुंवरसिंहज. बिहार	२३	"	स्वा.रामतीर्थ जन्म+मोक्ष	५	नव.
कवि टैगोर जयंती	७	मई	पं.जवाहरलालनेहरु जयंती	१४	"
वीर शिवाजीजयंती	१५	"	कवि कालीदास जयंती	१८	"
आद्य श्रीशंकराचार्य जयंती	१८	"	वीर वैरागी जयंती	१९	"
भक्त सूरदास जयंती	१८	"	श्री निम्बार्काचार्य जयंती	२१	"
श्री रामानुजाचार्यजयंती	१९	"	बाबा सत्यसाई जयंती	२३	"
वीर सावरकर जयंती	२८	"	नरसी मेहता जयंती	१२	दिस.
देवर्षि नारद जयंती	२९	"	श्रीघालदास जयंती	१७	"
महाराणा प्रताप जयंती	१५	जून	श्रीदत्तात्रेय जयंती	२०	"
सन्त कबीर जयंती	२६	"	पं.म.मो.मालवीय जयंती	२५	"
अहिल्याबाई होल्करजयंती	२६	"	श्रीसुभाषचन्दबोस जयंती	२३	जन.
स्वा.कल्याणदेवनिर्वाण शुक्रताल	१३	जुला.	स्वाविवेकानन्द,रामानंदाचार्यज.	२५	"
सांई टेऊरामज.	१७	"	लाला लाजपतराय जयंती	२८	"
लोक. तिलकज., चन्द्रशेखरज.	२३	"	बाबा लालदयाल जयंती	५	फर.
स्वामी करपात्री जयंती	११	अग.	श्री देवनारायण जयंती	१०	"
कवि तुलसीदास जयंती	१६	"	श्री दीनबन्धु एण्डूयूजज.	१२	"
मदर टैरेसा जयंती	२७	"	श्री रामचरणस्नेही जयंती	१७	"
सन्त ज्ञानेश्वर जयंती	२	सित.	भक्त रविदास जयंती	१८	"
गुरु जम्भेश्वर जयंती	२	"	समर्थ गुरुरामदास जयंती	२६	"
डा. राधाकृष्ण जयंती	५	"	महर्षि दयानन्द जयंती	२७	"
सन्त सुथरेशाह जयंती	८	"	श्रीरामकृष्णपरमहंस जयंती	६	मार्च
स्वामी शिवानन्द जयंती	८	"	पं.लेखरामवीर तृतीया	८	"
गोविन्दवल्लभ पंतजयंती	९	"	संत दादूदयाल जयंती	१३	"
श्री विनोबाभावे जयंती	११	"	चैतन्य महाप्रभु जयंती	१९	"
महर्षि दधीच जयंती	१५	"	सन्त तुकाराम जयंती	२१	"

नाड़ीदोष और उसके परिहार

वर्णो वश्यं तथा तारा योनिश्च ग्रह मैत्रकम्।
गणकूटं भकूटं च नाड़ी चैते गुणाधिकाः॥

१ वर्ण, २ वश्य, ३ तारा, ४ योनि, ५ ग्रहमैत्री, ६ गणकूट, ७ राशिकूट और ८ नाड़ी। ये आठ प्रकार के कूट मेलापक में विचारणीय हैं। इनमें क्रमशः एक-एक गुण अधिक होते हुए अष्टकूटों का कुल योग ३६ होता है।

आठवाँ जो नाड़ीकूट है, यहाँ हम उसी पर विचार करते हैं।

आदि नाड़ी- अश्विनी, आर्द्रा, पुनर्वसु, उ.फा., हस्त, ज्येष्ठा, मूल, शतभिषा और पू.भा.। ये ९ नक्षत्र आदि नाड़ी के हैं।

मध्य नाड़ी- भरणी, मृगशिर, पुष्य, पू.फा., चित्रा, अनुराधा, पू.षा., धनिष्ठा और उभा.। ये सभी ९ नक्षत्र मध्य नाड़ी के माने गये हैं।

अन्त्य नाड़ी- कृत्तिका, रोहिणी, श्लेषा, मघा, स्वाती, विशाखा, उ.षा., श्रवण और रेवती। ये ९नक्षत्र अन्त्य नाड़ी के हैं। निम्नचक्रसे आप स्पष्ट जान सकते हैं।

नाड़ी बोधक सर्पाकार चक्र

आदिनाड़ी	मध्यनाड़ी	अन्त्यनाड़ी
अश्विनी	भरणी	कृत्तिका
आर्द्रा	मृगशिर	रोहिणी
पुनर्वसु	पुष्य	श्लेषा
उ.फा.	पू.फा.	मघा
हस्त	चित्रा	स्वाती
ज्येष्ठा	अनुराधा	विशाखा
मूल	पू.षा.	उ.षा.
शतभिषा	धनिष्ठा	श्रवण
पू.भा.	उभा.	रेवती

उपरोक्त सर्पाकार चक्र में अश्विन्यादि २७ नक्षत्रों को त्रिरावृत्ति में बांटकर आदि, मध्य, अन्त्य तीन नाड़ियों का उल्लेख ज्योतिष के लगभग सभी ग्रन्थों में मिलता है और इस सामान्य नियम से सभी परिचित हैं। किसी भी एक नाड़ी में वर-कन्या दोनों के नक्षत्र होने पर कहा जाता है कि इस सम्बन्ध में नाड़ी दोष अत्यन्त भयावह है।

दोनों में से किसी एक की मृत्यु हो जायेगी। सीधे शब्दों में पंचांग देखने वाले द्विजाचार्य बोल देते हैं, उनका इसमें दोष भी क्या है। इस संदर्भ में ज्योतिषीय ग्रन्थों में लिखा भी कुछ ऐसा ही है- **निधनं मध्यम नाड्यां दम्पत्यौर्नैव पार्श्वयोनाड्योः।** ज्योतिष प्रकाश के इस वाक्य में मध्य नाड़ी होने पर दोनों की मृत्यु लिखी है। अन्य मुहूर्त्तग्रन्थ व संहिताओं में तीनो नाड़ियों में कुछ न कुछ परेशानी होनी लिखी है।

निम्नलिखित 'वराह' व 'रत्नकोश' के वचनों पर ध्यान दीजिए-

आद्यैकनाड़ी कुरुते वियोगं मध्याख्यनाड्यामुभयोर्विनाश।
अन्त्या च वैद्यव्यमतीव दुःखं तस्माच्च तिस्त्रःपरिवर्जनीयाः॥

वर-कन्या के नक्षत्र आद्य नाड़ी में होने पर वियोग सहना पड़ता है, अर्थात् दोनों पति-पत्नी किन्हीं कारणवसात् कुछ समय तक अलग-अलग रहते हैं। मध्य नाड़ी में दोनों का विनाश होता है, अर्थात् दोनों की क्षति होती है। अन्त्य नाड़ी में वर-कन्या के नक्षत्र होने पर वैधव्यता (अधिकदुःख) उठाना पड़ता है। इसलिए तीनों का त्याग करना चाहिए।

सा मध्यनाड़ी पुरुषं निहन्ति तत्पार्श्वनाड़ी खलुकन्यकां तु।
आसन्न पर्यायसमागता चेद्वर्षेण साप्यन्तरिता त्रिवर्षैः॥

वशिष्ठजी के अनुसार वर-कन्या के मध्यनाड़ी में नक्षत्र होने पर पुरुष का विनाश और समीप की नाड़ी में कन्या का नाश होता है। और आसन्न पर्यायगत (अर्थात् अश्विनी आर्द्रा या रोहिणी आश्लेषा) में एक वर्ष में तथा एक नाड़ी में दोनों के दूर होने पर तीन वर्ष में फल की प्राप्ति होती है।

अग्रनाड़ी व्यधे भर्त्ता मध्यनाड़ी व्यधे द्वयम्।
पृष्ठनाड़ी व्यधे कन्या म्रियते नात्र संशयः॥

वर-कन्या के नाम नक्षत्र आदि नाड़ी में हो तो वर की हानि, मध्य नाड़ी होने पर दोनों की हानि और अन्त्य नाड़ी में आन पड़े तो कन्या की हानि हो इसमें संशय नहीं। यह रत्नकोश में लिखा है।

एकनाड़िवियोगश्च गुणैः सर्वैःसमन्वितः।
वर्जनीयः प्रयत्नेन दम्पत्योर्निधनप्रदः॥

ऋषि नारद ने कहा है कि मेलापक में वर-कन्या का जन्म नक्षत्र एक नाड़ी में हो तो त्याग करना चाहिए, चाहे सभी गुण क्यों न मिलते हों।

कुछ आचार्य आदि और अन्त्य नाड़ियाँ क्षत्रिय, वैश्य, शूद्रों के लिए हानिकारक नहीं होती, ऐसा कहते हैं और ब्राह्मणों को तीनों नाड़ियाँ त्याज्य हैं। कुछ गौतमी नदी के दक्षिण सम्भागों में ही दोष माना जाए. ऐसा कहते हैं-

करग्रहे पृष्ठनाड्यो न निन्द्ये इति यद्वचः।
तत्क्षत्रियादि विषयं गौतमीयाम्यस्तथा॥

कश्यपजी का कहना है कि नाड़ी दोष सारस्वत, करहाट, कौंकण, चीन और बङ्ग देश को छोड़कर अन्यत्र नहीं मानना चाहिए।

सारस्वत-करहाट-कोंकण-चीन-बगेषु।
नाड़ीवेधश्चिन्त्यः पाणिग्रहे न चान्यत्रैवः॥

कुछ आचार्यों का कहना है कि नाड़ी दोष ब्राह्मणोंको, वर्ण दोष क्षत्रियों को, गण दोष वैश्योंको और योनि दोष शूद्रोंके लिए मान्य है। यथा-

नाड़ी दोषोऽस्ति विप्राणां वर्णदोषोऽस्ति भूभुजाम्।
वैश्यानां गणदोषःस्यात् शूद्राणां योनिदूषणम्॥

नाड़ी दोष के सन्दर्भ में परिहार वाक्य भी बहुत मिलते हैं- **'एकनक्षत्रजातानां नाड़ीदोषो न विद्यते'** शीघ्रबोध के इस वाक्य से स्पष्ट है कि एक नक्षत्र में वर-कन्या दोनों का जन्म हो तो उन्हें नाड़ी दोष नहीं लगता। इसका विरोध दूसरे आचार्य इस तरह करते हैं-

एक गृहसम्भवानां भवति विवाहः सुतार्थसम्पत्त्यै।
यद्युभयोरेकर्क्षं भवति तदा चांशको भिन्न भिन्नः॥
दाम्पत्योरेकनक्षत्रे भिन्नपादे शुभावहम्।
दाम्पत्योरेकपादे तु वर्षान्ते मरणं ध्रुवम्॥

एक नक्षत्र में जन्म होने पर दोनों के नाम अलग-अलग चरणों में पड़ते हो तो शुभ अन्यथा वर-कन्या में किसी का वर्षान्त तक मरण हो। **नक्षत्रैके पादभेदे शुभं स्यात्।** यह मुहूर्त्त चिन्तामणिकार का सूत्र भी बहुत प्रचलित है।

एक नाड़ी विवाहश्च गुणैः सर्वैः समन्वितः।
वर्जनीयः प्रयत्नेन दम्पत्योर्निधनं यतः॥

श्रीनारदजी के कथनानुसार उपयुक्त गुण मिलने पर भी एक नाड़ी के विवाह को प्रयत्नपूर्वक वर्जित कर दें, अन्यथा दम्पत्ति निर्धन रहते हैं।

रोहिण्यार्द्रा- मृगेन्द्राग्नि-पुष्य-श्रवण पौष्णभम्।
अहिर्बुध्न्यर्क्ष मैत्रेषां नाडी दोषो न विद्यते॥

रोहिणी, आर्द्रा, मृग., विशाखा, पुष्य, श्रवण, रेवती, उत्तराभाद्रपद। इन आठ नक्षत्रों में जिसका जन्म होता है, उसे नाड़ी दोष नहीं लगता। इसी सन्दर्भ में मुहूर्त्त चिन्तामणि ग्रन्थ में एक पद्य और मिलता है।

रोहिण्यार्द्रामघेन्द्राग्नी तिष्य श्रवण पौष्णभम्।
उत्तरा प्रोष्ठपाच्चेव नक्षत्रैक्येऽपि शोभनम्॥

इन दोनों में नक्षत्रनाम का भेद है। वैसे दोनों ही पद्य आमतौर पर कहे जाते हैं। यह बात अलग है कि प्राचीन मूल ग्रन्थों में इनका उल्लेख नहीं मिलता, लेकिन हैं तो सही।

नाड़ी दोष के सन्दर्भ- **सारस्वत-करहाट...नाडीदोषोऽस्ति विप्राणां...** यह वाक्य सही प्रतीत नहीं होते, क्योंकि ज्योतिषशास्त्र की रचना किसी एक समाज, प्रदेश या देश, धर्म, जाति अथवा समुदाय विशेष के लिए नहीं हुई, वह तो सार्वभौम जगत् के कल्याणार्थ हुई है।

सर्वप्रथम ब्रह्माजी ने ज्योतिषशास्त्र की रचना की थी, जिससे संसार में सभी प्राणियों के श्रौत (याज्ञादिकर्म) स्मार्त्त (उपनयन विवाहादि) कार्य सुचारुरूप से सही हो सकें-

विनैतदखिलं श्रौतं स्मार्त्तं कर्म न सिद्ध्यति।
तस्माज्जगद्धितायेदं ब्रह्मणा निर्मितं पुरा॥

नाड़ी वर्ण, गण और योनि दोष तो राशियों की वर्ण व्यवस्था पर लागू होते हैं, न कि सामाजिक वर्ण व्यवस्था पर।

कर्कमीनालयो विप्राः सिंहो मेषो धनुर्नृपाः।
कन्यावृषमृगावैश्याःशूद्रा युग्मतुलाघटाः॥

कर्क, मीन, वृश्चिक ये तीन राशियाँ ब्राह्मण वर्ण की हैं, ऐसे ही मेष, सिंह, धनु ये क्षत्रिय वर्ण की कही गई हैं। कन्या, वृष, मकर वैश्य वर्ण की और मिथुन, तुला, कुम्भ शूद्रवर्ण की मानी गई हैं।

नाड़ीदोषोऽस्ति विप्राणां- इस पद्य के गूढ़ रहस्य को न समझते हुए मानव जातियों के ऊपर आरोपित कर दिया गया है। वस्तुतः यह नियम राशियों की वर्ण व्यवस्था पर लागू होता है। जैसे- ब्राह्मण वर्ण की कर्क, वृश्चिक, मीन ये तीन राशियाँ जो ऊपर लिखी हैं, इनमें विहित नाम नक्षत्र वालों पर विशेष रूप से नाड़ी दोष मान्य होगा, शेष राशियों पर नहीं। इस पर सभी विद्वान द्विजाचार्य गम्भीरतापूर्वक विचार करें। अब आपका ध्यान नाड़ी दोष की सूक्ष्मता पर आकर्षित करते हैं। जैसाकि ज्योतिष के प्रणेता पूर्वाचार्योंने दिव्यदृष्टि से निरीक्षण करके लिखा है। नाड़ी नक्षत्र सर्पाकार में होने के कारण श्रीपति लिखते हैं-

नाड्यस्तिस्त्रो न्यस्त निःशेषधिष्ण्याः त्रिभ्यश्चाश्वादिभ्य प्रसूताः।
सर्पाकारस्तत्र नाड़ी समाजः नक्षत्राणामेकराशिस्पृशां स्यात्॥

गतपृष्ठ के चक्र में आदि मध्य अन्त्य जो तीन नाड़ियाँ लिखी हैं, उनमें पड़ने वाले २७ नक्षत्र सर्प की आकृति में हैं। जैसेः- टेढ़ा-मेढ़ा सर्प चलता है, उसी प्रकार नक्षत्र रखे गये हैं। कश्यपजी एक नाड़ी में विहित किन्हीं दो नक्षत्रोंमें अलग-अलग वर-कन्या का जन्म नाम नक्षत्र होने पर मृत्युकारक बतलाते हैं।

रेखास्तिस्त्रो विरच्याशु दस्त्रभाद्यानि विन्यसेत्।
एक रेखास्थयो मृत्युःर्दम्पत्यो जन्मधिष्ण्ययो॥

नाड़ी दोष को नाड़ी वेध भी कहा गया है। नाड़ी की सीध में पड़ने वाले सभी नक्षत्रवेध युक्त कहे गये हैं। विवाह में वर्णित पंचशलाका वेध अभिजित्सहित २८ नक्षत्रों में सीधा-सीधा विभाजित् करके लिखा है। ध्यान रहे- नाड़ी वेध में अभिजित की गणना नहीं होती। तीनों नाड़ियों के चार-चार भाग होने की वजह से इसे द्वादश नाड़ी वेध भी कहा जाता है। नरपति जयाचार्य ग्रन्थ में वर्णित द्वादश नाड़ीचक्र विगत पृष्ठ पर दिया है-

वेधो द्वादशनाडीभिः कर्तव्य पन्नगाकृतौ।

ध्यान दीजिए- सर्पाकार नाड़ीचक्रमें किसी एक नाड़ीमें आने वाले नक्षत्र चरणवेध आद्यांशेन चतुर्थांशं चतुर्थांशेन आदिकम्। द्वितीयेन तृतीयं तु तृतीयेन द्वितीयकम्॥ नियमानुसार विद्ध होने पर ही दोषावह माने जाते हैं, अन्यथा नहीं।

☆ आदि नाड़ी ☆

सर्पाकार चक्र में आदि नाड़ी के अश्विनी, आर्द्रा, उ.फा. ज्येष्ठा और शतभिषा में परस्पर चरण वेध हो रहा है। इसी तरह आर्द्रा, पुनर्वसु, हस्त, मूल और पू.भा. इन पांचों नक्षत्रोंमें चरण नियमेन वेध पूरा-पूरा हो रहा है, जिसे ज्योतिष की दृष्टि से दोषकारक माना गया है।

अश्विनी, पुनर्वसु, हस्त, मूल, पूभा. ये हैं तो आदि नाड़ी के, लेकिन चरण भेद से आपस में विद्ध नहीं हैं। ऐसे ही आर्द्रा, उ.फा., ज्येष्ठा और शतभिषा भी परस्पर वेध रहित होने के कारण दोष मुक्त कहे जा सकते हैं।

आदि नाड़ी पादवेध ज्ञानार्थ चक्रम्

आदि नाड़ी	अश्वि.१	आर्द्रा४	पुन.१	उफा.४	हस्त१	ज्ये.४	मूल१	शत.४	पूभा.१
	२	३	२	३	२	३	२	३	२
	३	२	३	२	३	२	३	२	३
	४	१	४	१	४	१	४	१	४

आदि नाड़ी के अश्विनी, पुनर्वसु, हस्त, मूल, पू.भा., इन पांच नक्षत्रों में से किसी नक्षत्र में लड़का अथवा लड़की का जन्म हुआ हो, उनमें नाड़ीदोष नहीं माना जाना चाहिए। उपरोक्त चक्र से स्पष्ट जान सकते हैं। यदि नाड़ीपाद वेध को गम्भीरतापूर्वक विचारकर सभी विद्वान निर्णय करें, तो इस भयावह दोष से अर्धाधिक मुक्ति मिल जायेगी। **यथो भाशव्ययश्चैवं जायते वर-कन्ययोः। तयोर्मृत्युर्नसंदेहः शेषांशाः स्वल्पदोषदाः॥** यह वाक्य (नरपतिजयाचार्या) का तभी सत्य सिद्धि होगा, जब इसे सभी स्वीकार करने लगें।

☆ मध्य नाड़ी ☆

मध्य नाड़ी में भरणी, मृगशिर, पू.फा., अनुराधा और धनिष्ठा का चरण नियमेन परस्पर वेध हो रहा है। ऐसे ही मृगशिर, पुष्य, चित्रा, पूषा. और उ.भा. का वेध हो रहा है। वेधरहित नक्षत्र भरणी, पुष्य, चित्रा, पूषा. और उ.भा., मृगशिर, पू.फा., अनुराधा और धनिष्ठा हैं, ऊपर गिनाये गये सभी नक्षत्र हैं तो मध्यनाड़ी के लेकिन कम दोषावह माने जाएंगे, क्योंकि परस्पर चरण नियमेन विद्ध नहीं हैं। निम्नचक्र से स्पष्ट जान लें।

मध्य नाड़ी पादवेध ज्ञानार्थ चक्रम्

मध्य नाड़ी	भर.१	मृग.४	पुष्य१	पूफा.४	चि.१	अनु.४	पूषा.१	धनि.४	उभा.१
	२	३	२	३	२	३	२	३	२
	३	२	३	२	३	२	३	२	३
	४	१	४	१	४	१	४	१	४

☆ अन्त्य नाड़ी ☆

अन्त्य नाड़ी चक्र में कृत्तिका, रोहिणी, मघा, विशाखा और श्रवण नक्षत्र का चरण नियमेन परस्पर वेध हो रहा है। ऐसे ही रोहिणी, आश्लेषा, स्वाती, उषा. और रेवती का परस्पर वेध हो रहा है। इनमें जन्म लेने वाले जातकों को नाड़ीदोष कहा जा सकता है। वेधरहित नक्षत्र- कृत्तिका, आश्लेषा, स्वाती, उ.षा. और रेवती हैं। ऐसे ही- रोहिणी, मघा, विशाखा और श्रवण हैं, जो कि नाड़ीदोष की भयावहता से मुक्त कहे जा सकते हैं। नीचे लिखे चक्र से अच्छी तरह समझ सकते हैं।

अन्त्य नाड़ी पादवेध ज्ञानार्थ चक्रम्

अन्त्य नाड़ी	कृत्ति.१	रोहि.४	श्ले.१	मघा४	स्वा.१	विशा.४	उषा.१	श्रव.४	रेव.१
	२	३	२	३	२	३	२	३	२
	३	२	३	२	३	२	३	२	३
	४	१	४	१	४	१	४	१	४

नाड़ीदोष के परिहार वाक्य

वर-कन्या की राशि एक हो और नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों, अथवा नक्षत्र एक होते हुए राशियाँ अलग-अलग हों तो आचार्य बृहस्पतिके अनुसार नाड़ीदोष मान्यनहींहोता-

एकराशौ पृथग्धिष्ण्ये पृथग्राशौ तथैक भे।
गणं नाड़ीं नृदूरं ग्रहवैरं न चिन्तयेत्॥

मुहूर्त्त चिन्तामणि में लिखा है दोनों की राशि एक हो और नक्षत्र भिन्न-भिन्न हो तथा नक्षत्र एक होते हुए राशियाँ अलग-अलग हों तो नाड़ी दोष एवं गण दोष मान्य नहीं होता। यदि वर-कन्या का जन्मनक्षत्र एक हो उसके अलग-अलग चरणों में जन्म हुआ हो तब तो नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है-

राश्यैक्ये चेद्भिन्नमृक्षं द्वयोःस्यान्नक्षत्रैक्ये राशियुग्मं तथैव।
नाड़ीदोषो नो गणानां च दोषो नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभंस्यात्॥

किसी एक नाड़ी के नक्षत्रों में भले ही जन्म क्यों न हुआ हो, दोष तो तभी मान्य होगा, जब नक्षत्र चरण नियमेन परस्पर एक-दूसरे से विद्ध होंगे। पादवेध न हो तो एक नाड़ीमें पड़ने वाले नक्षत्रोंमें भी दोष नहीं माना जाता है। तभी किसी आचार्य ने लिखा है-

'एक नक्षत्र जातानां नाड़ी दोषो न विद्यते'

यह परिहार वाक्य स्वतः सिद्धि है, क्योंकि किसी भी एक नक्षत्र में जन्म होने पर वेध या पादवेध का विचार तो हो ही नहीं सकता।

मुहूर्त्तचिन्तामणि के विवाहप्रकरण में लिखा है कि नाड़ीदोष शान्ति हेतु मृत्युञ्जय मन्त्र का सविधि जाप सुयोग्य द्विजाचार्य से तर्पण, पूजन, रुद्राभिषेक दक्षिण में सोना या सुनार के हाथ से निर्मित कोई चीज अथवा सोने से सींग मढ़े हुए सवत्सा गो का दान, अन्न वस्त्रादि का दान सभी दोषों का हरण करके सुख प्रदान करता है।

दोषापनुत्तये नाड्यामृत्युञ्जयजपादिकम्। विधाय ब्राह्मणांश्चैवं तर्पयेत्काञ्चनादिना॥
हिरण्यमयी दक्षिणां च दद्याद्वर्णादिकूटके। गावोऽन्नं वसनं हेम सर्वदोषपहारकम्॥

विदुषामनुचरः पं. प्रेमपाल कौशिक ज्योतिषाचार्य

सामूहिक व्यापार भविष्य संवत् 2067

श्री गुरुचरणों की वन्दना करते हुए पिता श्री ओंकार प्रसाद जी को नमनकर व्यापारियों के हितार्थ सामूहिक रूप से हाजिर व वायदा वस्तुओं पर तेजीमन्दी परिलेख कर रहा हूँ। आशा है व्यापारी बन्धु लाभान्वित होंगे।

सम्वत् २०६७ में राजा मंगल, मन्त्री बुध, सस्येश शुक्र, धान्येश गुरु, मेघेश भौम, रसेश रवि, नीरसेश शुक्र, फलेशचन्द्र, धनेश गुरु, दुर्गेशचन्द्र आकाशीय काउंसिल का कार्यसंचालन करेंगे। प्रजा पर सख्ती, वर्षा की खेंचतान, जनता पर टैक्स की मार, देशभक्ति में कमी, शत्रुप्रकोप, दुर्गभेद की हलचल होगी। कुलमिलाकर तेजी का रुख कायम रहेगा।

चैत्र शुक्लपक्ष १६ से ३० मार्च व्यापार भविष्य

इस पक्ष में ३ मंगलवार व्यापारिक वस्तुओं में तेजी को बढ़ावा देंगे। ता.२७ मार्च तक बुधास्त मन्दीकारक है। विशेष रूप से गेंहू, चना, बाजरा, क्रूडआयल, मेंथा, जूट, पाट, वारदाना, कॉपर, जिंक, लैड, निकिल के भाव पड़े रह सकते हैं। लौहपदार्थो में तेजी का ट्रेंड रहेगा। वायदा मार्केटों में १७ मार्च को विशेष रूप से सोना, चांदी, तांबा, क्रूडआयल, जिंक, लैड, ग्वार, चना, गुड़, जूट के ता.१६ के बने ऊंचे भाव से जिस वस्तु के भाव कटे, तब उसी वस्तु में ४ दिन तूफानी तेजी की चाल चलेगी। सरसों, सोयाबीन व तेल के वायदा मार्केटों में जोरदार तेजी १७ से १९ मार्च तक चलेगी। अगर १७ मार्च को १६ के बने नीचे भाव से मार्केट ५० पैसे से ऊपर टूट जाए तब मन्दी जाननी चाहिए। काले रंग की वस्तुएं लोहा, सरिया, उरद, लौंग, इलायची, कालीमिर्च आदि के भावों में पंचमी से विपरीति रुख बनेगा। ता.२७ से ३० मार्च जोरदार तेजी का प्रभाव गुड़, खांड, चीनी, चावल, चांदी, कपूर, ग्वार, जीरा, अजवायन के हाजिर मार्केटों पर पड़ेगा। वायदा मार्कीटों में अष्टमी तक जो चाल चले तब उसके विपरीत नौमी से पूर्णिमा तक जानें। हल्दी, खल, बिनौला, सरसों, ग्वार, चना, गुड़, कोपर, सोना, तांबा, जिंक में विशेष चाल चलेगी। अष्टमी में नवमी के लिए दुतरफा बोली भी लगानी चाहिए।

प्र.वैशाख ३१मार्च से २८अप्रैल व्यापार भविष्य

प्र.वैशाख वदी में एक ही हानि नौमी की वृद्धि हो रही है। माह में पांच मंगल एवं पांच बुधवार हैं। मंगलवारों का प्रभाव हाजिर मार्केटों पर विशेष तेजी का होगा। बुधवारों का समान रहेगा। कुलमिलाकर स्थिति तेजी में रहेगी। फसल की वस्तुओं का स्टाक करना, ज्वार, बाजरा, गेंहू, चना स्टॉक से फायदा उठाना। आलू फलों का दो माह में लाभ होगा। पांच मंगलवार साइलेंट मोड़ में है। वैशाख वदी २ रेवती में सूर्य प्रवेश जोरदार चाल देने वाला होगा। सोना, चांदी, रूई, कपास, तांबा, सरसों, चना, गुड़, चीनी, गेंहू के भावों में तेजी की चाल दो माह में ही बनेगी। पिछले मास की सुपीरियर चाल प्र. वैशाख मास में चलेगी। व्यापारियों को चेतावनी है कि जिन वस्तुओंमें पिछले संवत् तेजी बन चुकी है, उनका इस वर्ष स्टाक न करें। ता.१४ अप्रैल की मेषसंक्रांति कपास, रूई, गुड़, खांड, शक्कर, तिल, तेल, सरसों, सोयाबीन, तेल, सोना, चांदी, जिंक, लैड, कोपर, नारियल, सुपारी के भावों में तेजी और गेंहू, चना, मटर, बाजरा, जौं, उरद, अरहर, मूंग, धान में मन्दीकारक है। यह चाल पहले वैशाख में रहेगी। इस माह वायदा मार्केटों में जोरदार चांस है। ता.१४ अप्रैल को सरसों, सोयाबीन, गुड, धनिया, जीरा, हल्दी, सोना, चांदी, तांबा, जिंक, लैड, क्रूडआयल, वायदामार्केटों में खरीदकर सप्ताह से पहले ही मोटा लाभ उठाया जा सकता है। नोट- संक्रांति दिन १३ अप्रैल के बने भाव ऊपर लिखित जिन वस्तुओं के टूट जाएं उसी में मन्दी सप्ताहान्त तक चलेगी।

प्र.वैशाख शुदी ६ बुधास्त गेंहू, जौं, चना, रूई, कपास, सूत, सन, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, जिंक, लैड, क्रूड, आयल के दामों में मन्दी का ट्रेंड बनायेगा। वृष का शुक्र रूई, कपास में अच्छी मन्दी लायेगा। धान्यों में तेजी को बल देगा। सोना, चांदी में घटा-बढ़ी करके तेजी करेगा। कुछ वस्तुओं में दुतरफा चाल चलेगी। १५ से २० अप्रैल के बीच बने हाइएस्ट भाव से बाद में मार्कीट बढ़ेगा ७ मई तक। उपरोक्त चांस का प्रभाव जीरा, धनिया, मेंथा, आयल, उरद, मूंग, मसूर, मोंठ के हाजिर व वायदा मार्केटों पर भी पड़ेगा। १४ अप्रैल से गुड़, खांड, चीनी, तिल, तेल, सोयाबीन, सरसों, क्रूड, पामआयल, अलसी, तिल के भावों पर तेजी का असर रहेगा। वायदा व्यापारियों के लिए २४ अप्रैल १० बजे से सोना, चांदी, गुड, निकिल, कोपर, जिंक, रूई, कपास, खल, बिनौला, क्रूडआयल, चना, ग्वार, खरीदकर ४ दिन में मोटा लाभ कमाने का चांस बनेगा। अगर २४ अप्रैल को २३ के बने भाव से मार्केट टूट जाए तब मन्दी उसमें चार दिन चलेगी।

द्वि.वैशाख २९ अप्रैल से २७ मई व्यापारभविष्य

माह पांच गुरुवार वदी में द्वादशी की वृद्धि शुदी में एकम चतुर्दशी का क्षयः विषम परिस्थिति का संकेत तेजीकारक है। गुरुवार मन्दीकारक है। व्यापार में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। वदी में वक्री बुध के प्रभाव से जौं, गुड, खांड, घी, तेल, तिल, सरसों, में मन्दी चांदी में विशेष मन्दी जानें। नोट- ३० अपैल को २९ के भाव टूटें, तब मंदी नहीं होगी। मन्दी चलने पर ७ मई तक रहेगी। मीन का गुरु हल्दी, सोना, मूंग, पीली वस्तुओं में तेजी करेगा। ता.७ मई दोपहर बाद दुतरफा गली लगानी लाभप्रद रहेगी। अमावस्या वृष संक्रांति विशेष तेजीकारक है। सरसों, तिल, तेल, घी के भावों में मन्दी होकर तेजी माह के अन्त में बनेगी। गेंहू, गुड, खांड, शक्कर, उरद, मोंठ, नारियल, सुपारी का स्टाक तीन माह तक आपको लाभ देगा।

द्वि.वैशाख शुदी में लोहा व काले रंग की वस्तुऐं, आयरन, स्टील के स्क्रेप में विशेष तेजी की चाल २५ मई तक चलेगी। ता.२६ मई सोना, चांदी, तांबा, पीतल, निकिल, जिंक, लालमिर्च, गुड, खांड, शक्कर, रूई, अलसी के भावों में विशेष तेजी ड़ेढ माह तक करेगा। वायदा वस्तुओं में धमाके दार चांस हैं। लिखित वस्तुऐं खरीदें और नेचुरल गैस, क्रूड आयल, कालीमिर्च, चना लेकर सप्ताह में लाभ उठा लेवें। २६ मई को २५ के बने नीचे भाव जिस वस्तु में टूट जाएं तब उसी में मन्दी जानकर व्यापार करें। तेजी के लिए विपरीति जानें। मन्दी में चीजों का स्टाक करना चाहिए।

ज्येष्ठमास २८ मई से २६जून व्यापार भविष्य

इस माह में पांच शुक्रवार तथा शनिवार हैं व्यापारिक

वस्तुओं में घट-बढ़ के साथ मन्दी का रुझान बनेगा। मन्दी के रिएक्शन आने पर खरीदकर तेजी आने पर लाभ उठाना चाहिए। कुल मिलाकर स्थिति तेजीकारक ही होगी। ज्येष्ठ बादी तीज को शनि का मार्गी होना रसपदार्थों, सरसों, तिल, तेल, कर्पूर, सोयाबीन, अलसी, सोयातेल के हाजिर व वायदा मार्केटों में मन्दीकारक है। कालीमिर्च, जीरा, लोहा, जिंक, लैड में मंदी होगी। यह चाल पन्द्रह दिन में अपना प्रभाव दिखयेगी। ४ जून को कृत्तिका में बुध गुड़, खांड, चावल, चना व धान्यों में तेजी को बढ़ायेगा। ज्येष्ठ वदी द्वादशी को कर्क में शुक्र से गुड़, खांड, शक्कर, घी, तेल, सरसों, सोयाबीन में अच्छी तेजी ज्येष्ठ मास में चलती रहेगी। ता.१० जून को ९ के बने ऊंचे भाव से जिस हाजिर या वायदा वस्तु में भाव न बढ़ें और ९ जून के बने नीचे भाव से टूट जाएें, तब तुरन्त बेचकर एक सप्ताह में ही मोटा लाभ उठाया जा सकता है। गुड़, सरसों, सोयाबीन, ग्वार, चना, सोयातेल, लोहा, सोना, चांदी, तांबा, क्रूडआयल, नेचुरलगैस, आलू, गेंहू, जिंक के वायदा में विशेष ध्यान रखें। यदि ऊंचे भाव कटें, तब ही तेजी का व्यापार भी करें।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष में लाल-काले रंग की वस्तुओं में विशेष तेजी का चक्र चलेगा। साथ ही रूई, कपास, पाट, वारदाना, सूत, रेशम, लोहा, सरसों, गुड़, खांड, चीनी, तिल, तेल, घी, उरद, मूंग, चावल, गेंहू, चना, अरहर, मोंठ के भावों में विशेष तेजी का प्रभाव बनेगा। इनमें अच्छी तेजी २२ दिन में ही आ लेगी। मंगल गुरु का षडाष्टक योग पीले रंग के पदार्थों में तूफानी तेजी का बिगुल बजायेगा। ज्येष्ठ शुदी पंचमी को बुधास्त विशेष तेजीकारक है। यह तेजी रूई, सूत, कपास, गेंहू, जौं, चना, मटर, मूंग, मोठ, सोना, चांदी, पाट, हैसियन, वारदाना, गुड़ के भावों होगी। ता.१४ जून से १७ के बीच बने लोएस्ट भाव से १७ जून को या बाद में जिस ऊपर लिखी वस्तु के भाव टूट जाएं, तब उसी में विशेष मन्दी ज्येष्ठ मास में ही चल पड़ेगी। १४-१५ जून विशेष मंदी बाद में चाल पलट जायेगी। ता.१४ व १५ जून में तेजी रह जाय तब तो १६ से १८ तक विशेष मंदी चलेगी। निफ्टी में १४ से १५ जून में तेजी होकर १६ से १८ में मंदी होगी। विपरीत में विपरीत चाल चलेगी। २३ जून से सोना, चांदी, रूई, खल, बिनौला में जोरदार मंदी १८ दिन चलेगी। ता.१८ जून को प्रातः १९ के लिए रूई, कपास, जूट, पाट, वारदाना, सोना, चांदी, गुड़, चना, तांबा में दुतरफा गली लगाना लाभ देगा।

आषाढ़मास २७जून से २६जुलाई तक व्यापारभविष्य

इस माह में पांच रविवार व सोमवार हैं। २९ जून तक इंफीरियर लाईन चलकर बाद में चाल पलट जायेगी। कुल मिलाकर सुपीरियर लाइन चालू हो जायेगी। यहीं से अधिकांश वायदा व हाजिर मार्केट भी पलटी खा जायेंगे। सुपीरियर लाइन के प्रभाव से मंदी का प्रभाव बढ़ जायेगा। जिन वस्तुओं में ता. २९ जून तक जोरदार तेजी आई हो, उनमें बेचकर ही काम करें। उछाले को देखकर धनी तेजी में न आयें, बल्कि विपरीत व्यापार करके लाभ उठाया जा सकता है। विशेष रूप से सोना, चांदी, तांबा, जिंक, लैड, निकिल, लोहा, चना, कालीमिर्च, जीरा, धनिया, लालमिर्च, गुड, चीनी, ग्वार के वायदा मार्केटों में ता.२९ जून तक बने ऊंचे भाव से ऊपर की स्टापलास लगाकर ऊंचे भाव के आसपास बिकवाली करना लाभप्रद होगा। २९ जून से ता.९ जुलाई तक जोरदार मन्दी की चाल चलने की धारणा है। हालांकि ता.३० जून से ४ दिन में ही मोटा लाभ प्राप्त होने के चांस हैं। ५ जुलाई सिंह में शुक्र से सोना, चांदी, तांबा, गेंहू, जौं, चना, लालमिर्च, मजीठ में तेजीकारक है। १० जुलाई को बुधोदय ६ मास तक व्यापारिक वस्तुओं में घटा-बढ़ी का कारक है।

आषाढ़शुदी में चन्द्रदर्शन तेजीकारक है, लेकिन गुड़, खांड, चीनी, शक्कर के भाव सम रहेंगे। गेंहू, जौं, चना, मटर, उरद, मूंग, मोंठ के भावों में मंदी का प्रभाव बनेगा। वायदा मार्केटों में यहाँ विशेष चाल सम्भव होगी। १४ जुलाई से सोना, हल्दी, पीतल, गेंहू, जौं, पीलेरंग के पदार्थों में तूफानी तेजी की चाल चलेगी। ग्वार, सरसों, सोयाबीन, निफ्टी, लोहा, लाल-कालीमिर्च, जीरा, धनिया में मंदी की चाल सप्ताहान्त तक चलने की धारणा है। अगर १४ जुला. को १३ के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ जाए, तब खरीदकर तीन दिन में ही लाभ उठायें। इसी प्रकार अगर १४ जुला. को ता.१३ के बने नीचे भाव जिस वस्तु के टूट जाए तब बेचो और मन्दी ही रहे तब आगे एक सप्ताह में लाभ उठायें। १६ जुला. की शाम को दुतरफा गली सोना, चांदी, तांबा, लोहा, हल्दी, गुड, सोयाबीन, अरन्डी, क्रूड-पाम आयल, खल, बिनौला, कपास में लगाना लाभप्रद होगा। ता.२० जुलाई कन्या का मंगल विशेष व तूफानी चाल देगा। रूई, सूत, पाट, वारदाना, हैसियन, लालमिर्च, सोना, चांदी, तांबा, निकिल, जिंक, अलसी के भावों में तेजीकारक है। अगर ये वस्तुएं मन्दी में नीचे स्तर पर मिले तब स्टाक कर डेढ माह में मोटा लाभ संभव है। सूर्य १४ से १९ जुलाई वर्गोत्तम में चलेंगे, जिसके प्रभाव से तूफानी चाल मणि, मोती, तांबा, सोना, रेशम, धान्य, कड़वी वस्तुएं, आयुधनिर्माण में प्रयुक्त होने वाले पदार्थ, यूरेनियम, सरसों, सोयाबीन, लालरंग की सभी वस्तुएं विशेष तेजी पकडेंगी। ता.२३ जुलाई को वक्री गुरु गुड, चीनी, शक्कर, चावल, पाट, वारदाना, सरसों, अलसी, अरन्डी, रूई, कपास, नमक, घी, तेल, सोयाबीन के भावों में जोरदार तेजी लम्बी चलने की धारणा है। अतः नीचे भाव मिलने पर स्टाक करके तीन माह में मोटा लाभ उठा लेवें।

श्रावणमास २७ जुलाई से २४अगस्त व्यापारभविष्य

श्रावण में पांच मंगलवार तूफानी तेजीकारक हैं। सरसों, सोयाबीन, तिल, तेल, घी, सोना, चांदी, तांबा, अरण्डी, अलसी, पामआयल, गुड़, खांड, चीनी, रूई, कपास के भावों में तेजी चलने की धारणा है। श्रावण वदी छठ रविवार को कन्या का शुक्र गेंहू, जौं, चना, बाजरा, गुड, खांड, ऊनीवस्त्रों में विशेष तेजीकारक है। अतः ऊन का स्टाक आगामी सीजन के लिए नीचे स्तर के भावों पर करें। ता.२८ जुलाई से सरसों, सोयातेल, ग्वार, चना, जूट, सोना, चांदी, तांबा, क्रूडआयल, मेंथा, नेचूरल गैस में विशेष तेजी ता.३० तक चलेगी। ३१ जुलाई से ४ अगस्त तक जोरदार मन्दी होगी। जिस वस्तु में ता.२८ को २७ के बने नीचे भाव से मार्केट टूट जाए तब मन्दी का चांस ३० जुलाई तक समझना। ता.३१ को ३० जुलाई के बने ऊंचे भाव से मार्केट के बढ़ने पर तेजी का चांस ४अगस्त तक समझकर व्यापार करें।

श्रावण शुदी प्रतिपदा क्षयः तेजी की चाल में आग में घी का काम करेगी। हस्तनक्षत्रमें शुक्र चांदी, रूई, कपास, धान,

चावल के भावों में मन्दी करेगा। सोना के भाव घट-बढ़ के साथ साधारण तेजी में चलेंगे। गुड, खांड में घटा-बढ़ी होगी। श्रावण शुदी सप्तमी को सिंह संक्रांति भावों में अधिक उठापटक नहीं करेगी। गेंहू, जौं, चना, ग्वार, बाजरा में नरमी होगी। सोना, चांदी, शेयर मार्केट, निफ्टी के भाव विशेष तेज होने की धारणा है। गुड़, खांड, रूई, तांबा, सरसों, सोयातेल, हीरा, नीलम, पुखराज आदि रत्नों में तेजी की चाल चलेगी। श्रावण शुदी दोज बुधवारी तूफानी तेजीकारक है। विशेषरूप से गुड़, खांड, सोना, चांदी, सोयातेल, सरसों, अरण्डी, क्रूड पाम आयल, घी, ग्वार, चना, खलबिनौला, जीरा, कालीमिर्च, हल्दी के भावों में ११ अगस्त से जोरदार तेजी १६ अगस्त तक चलेगी। अगर ११ अगस्त को ता.१० के बने नीचे भाव से मार्केट टूट जाए तब मन्दी की धारणा बनाकर उसी वस्तु में एक सप्ताह में लाभ उठा लेना। साथ ही ता.११ अगस्त को १२ के लिए दुतरफा गली लगाना लाभप्रद होगा।

भाद्रपद २५अगस्त से २३सित. तक व्यापारभविष्य

भाद्रपद में पांच बुधवार, पांच गुरुवार हैं, जो बहुधा वस्तुओं में मन्दी का संकेत देते हैं। भादों वदी दशमी तक सुपीरियर लाइन चलकर बाद में इंफीरियर लाइन चलेगी। यह इंफीरियर लाइन धमाके के साथ पिछली चाल को पलट देगी। खासतौर से वायदा वस्तुओं में चाल पलट जायेगी। अर्थात् ता.४ सितम्बर के बाद से जिन वस्तुओं में तेजी चली आ रही हो, उनमें मन्दी और जिन वस्तुओं में मन्दी चली आ रही हो, उनमें तेजी चल पड़ेगी। एटमबम चांस- ता.६सित. से रूई, कपास, खलबिनौला, सूत, उरद, मूंग, गुड, सोना, चांदी, तांबा, लोहा, जिंक, लैड, जूट, पाट, मूंगफली, सोयातेल, सरसों, क्रूडआयल, गेंहू, चना के वायदा मार्केटों में तूफानी तेजी का चांस सम्पन्न होगा। साथ में यह विशेष ध्यान रखें कि जिस वस्तु में ता.६सित.को ४ सित. के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे, उसी में तूफानी मन्दी की चाल भादों शुदी दोज तक चलेगी और जिस वस्तु में भी ता.६ को ता.४ सित. के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ेगा, तब उसी वस्तु में तेजी बन जायेगी। अतः मन्दी का चक्र चले तब लम्बी मन्दी भी खिंच सकती है। इस वर्ष जन्माष्टमी रोहिणी नक्षत्र का होना शुभ है। गेंहू, ग्वार, ज्वार, बाजरा, जौं, सोंठ, जीरा, धनिया, कालीमिर्च, दाख, हल्दी, गुड, तिल, तेल का स्टाक करके लाभ होगा। बदी अष्टमी से दो दिन में भाव नरम रहे तब स्टाक न करना। वदी तृतीया को बुधास्त होना तूफानी चाल देने वाला होगा। यहाँ पर ता.२८ अगस्त से रूई, पाट, जूट, क्रूडआयल, कापर, सोना, चांदी, गुड, तांबा, जिंक तेज होंगे। ता.२८ अगस्त को २७ के बने ऊंचे भाव से मार्केट न बढ़े और नीचे बने भाव से टूट जाएं तब नरमी का चांस ही ४ सितम्बर तक चलेगा।

भाद्रपद शुदी में दोज को बुधोदय तिथियों का घटना-बढ़ना पहले मन्दी होकर तेजी का सूचक है, अतः जो वस्तु पक्ष के प्रारम्भ में मन्दी हो उसमें तेजी का दौर आरम्भ होगा। धारणा- भाद्रपद शुदी चतुर्थी से हाजिर व वायदा में लोहा, ऐंगल, सरिया, जूट, जीरा, धनिया, सरसों, सोयाबीन, सोना, चांदी, कापर, निकिल, नेचुरलगैस के मार्केटों में तेजी होगी। जिस वस्तु के ता.१०सित. को बने नीचे भाव से मार्केट ता.११ को टूट जाएं, उनमें मन्दी की चाल चलेगी। यह चाल भाद्रपद माह के अन्त तक चलने की धारणा है। ता.१६ सितम्बर कन्या संक्रान्ति के प्रभाव से सेंसेक्स, निफ्टी, सोना, चांदी, तांबा, लोहा, पीतल, सरसों, तिल, तेल, अरण्डी, सोयाबीन, नारियल, सुपारी, काजू, अखरोट, बादाम, किशमिश, गोला, सूत, वस्त्रों के भावों में मन्दी की चाल एक माह चलने की धारणा है। शनि का अस्त होना उपरोक्त के विपरीत प्रभावकारी है। विशेषरूप से सोना, चांदी, शेयरमार्केट, गेंहू, जौं, चना, मटर, उरद, मूंग, बाजरा, मोंठ, ज्वार, ग्वार, रूई, अरन्डी, जूट, पाट, वारदाना में तेजी घट-बढ़ के साथ चलने की धारणा बनेगी। ता.११ सित.से १६ के बीच बने लोएस्ट भाव से ता.१७ को या बाद में मार्केट टूट जाए तब मन्दी की धारणा बनकर २३ सित. तक व्यापार करें। ता.१७ सित. को रूई, कपास, चांदी, सोना, गुड, हल्दी, जूट में दुतरफा गली लगाएं।

आश्विन २४सित.से २३अक्टू.तक व्यापारभविष्य

आश्विन में पांच शुक्रवार व्यापारिक तथा रस पदार्थों में मन्दीकारक हैं। पांच शनिवार तेजी के प्रभाव को बढ़ाने वाले हैं। निष्कर्षरूप में मन्दी का प्रभाव ही रहेगा, क्योंकि गुरु मंगल का षडाष्टक योग शनि सूर्य का गुरु के साथ समसप्तक योग विशेष मन्दी को प्रोत्साहन देगा। आश्विन बदी चतुर्थी हस्त में सूर्य से जौं, गेंहू, चना, गुड, खांड, सूत, जूट, हल्दी, कपास, रूई, जीरा, धनिया में तेजीकारक है। ता.३०सित. कन्या में बुध तूफानी मन्दीकारक हैं। मूंग, ज्वार, मटर, अरहर, चना, उरद, वनस्पति, हरे रंग की वस्तु, सरसों, तिल, तेल, सोयाबीन, धनिया, जीरा, मटर, ऊन, चमड़ा, कालानमक, सोना, लालरंगके पदार्थ, चिकने पदार्थ, गेंहू आदि के भाव मन्दी में चलेंगे। रूई, गुड़, खांड, कपास, चांदी में भी नरमी रहने की धारणा है। गेंहू, जौं, चना, मटर, धान्यों तथा गुड, खांड, चीनी में विशेष मन्दीकारक योग है। यह मन्दी पूरे महीने चलेगी। वायदा वस्तुओं पर मन्दी का भयंकर प्रभाव देखने में आयेगा।

ता.१ अक्टू.से २२ तक जोरदार मन्दी सोना, चांदी, रूई, कपास, गुड, खांड, चीनी, जिंक, लैड, क्रूडआयल, जीरा, धनिया, कालीमिर्च, हल्दी, जूट, पाट, वारदाना, में भी चलेगी। जिस वायदा मार्केट में ता.१अक्टू. से ३०सित. के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ेगा, तब उसी में तेजी ता.५ अक्टू. तक चलेगी। बाद में ता.५ व ६ के बीच बने हाईस्ट भाव से जिस वस्तु के भाव बढ़ जाऐं उसमें खरीदकर ता. ८ अक्टू. तक व्यापार करें। आश्विन शुदी दशमी रविवार तुला में सूर्य से गेंहू, जौं, चना अनाजों के भावों में जोरदार तेजी होगी। सोना में भी तेजी का धारणा बनेगी। सुपारी, लालचन्दन, नारियल, गोला के भाव भी तेज होंगे। अगर ता. १८ अक्टू. को १६ के बने ऊंचे भाव क्रास हो जाएं तब तेजी ही स्थौर जानना। नीचे भाव कटने पर मन्दी की चाल ही चलती रहेगी। ता.१९ वृश्चिक में मंगल सोना, चांदी, रूई, कपास में तेजीकारक है। ता.१९ अक्टू. शनि उदय वायदा मार्केटों में भारी उथल-पुथल कारक है। उरद, सरसों, अलसी, अरन्ड, तिल, तेल, सोया, गुड, चीनी तेजी होगी। शेयर में जोरदार तेजी अगले माह में प्रवेश कर जायेगी। वायदा वस्तुओं में जिंक, लैड, निकिल, सोना, चांदी, कापर, ग्वार, हल्दी में ता.२० अक्टू. की चालू चाल ता.२१

अक्टू. तक चलेगी। अगर ता.२० अक्टू.को १९ के बने भाव ऊंचे से मार्केट बढ़ेगा तब पक्की तेजी २९ तक चलेगी। ता. २०अक्टू. को २१ की दुतरफा गली लगाना।

कार्तिक २४ अक्टू. से २१ नव. व्यापारभविष्य

कार्तिक वदी प्रतिपदा स्वाती में सूर्य ता.१ नव. को कुम्भ में गुरु का प्रवेश ता.४ को वृश्चिक मे बुध, ता.७ बुध उदय, ता.१६ को वृश्चिक संक्रांति का लगना, ता.२० को गुरु मार्गी होना विशेष ग्रह परिवर्तन के योग हैं। कार्तिक में प्रथम पक्ष मन्दीकारक व द्वितीय पक्ष विशेष तेजीकारक रहेंगे। वदी में स्वाती का सूर्य सोना, चांदी, रूई, सूत, कपास, खल, बिनौला, गुड, खांड, सुपारी, मिर्च, सरसों, राई, हींग, अलसी के भावों में तेजीकारक है। जिस वस्तु के भाव ता. २४ से बढ़ें व २३ अक्टू. के बीच बने लोएस्ट भाव से ता. २५ को या बाद में टूटेगा उसी में पूरे वदी पक्ष में मन्दीकारक होगा। पंचमी गुरुवारी आर्द्रा नक्षत्र युक्त होने से पशुचारा के भावों में तेजी होगी। धान्यों के भाव मन्दे होंगे। कार्तिक वदी त्रयोदशी को गेंहू, जौं, चना, बाजरा, घी, सरसों, तिल, सोयाबीन, सोयातेल, तिल में मन्दी की चाल जारी रहेगी। सोना, चांदी में स्थिरता रहने की धारणा है। वायदा मार्केटों में ता.२ नव. के बाद तूफानी चाल बनेगी। खासतौर से सोना, चांदी, तांबा, पीतल, लोहा, क्रूडआयल, जिंक, निफ्टीशेयर्स, सोयातेल, सरसों, सोयाबीन, जीरा, ग्वार में विशेष मन्दी की चाल सप्ताहभर चलेगी। इसमें विशेष है कि जिस वायदा मार्केट में ता.३ नव. को ता.२ के बने ऊंचेभाव से मार्केट बढ़ जाए तब उसी में तेजी का चांस बन जायेगा। साथही ता. ३ को ता.२ के बन्द भाव से ऊपर ही भाव बन्द हों तब चाल पक्की तेजी की ही जानना।

कार्तिक शुदी में जोरदार तेजी के योग हैं। ता.८ नव. से १२ तक जोरदार तेजी होगी, जिस वस्तु में ता.६ नव. तक मन्दी चली होगी, उसी में ८ नव. से १२ तक तेजी होकर ता.१३ से चांदी, चावल, रूई, कपास, सूत, सन, बिनौला, पाट, गुड, खांड, चीनी व सफेद रंग की वस्तुओं में तेजी की चाल चलेगी। ता.१३ नव. को १२ के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ जाए तब तेजी का चांस ता.१६ नव. तक सम्पन्न होगा। विपरीत में विपरीत चाल ही समझनी चाहिए। कार्तिक शुदी दशमी मंगलवार वृश्चिक संक्रांति से भावों में स्थिरता रहेगी। सोना, चांदी, तांबा, रूई, ऊनीवस्त्र, सरसों, सोयाबीन में तेजी होगी। लालमिर्च, लालचन्दन, लाल फल-फूल व वस्तुओं में मन्दी का रुख बनेगा। ता.१३ नव. को १४ के लिए दुतरफा गली लगानी लाभप्रद होगी।

मार्गशीर्ष २२ नव. से २१ दिस. तक व्यापारभविष्य

मार्गशीर्ष में पांच सोमवार तथा पांच मंगलवार हैं। भावों में दुतरफा चाल चलेगी। वदी दोज से चाल विशेष रूप से लोहा, सरिया, कालीमिर्च, जीरा, ग्वार, सरसों, सोयाबीन, जिंक, लैड, क्रूडआयल, चमड़े का सामान, दाख, धनिया, जूट, बारदाना के भावों में ता.२४ नवम्बर से चलेगा। यहाँ पर चाल जोरदार तेजी की १ दिस. तक होगी। अगर २४ नव. को ता. २३ के बने ऊंचे भाव से मार्केट न बढ़े और नीचे भाव टूटें तब न स्टाक करें न ही वायदा वस्तु खरीदें, अपितु डबल बेचान करके लाभ उठायें। २९ नव. से धान्य, भूसा, पशुचारा, जड़ व मूलपदार्थ, गुड़, रूई, कपास, खांड, तांबा, सोना, चांदी, सूत, सन, बिनौला, सरसों, गेंहू, चना के भावों में तेजी की धारणा है। किन्तु ता.२५ नव. से २८ नव. के बीच बने लोएस्ट भाव से ता.२८ में टूट जाऐं और नीचा बन्द हो तब मार्गशीर्ष मास में मन्दी की चाल चलेगी। संकेत- इस पीरियड में गुरु शुक्र का नवपंचम योग मंदीकारक है। मार्गशीर्ष वदी त्रयोदशी में गेंहू, गुड़, खांड, चीनी, कपूर, नमक, नारियल, सुपारी में तेजी होगी। रूई, कपास के भावों में आगामी ६ मास में ही भाव ड्योढ़े या दोगुने तक बनने की धारणा है। अतः नीचे स्तरों पर स्टाक करके व्यापारी बंधु लाभ उठा सकते हैं।

मार्गशीर्ष शुदी दोज को चन्द्रदर्शन वायदा मार्केटों में भारी उठापटक करेगा। अतः ता.८ दिस. से रूई, कपास, खल-बिनौला, गेंहू, गुड़, खांड, चीनी, सोना, चांदी, तांबा, चना, क्रूडआयल खरीदें और सप्ताहभर में ही लाभ उठायें। अगर ता.८ दिस. को ता.७ के बने नीचे भाव किसी वस्तु में टूटें, तब डबल बेचकर लाभ उठाना चाहिए। ता.१४ दिस. बुधास्त से वायदा मार्केटों में तूफानी तेजी की चाल चलेगी। यहाँ पर १०० तेज तो ५० मन्दी भी लगायें। ता.१६ धनुसंक्रांति से सोना, चांदी, कपास, तेल, सरसों, सोयाबीन के भाव तेज होंगे और अनाजों में मन्दी चलेगी।

पौष २२ दिस. से १९ जन.२०११ तक व्यापारभविष्य

पौषमास सुभिक्षकारक है। बाजार भाव समानान्तर चलते रहेंगे। इन्फीरियर लाइन माह के प्रारम्भ से अन्त तक चलेगी, जो मार्गशीर्ष की त्रयोदशी से प्रारम्भ हुई है। यह इन्फीरियर लाइन तिलहनों में भारी उठापटक करती है। खास तौर से सरसों, सोयाबीन, अलसी, अरन्डी, मूंगफली, घी, तिल, तेल के भावों में जोरदार तेजी बनाती है। माह के प्रारम्भ से पंचमी तक रहेगी। रूई, कपास, सूत, सन, चांदी, सोना, गुड, खांड में तूफानी तेजी और अनाज भी विशेष तेजी की ओर बढ़ेंगे। ता.२५ दिस. बुधोदय के प्रभाव से दुतरफा गली फलेंगी। पौष वदी द्वादशी को वृश्चिक में शुक्र गेंहू, जौं, चना, ग्वार, उरद, मूंग, मोठ के भावों में मन्दी करेगा। ता.१ जन. के बने नीचे भाव से ता.३ को टूटेंगे अन्यथा मन्दी नहीं होगा।

पौष शुदी प्रतिपदा को चन्द्रदर्शन मामूली घट-बढ़ कारक हैं। ८ जनवरी धनु में बुध और मकर में मंगल का प्रवेश होगा। यह हल्दी, सोना में चल रही तेजी को ब्रेक लगा देगा और भाव मन्दी की ओर चलने लगेंगे। तब भी अगर ये वस्तुएं ता. १० जन. को ता.९ के बने ऊंचे भाव काटकर बढें, तब तेजी ही आगे बढ़ेगी। पौष शुदी नवमी १४ जनवरी मकर संक्रांति का प्रभाव १५ जनवरी से पड़ेगा। रूई, कपास, सूत, गुड, खांड, अलसी, घी, तेल तेजी पर जायेंगे। धान्य तथा सोना, चांदी, शेयरमार्केट, जूट, पाट, बारदाना में मन्दी का प्रभाव बनेगा। वायदा मार्केटों में ता.५ जन. की चालू चाल ७ तक चलकर ता.८ जन. से पुनः पलटेगी और ता.११ या १२ जन. तक चलकर बाद में एक बार पुनःपलटेगी, जो मकर संक्रांति तक चलती रहेगी। पौष शुदी त्रयोदशी का क्षयः धातुओं में जोरदार तेजी करेगा। क्रूडआयल, कापर, जिंक, लैड में मन्दी होगी। अगर ता.१९ जन. को ता.१८ के बने नीचे भाव टूटें तब मन्दी अगले माह में प्रवेश कर जायेगी।

माघ २० जन. से १८ फर.२०११ व्यापारभविष्य

माघ मास में पांच गुरुवार व शुक्रवार होंगे, जो व्यापारिक वस्तुओं में नरमी का वातावरण बनायेंगे। इस माह पोस्तदाना,

मेंथी, बादाम, छुहारा, काजू का स्टाक निकालना लाभप्रद होगा। माघ बदी २ श्रवण में भौम से रूई में घट-बढ़ के साथ तेजी, धान्यों में मन्दी का प्रभाव बढ़ेगा। सोना तथा चांदी में साधारण मन्दी होगी। गेंहू, जौं, चना के भावों में वृद्धि होगी। ता.२४ जन. को मंगल के साथ सूर्य अपने अधिकार की वस्तुओं में भारी तेजीकारक होंगे। पन्द्रह दिन में ही तूफानी तेजी भी आयेगी। ता.२७ जन. वक्री शनि दुर्भिक्षकारक है। गेंहू, मूंग, मोंठ, ग्वार, मटर, अरहर, अलसी, गुड, खांड, शक्कर, उरद, हरे रंग की वस्तुओं में जोरदार तेजी करेगा। इनमें संवत के अंत तक तेजी चलने की धारणा है। माघ वदी एकादशी धनु में शुक्र का प्रवेश रूई, कपास, सूत, गेंहू, जौं, चना, सोना, चांदी, तांबा के भावों में तेजीकारक होगा।

माघ शुदी में प्रतिपदा को चन्द्रदर्शन विशेष मन्दी को बल देगा। ता.७ फरवरी को बुधास्त से अधिकांश वायदा व हाजिर वस्तुओं में मन्दी का बोलबाला होगा। गुड, खांड, चीनी, शक्कर, जूट, पाट, गेंहू, चना, जौं, मटर, सोना, चांदी में मन्दी की लम्बी चाल चलेगी। रूई, कपास में भी मन्दी होगी। कापर, क्रूड, जिंक में घट-बढ़ होगी। ८ फर. को ता.७ के बने ऊंचे भाव से जिस वस्तु के भाव बढ़ जायें, उसी में तूफानी तेजी का योग जानना। ता.९ को भी ऊंचे भाव ता.८ के बने, बढ़ें तब तेजी पक्की समझ लेना। यहाँ वायदा वस्तुओं में दुतरफा गली भी लगाना। माघ शुदी दशमी में कुम्भ संक्रांति अन्न, रूई, जूट, पाट, गुड, चीनी के भावों में नरमीकारक है। तेल, सरसों, अलसी, अरन्डी, सोयाबीन के भावों में तेजी का रुख रहेगा, अतः इन वस्तुओं के नीचे भाव मिलने पर स्टॉक करके लाभ उठाया जा सकता है। वायदा मार्केटों में भी ऊपर लिखे अनुरूप ही व्यापार करें। माघ शुदी द्वादशी को मंगल कुम्भ में प्रवेश के प्रभाव से जोरदार तेजी, लोहा, सरिया, कालीमिर्च, जीरा, धनिया, लोंग, दालचीनी, पीपल के भावों में होगी। अनाज, सोना, गुड, खांड में घट-बढ़ के साथ तेजी होगी, जो ता.१६फर. से प्रारम्भ होगी। रूई, चांदी के भावों में घटा-बढ़ी के साथ तेजी का रुख बनेगा। वायदा मार्केटों में तूफानी तेजी भी चलेगी। नेचुरल गैस, क्रूडआयल, जिंक, लैड, कापर में विशेष तेजी बन सकती है। जिस वस्तु में ता.१६ फर. को ता.१५ के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे और नीचा ही बन्द हो उसी में तूफानी मन्दी का चक्र भी चलेगा। वायदा वस्तुओं में दुतरफा गली लगाना भी लाभप्रद होगा। माघ शुदी पूर्णिमा को कुंभ में बुध से रूई, गुड, खांड, तिल, तेल में मन्दीकारक है। लेकिन जिस वस्तु में ता.१९ फर. को १८ के बने ऊंचे भाव से मार्केट बढ़ेगा, तब तेजीकारक ही आगे चलेगा।

फाल्गुन १९ फर. से १९ मार्च व्यापार भविष्य

फाल्गुन में चार शनिवारों का होना तेजी का सूचक है, लेकिन वदी प्रतिपदा को पूफा.नक्षत्र सुभिक्षकारक है, अतः समय के अनुरुप व्यापार करना ही लाभप्रद होगा। फाल्गुन वदी दूज का क्षयः होना विशेष रूप से मन्दी को ही बल देने वाला होगा। ध्यान रखें कि जिस वस्तु में ता.२१ फर. को १९ के बने ऊंचे भाव क्रास हों तब तेजी की चाल दस दिन की चलेगी। मकर का शुक्र २५ फर. से रूई, चांदी के भावों में घट-बढ़ के साथ तेजी की चाल देना वाला होगा। गुड, खांड, घी, गेंहू, जौं, चना, मटर के भावों में अच्छी वृद्धि होगी। अगर ता.२५ को ता.२४ के बन्द भाव से मार्केट नीचा ही बन्द होवे तब नरमी ही आगे चलेगी।

फाल्गुन शुदी दोज मीन में बुध और रविवार में चन्द्रदर्शन तेजी का सूचक है। रूई में जोरदार तेजी होगी। सोना, चांदी में पहले तेजी बाद में उसी के अनुरुप मन्दी होगी। सरसों, तिल, तेल, सोयाबीन, सोयातेल, हल्दी तेज होंगे। गेंहू, जौं, चना, गुड, खांड में मन्दी की चाल चलने की धारणा है। कापर, निकिल, लैड में जोरदार तेजी होगी। अगर जिस वस्तु में ता. ७ मार्च को ता.५ के बने नीचे भाव टूटें तब उसी में मन्दी का श्रीगणेश बारह दिन तक होगा। ता.११ मार्च बुधोदय मन्दी की चाल को तेजी में बदल देगा। ता.१२ मार्च से गेंहू, जौं, चना, ग्वार, ज्वार, बाजरा, गुड, खल-बिनौला, रूई, कपास, सूत, सोयातेल में तेजी का प्रभाव विशेष रूप से वायदा वस्तुओं पर होगा। जिस वायदा वस्तु में ता.१२ मार्च को ११ के बने नीचे भाव से मार्केट टूटे तब उसी वस्तु में मन्दी की चाल बनेगी जो ता.१८ मार्च तक चलेगी। फाल्गुन शुदी नवमी को मीन में सूर्य से अन्नादि के भावों में पहले तेजी बाद में मन्दी का रुख बनेगा। रूई, कपास, सूतीवस्त्र, बिनौला, सोना, चांदी, गुड, खांड, अलसी, तिल, तेल, सरसों में विशेष तेजी की चाल चलने की धारणा है। अतः हर मन्दी के रिएक्शन में खरीदकर बढ़ भाव से बेचते हुए व्यापार करें।

चैत्रमास २० मार्च से व्यापार भविष्य

चैत्र वदी में तीन रविवार तेजी के सूचक हैं। षष्ठी तिथि का क्षयः मन्दी का संकेत है।, चैत्र वदी तीज को कुम्भ में शुक्र से रूई, गेंहू, चना, उरद, मूंग, ज्वार, बाजरा, गुड़, खांड व सफेद वस्तुओं में मन्दीकारक है। पक्का प्रभाव तभी दिखायेगी जबकि ता.२३ मार्च को ता.२२ के बने नीचे भाव से मार्केट टूटेंगे। निफ्टी तथा शेयरबाजार तेज होंगे। अगले वर्ष शेयरों में विशेष तेजी देखने में आयेगी। षष्ठीक्षयः और नवमी की वृद्धि होना तेजीकारक है। अतः ता.२४ को घाटे में खरीदकर २८ तक लाभ उठाना श्रेष्ठ होगा। २५ मार्च मीन में भौम से जोरदार तेजीकारक सोना, चांदी, रूई, घास, भूसा, लकडी की वस्तुऐं तेज होंगी। जिंक, लैड, पीतल, तांबा आदि धातु तथा गेंहू, जौं, चना के भाव भी वृद्धि को प्राप्त होंगे। गुड, खांड, सरसों, सोयातेल, घी के भावों में मन्दी की चाल चलेगी। अगर चैत्र वदी अष्टमी को चैत्र वदी सप्तमी के बने नीचे भाव से मार्केट न टूटे और ऊंचे बने भाव से मार्केट बढ़ जाए तो तेजी की जोरदार चाल चार दिन की अवश्य चलेगी। ता.२७ मार्च को गुरु अस्त से तेजीकारक है। ता.१ अप्रैल को बुधास्त का होना धमाकेदार तेजी को बल देगा और यह तेजी अगले सम्वत् में प्रवेश करेगी। विशेषरूप से रूई, चांदी, सोना, तांबा, क्रूडआयल, नेचुरलगैस, गुड, चीनी, गेंहू, चना, जीरा, धनिया के भावों में भारी तेजी चैत्र शुदी त्रयोदशी तक चलेगी। जिस हाजिर या वायदा वस्तु में ता.२ अप्रैल को ता. १ के बने नीचे भाव से मार्केट टूट जाए तब उसी वस्तु में मन्दी की चाल जोरदार चलेगी।

हाजिर व वायदा वस्तुओं के अनमोल चांस एकवर्ष प्रति वस्तु १५००/- ६ मास के लिए ८००/- एकवस्तु एक माह ६०१/- एन.सी.डी.ई.एक्स तथा एम.सी.एक्स तथा निफ्टी वायदा की ग्रहचाल के आधार पर प्रतिदिन की प्रीडिक्शन की दक्षिणा १८००/- प्रतिमाह है। श्री विश्वबन्धुशर्मा

२१/२२ ब्रह्मानान पो. हापुड़ -२४५१०१ उ.प्र.
फोन नं. ०१२२२९५३१३८, ०१२२२३१२२३८
मो. ०९८३७२७९८२३, ०९४१२५७३८९५

श्री कृष्ण जन्माष्टमीव्रत-वैष्णव मत

श्री मथुरेश पदंनत्वा जन्माष्टम्याः व्रतं हरे।
सिद्धान्तंवैष्णवानां हि लिख्यते धर्मशास्त्रतः॥

श्री कृष्णजन्माष्टमी व्रत स्मार्त्त व वैष्णवों के व्रत निर्णायक मूल वचन भेद से प्रायः दो दिन होता है। स्मार्त्तमत से जन्माष्टमी प्रायः प्रथम दिन हो जाती है और वैष्णव मत से प्रायः दूसरे दिन होती है, क्योंकि स्मार्त्त मत से मध्य रात्रिमें अष्टमी का होना प्रधान तत्त्व है और वैष्णव मत से व्रत वाले दिन अष्टमी तिथि का सूर्योदय में होना ही प्रधान तत्त्व है।

स्मार्त्त मत से मुख्य ६ पक्ष बनते है, इनमें अष्टमी तिथि की निशीथ व्याप्ति, अव्याप्ति व रोहिणी नक्षत्र की स्थिति द्वारा श्रीकृष्णजन्माष्टमी व्रत व श्रीकृष्णजयन्ती व्रत नाम से दो भेद और होते हैं। इस स्मार्त्त मत के निर्णय में प्रथम पक्ष के इतर सभी पक्षों में प्रायःवैष्णव व्रत निर्णयसे साम्य ही है। वैष्णवपक्ष में केवल तीन मत ही बनते हैं जो इस प्रकार हैं।

१. शुद्धा अष्टमी में- सूर्यउदय में व्याप्त अष्टमी वाले दिन व्रत होगा। (सूर्यउदय काल में सप्तमी न हो)

२. अष्टमी तिथि वृद्धि होने पर प्रथम दिन ही व्रत होगा। (पूर्णातिथि लेने से)

३. अष्टमी तिथि क्षयः होने पर द्वितीय दिन नवमी वाले दिन व्रत होगा। (सप्तमी युता सर्वथा निषिद्ध होने से)

वैष्णव मत के निर्णायक मूल वाक्य कुछ इस प्रकार हैं।

उदये चाष्टमी किञ्चित नवमी सकला यदि।
भवेत्तु बुध संयुक्ता प्राजा पत्यर्क्ष संयुता॥१॥
पूर्व विद्धाष्टमी यातु उदये नवमी दिने।
मुहुर्त्तमपि संयुक्ता सम्पूर्णा साअष्टमी भवेत्॥२॥
कला काष्ठा मुहुर्त्तापि यदा कृष्णाष्टमी तिथिः।
नवम्यां सैव ग्राह्यास्यात् सप्तमी संयुता न हि॥३॥

ये मूल वाक्य पद्म, स्कन्द, ब्रह्म, वैवर्त आदि पुराणों में हैं। जिनको माधव, हेमाद्रि, निर्णयसिन्धु, मदनरत्न, पुरुषार्थ चिन्तामणि, जयसिंहकल्पद्रुम, व्रतराज आदि ग्रन्थों में भी प्रमाण रूपेण उपस्थापित किया है। इन सभी मूल वाक्यों का सारार्थ सूर्य उदय व्यापिनी अष्टमी को व्रत निर्देश है।

अब यहाँ प्रश्न उठता है कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अष्टमी तिथि की मध्य रात्रि में हुआ तो वैष्णव मध्यरात्रि व्यापिनी अष्टमी को महत्व न देकर सूर्य उदय व्यापिनी तिथि को ही महत्व क्यों देते हैं?

प्रत्येक व्रत में मुख्य तीन कार्य हैं, जिन तीनों का निर्णय तिथि सत्ता पर ही निर्भर है।

१. उपक्रम-

यो यस्य विहितःकालःकर्मणःतत्उपक्रमे।
तिथिर्याभि मता सा तु कार्या नोप क्रमोज्झिता॥

अर्थात् जो अभिष्ट तिथि हो वह उस कर्म के उपक्रम (प्रारम्भकाल, प्रातःसंकल्प आदि) में होनी चाहिए। उपक्रम से इतर में स्वीकृत नहीं है।

२. मुख्य कर्मकाल- इसमें तिथि सत्ता न होने पर भी साकल्याभिधायक सिद्धान्त से तिथि मानी जाती है।

यां तिथिं समनुप्राप्य उदयं, याति भास्करः।
सा तिथि सकला ज्ञेया व्रतपूजादि कर्मसु॥१॥
आदित्योदय वेलायां याल्पापि च तिथिर्भवेत्।
पूर्णा इत्येव मन्तव्या प्रभुता नोदयं बिना॥२॥

इन वाक्यों का सारार्थ यह है कि सूर्य उदय व्यापिनी तिथि पूर्ण मानी जाती है। सूर्य उदय में जो तिथि न हो वह तिथि अग्राह्य है।

३. पारणा- अ. 'तिथि भान्ते च पारणम्'
'अतोन्यथा पारणे तु व्रत भंगमवाप्नुयात्'

तिथि जन्य व नक्षत्रजन्य व्रतों में क्रमशः तिथि और नक्षत्र के अन्त में पारणा आवश्यक है, अन्यथा व्रत भंग दोष होता है।

ब. उपवासेषु सर्वेषु पूर्वाह्ने पारणम् भवेत्

अर्थात् सभी उपवासों में पारणा पूर्वाह्न में हो जाता है। अब हम इन तीनों सिद्धान्तों को वैष्णव मत के परिप्रेक्ष में देखें, जिनसे वैष्णव मत का शास्त्रीय स्वरुप दर्शन होता है।

१. उपक्रम- प्रत्येक व्रत में संकल्प का विधान है, जो कि प्रातःकाल ही होता है, अन्य समय में नहीं हो सकता। ऊपर वर्णित नियम के अनुसार संकल्प काल में तिथि का अस्तित्व आवश्यक है, जो कि वैष्णव निर्णय के ३ पक्षों में से २ पक्षों में सर्वथा सम्भव होता है, तृतीय पक्ष विशेष वाक्य बल से शास्त्रानुगत सिद्ध होता है। इस संकल्प काल में अष्टमी तिथि का अस्तित्व कितना महत्व रखता है, इस विषय में काल माधव का चतुर्थ प्रकरणस्थ जन्माष्टमीव्रत स्मार्त निर्णय देखने योग्य है। अर्थात् लिखने व बोलने में सूर्य उदय में व्याप्त तिथि ही उपादेया है। यदि सप्तमी के दिन व्रत करते हैं तो प्रातः व्रत संकल्प में व निशीथ में दोनों में ही सप्तमी तिथि का संकल्प अपरिहार्य होगा। इस स्थिति में विचार करें कि जिस तिथि को हम न तो लिख सकते और न ही उच्चारण कर सकते तो व्रत कैसे?

निंदाश्रुति- शास्त्रों में सप्तमी युता अष्टमी का निषेध ही नहीं किया अपितु निंदा की है और सर्वथा त्याज्य की घोषणा ही है।

वर्जनीया प्रयत्नेन सप्तमी संयुताष्टमी।१।
सऋक्षापि न कर्तव्या सप्तमी संयुताष्टमी।२।
पंचगव्यं यथाशुद्धं न ग्राह्यं मद्य संयुतम्।
रविविद्धा तथा त्याज्या रोहिणी संहितायदि।३।
पलवेधेऽपि विपेन्द्र सप्तम्या अष्टमीं त्यजेत्।
सुराया बिंदुना स्पृष्टं गंगांभः कलशंयथा।४।

साथ ही ध्यान देने योग्य बात है कि शास्त्रों ने जहाँ सप्तमी युता को सर्वथा त्याज्य ही कहा है, किंतु नवमी युता को कहीं भी कोई एक वाक्य भी त्याज्य नहीं करता।

सामयिक- वैष्णव सिद्धान्त का शास्त्रीय आधार प्रस्तुति के साथ-साथ मेरा अपना विचार है कि वैष्णव सिद्धान्त सामयिम व व्यवहारिक भी है। क्योंकि युगधर्मानुसार वर्तमान में निरंतर शक्तिह्रास होने से पूर्ण उपवास की सामर्थ्य किसी विरल पुरुष में ही हो सकती है, अन्यथा प्रायः सभी व्रती पुरुष (अबाल वृद्ध) मध्याह्न/अपराह्न में ही फलाहार करते हैं। निशीथ में प्रभु जन्म व अभिषेक के बाद ही फलाहार करने वाले कितने होंगे? विचार करें- हमारा व्रत तिथि आधार निशीथ व्यापिनी में ही हो तो व्रत पालन प्रायः सप्तमी में ही होगा, अष्टमी में नहीं होगा। अतः वैष्णव सिद्धान्त व्यवहारिक व सार्वकालिक उपादेय है।

पुनश्च- वैष्णव सिद्धान्त प्रतिपादन में हमने जिस श्लोक को सर्वप्रथम लिखा है। 'उदयेचाष्टमीकिंञ्चित्' इस श्लोक का किसी पूर्वाग्रही शास्त्रदूषक द्वारा चंद्रोदय अर्थ द्वारा दिग्भ्रमित करने की कुचेष्टा भी की है, जो कि सर्वथा असंभव अनुचित अर्थ है, इसके लिए निर्णयसिंधु का जन्माष्टमी निर्णय देखें।

आचार्य उपेन्द्रनाथ चतुर्वेदी
भागवतभवन, डिब्बागली, नयागंज, हाथरस, उप्र.
फोन नं.०५७२२-२७०९७४, ९४१२७३२८१६

शुभकामनाएं एवं शंका समाधानार्थ मिले पत्र

खायरा, मथुरा से पत्र लिखते हैं पं. राधेश्यामजी **दिनांक ७.२.२००९**

श्रीमानजी, सादर जय श्री राधेकृष्ण, सं. श्री ब्रजभूमि पंचांग दिल्ली अत्र कुशलम तत्रास्तु, महोदय पंचांग आपका अनुकरणीय है।

१. मेष के सूर्य १३ अंश के बाद ४।८।१२ शुभ माना जाता है। इसका क्या कारण है? उत्तर लिखें।

२. बिटोरा मुहूर्त्त में गुरु शुक्रास्त का जिक्र क्यों नहीं किया है?

उत्तर- बृहज्ज्योतिषसार ग्रन्थ में विवाह प्रकरण में लिखा है- अपने उच्च में, अपनी राशीमें, मित्र की राशि में अथवा अपने नवांश में गुरु रहे तो अशुभ (४।८।१२ वाँ) भी शुभ होता है और नीच तथा शत्रु की राशि में रहे तो शुभ भी अशुभ होता है-

स्वच्चे स्वभे स्वमैत्रे वा स्वांशे वर्गोत्तमे गुरुः।
अशुभोऽपि शुभोज्ञेयो नीचारिस्थः शुभोऽप्यसन्॥

यहाँ गुरु उपलक्षण है- सब ग्रह (रवि चन्द्र आदि) अपने उच्चादि स्थान में रहने पर अनिष्ट स्थान में भी शुभ होते हैं। मेष राशि में गतिशील सूर्य उच्च का होता है। बिटोरा रखने के संदर्भ में गुरु शुक्र उदयास्त का विचार मान्य नहीं होता।

२४वीं पो.६ द्वारिका नई दिल्ली से पत्र लिखते हैं **दिनांक १७.२०.२००९**
ए. डी. शास्त्री गैरोला

आदरणीय कौशिकजी, सप्रेम नमस्कार

मैं श्री राजधानी पंचांग देखकर बहुत प्रभावित हुआ। योग्यतापूर्ण सभी आवश्यक विषयों का संक्षिप्त में समावेश कर शुद्ध रूप से दिल्ली ही नहीं, बल्कि समस्त देशवासियों के लिए परमोपयोगी रचना मात्र आपकी महती कृपा ही है। पंचांग की उन्नति हेतु प्रभु से प्रार्थना करता हूँ।

श्रीराजधानीपंचांग का सविधि पूजन रेवाड़ी में **दिनांक २७.०३.२००९**

संस्कार भारती के तत्वावधान में माडल टाऊन रेवाड़ी स्थित ज्योतिष दरबार में पं. श्रीनिवास शास्त्री, श्रीरमेश कौशिक, श्रीग्रोवरजी, श्री दिलीपशास्त्री, अन्यान्य ज्योतिषी कर्मकाण्ड के अद्वितीय विद्वानों ने विक्रम संवत् २०६६ के शुभारम्भ प्रथम नवरात्र दिन शुक्रवार की पावन वेला में प्रभावी राजनेता, उद्योगपति, जनसाधारण और विभिन्न अखबार के पत्रकारों सहित श्रीराजधानीपंचांग का सविधि पूजन कर इसे अग्रगण्य मान्यता प्रदान की। हम एतदर्थ रेवाड़ी निवासी विद्वत्समूह के आभारी हैं।

-पं.प्रेमपाल कौशिक

पं. श्री राधाकृष्ण शास्त्री कच्चीसड़क मथुरा **दिनांक १२.०६.२००९**

प्रतिष्ठायाम् ज्योतिषचक्र चूड़ामणिषु श्रीमतु प्रेमपाल कौशिक के महोदयेषु शतशः प्रणिपातः। ता.२०-२१ जून २००९ श्री राजधानी पंचांग कार्यालय, दिल्ली के तत्वावधान में अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन प्रान्त मथुरान्तर्गत वृन्दावनधाम पत्रं प्राप्तम् एतदर्थं धन्यवादः। यथा समय उपस्थिति स्वीकृति सन्देह सेवा प्रेषितः भवदीय राधाकृष्ण शास्त्रीः।

गांव सजूमा कैथल हरियाणा से **दिनांक १२.०७.२००९**

पत्र लिखा है पं. सत्यनारायण पुलस्त्यजी ने, श्रीमान पण्डितजी सादर प्रणाम्।

प्रश्न- देवप्रबोधिनी एकादशी, वसन्तपंचमी आदि अनपूछ जो मुहूर्त्त हैं, उनमें मृत्युवान जैसा दोष आन पड़े तो शाहा शुभ माने या अशुभ?

उत्तर- जिस दोष का शास्त्रमतेन परिहार नहीं होता, वह तो दोषयुक्त साहा अशुभ ही माना जायेगा। लेकिन साढ़े तीन स्वयं सिद्धि मुहूर्त्त और चार लोकप्रसिद्ध मुहूर्त्त अपने आप में पूर्ण सक्षम होते हैं। आम जनता की श्रद्धा, अटूट विश्वास तजन्य लोकिक मान्यता स्नेह के सामने दोषों का अवलोकन नगण्य सा प्रतीत होता है।

प्रश्न- ३ जून २००९ को श्री राजधानी पंचांग में सूर्य के १८ अंश पर मृत्युवान दोष माना गया है। १९ अंश पर दोष होता है ऐसा क्यों?

उत्तर- मृत्युवान दोष ३ जून में १६।१० बजे शुरु हो जायेगा, क्योंकि तब तक सूर्य का उन्नीसवाँ अंश पूर्ण होकर बीसवाँ अंश भुक्तकाल प्रारम्भ हो चुका होगा। दिन के लग्न मुहूर्त्त में व्यतिपात, भद्रा, लग्नाऽभाव में नहीं लिखे गये हैं। आशा है पुलस्त्यजी सन्तुष्ट हो गये होंगे।

श्री मैथिली ब्राह्मणसभा श्रीरामकुंज शाहगंज आगरा से **दिनांक २८.०७.२००९**
पत्र लिखते हैं- पं. सीताराम झा महामन्त्री

श्रीमान ज्योतिषाचार्य पं. कौशलकिशोर कौशिक जी सादर सप्रेम नमस्कार

आपने वास्तव में इस ब्रजक्षेत्र के लिए गत पन्द्रह वर्षों से पंचांग का प्रकाशन कर बहुत ही महान कार्य किया है। 'गागर में सागर' वाली कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है। यद्यपि धौलपुर, ग्वालियर, वैर आदि से विद्वतवर्ग ने परिश्रम करके पंचांग निकाले परन्तु सफलता प्राप्त नहीं हुई। आपका पंचांग अद्वितीय होने के कारण विशेष पण्डितवर्ग, आचार्यगण, कर्मकाण्डी विद्वान सभी को मान्य है। हम संस्था की ओर से आपके समक्ष दो सुझाव रखना चाहते हैं। आशा है स्वीकारोक्ति प्रदत्त की जायेगी। अ,व,क,ह,डा चक्र पंचांग के पृष्ठ १०७ पर छप ही रहा है तो पृष्ठ ९४ पर निअर्थक महसूस होता है। उपयोगी मैटर छापा जाए। गुणमेलापक सारिणी में नक्षत्र चरणाक्षर भी छाप दिये जाएं तो सबको अधिक सुविधा होगी।

उत्तर- आपके सुझाव उत्तम हैं। इस वर्ष गोलाकार राशिचक्र हटा दिया गया है।

बालाजीमंदिर दूजोद दरवाजा, सीकर, राजस्थान से **दिनांक २४.०७.२००९**
पत्र लिखते हैं पं. बद्रीनारायण रामावतार मिश्र

आदरणीय पं. कौशलकिशोर कौशिकजी सादर हरिस्मरण
आपके पंचांग में सातूड़ी तीज ९ अगस्त २००९ रविवार में छपी है और दूसरे पंचांग में ८ अगस्त शनिवार में लिखी है। कौनसी सही मानी जाए?

उत्तर- भाद्रपद कृष्ण तृतीया कज्जली संज्ञका उदयाग्रहण की जाती है। देखें निर्णय सिन्धु का द्वितीय परिच्छेद पृष्ठ २६२ पर लिखा है- भाद्रकृष्ण तृतीया कज्जलीसंज्ञा। सा पराग्राह्येति दिवोदासीये उक्तम्। ता.९ अगस्त भाद्रपद कृष्ण तीज रविवार में ११ घं. ५९ मि. तक होने के कारण सातूड़ी तीज लिखी है, जो कि धर्मशास्त्रीय दृष्टि से सही है।

प्रश्न- वधू राशि मीन नक्षत्र उभा. और वर की राशि कन्या नक्षत्र हस्त श्री ब्रजभूमि पंचांग गुण मेलापक सारिणी में २६॥ गुण छपे हैं। दूसरे पंचांग की गुण मिलान सारिणी में वर्णदोष, वश्यदोष, तारादोष, राशिदोष आता है, ऐसा क्यों?

उत्तर- विप्र वर्ण की कन्या और वैश्य वर्ण का वर है, सो यह व्यवहारिक तौर पर कोई दोष नहीं होता। यह सामन्तशाही प्रथा की संकीर्ण भावना मात्र कोरी कल्पना है कि लड़की उच्चवर्ण की नहीं होनी चाहिए। वस्यदोष- जलचर और मानव वश्य संयोग कोई मायने नहीं रखता। तारा- तारा की गणना गुण मेलापक सारणी से पृथक की जाती है। इस संदर्भ में परिहार वाक्य बहुत मिलते हैं। देखें श्री राजथानी पंचांग पृष्ठ १०५ तथा श्री ब्रजभूमि पंचांग के पृष्ठ १२२ पर छपे टेबल (राशियों के परस्पर शुभाशुभ योग) को। उसमें कर्क-मकर और सिंह-कुम्भ ही अशुभ सम सप्तक योग में लिखी हैं, बाकी की सभी राशियाँ समसप्तक योगवाली आपस में शुभ होती है।

दूरभाष पर अगस्त २००९ में एक महानुभाव द्विजाचार्य ने कहा कि आपने २ सित. बुधवार श्रवण नक्षत्र में गृहप्रवेश मुहूर्त्त किस आधार पर लगाया है? कृपया बताऐं।

गृहारम्भ में सौर मास फल

ग्रह संस्थापने सूर्यो मेषस्थो शुभदो भवेत्। वृषस्थे धनवृद्धिःस्यान्मिथुने मरणं भवेत्। कर्कटे शुभदम्प्रोक्तं सिंहेभृत्यविवर्धनम्। कन्या रोगन्तुलासौख्यं वृश्चिके धन वर्द्धनम्॥ कार्मुके च महाहानिर्मकरे स्याद्धनागमः। कुम्भे तु रत्नलाभःस्यान्मीने सद्यमभयावहम्॥

अर्थ- मेष की संक्रांतिमें शुभ, वृष- धनवृद्धि, मिथुन- हानि, कर्क- शुभ, सिंह- नौकर चाकर धन-धान्यादि की वृद्धि, कन्या- रोग, तुला- सौख्यसमृद्धि, वृश्चिक- धनवृद्धि, धनु- हानि, मकर- धनलाभ, कुम्भ- रत्नादि का लाभ और मीन की संक्रांति मे घर बनावे तो भय हो। बृहज्योतिष सार पृष्ठ ११६

गृहप्रवेश मुहूर्त्त

आश्लेषायां च विशाखायां सह मघां पूर्वात्रयंयाम्यभं
रिक्तां सूर्यकुजौ विहाय च कुहूँ वेश्मप्रवेशःशुभः।
गोसिंहालिघटास्तथैव धवलःपक्षःप्रशस्तोऽधिको
मध्वा मन्मथ चापमीनवनिता मासास्तु वास्तूदिताः॥

बृहज्योतिषसार पृष्ठ १३१

आश्लेषा, विशाखा, मघा, ३ पूर्वा., भरणी नक्षत्र, ४,९,१४ रिक्तातिथि रविवार भौमवार अमावस्या इन सबों को छोड़कर अन्यान्य तिथि, नक्षत्र, वार तथा वृष, सिंह, वृश्चिक, कुम्भ, मिथुन, धनु, मीन, कन्या लग्नों में एवं वास्तु (गृहारम्भ) में कहे गये मासों में गृहप्रवेश शुभ रहता है।

सौरं यज्ञ विवाहादौ सूतकादौ च सावनम्।
घट्यादिमापनात्यार्क्षं चान्द्रं च पितृकर्माणि॥

यज्ञ, विवाहादि शुभ कार्यों में सौरमान (संक्रांतिजन्य मास) ग्रहण करें। सूतकादि में अहोरात्र गणनार्थ सावन, घटी आदि काल ज्ञानार्थ नाक्षत्र, पितृकर्म में चान्द्रमान और प्रभवादि सम्वत्सर में बार्हस्पत्यमान ग्रहण करना चाहिए। इसी आधार पर सभी पंचांगकार विवाहादि मुहूर्त्त सुनिश्चित करते हैं।

आशा फोनकर्त्ता सहज समझ लेंगे कि २ सितम्बर २००९ में जो गृहारम्भ व गृहप्रवेश मुहूर्त्त लगाया गया है, वह सिंह की संक्रांति सौर मास भाद्रपद में शास्त्रसम्मत शुद्ध है।

पं. प्रेमपाल कौशिक

राहुकाल ज्ञानाय चक्र

रवि	सायं	१६।३०	से	१८।००	तक
चन्द्र	प्रातः	७।३०	से	९।००	तक
मंगल	दिवा	१५।००	से	१६।३०	तक
बुध	दिवा	१२।००	से	१३।३०	तक
गुरु	दिवा	१३।३०	से	१५।००	तक
शुक्र	प्रातः	१०।३०	से	१२।००	तक
शनि	प्रातः	९।००	से	१०।३०	तक

राहुकाल किस दिन, कब से कब तक रहेगा। साथ के चक्र से सहज समझ सकते हैं। राहुकाल से दूषित समय का नर्मदा से दक्षिणी भारत में बहुत विचार किया जाता है। उत्तर भारत में इसकी मान्यता नगण्य है। धीरे-धीरे उत्तरभारत में इसकी मान्यता बढ़ रही है।

यमगण्ड ज्ञानाय चक्र

रवि	दिवा	१२।००	से	१३।३०	तक
चन्द्र	प्रातः	१०।३०	से	१२।००	तक
मंगल	प्रातः	९।००	से	१०।३०	तक
बुध	प्रातः	७।३०	से	९।००	तक
गुरु	प्रातः	६।००	से	७।३०	तक
शुक्र	दिवा	१५।००	से	१६।३०	तक
शनि	दिवा	१३।३०	से	१५।००	तक

गुलिक योग ज्ञानायचक्र

रवि	दिवा	१५।००	से	१६।३०	तक
चन्द्र	दिवा	१३।३०	से	१५।००	तक
मंगल	दिवा	१२।००	से	१३।३०	तक
बुध	प्रातः	१०।३०	से	१२। ०	तक
गुरु	प्रातः	९।००	से	१०।३०	तक
शुक्र	प्रातः	७।३०	से	९।००	तक
शनि	प्रातः	६।००	से	७।३०	तक

सातवें भाव और स्त्री जातक पर विशेष विचार

ज्योतिष में योग का बड़ा महत्त्व है। योग मिलन का पर्याय है। दो वस्तुओं के मिलन को योग और अलगाव को वियोग कहते हैं। जन्मकुण्डली में एक से अधिक ग्रह स्थितियों के विशेष तालमेल को योग कहते हैं। ये योग ही फलित ज्योतिष का आधार स्तम्भ है। यदि इन योगों को समझने में कहीं भूल हो जाए तो फलित में सभी कुछ गड़बड़ हो जायेगा। योग के बिना फलित ज्योतिष का कहीं अस्तित्व शेष नहीं रह जाता।

शास्त्रकारों ने कुण्डली के सातवें भाव को विवाह, प्रेम, रतिक्रीडा, दाम्पत्यसुख, गुप्तव्यापार और ससुराल का माना है। सातवें भाव को यदि पापग्रह देखते हों या उसमें अशुभ राशि या योग बनते हों तो स्त्री का पति चरित्रहीन होगा। स्त्री जातक की कुण्डली के सातवें भाव में पापग्रह हो और उसको कोई शुभग्रह न देखे तो ऐसी स्त्री पति की मृत्यु का कारण बनती है। परन्तु कुण्डली के दूसरे भावगत शुभ ग्रह हो तो पहले स्त्री की मृत्यु होगी, पति की नहीं। सूर्य-चन्द्रमा पति-पत्नि की कुण्डली में परस्पर शुभ दृष्ट हो तो वैवाहिक जीवन स्थिर रहता है। यदि सूर्य-चन्द्रमा परस्पर १५०, १८० या ७२ डिग्री पर हो तो ऐसी कुण्डलियों में कभी भी तलाक हो सकता है। केतु जिस राशि में हो उसका सम्बन्ध यदि मंगल से हो जाए तो वैवाहिक जीवन आदर्शहीन होगा। स्त्री की कुण्डली में सूर्य का सातवें भाव में होना ठीक नहीं, यह वैवाहिक जीवन के लिए कलहपूर्ण होता है।

सातवें भाव को लेकर पुरुष जातक के फलादेश व योगायोग अलग है और स्त्री जातक के अलग। स्त्री जातक का अध्ययन किए बिना फलादेश करना मुश्किल है। सातवें भाव को लेकर ज्योतिषी के पास ये प्रश्न आते हैं। शादी कब होगी? किस दिशा में होगी? ससुरालपक्ष कैसा रहेगा? घर-वर के बारे में अनेक प्रश्न किए जाते हैं।

शादी कब होगी? यह प्रश्न बड़ा कठिन है। पुराने ग्रन्थों के आधार पर इसे नहीं सुलझाया जा सकता, क्योंकि आज परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं। पहले १२ वर्ष की कन्या का विवाह पुण्य समझा जाता था, परन्तु आज १८ वर्ष से पूर्व कानूनी अपराध है। चमत्कार चिन्तामणि के अनुसार-

शुक्राच्चन्द्रात्सप्तमे यद गृहंतत् संख्यातुल्ये वत्सरेकें युतेवा। स्यादुदाहो वत्सरे तछशान्ते वंशोरूपं तत्पतेश्चिन्तनीयम्॥

अर्थात् शुक्र या चन्द्रमा से सातवें भावगत जो राशि हो उसकी संख्या के तुल्य वर्ष में जातक का विवाह होता है। यदि वह उम्र कम है तो उसमें १२ और मिलाकर उस आयु में विवाह करना चहिए। जीवनसाथी के रूप, गुण, स्वभाव (राशिपति) के स्वामी के अनुसार कहना चाहिए। नितांत अंधेरे में यह सूत्र दीपक का कार्य करता है। विवाह की आयु निश्चित करने के लिए हमें गहराई में जाना होगा। तीन चीजें देखनी होंगी। १. विवाहयोग्य दशाएं। २. विवाहसमय निर्धारण के योगायोग। ३. गोचरग्रहों से विवाह निर्धारण।

विवाह योग्य दशाएं

कई बार शुभाशुभ योगों के होते हुए भी विवाह नहीं होता। इसका मुख्य कारण विवाह कारक ग्रहों की दशा का अभाव है। निम्नस्थितियों में जातक का विवाह होता ही है।

१. सप्तमेश या द्वितीयेश की अन्तर्दशा में ही विवाह योग बनता है। जब लग्न, चन्द्रमा या शुक्र से सातवें भाव के स्वामी की दशा हो, तब शुक्रकी अन्तर्दशामें विवाह समझना चाहिए।

२. शुक्र से युक्त लग्नेश, द्वितीयेश या आयेश की दशा में भी जातक का विवाह होता है। स्त्रियों की गुरु और पुरुषों की शुक्र की दशा-अन्तर्दशा में विवाह होता है।

३. सप्तमेश के साथ यदि कोई ग्रह हो तो उस ग्रह की दशा अन्तर्दशा में विवाह होता है। द्वितीयेश जिस राशि में हो तो उस राशि के स्वामी की दशा अन्तर्दशा में विवाह होता है।

४. शुक्र जिस राशि में हो उसका स्वामी यदि (६,८,१२वें) भाव में न हो तो उसकी दशा में भी विवाह होता है। विवाह योग्य आयु में दशमेश एवं अष्टमेश की दशा अन्तर्दशा भी विवाह कराती है।

५. शुक्र या गुरु शुभ राशि में हो तो उसकी दशा के मध्य में विवाह होता है। पापी ग्रह यदि शुभ राशिगत हो तो उसकी दशा के अन्त में जातक का विवाह होता है।

विवाह समय निर्धारण के योगायोग

१. सातवें भाव का स्वामी शुभराशिगत हो या दृष्ट हो, शुक्र अपनी उच्च राशि या स्वराशि का हो तो जातक का विवाह १० वर्ष की आयु में होता है।

२. सूर्य सातवें भावगत हो, सातवें भाव के स्वामी या शुक्र से युति करके बैठा हो तो जातक का विवाह ११वर्ष की आयु में हो जाता है। शनि अपनी राशि मकर या कुम्भ में हो तथा शुक्र केन्द्र में हो तो ११वर्ष में विवाह होता है।

३. सातवें भाव का स्वामी स्वग्रही हो और उसपर गुरु की दृष्टि हो तो जातक का विवाह १२ वर्ष की आयु में होता है। लग्न का स्वामी सातवें भावगत हो, शुक्र केन्द्र में हो तो १२ वर्ष की आयु में विवाह होता है।

४. धनभाव का स्वामी आयभावमें, तथा आयभाव का स्वामी धनभाव में (परस्पर परिवर्तन योग करके) बैठे हों तो १३ वर्ष की आयु में विवाह होता है। द्वितीयेश, आयभाव में तथा सूर्य धनभाव में हो तो १३ वर्ष की आयु में विवाह होता है।

५. सातवें भाव का स्वामी एकादश भाव में तथा शुक्र दूसरे भाव में हो तो १० से १६ वर्ष की आयु में विवाह होता है। धन भाव का स्वामी शुक्र हो, सातवें भाव का स्वामी ४-१०-११-१२ राशि में हो तो १० से १६ वर्ष की आयु में विवाह होता है।

६. सप्तमेश और लग्नेश की युति जातक का विवाह १४ वर्ष के अन्दर ही करा देती है।

७. धनेश, एकादश भाव में, लग्नेश दशवें भाव में हो तो १५वें वर्ष में विवाह होता है। सप्तमेश आयभाव में, आयेश दशवें भाव में हो तो १५ वर्ष की आयु में विवाह होता है।

८. शुक्र केन्द्रभावगत हो, शुक्र से सातवें भाव में चन्द्रमा हो तो १२ से १९वें वर्ष की आयु में विवाह होता है।

९. चन्द्रमा से सातवें भाव में शुक्र हो, शुक्र से सातवें भाव में शनि हो तो जातक का १८ वर्ष की आयु में विवाह होता है। जन्म लग्न से जिस राशि का नवांश हो, उस राशि नवांश के लग्न का स्वामी केन्द्रभाव में हो तो १८वर्ष की आयु में विवाह होता है।

१०. लग्न से अष्टम भावगत या दूसरे भाव में शुभग्रह हो

तो २१वें वर्ष में विवाह होता है। प्रथम भाव, दूसराभाव और सातवाँ भाव, ये तीनों भाव शुभग्रह से युक्त हो या स्वराशिगत हो या दृष्ट हो तो २१वें वर्ष में विवाह होता है।

११. शुक्र से सातवें भाव में चन्द्रमा हो, चन्द्रमा से सातवें भाव में बुध हो तथा अष्टमेश पांचवें भाव में हो तो जातक के तीन विवाह होते हैं। पहला विवाह दस वर्ष की आयुमें, दूसरा विवाह २२ वर्ष की आयु में और तीसरा विवाह ३३ वर्ष की आयु में होता है।

१२. चन्द्रमा से सातवें भाव में शुक्र हो और शुक्र जिस राशि में बैठा है उस राशि का स्वामी आय भाव में हो तो २७ वर्ष की आयु में विवाह होता है।

१३. शुक्र धन भाव में और मंगल की अष्टमेश के साथ युति हो तो जातक का विवाह २२ से २७ वर्ष की आयु में या इसके मध्य में होता है।

१४. सातवें भाव का स्वामी नवे भाव में हो, शुक्र तीसरे स्थान में हो तो जातक का विवाह २७ से ३० वर्ष की आयु में अथवा इसके मध्य में होता है।

१५. नवे भाव से नवां भाव (पांचवाँभाव) में शुक्र हो और शुक्र से नवे भाव (लग्न) में राहु हो तो जातक का विवाह ३१ से ३२ वर्ष के मध्य होता है।

१६. अष्टमेश स्वगृही हो और लग्नेश की शुक्र के साथ युति हो तो जातक का विवाह ३३ वर्ष की आयु में होता है। लग्न में जिस राशि का नवांश हो, उसमें शुक्र हो, आठवें भाव में जिस राशि का नवांश हो, वह राशि सातवें भाव में हो तो जातक का विवाह ३३ वर्ष की आयु में होता है।

१७. सातवें भाव का स्वामी पापग्रह के साथ त्रिकोण भाव (१,५,९) में हो तथा शुक्र भी पापग्रह के साथ दूसरे भाव में हो तो जातक का विवाह ३५ वर्ष की आयु में होता है।

१८. प्रथम भाव, सातवेंभाव और दूसरे भाव में नीच राशि में हो या शुभ शत्रुराशि में पापग्रह हो तो जातक का विवाह ३६ वर्ष की आयु में होता है

सप्तमेश को लेकर पूर्वाचार्यों ने विवाह की आयुनिश्चित की है। स्त्री और पुरुष के मानदण्ड को लेकर यह आयु अलग-अलग है। अपने अनुभव के आधार पर हमने जो परिणाम निकाले वह इस प्रकार हैं।

विवाह योग्य आयु का निर्धारण

पुरुष जातक	ग्रह	स्त्रीजातक
२६ वर्ष	सूर्य	२४ वर्ष
२२ वर्ष	चन्द्र	२० वर्ष
१८ वर्ष	मंगल	१६ वर्ष
१६ वर्ष	बुध	१४ वर्ष
२४ वर्ष	गुरु	२२ वर्ष
२० वर्ष	शुक्र	१८ वर्ष
२८ वर्ष	शनि	२६ वर्ष

गोचर ग्रहों से विवाह निर्धारण

१. गोचर का गुरु जब भी लग्न या सप्तम भाव से गुजरे या इन्हें देखे तो जातक का विवाह निश्चित होता है। जन्मलग्न, तृतीय, सप्तम एवं एकादश भाव में गोचरीय क्रम से गुरु आवे तो जातक का विवाह कराता है।

२. शुक्र से त्रिकोण (१,५,९) में या सातवें स्थान पर गोचर का गुरु विवाह कराता है। लग्नेश जिस नवांश में हो, उसका स्वामी जिस राशि में हो उससे दूसरे स्थान में गोचर का चन्द्रमा एवं गुरु आवे तब विवाह होता है।

३. लग्नेश जिस राशि या राशि नवांश में हो, इससे पंचम या नवम राशि में गोचर का शुक्र या सप्तमेश आने पर विवाह होता है।

४. जन्म नक्षत्र के स्वामी या सप्तमेश के नक्षत्र स्वामी के ऊपर से अथवा उनसे ५,९ स्थान पर गोचर का गुरु आवे तब जातक का विवाह होता है।

५. शुक्र के अष्टकवर्ग में जहाँ अधिक बिन्दु हो उस स्थान पर से गोचर का गुरु जातक का विवाह कराता है।

६. लग्नेश और सप्तमेश इन दोनों ग्रहों के स्पष्ट का योग करें, ततुल्य राशि में गुरु आने पर जातक का विवाह होता है।

७. चन्द्रमा और सातवें भाव के स्वामी दोनों के स्पष्टों का योग करें, ततुल्य राशिमें गुरु आने पर जातक का विवाह होता है।

विवाह दिशा विचार

विवाह कौनसी दिशा में होगा? इस पर हमारे पूर्वाचार्यों ने काफी अध्ययन किया, जिसके निष्कर्ष इस प्रकार हैं। जन्मकुण्डली का लग्न भाव पूर्व, चौथा भाव उत्तर, सातवाँ भाव पश्चिम और दसवाँ भाव दक्षिण दिशा में मानकर दसों दिशाओं की स्थापना करनी चाहिए।

१. चन्द्रमा और सातवें भाव का स्वामी जिस दिशा में हो, इनमें जो बली हो जातक का विवाह उसी दिशा में होगा।

२. चन्द्रमा सातवें भाव में हो तथा चन्द्रराशि का स्वामी मंगल या किसी पापग्रह से देखा जाता हो अथवा पापग्रह चन्द्रराशि से त्रिकोण में हो तो जातक का विवाह जन्मस्थान से दूरस्थ स्थान में होता है।

३. सातवें भाव का स्वामी और सातवें भाव में स्थित ग्रह और शुक्र बलवान हो तो उसकी स्थिति की दिशा में जातक का विवाह होगा।

४. चन्द्रमा सातवें भाव में हो तथा चन्द्रराशि का स्वामी मंगल से दृष्ट हो तो जातक का विवाह विज्ञापन या प्रचार माध्यम से होता है।

स्त्रीजातक पर विशेष चिंतन

लग्न से आठवाँ भाव पति सौभाग्य व वैधव्य का माना है। केवल आठवें भाव से स्त्री के पतिसुख को लेकर भावकुतूहल में एक बहुत ही रोचक श्लोक दिया है।

यदाष्टमे देवगुरु भृगुवा, विनिष्टगर्भा मृतपुत्रको वा।
कुजाष्टमेकुटिला मृगांक्षी,चन्द्राष्टमे स्वामी सुखेनहीन॥
मन्दाष्टमे रोग पतिस्वभार्या, दिनाधिपे परिताप तप्ता।
अनंग रंगा परपुरुष संगा, मृतावस्थेषु कुलधर्मभंगा॥

अर्थात् जिस स्त्री की कुण्डली में देवगुरु बृहस्पति आठवें भाव में हो उसका प्रथम गर्भ नष्ट हो जाता है। शुक्र आठवें भावगत हो तो प्रथम सन्तान मृतावस्था को प्राप्त होती है। यदि मंगल आठवें भावगत हो तो ऐसी स्त्री सुन्दर नेत्रों वाली परन्तु स्वभाव की कुटिल होती है। चन्द्रमा आठवें स्थान में हो तो स्त्री को पतिसुख अत्यल्प होता है। शनि आठवें होने से स्त्री का पति रोगी होता है। सूर्य आठवें भावगत हो तो ऐसी स्त्री तेज स्वभाव की होती है। ऐसी स्त्री मृतावस्था को प्राप्त होते-होते कुल की मर्यादा को कलंकित करती है।

ज्योतिर्विद् पं. रामजीलालगौड़ अग्निहोत्री
श्रीभृगु ज्योतिष रिसर्च केन्द्र, जीवाजी नगर, सूरजपुर,
गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र. २०१३०६
दूरभाष- ०१२०२९३०२०५, ९३५०३५४१६२

शेयर बाजार तेजी-मन्दी समीक्षा २०१०-११

अप्रैल- ता.१४ सूर्य मेष में ता.१७ बुध वक्री होगा। ता. १९ बुध अस्त तथा ता.२० को वृष में प्रवेश करेगा। ग्रहचाल के अनुसार इस माह बाजार के लिए उतना सकारात्मक नहीं है। अतः सावधानी से काम करना बुद्धिमानी होगा। ता.१ पू. भा. में गुरु से बाजार की धारणा कुछ तेज प्रतीत हो रही है। ता.२ को बाजार में भारी बिकवाली बन सकती है। ता.५ से ७ तक इस्पात, सीमेन्ट, भारी इंजीनियरी, बैंक, दूरसंचार की कम्पनियों के शेयरों में सामान्य तेजी की धारणा बन सकती है। ता.८ से ९ तक भारी बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकता है। ता.१२ से १३ तक बिकवाली से तेजी की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। ता.१४ से १६ तक अचानक कोई गलत अफवाह अथवा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार की अफवाह से बाजार में भारी बिकवाली बन सकती है। ता. १९ को बैंक, साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, दूरसंचार आदि कम्पनियों के शेयरों में लिवाली से तेजी, जबकि ता.२० को वृष में शुक्र से आंधी के आम की तरह गिर सकता है। ता. २१ से २२ तक भयंकर तेजी, जबकि ता.२३ को १.४० तक भारी मन्दी, इसके बाद कुछ सुधार सम्भावित हो सकता है। ता.२६ को श्लेषा में मंगल से ता.२८ तक अच्छी तेजी की धारणा प्रतीत हो रही है। ता.२९ को बिकवाली से मंदी बन सकती है। जबकि ता.३० आश्विनमें बुध से घट-बढ़ पूर्ण बाजार में सुधार हो सकता है।

मई- ता.११ को चन्द्रोदय होगा। ता.२ को गुरु मीन में ता.७ को बुध पूर्व में उदय ता.१४ को बुध मार्गी, इसी ता. में सूर्य वृष में तथा शुक्र मिथुन में ता.२५ को मंगल सिंह में ता.२९ को शनि मार्गी होगा। फलतः इस माह दो ग्रहों का मार्गी होना इस बाजार के लिए शुभ प्रतीत नहीं होता। ता. ३ से ५ तक बाजार कुछ सकारात्मक दिशा में चलने की सम्भावना अधिक प्रतीत हो रहा है। ता.५ को १०.३० के बाद बाजार में बिकवाली भी बन सकती है। यह बिकवाली का दबाव ता.७ तक चल सकता है। अतः शेयरबाजार के सूचकांक में भारी गिरावट हो सकती है। ता.१० को नई पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में समर्थन से सामान्य तेजी जबकि ता.११ से १३ तक व्यापक घटा-बढ़ी धारणा मंदी की ओर जा सकती है। ता.१४ को उतार-चढ़ाव रह सकता है। ता.१७ को बाजार खुलते ही कोई गलत अफवाह अथवा अन्य कारणों से भारी बिकवाली बन सकती है। ता.१८ से १९ तक बैंक, साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, दूरसंचार, इस्पात, विद्युत कंपनियों के समर्थन से तेजी बन सकती है। ता.२० को आर्द्रा में शुक्र से बाजार में गिरावट। बैंक, आटोमोबाइल, सीमेंट, धातु तथा दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में समर्थन से तेजी आगामी सप्ताह बाजार कुछ सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना प्रतीत हो रही है। ता.२४ से २६ तक इस्पात, सीमेंट, रियलस्टेट, बैंक, फार्मा, आईटी कंपनियों के शेयरों में समर्थन प्राप्त होने की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। ता. २७ को ११.५७ तक भारी मन्दी, इसके बाद घट-बढ़ ता.२८ तक जारी रहेगी। ता.३० को मिडकैप, स्मालकैप, विद्युत, पावर तथा अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में समर्थन प्राप्त होने से तेजी की धारणा बन सकती है।

जून- ता.६ को वृष में बुध, ता.९ को कर्क में शुक्र ता. १५ मिथुन में सूर्य केतु की युति करेगा। ता.१७ को बुध पूर्व में अस्त होगा। ता.२२ को मिथुन में सूर्य केतु के साथ प्रतियुति करेगा। फलतः ग्रहों के आपसी संबंध और योग की दृष्टि से यह माह काफी महत्वपूर्ण रहेगा। अतः बाजार देखते हुए काम करना बुद्धिमानी होगी। ता.१ को बाजार कुछ तेज खुलकर बंद होगा। ता.२ से ४ तक अचानक कोई गलत अफवाह अथवा अन्य कारणों से भारी बिकवाली बन सकती है। ता. ७ को बाजार में व्यापक घटा-बढ़ी चलकर धारणा मन्दी की ओर जा सकती है। ता.८ से १० तक दिन में १२ बजे तक इस्पात, सीमेन्ट, भारी इंजीनियरी, धातु, पावर, आटोमोबाइल कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली बन सकती है। ता.११ को घट-बढ़ जारी रहेगी। ता.१४ से १५ तक सामान्य तेजी की धारणा ता.१६ को भारी बिकवाली बन सकती है। ता.१७ से १८ तक विभिन्न बिलूचिप कंपनियों के शेयरों में लिवाली से तेजी की धारणा गंभीर हो सकती है। ता.२१ को सामान्य सुधार। ता.२२ को बाजार तेज खुलकर तेज बंद होना चाहिए। ता.२३ को बाजार खुलते ही बिकवाली बन सकती है। ता. २४ से २५ पुरानी अर्थव्यवस्था शेयरों में लिवाली से सामान्य सुधार की संभावना प्रतीत हो रही है। ता.२८ को सामान्य तेजी ता.२९ से ३० तक भारी बिकवाली इस्पात, सीमेन्ट, इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल कंपनियों में बन सकती है।

जुलाई- ता.१ को पुनर्वसु में बुध ता.५ सिंह में शुक्र, ता. ६ को कर्क में बुध ता.१० बुध पश्चिम में उदय होगा। ता. १६ को सूर्य कर्क में बुध के साथ युति करेगा। ता.१४ कन्या में मंगल शनि के साथ युति करेगा। ता.२२ गुरु वक्री होगा ता.२३ को सिंह में बुध प्रवेश करेगा। ग्रहों के आपसी संबंध योग शुभाशुभ कारक हैं। फलतः बाजार में अधिकांश दिन उठा-पटक जारी रहने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। ता.१ से २ तक व्यापक घटा-बढ़ी धारणा मंदी की ओर जा सकती है। ता.५ से ७ तक बैंक, फार्मा, साफ्टवेयर, मीडिया आदि कंपनियों के शेयरों में बिकवाली बन सकती है। ता. ८ से ९ तक विभिन्न सेक्टरों के बिलूचिप कंपनियों के शेयरों में खरीदारी होने से शेयरबाजार के सूचकांक में आश्चर्यजनक सुधार हो सकता है। आगामी सप्ताह ता.१२ से १६ तक बाजार सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना प्रतीत हो रही है। इस सप्ताह विभिन्न सेक्टरों के बिलूचिप कंपनियों में बारी-बारी से खरीदारी हो सकती है। ता.१९ को बाजार तेज खुलकर तेज बंद होगा। ता.२० को बिकवाली बन सकती है। ता.२१ से २३ तक घट-बढ़ धारणा कुछ तेजी की ओर जा सकती है। ता.२६ से २८ तक भारी बिकवाली बन सकती है। तबकि ता.३० को सामान्य सुधार हो सकता है। कुल मिलाकर ग्रहचाल के अनुसार मंदी का पडला गंभीर प्रतीत हो रहा है। इसमें तेजी कम मंदी का चांस अधिक है।

अगस्त- यह मास श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी तिथि रविवार रेवती नक्षत्र मेष राशि से प्रारम्भ हो रहा है। ता.१ कन्या में शुक्र ता.१६ को सिंह में सूर्य ता.२१ को बुध वक्री होगा। ता.२७ बुध पश्चिम में अस्त होगा। ग्रहचाल के अनुसार ग्रहों की स्थिति बाजार की दिशा में अनुकूल नहीं है। इसका ध्यान रखकर ही काम करें। ता.२ से ३ तक व्यापक घटा-बढ़ी की धारणा मंदी की ओर जा सकती है। ता.४ से बाजार के सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। ता.९ को बिलूचिप कंपनियों के शेयरों में समर्थन से तेजी। ता.१० भयंकर बिकवाली बन सकती है। ता.११ से १३ तक बैंक, साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, विद्युत, पावर तथा धातुओं के शेयरों में समर्थन से सूचकांक में आश्चर्यजनक आगामी सप्ताह बाजार में घट-बढ़ अधिक चलेगी। ता.१६ से १८ तक किसी न किसी कारण से बिकवाली ता.१९ से २० तक सामान्य सुधार की संभावना है। ता.२३ से २५ तक अचानक कोई गलत अफवाह अथवा अन्य कारणों से भारी बिकवाली बन सकती है। ता.२६ से २७ तक सामान्य सुधार की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। ता.३० को घट-बढ़ ता.३१ को १२.३० तक भारी मंदी इसके बाद घट-बढ़ जारी रह सकती है।

सितम्बर- भाद्रपद कृष्ण पक्ष सप्तमी बुधवार कृत्तिकानक्षत्र वृष राशि में प्रारम्भ हो रहा है। ता.१ को तुला में शुक्र ता. ५ को शुक्र के साथ युति ता.१० को बुध पूर्व में उदय होगा। ता.१२ बुध मार्गी होगा। ता.१६ को शनि अस्त होगा। इसी ता. को सूर्य कन्या में शनि के साथ युति करेगा। ता.३० को बुध सूर्य शनि के साथ प्रतियुति करेगा। फलतः ग्रहचाल के

अनुसार इस बाजार के सकारात्मक दिशा में चलने की संभावना न्यूनतम प्रतीत हो रही है। फिर भी शनि सूर्य की युति इस बाजार की दिशा में अनुकूलता बना रहा है। अतः जैसा रुख चले वैसा अनुसरण करते चलें तो आप लाभ में रहेंगे। ता.१ से ३ तक बाजार की धारणा तेजीसूचक प्रतीत हो रही है। इसमें नई पुरानी अर्थव्यवस्थाओं तथा धातुओं के शेयरों में विशेष कारोबार होने की संभावना प्रतीत हो रही है। ता.१० तक भिन्न-भिन्न सेक्टरों में बिलूचिप कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी खरीदारी होने से सूचकांक में आश्चर्यजनक सुधार संभावित प्रतीत हो रहा है। ता.१३ से १७ तक घट-बढ़पूर्ण बाजार की धारणा कभी तेजी तो कभी मंदी की रहेगी। मेरे समझ से इस सप्ताह इस्पात, आटो, सीमेंट, भारी इंजीनियरिंग, पेट्रो रसायन तथा धातुओं के शेयरों में बिकवाली दबाव भी बना सकती है। बाकी सेक्टरों में कुछ कारोबार हो सकता है। ता.२० से २१ तक भारी बिकवाली से बाजार गिर सकता है। ता.२२ से २४ तक विद्युत, पावर, बैंक, फार्मा, मिडकैप, स्मालकैप कंपनी के शेयरों में समर्थन बन सकता है। ता.२८ से ३० तक सामान्य सुधार की संभावना प्रतीत हो रही है।

अक्टूबर- आश्विन कृष्णपक्ष अष्टमी शुक्रवार आर्द्रा नक्षत्र मिथुन राशि में प्रारम्भ हो रहा है। ता.४ को गुरु वक्री होगा। १७ को बुध तुला में शुक्र व सूर्य के साथ युति करेगा। ता.१९ वृश्चिक में मंगल तथा शनि उदय होगा। ता.२१ को शुक्र अस्त होगा। फलतः ता.१ को बाजार नरम खुलकर नरम बंद होगा। ता.४ बाजार बिकवाली के दबाव में रहेगा। ता. ५ से ८ तक भिन्न-भिन्न सेक्टरों के शेयरों में बारी-बारी से खरीदारी हो सकती है। ता. ११ से १५ तक घट-बढ़ पूर्ण धारणा तेजीसूचक प्रतीत हो रही है। ता.१८ से १९ तक भयंकर घटा-बढ़ी धारणा मन्दी की ओर जा सकती है। ता. २० से २१ तक सामान्य सुधार जबकि ता.२२ को बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकता है। ता.२५ से २७ तक बिलूचिप कंपनियों के शेयरों में अचानक लिवाली से सूचकांक में अच्छा सुधार हो सकता है। ता.२८ को भारी बिकवाली में सामान्य सुधार की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। तुला की सूर्य संक्रांति रविवार की होने से शेयर बाजार में प्रायः घट-बढ़ पूर्ण धारणा तेजी की ओर बना रही है। वैदेशिक नीति अपरिवर्तित होने से कभी-कभी तेजी मंदी की लाइन गंभीर हो सकती है। अतः रुख देखकर काम करें।

नवम्बर- कार्तिक कृष्ण दशमी सोमवार मघा नक्षत्र सिंह राशि से प्रारम्भ हो रहा है। ता.२ कुंभ में गुरु, ता.४ को शुक्र पूर्व में उदय तथा वृश्चिक में बुध ता.७ को बुध उदय होगा। ता.१६ वृश्चिक में सूर्य ता.२० को गुरु मार्गी होगा। ता.२५ धनु में बुध ता.२७ मंगल अस्त होगा। ता.२९ धनु में मंगल जायेगा। फलतः मास का प्रारम्भ तेजीसूचक प्रतीत हो रहा है। सभी सेक्टरों के बिलूचिप कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से खरीदारी चल सकती है। ता.५ तक बाजार में एकतरफा तेजी की लाइन बन सकती है। ता.८ से १२ तक घट-बढ़ पूर्ण धारणा अग्रसर तेजी की ओर रहनी चाहिए। इसमें बैंक, साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, दूरसंचार, विद्युत तथा धातुओं के शेयरों में समर्थन प्राप्त होना संभावित प्रतीत हो रहा है। ता. १५ को भारी मंदी, ता.१६ से १७ तक तेजी की धारणा ता. १८ से १९ तक मंदी की धारणा बन सकती है। ता.२२ से २३ तक सामान्य तेजी, ता.२४ से २५ तक घट-बढ़, ता.२६ को सुधार की संभावना प्रतीत हो रही है। ता.२९ को मंगल धनु में राहु मूल तथा केतु आर्द्रा में प्रवेश करने से ता.३० तक विदेशी निवेशकोंके समर्थनसे सूचकांकमें भयंकर सुधार होगा।

दिसम्बर- मार्गशीर्ष कृष्ण दशमी बुधवार कन्या राशि में प्रारम्भ होगा। ता.४ को मीन में गुरु ता.९ को वक्रीबुध ता.१४ को बुध अस्त होगा। ता.१६ धनु में सूर्य ता.२२ वृश्चिक में बुध ता.२५ को बुध उदय होगा। ता.३० को बुध मार्गी होगा। ता.१ से ३ तक नई पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में समर्थन से तेजी की धारणा बन सकती है। ता.६ से ९ तक घट-बढ़ पूर्ण धारणा अग्रसर तेजी की ओर रहनी चाहिए। ता.१० को भारी बिकवाली बन सकती है। ता.१० से १५ तक तेजी इसके बाद ता.१७ तक किसी कारण से बिकवाली बनती रहेगी। आगामी सप्ताह ता.२० से २४ तक दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी, बैंक, फार्मा, साफ्टवेयर तथा धातुओं के शेयरों में अच्छी तेजी बनती है। ता.२७ से २९ तक उपरोक्त सेक्टरों में एकतरफा तेजी की लाइन बन सकती है। ता.३१ को अचानक बिकवाली बन सकती है।

जनवरी२०११- पौष कृष्ण द्वादशी अनुराधा नक्षत्र वृश्चिक राशि में प्रारम्भ होगा। ता.१ वृश्चिक में शुक्र, ता.७ धनु में बुध , ता.८ मकर में मंगल ता.१४ मकर में सूर्य, ता.१७ चित्रा में शनि ता.२६ को शनि वक्री होगा। ता.३० को मकर में बुध तथा धनु में शुक्र प्रवेश करेगा। फलतः ता.३ से ५ तक बिलूचिप कंपनियों के शेयरों में लिवाली से तेजी की धारणा प्रतीत हो रही है। ता.६ से ७ तक भारी बिकवाली बन सकती है। ता.१० से ११ तक सामान्य तेजी ता.१२ से १४ तक बिकवाली बनती रहेगी। ता.१७ को तेजी ता.१८ को भारी मंदी ता.१९ से २० तक तेजी ता.२१ को भारी मंदी बन सकती है। ता.२४ से २७ तक विभिन्न सेक्टरों के चुनिंदा शेयरों में लिवाली से तेजी की धारणा बन सकती है। ता.२८ को घट-बढ़ चल सकती है। ता.३१ सामान्य सुधार हो सकता है।

फरवरी- माघ कृष्ण चतुर्दशी मंगलवार पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र मकर राशि में प्रारम्भ होगा। ता.३ हस्त में शनि ता.१२ कुम्भ में सूर्य ता.१५ कुम्भ में मंगल, ता.१८ कुम्भ में बुध ता.२५ को मकर में शुक्र जायेगा। ता.५ को बुध अस्त होगा। ग्रहचाल के अनुसार ता.१ सामान्य तेजी ता.२ में सुधार ता.३ को भारी बिकवाली बन सकती है। ता.४ को भी बिकवाली बनी रह सकती है। ता.७ को सामान्य सुधार ता.८ को भारी मंदी ता. ९ से १० तक सुधार ता.११ को बिकवाली बन सकती है। ता.१४ से १८ तक तेजी की लंबी लाइन बन सकती है। ता. २१ से २३ तक भिन्न-भिन्न सेक्टरों के चुनिंदा शेयरों में खरीदारी भारी हो सकती है। ता.२४ से २५ तक बिकवाली बनती रहेगी। ता.२८ को खरीदारी होने से सूचकांक में आश्चर्यजनक सुधार संभावित प्रतीत हो रहा है।

मार्च- फाल्गुन कृष्ण द्वादशी मंगलवार उत्तराषाढ़ानक्षत्र मकर राशि में प्रारम्भ हो रहा है। ता.१ पूभा.में बुध ता.४ पूभा.में सूर्य ता.६ मीन में बुध, ता.१४ मीन में सूर्य ता.२० मेष में भानु ता.२२ को कुम्भ में शुक्र, ता.२८ मेष में बुध ता.२५ मीन में मंगल स्थान परिवर्तन करेगा। ता.३० बुध वक्री होगा। फलतः इस माह के तेजी-मंदी अफवाहों पर आधारित होगी। ता.१ को सामान्य सुधार, ता.२ से ४ तक भारी बिकवाली बन सकती है। ता.७ से १० तक भारी बिकवाली बन सकती है। ता.११ को सामान्य सुधार ता.१४ को भारी बिकवाली ता.१५ से १६ तक सामान्य तेजी जबकि ता.१७ को भारी बिकवाली बन सकती है। ता.१८ को संस्थागत निवेशकों के समर्थन से बाजार में सुधार ता. २१ से २२ तक सामान्य तेजी ता.२३ से २४ तक व्यापक घट-बढ़ ता.२५ को सामान्य सुधार ता.२९ से ३१ तक भारी बिकवाली बन सकती है। जिससे बाजार गिर सकता है।

ग्रहों के उदय-अस्त वक्री-मार्गी, युति-प्रतियुति आदि कारणों से फल लिखा है, अतः अपने विवेक से काम लें। लाभ हानि की लेखक की जिम्मेदारी नहीं है। आप चाहें तो तेजीमंदी की संपूर्ण जानकारी हमारे यहाँ से प्राप्त की जा सकती है। जिसका सेवा शुल्क १२ माह का साधारण रु.१०५००/- मध्यम रु.१५५००/- स्पेशल रु.२०५००/-, कमोडिटी, ट्रेडिंग, व्यापार भविष्यफल सहित दैनिक रिपोर्ट सेवा शुल्क रु.३०५००/- निर्धारित है।

प्रख्यात ज्योतिषाचार्य आचार्य पं. टुनटुन शास्त्री
व्यापार भविष्य एवं शेयरबाजार कमोडिटी ट्रेडिंग, समीक्षाकार
ग्राम-करौन्दी, पो.सरॉव,(नटवार),रोहतास,बिहार-८०२२१८
फोन नं. 09431486216, 09801873719

राशिफल गोचर ग्रहानुसार सं. 2067 वि. (अप्रैल 2010 से मार्च 2011 ई. तक)

मेष:- चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

अप्रैल:- मेहनत के चलते सेहत का ख्याल रखें। दैनिक कार्यभार की चिन्ता बढ़ेगी। उच्चअधिकारी की हाँ में हाँ मिलाते रहें। **मई:-** प्रियजन वियोग मन दुःखायेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उत्तम ग्रहचाल से रुका हुआ काम बनेगा। भाग्य का सितारा चमकेगा। **जून:-** बच्चों की पढ़ाई-लिखाई अच्छी रहेगी। यात्रा लम्बी व साधारण होगी। राजनीतिक सम्बन्धों से फायदा होगा। अत्याधिक व्यय से बचें। **जुलाई:-** अप्रत्याशित समाचार प्राप्त होगा। स्वास्थ्य संबंधी नियमों का पालन करें। बढ़ते कारोबार से विशुद्ध लाभ अधिक होगा। **अगस्त:-** समस्याओं के समयोचित समाधान न मिलने से मानसिक परेशानी होगी। पदाधिकार की चिन्ता अन्तर्विरोध को जन्म दे सकती है। यात्रा लाभदायक जानें। **सितम्बर:-** नई योजना में ऊर्जा व पूंजी का निवेश होगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें। मिथ्यापवाद, अनावश्यक भ्रमण से बचे रहें। **अक्टूबर:-** कानूनी दांव-पेच से बचे रहें। धार्मिक-सामाजिक कार्यों में मन लगा रहेगा। व्यस्तता के बीच हंसी-खुशी के पल निकलेंगे। आप इच्छित उन्नति की ओर अग्रसर होंगे। **नवम्बर:-** कठोर परिश्रम से रुका हुआ काम बन जायेगा। ललित कलाओं में रुझान बढ़ेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ होगा। योजना किसी के सहयोग से पूर्ण होगी। **दिसम्बर:-** अचानक मिली सफलता से हर्ष होगा। वाणी पर नियन्त्रण बनाए रखें। पुराने रिश्तेदारों, मित्रों के मिलने से खुशी होगी। लेन-देन में सावधानी बरतें। **जनवरी:-** आप इच्छित उन्नति की ओर अग्रसर होंगे। अजनबी से सचेत रहें। लाभ से खर्च अधिक हो सकता है। युवावर्ग को सफलता मिलेगी। **फरवरी:-** नई योजना शुरु कीजिए, भाग्य आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। पदोन्नति में साथी रुकावट पैदा करेगा। मेहमानों के आगमन से हर्ष होगा। **मार्च:-** रुपये-पैसे का सोच विचारकर इस्तेमाल करें। कोई नया काम प्रारम्भ होगा। व्यर्थ की राजनीति में भाग न लें। पुराने रोग-ऋण से छुटकारा मिल जायेगा।

वृष:- इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो

अप्रैल:- किसी परिचित से मनमुटाव हो सकता है। देवदर्शन से लाभ मिलेगा। अनावश्यक दुश्चिन्ताओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। **मई:-** माह आपके लिए सामान्य फलप्रद है। रुपये-पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें। संतानसुख मिलेगा। पुराने रोग-ऋण से छुटकारा होगा। **जून:-** काफी समय से टल रही योजनाऐं पूरी होंगी। इष्ट-मित्रों की सूचना प्राप्त होगी। असीमित आकांक्षाऐं दुःखों का सृजन करेंगी। समय व्यर्थ न गंवाऐं। **जुलाई:-** मेहनत के चलते सेहत का ख्याल रखें। संतान पक्ष की ओर से नये अनुभव होंगे। मकान, वाहन, पशु लेन-देन में रुचि बनेगी। विवाद से बचें। **अगस्त:-** कहीं से अचानक शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। बिगड़ते परिवेश में पुराने संपर्क फायदा देंगे। **सितम्बर:-** मास आपके लिए सामान्य फलदायी है। वाहन चलाने में सावधानी बरतें। लाभ-खर्च का संतुलन बनाए रखना श्रेयस्कर है। **अक्टूबर:-** नौकरीपेश वर्ग फायदे में रहेगा। दूर समीप की यात्रा का सुयोग है। तरक्की से मन प्रसन्न होगा। सह परिवारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। **नवम्बर:-** मास आपके लिए कुछ विशेषताएं लायेगा। मंगलोत्सव मिलन, आमोद-प्रमोद बढ़ेगा। प्रेम प्रसंग का चक्कर भी चल सकता है। **दिसम्बर:-** लम्बी लाभकारी योजनाओं में निवेश होगा। मनोरंजन का अवसर मिलेगा। आर्थिक चिंता से मुक्ति मिलेगी। देश-देशान्तर से समाचार आयेगा। **जनवरी:-** व्यवसाय के क्षेत्र में नया मार्ग प्रशस्त होगा। आध्यात्मिक क्षेत्र में मन रमेगा। लाभालाभ समान जानें। जोखिमपूर्ण कार्य में हिस्सा न लें। **फरवरी:-** कार्यक्षेत्र में जीवनसाथी व साझीदारों का सहयोग मिलेगा। सद्कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मन को शान्ति मिलेगी। नौकरी पेशा वर्ग को उन्नति मिलेगी। **मार्च:-** स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई नई परेशानी जन्म ले सकती है। वाद-विवाद में शत्रु पराभव से हर्ष होगा। सहपरिवारियों के पूर्ण सहयोग से नवनिर्माण का विचार पूरा होगा।

मिथुन:- का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा

अप्रैल:- घर में नये मेहमान के आने से खुशी होगी। चालू योजना कठिनाई से पूर्ण होगी। न चाहते हुए भी कहीं जाना होगा। शत्रु से सचेत रहें। **मई:-** किसी खास उपलब्धि से मन खुश होगा। सेहत पर मौसम का प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मन की नवीन योजनाएं साकार रूप लेंगी। दिनचर्या बनाए रखें। **जून:-** मास नई खोज, रचनात्मक कार्य के लिए अच्छा रहेगा। राज-समाज में सम्मान बढ़ेगा। प्रतियोगिता में जीत हो सकती है। नये सम्पर्क बन सकते हैं। **जुलाई:-** सामाजिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आत्म अनुसंधान से कई समस्याएं सुलझ सकती हैं। नवनिर्माण तथा देवदर्शन का विचार पूरा होगा। **अगस्त:-** उन्नति की ओर प्रयासरत रहें, समय सानुकूल है। महत्वपूर्ण सफलता से मन उत्साहित होगा। दाम्पत्य वैमत्य परेशानी का कारण बनेगा। **सितम्बर:-** नवीन व्यवसाय, राजनीतिक गठजोड़ का संयोग सुखद रहेगा। प्रगतिपथ पर पूर्णविश्वास से बढ़ें। साझीदारों से मन-मुटाव समय रहते ही सुलझा लें। **अक्टूबर-** धार्मिक यात्रा संकीर्तन का विचार बनेगा। उत्तरार्ध में योजनापूर्ति से लाभ, किन्तु मनोमालिन्य भी सम्भव है। धन-ऐश्वर्य वृद्धि से शत्रुओं को ईर्ष्या होगी। **नवम्बर:-** नवीन क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं हैं। भाग्य आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। बच्चों का समय खेलकूद में बीतेगा। व्यापार में सूझबूझ से काम लें। **दिसम्बर:-** पुरानी निराशा समाप्त होकर नया प्रगतिपथ मिलेगा। महत्वपूर्ण सफलता मिलने से हर्ष होगा। आय का कुछ भाग पुण्यार्जन पर खर्च होगा। **जनवरी:-** राजनीतिक गठजोड़ का संयोग सुखद रहेगा। मिथ्यापवाद, अनावश्यक भ्रमण से बचे रहें। अपने कर्त्तव्य सही ढंग से निभाएं। **फरवरी:-** भूमि, वाहन, पशु लेन-देन का विचार बनेगा। धर्म के प्रति आस्था जाग्रत होगी। अत्याधिक व्यय क्षोभ पैदा करेगा। **मार्च:-** अधिक व्यय होने के साथ लाभ के अवसर भी आयेंगे। नई मित्रता उमंग पैदा करेगी। किसी की व्यर्थ बातों पर ध्यान न दें।

कर्क:- ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

अप्रैल:- व्यवसाय, कार्यालय व्यस्तता के चलते दिनचर्या अव्यवस्थित न होने दें। अचानक धन लाभ होगा। पुराने विवाद का पटाक्षेप हो जायेगा। **मई:-** विषम परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। बड़े अधिकारी से सहयोग मिलेगा। घर-गृहस्थी में सरसता बनाए रखें। सोचे काम बन जायेंगे। **जून:-** कर्त्तव्य के प्रति सचेत रहें। यातायात के साधन सुलभ होंगे। रुका हुआ धन मिल जायेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम चलेगा। अच्छा समाचार आयेगा। **जुलाई:-** यह मास अतिमहत्वाकांक्षी प्रवृत्ति वालों के लिए शुभ है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में सरसता बनाए रखें। अजनबियों से सावधान रहें। **अगस्त:-** मास सामान्य फलदायक है। स्वास्थ्य की परेशानी हो सकती है। पूर्वापेक्षा लाभ अधिक होगा। अकस्मात व्यय का सामना भी करना पड़ सकता है। **सितम्बर:-** ग्रहानुसार आपके भाग्य का सितारा चमकेगा। असामान्य परिस्थितियों से घबराएं नहीं। परिवार से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। **अक्टूबर:-** अनावश्यक दु:श्चिन्ताओं से मन क्षुब्ध होगा। शत्रुजनित षड्यन्त्र लोकोपवाद से बचे रहें। नई उपलब्धियाँ मेहनत करायेंगी। सामाजिक उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी। **नवम्बर:-** मास में खट्टे-मीठे अनुभव मिलेंगे। बेकार के झंझटों से बचे रहें। महिलावर्ग का समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। मर्यादारहित व्यवहार क्षोभ का कारण बन सकता है। **दिसम्बर:-** कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी पड़ सकती है। घूमने-फिरने में अधिक समय व्यतीत न करें। तुरंत निर्णय अप्रत्याशित लाभ देगा। **जनवरी:-** साहित्य, संगीत व ललित कलाओं में मन लगा रहेगा। प्रतियोगिता में जीत आपकी होगी। नौकरीपेशा लोगों का श्रमसंघर्ष बढ़ेगा। **फरवरी:-** अच्छी खबर मन खुश करेगी। लम्बी बीमारी से पीछा छूट जायेगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। कानूनी झगड़ा सुलझ जायेगा। **मार्च:-** नवनिर्माणकारी योजनाओं में मस्तिष्क उलझा रहेगा। बच्चों का ध्यान खेलकूद से दूर पढ़ाई में लगेगा। पुराने दोस्तों का सहयोग अपेक्षित जानें।

सिंह:- मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे

अप्रैल:- विवादास्पद प्रकरण समाप्त होगा। गुप्तशत्रु, ईर्ष्यालु साथी से सावधान रहें। ग्रहचाल का प्रभाव मध्यम रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में मन रमा रहेगा। कुचक्र रचना से बचें। **मई:-** कर्मोद्योग में तत्परता बनी रहेगी। परिवार में सरसता का वातावरण बनेगा। निम्नस्तरीय जनसम्पर्क से लाभ तो उच्च अधिकारी से हानि सम्भव है। **जून:-** समय का सही उपयोग करने वालों का सितारा बुलन्द होगा। यात्रा मंगलोत्सवों का संयोग बन सकता है। राजसमाज में सम्मान बढ़ेगा। साथी से सुख मिलेगा। **जुलाई:-** लम्बीयात्रा, भूमि वाहनादि का विचार पूरा होगा। प्रतियोगी की गतिविधियों से सावधान रहें। महिलावर्ग को खासा फायदा होगा। जिम्मेदारियाँ भी बढेंगी। **अगस्त:-** व्यापारी वर्ग को कुछ मुश्किलें आ सकती हैं। किसी की कही सुनी बातों पर ध्यान न दें। धार्मिक कार्यों में यश बढ़ेगा। नौकरी संबंधी सूचना मिलेगी। **सितम्बर:-** जमा खाता बढ़ेगा। देवदर्शन से लाभ मिलेगा। सांसारिक सुख का साधन मिल सकता है। अच्छे समाचार से मन प्रसन्न होगा। स्वास्थ्य संबंधी नियमों का पालन करें। **अक्टूबर:-** गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरदायित्व में वृद्धि, अस्थिरता को जन्म दे सकती है। वाहनादि का सुख मिलेगा। स्थान परिवर्तन सुखद। **नवम्बर:-** घर-गृहस्थी की समस्या समय रहते सुलझा लें। बड़े बुजुर्गों की अवमानना न करें। लाभ के अवसर सामान्य हैं। व्यर्थ विवाद हो सकता है। **दिसम्बर:-** खरीद-फरोख्त के धंधे में मुनाफा होगा। शुभ निमन्त्रण मिलेगा। बच्चों पर पढ़ाई का भार बढ़ सकता है। नये सम्पर्कों पर जल्दी यकीन न करें। **जनवरी:-** धार्मिक सामाजिक काम से कहीं जाना होगा। समय के मुताबिक कार्य करें। विरोधियों से सावधान रहें। पड़ौसियों से विवाद उत्पन्न हो सकता है। **फरवरी:-** किसी अनजान व्यक्ति से कुछ फायदा होगा। कर्मोद्योग में नया समझौता लाभ देगा। स्वजनों से सुख मंगल कार्यों की खुशी होगी। **मार्च:-** प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। दोस्तों से अच्छी पटेगी। प्रकृति के सानिध्य में सुख मिलेगा। भूमि, वाहन, पशुपक्षी की खरीद-फरोख्त होगी। नया राजनीतिक संबंध अच्छा रहेगा।

कन्या:- टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

अप्रैल:- व्यवसायिक शैथिल्यता, ग्रहप्रपंच से अन्तर्मन क्षुब्ध रहेगा। पुराने रोग से छुटकारा मिलेगा। सुख की सामग्री खरीदी जायेगी। पारिवारिक खुशी का समाचार मिलेगा। **मई:-** यह मास सामान्य रहेगा। सामाजिक संपर्क फायदेमंद रहेगा। किसी खास स्थान की यात्रा से सुकून मिलेगा। सेहत का ख्याल रखें। **जून:-** लाटरी आदि का लाभ हो सकता है। लेन-देन का विचार पूरा होगा। भौतिक विकास का योग अच्छा है। विवाहादि उत्सवों में जाना हो सकता है। **जुलाई:-** मास के उत्तरार्ध में किसी समस्या का सामना करना पड़ेगा। भगवद्भक्ति से मार्ग प्रशस्त होगा। किसी खुले स्थान पर घूमने जाने का मौका मिलेगा। **अगस्त:-** रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। प्रयत्न करने पर मनोरथ सिद्धि होगा। लाभहानि का समान योग है। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। **सितम्बर:-** बड़े अधिकारी से सावधान रहें। क्रोध पर नियन्त्रण बनाए रखें। नए संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। लम्बी यात्रा न करें। **अक्टूबर:-** यश-कीर्ति का विस्तार होगा। समय के अनुकूल कार्य करें। नौकरी पेशा लोगों का श्रमसंघर्ष बढ़ेगा। बाल बच्चों में हास्यरस बढ़ेगा। नये काम में सफलता तय जानें। **नवम्बर:-** असामान्य परिस्थितियों से गुजरना पड़ेगा। रोजगार में मदद लेनी पड़ सकती है। पारिवारिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ सकता है। **दिसम्बर:-** देश-देशान्तर से शुभ समाचार मिलेगा। अपनी भूल का अहसास होगा। अनावश्यक यात्रा का विचार छोड़ दें। प्रेमप्रसंग का चक्कर चलेगा। घर-गृहस्थी का विचार पूरा होगा। **जनवरी:-** नवीन व्यवसाय, राजनीतिक गठजोड़ का संयोग सुखद रहेगा। मंगलोत्सव की सूचना मिलेगी। गृहस्थ जीवन में कठिनाई आ सकती है। **फरवरी:-** बच्चों को प्रिय वस्तु की प्राप्ति से खुशी मिलेगी। सरकारी लाभ की संभावना कम है। नए काम का विचार पूरा हो जायेगा। सुखोपभोग के साधन मिलेंगे। **मार्च:-** रुका हुआ धन मिलेगा। शुभ समाचार प्राप्त होगा। व्यक्तित्व में निखार आयेगा। आय-व्यय का संतुलन बना रहेगा। आलस्य का त्याग करें।

तुलाः- रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते

अप्रैलः- मास आपके लिए सामान्य फलदायक है। परम मित्र के सहयोग से नया काम बनेगा। कुछ समय बेमतलब की उलझनों में व्यतीत होगा। **मईः-** नये मेहमान के आने से गृहखर्च में बढ़ोत्तरी सम्भव है। व्यवसाय में तत्परता बनी रहेगी। प्रतियोगिता में विजय से मन प्रसन्न होगा। रुका धन मिलेगा। **जूनः-** तीव्र लाभ की उच्चाकांक्षाऐं मन में जन्म लेंगी। आर्थिक मामले में सहयोग अपेक्षित रहेगा। परिवार के लिए कुछ नया खरीदा जायेगा। गुप्त षड्यन्त्रकारी से सचेत रहें। **जुलाईः-** सामाजिक धार्मिक काम से कहीं जाना होगा। कुछ समय ज्ञानवर्धन में बीतेगा। नये काम में आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। समाज में रुतबा बढ़ेगा। **अगस्तः-** मास के पूर्वार्ध में योजनापूर्ति से लाभ होगा। घर-गृहस्थी की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जायेगी। उच्चाधिकारी से विवाद होने की संभावना है। **सितम्बरः-** चल रहे साम्यक कार्यों में सजगता बरतें, पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। रचनात्मक कार्यों की ओर रुझान होगा। प्रेमप्रसंग के चक्कर में नुकसान उठाना पड़ सकता है। **अक्टूबरः-** असंयम. भाग्योन्नति में व्यवधान कारक है। विद्युत उपकरण, वाहनादि चलाने में सचेत रहें। उत्तरदायित्व वृद्धि शुभफलदायक है। **नवम्बरः-** मंगलोत्सवों में जाने का अवसर मिलेगा। यशोपलब्धि से पड़ौसी ईर्ष्या करेंगे। प्रतियोगिता परिणाम सुखद रहेगा। उच्चअधिकारी राजनेता से सन्निकटता श्रेष्ठ नहीं। **दिसम्बरः-** साहित्य-संगीत में रुचि बनेगी। नवीन व्यवसाय, राजनीतिक गठजोड़ का संयोग सुखद रहेगा। पुराने मित्र से मिलन, इच्छित सहयोग से मन खुश रहेगा। **जनवरीः-** अति महत्वाकांक्षा दुःख का कारण बन सकती है। मेहनत परित्वेन सफलता मिलेगी। कानूनी विवाद नया मोड़ लेगा। यात्रा का अवसर मिलेगा। **फरवरीः-** मनोरंजन की सुविधा मिलेगी। कर्मोद्योग में तत्परता बनी रहेगी। पड़ौसियों से संबंध सुधरेंगे। समय रहते समस्या सुलझ जायेगी। खेलकूद में रुचि बढ़ेगी। **मार्चः-** आत्मविश्वास संजोएं, संयोग से कल्पना साकार हो सकती है। वाणी एवं क्रियाकलापों पर नियन्त्रण रखें। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

वृश्चिकः- तो,ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

अप्रैलः- ग्रहचाल भाग्य विकास में सहायक है। कार्यारम्भ कीजिए समस्या का समाधान समय पर हो जायेगा। संयोग वियोग क्षोभ का कारण बन सकता है। **मईः-** व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सुख-सुविधा, भोगविलास में समय व्यतीत होगा। उच्चाधिकारी की घनिष्ठता से लाभ उठायें। आयात-निर्यात् फायदेमंद रहेगा। **जूनः-** ग्रहचाल अनुकूल रहेगी। बढ़ते कामकाज की चिन्ता रहेगी। परिवार में सरसता का संयोग बनेगा। व्यर्थ के लफड़ों से बचे रहें। शत्रु नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करेगा। **जुलाईः-** इस माह नाम और दाम दोनों का लाभ होगा। किसी खास काम से यात्रा पर जाना पड़ेगा। लम्बी योजना का शुभारम्भ होगा। **अगस्तः-** जनसम्पर्क अच्छा रहेगा। दीर्घकालीन विवाद समाप्त होगा। प्रियजन मिलन से मन प्रसन्न होगा। पारिवारिक अन्तर्विरोध घटनाचक्र को जन्म दे सकता है। **सितम्बरः-** दोस्तों के साथ लम्बी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापारी तबके को अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। साहित्य संगीत में मन लगेगा। दाम्पत्य में सरसता बनाए रखना श्रेष्ठ है। **अक्टूबरः-** सामाजिक संपर्क सुधरेगा। प्रतियोगिता में नम्बर मिलेगा। लम्बी यात्रा और देवदर्शन का लाभ उठायेंगे। घर में मेहमान का आगमन होगा। **नवम्बरः-** पुराने परिचितों से अच्छी पटेगी। खरीद-फरोख्त का धंधा पनपेगा। सुसंगत विचारधारा और स्पष्टवादिता आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगा सकती है। कुछ विशेष उतार-चढ़ाव होगा। **दिसम्बरः-** राजकीय सहयोग अपर्याप्त रहेगा। अनियमित व्यवहार से मन दुःखेगा। व्यापारी तबके को लाभ होगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। **जनवरीः-** पढ़ाई या व्यवसाय हेतु परदेश भ्रमण का लाभ मिल सकता है। अभिष्टसिद्धि से प्रसन्नता मिलेगी। स्वास्थ्य कुछ नरम चलेगा। कानूनी विवाद में नया मोड़ आयेगा। **फरवरीः-** कारोबार में प्रगति होगी, किन्तु शत्रुभय भी रहेगा। रुके हुए कार्यों को बनाने का प्रयास करें। अनावश्यक भागदौड़ से बचें। **मार्चः-** मास में नई योजनाऐं पूरी होंगी। आगन्तुकों से गृहखर्च में वृद्धि सम्भव है। कारोबार अच्छा चलेगा। परिजनों से सहयोग मिलेगा।

धनुः- ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढ़ा, भे

अप्रैलः- नवीन कार्य की योजना मस्तिष्क में आकार लेगी। दोस्तों से मतभेद चल सकता है। नए मेहमान की खुशी होगी। गृहस्थी में लाभ-खर्च का सन्तुलन बनाए रखें। **मईः-** इस माह लाभ-खर्च बराबर रहेगा। कोई तुम्हें गुमराह करने की कोशिश करेगा। पत्नी और बाल-बच्चों की बात अनसुनी न करें। विरोधियों की गतिविधियाँ पहचानें। **जूनः-** मास शुभफलदायक है। कानून सम्बन्धी विवाद में विजय मिलेगी। भूमि वाहन लेन-देन का सौदा पक्का होगा। स्थान परिवर्तन से लाभ होगा। **जुलाईः-** साहित्य संगीत में मन लगेगा। नित नएपन का अहसास होगा। नया मेल-मिलाप लाभप्रद रहेगा। कुछ समय व्यर्थ ही सोच विचार में बीतेगा। जमा खाते में बढ़ोत्तरी होगी। **अगस्तः-** हास्यरस, आमोद-प्रमोद में समय बीतेगा। दूर-दराज की यात्रा का संयोग बनेगा। दुश्चिंताओं को हावी न होने दें। व्यर्थ राजनीतिक परिचर्चा त्याग दें। **सितम्बरः-** विचाराधीन काम देर से बनेगा। किसी नई भाषा में रुचि उत्पन्न हो सकती है। अच्छी खबर मन खुश करेगी। **अक्टूबरः-** पुराने दोस्तों के मिलने से मन में नई उमंग आ सकती है। सांसारिक सुखोपभोग, सम्मान वृद्धि, भाग्यविकास का सुयोग चल रहा है। नई खोज में रुचि बढ़ेगी। **नवम्बरः-** रुका हुआ धन देर से मिलेगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ होगा। नए लोगों से सम्पर्क बनेंगे। **दिसम्बरः-** सामाजिक प्रशंसा एवं श्रीवृद्धि से मन प्रसन्न होगा। घर में त्यौहार जैसा माहौल रहेगा। रोजगार में पर्याप्त उन्नति होगी। गया हुआ धन मिलेगा। **जनवरीः-** संकीर्तन व धार्मिक यात्रा का विचार बनेगा। व्यर्थ के झगड़े-झमेलों से बचे रहें। बच्चों की साहित्य संगीत में रुचि बनेगी। उच्च अधिकारी से टकराव संभव है। **फरवरीः-** कानूनी विवाद से राहत मिलने की खुशी होगी। आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ होंगे। नवीन क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं बनेंगी। साझीदार से मनमुटाव हो सकता है। **मार्चः-** सत्कर्मजन्य पुण्यार्जन से अभिष्ट सिद्धि मिलेगी। परिजन विछोह मन को दुःखायेगा। राजनीतिक गतिविधियोंमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें।

मकर:- भो, ज, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खे, खो, गा, गी

अप्रैल:- आशानुसार यह मास श्रेष्ठ रहेगा। गृहस्थी की समस्याओं का निवारण सूझ-बूझ से करें। इष्टकृपा, संयम परित्वेन लाभ होगा। गृहप्रपंच से अन्तर्मन क्षुब्ध रहेगा। **मई:-** भाग्य का सितारा चमकेगा। भौतिकवादी दृष्टिकोण के चलते विलासिता की वस्तुओं पर अपव्यय न करें। रोग, चिन्ता व मानसिक परेशानी रहेगी। **जून:-** यह मास कुछ विशेषताएं लायेगा। मधुरता के चलते कटुता के अनुभव होंगे। पुराने मित्र मिलने पर खुशी होगी। भूमि वाहनादि लेन-देन का योग बनेगा। **जुलाई:-** स्वास्थ्य सम्बन्धी नियमों का पालन करें। मन की उलझनों का समाधान प्रकृति स्वयं करेगी। लम्बी यात्रा से कष्ट सम्भव है। लाभ के अवसर मिलेंगे। **अगस्त:-** भाग्य का सितारा बुलन्द होगा। विषय विशेष की विशेषज्ञता व्यक्तित्व विकास में सहायक है। लाभ-खर्च का सन्तुलन बनाए रखें। किसी निकट सम्बन्धी से अनबन हो सकती है। **सितम्बर:-** अवरोध-विरोध के चलते संकल्पित कार्य पूर्ण होगा। अनावश्यक श्रम से मानसिक परेशानी हो सकती है। कार्य विशेष से समाज में अच्छी छवि बनेगी। **अक्टूबर:-** मास सामान्य फलदायक है। कारोबार में अनिश्चितता बनी रहेगी। बढ़ती अभिलाषाएं अनैतिक कार्यों की ओर प्रेरित करेंगी। बच्चे प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे। **नवम्बर:-** मास का फल कर्मयोगियों के लिए श्रेष्ठ है। गुप्त षड्यन्त्रकारियों से सावधान रहें। पारिवारिक कहा-सुनी मानसिक विक्षेप का कारण बनेगी। **दिसम्बर:-** महिलावर्ग के लिए समय अनुकूल है। शत्रुजनित षड्यन्त्र लोकोपवाद से बचे रहें। विरोधी परेशान कर सकता है। **जनवरी:-** कार्यक्षेत्र में शुभाशुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। किंचित अवरोध-विरोध के बाद आर्थिक उन्नति का सुयोग है। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनेगी। **फरवरी:-** लाभालाभ के योग समान हैं। आस्थावान पुरुषों का साथ श्रेष्ठ रहेगा। अधिक व्यय होने के साथ-साथ लाभ के अवसर भी आयेंगे। **मार्च:-** पुराने झगड़े-झंझटों से मुक्ति मिलेगी। अधिकारी वर्ग से अच्छी सांठ-गांठ रहेगी। निराशाजनक विचारों से बचे रहें, समय सानुकूल है।

कुम्भ:- गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा

अप्रैल:- मास की ग्रहचाल आपके अनुरूप रहेगी। असमंजस की मनःस्थिति में सूझबूझ से काम लें। बच्चों को प्रियवस्तु मिलने से खुशी होगी। मित्र सहयोग मिलेगा। **मई:-** चल-अचल संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सावधानी बरतें। गोचर ग्रहानुसार लाभ की संभावना है। करीबी रिश्तेदारों से मधुर संपर्क बनाए रखें। **जून:-** मास समान फलदायक है। व्यवसायिक निर्णय लेने में सावधानी बरतें। पेड़-पौधों और बागवानी से लगाव होगा। रुपये-पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें। **जुलाई:-** अनावश्यक इच्छाएं नियंत्रित रखें। कार्य योजनाएं बनती-बिगड़ती रहेंगी। सामाजिक संपर्क से काम बनेगा। इस मास में धन लाभ का सुयोग है। समय का सदुपयोग करें। **अगस्त:-** रोजमर्रा के कामों में नियमितता बनाए रखें। धर्म और आध्यात्म का मार्ग सुबुद्धि देगा। अवरोध-विरोध के चलते संकल्पित कार्य पूर्ण हो जायेगा। **सितम्बर:-** मास के पूर्वार्ध का हर दिन एक नई उमंग लेकर आयेगा। काम के चलते सेहत को नजरअंदाज न करें। संकल्पित योजना समय पर पूर्ण होगी। **अक्टूबर:-** रचनात्मक कार्यों से लगाव होगा। विपरीत परिस्थितियों में भी क्रोध पर काबू रखें। गृहस्थी की समस्या सुलझ जायेगी। राजकीय मदद मिलेगी। अचानक लाभ हो सकता है। **नवम्बर:-** स्पष्टवादी विचारधारा दूरगामी फलदायक है। समय को ध्यान में रखकर कार्य करें। पदाधिकार की चिन्ता अन्तर्विरोध को जन्म देगी। **दिसम्बर:-** मास मिश्रित फलदायक है। दिनचर्या अव्यवस्थित होगी। सफलता के मध्य असफलता के योग बन रहे हैं। व्यवसाय में उन्नति के अवसर चूकें नहीं। **जनवरी:-** किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ हो सकता है। कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में समय बीतेगा। किसी परिचित से मन-मुटाव भी हो सकता है। **फरवरी:-** विवेकपूर्ण कार्य संपादन से लाभ मिलेगा। अच्छे समाचार से मन खुश होगा। नये कार्यों में ऊर्जा व पूंजी का निवेश होगा। बढ़ते जनसंपर्क से लाभ। **मार्च:-** मास में कारोबार में उन्नति होगी। समयानुसार कार्य पूरे करने का प्रयास करें। स्वास्थ्य कुछ ढ़ीला चलेगा। परस्पर मनोमालिन्य से बचे रहें।

मीन:- दी, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची

अप्रैल:- प्रियजन मिलन से खुशी होगी। वर्त्तमान में परिश्रम का फल भविष्य में मिलेगा। मास के मध्य में आर्थिक तंगी व स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। **मई:-** सेहत पर मौसम का प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। महिलावर्ग को आर्थिक लाभ होगा। व्यवसायिक समझौता हो सकता है। संदिग्ध व्यक्ति से समझौता न करें। **जून:-** नई योजनाएं बनाने में दिमाग उलझा रहेगा। ग्रहचाल के अनुसार स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। गृहस्थी में सामंजस्य बनाए रखना बेहतर है। चिरस्थाई योजना में धन खर्च होगा। **जुलाई:-** विवादास्पद प्रकरण अन्तर्विरोध को जन्म दे सकता है। सत्प्रयत्न से मनोरथ सिद्ध होगा। लम्बी योजनाओं में पूंजी खर्च होगी। कानूनी विवाद नया मोड़ लेगा। **अगस्त:-** मिथ्यापवाद व्यर्थ भ्रमण से बचे रहें। राजकीय आश्वासन अधूरे भाग्य की विडम्बना ही जानें। व्यवसाय में तत्परता बनी रहेगी। पारिवारिक कहासुनी मानसिक विक्षेप का कारण बनती है। **सितम्बर:-** पराक्रम वृद्धि से शत्रु पराजित होगा। कार्यालय में अधिकारी से अनबन सम्भव है। दाम्पत्य में सरसता बनाए रखें। मंगलोत्सवों में जाना होगा। **अक्टूबर:-** माह महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभफलदायी है। विवेकपूर्ण कार्य संपादन से लाभ होगा। कानूनी एवं घर-गृहस्थी की समस्या सुलझ जायेगी। **नवम्बर:-** लम्बी योजना में पूंजी खर्च होगी। काम की व्यस्तता के चलते परिवार की उपेक्षा न करें। धार्मिक विवाद में उलझना श्रेयस्कर नहीं है। स्वास्थ्य कुछ नरम चलेगा। **दिसम्बर:-** सफलता के मध्य असफलता के योग बन रहे हैं। जनसम्पर्क, संचार क्षेत्र में संभावनाएं तलाशें। बच्चे खेलकूद तो स्त्रियाँ हास्यरस में विभोर रहेंगी। **जनवरी:-** अभिष्टसिद्धि से प्रसन्नता होगी। वाद-विवाद में शत्रु पराभव से खुशी। रोजगार में उन्नति के अवसरों पर चूके नहीं। ससुराल का समाचार आयेगा। **फरवरी:-** अचानक लाभालाभ के योग बन रहे हैं। कारोबार में नया समझौता होगा। राजनीतिक सम्पर्क फायदा देंगे। **मार्च:-** विशेष कार्य बनेंगे। देश-देशान्तर से समाचार मिलेगा। बढ़ते जनसम्पर्क का फायदा उठावें। गृहणियाँ साज सज्जा में व्यस्त रहेंगी।

आज का दिन कैसा रहेगा।

इस प्रश्न का उत्तर आप स्वयं ज्ञात कर सकते हैं। निम्नलिखित कालानल चक्र के द्वारा जिसे आप ध्यान से कोरे कागज, स्लेट या तख्ती पर लिख लीजिए।

शुभाशुभ ज्ञानार्थ चन्द्र कालानल चक्र

उपरोक्त चक्र में त्रिशूल के मध्य में जहाँ १ लिखा है, वहाँ पंचांग में देखकर आज का नक्षत्र अर्थात् जिस दिन का फल जानना चाहते हो, लिखकर क्रमशः अभिजित् सहित २८ नक्षत्रों के नाम लिखकर देखिए। आपका जन्म नक्षत्र या नाम नक्षत्र चक्र के किस भाग में कहाँ पड़ा है। आपसे अन्य कोई शुभाशुभ फल जानने के लिए प्रश्न कर रहा है तो उसका नक्षत्र चक्र में कहाँ पड़ता है। उसके अनुसार फल समझना चाहिए। आपके नाम का नक्षत्र त्रिशूल पर आन पड़े तो हानि या कष्ट हो। त्रिशूल के नीचे बाहर के स्थान में से किसी एक स्थान में आ जाए तो मध्यम फल जानना चाहिए। जिस दिन जन्म नक्षत्र त्रिशूल से रहित अन्दर के २६, ४, ५, ११, १२, १८, १९, २५ इन स्थानों में से किसी स्थान पर आ जाए, उस दिन लाभ, सुखोपभोग, विजय, बौद्धिक विकास अथवा यशोपलब्धि मिलेगी। मन खुश रहेगा। नई स्फूर्ती का संचार होगा।

अग्निवास ज्ञानाय कोष्ठक

पक्ष	तिथि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
शुक्ल पक्ष	१	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	२	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	३	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	४	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	५	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	६	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	७	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	८	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	९	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	१०	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	११	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	१२	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	१३	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	१४	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	१५	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
कृष्ण पक्ष	१	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	२	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	३	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	४	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	५	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	६	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	७	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	८	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	९	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	१०	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	११	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	१२	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	१३	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	१४	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	१५	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल

साथ के अग्निवास कोष्ठक में शुक्ल और कृष्ण पक्ष की १५-१५ तिथियाँ लिखी हैं। आड़ी पंक्ति में वार अंकित हैं। तिथि व वार के सामने अग्निवास लिखा हुआ है, सो अग्निवास यज्ञादि (हवन) में पृथ्वी पर शुभ होता है। आकाश में प्राणनाशक, पाताल में धनैश्वर्य की हानि करता है। अग्निवास का विचार किन-किन कार्यों में करें- **लक्षकोटि हवने मखेऽखिले चातिरुद्रकरणे महाविद्यौ। देवखात भवने सुरालयादग्नि चक्रमवलोकयेत्सुधीः॥** इनमें इसका विचार न करें- **विवाह यात्राव्रतगोचेषु चूड़ोपनीति ग्रहणे युगाद्यैः। दुर्गाविधाने च सुतप्रसूतौ नेवाग्निचक्रं परिचिन्तनीयम्॥**

अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन
दिनांक 20-21 जून 2009

नया प्रकाशन

श्री ब्रजराज

कालदर्शक पंचांग

दैनिक उपयोगी सामग्री सहित प्रकाशित

प्रत्येक पृष्ठ पर देवी-देवताओं के रंगीन चित्र, विक्रम सम्वत्, ईस्वी सन, शक सम्वत्, अंग्रेजी तारीख, चैत्र आदि मास, तिथि, प्रमुख व्रत एवं त्यौहार, सरकारी छुट्टियाँ, विवाह, व्यापार, वाहन एवं वास्तु मुहूर्त्त, दूध व अखबार का हिसाब, भद्रा, पंचक और गण्ड मूल, कुण्डलियाँ एवं ग्रह स्थिति, बारह महीने का राशिफल, कार्यसिद्धि योग, सर्वदोष नाशक रवियोग, द्वि-त्रिपुष्कर योग, रविपुष्य गुरुपुष्यामृत योग, तिथि व नक्षत्र का समाप्तिकाल, चन्द्रमा का राशि प्रवेश तथा दैनिक सूर्योदयास्त, ग्रहण विवरण, शनि की साढ़ेसाती व ग्रह चाल का प्रभाव, जन उपयोगी बातें, गृहणी की रसोई, चिकित्सा, गौरख पतरा यात्रा मुहूर्त्त, चौघड़िया मुहूर्त्त, सूर्य चन्द्र आदि नवग्रह के दान रत्न एवं उपाय, महालक्ष्मी पूजन के श्रेष्ठ मुहूर्त्त, यंत्र-तंत्र-मंत्र, स्वप्न विचार, गोचर ग्रहानुसार संसार का घटना चक्र साथ ही अनेक नए एवं महत्वपूर्ण विषय।

१. लघु(टिप्पणी)- जन्मतिथि, तारीख, समय, नक्षत्रादि, राशिचक्र, लग्न कुण्डली व चन्द्रकुण्डली का विवरण होता है। रु.१०१/-

२. जन्माक्षर पत्रिका- जन्म विवरण (तिथि,नक्षत्र,योगादि) राशिचक्र, लग्न कुण्डली व चन्द्रकुण्डली के साथ विंशोत्तरी महादशा व अतिसंक्षिप्त फलमी लिखा होता है। रु.२५१/-

३. जन्माङ्ग पत्रिका- जन्मविवरण(तिथि,नक्षत्रादि) राशिचक्र, लग्न-चन्द्रकुण्डली,सूर्यादिस्पष्टग्रह,विंशोत्तरी महादशा,अन्तर्दशा और साधारण भविष्यफल का वर्णन होता है। रु. ७५१/-

४. सप्तवर्गीय जन्मपत्रिका- जन्म विवरण (तिथि,नक्षत्रादि) राशिचक्र, घातचक्र, लग्न,चन्द्र व चलित कुण्डलियाँ,तत्कालीन सूर्यादि स्पष्टग्रह, होरा-द्रेष्काणादिकुण्डलियाँ, पंचधामैत्रिकोष्ठक, विंशोत्तरी महादशा, अन्तर्दशा, योगिनीदशा व अधिक विस्तार से भविष्यफल लिखा जाता है। यह ४० पृष्ठ की पुस्तकाकार हस्तलिखित जन्मपत्रिका बनाई जाती है। रु. २१०१/-

५. कुण्डली मिलान- वर-वधु जन्मपत्रिका मिलान शास्त्रोक्त विधि से किया जाता है। रु.२५१/-

६. शुभ मुहूर्त्त- गृहप्रवेश, दुकान, प्रतिष्ठान, वाहन खरीदने आदि सभी प्रकार के शुभ मुहूर्त्त बताने की फीस। रु.२५१/-

७. कम्प्यूटर जन्मपत्रिका- अत्याधुनिक कम्प्यूटर साफ्टवेयर द्वारा भी बनाई जाती हैं, जिनमें जन्म विवरण (तिथि, नक्षत्रादि) राशिचक्र, घातचक्र, लग्न कुण्डली व चन्द्रकुण्डली, सूर्यादि स्पष्टग्रह, होरा-द्रेष्काणादि कुण्डलियाँ, विंशोत्तरी महादशा, अन्तर्दशा, योगिनी दशा तथा जीवनके सभी पहलुओं पर विवेचन होता है। रु.५५१/-

नोट:- जन्मतारीख,माह,सन्, जन्म समय,जन्मस्थान,माता-पिताका नाम आदि विवरण स्पष्ट लिखकर भेजें। विदेश में जन्मे जातकों की फीस दोगुनी ली जाती है। जन्मपत्रिका बनाने की फीस पहले ही ली जाती है।

हमारा अन्य लोकप्रिय प्रकाशन

आपका अन्यन्त प्रिय नये सम्वत् का श्री राजधानी पंचांग कम्प्यूटर कम्पोजिंग द्वारा सुन्दर साज-सज्जा से सुशोभित, पूर्ववत् साइज, अधिक पृष्ठ, सुन्दर डिजायन, मोटे-मोटे, अक्षरों में छपकर तैयार है। आप अपने निकटवर्ती दुकानदार से प्राप्त कर सकते है, अथवा पंचांग कार्यालय से सम्पर्क करके मंगा सकते है।

★ श्री राजधानी पंचांग की विशेषताएँ ★

श्री राजधानी पंचांग में प्रतिवर्ष नये विषयों का समावेश कर आधुनिक बनाने का प्रयास किया जाता है। ज्योतिषियों के लिए नई सारणियाँ बना दी जाती है, जिनकी सहायता से देश-विदेश की कुण्डली निर्माण कर आप घंटों के काम को मिनटों में कर सकते है। नये शोधपूर्ण लेखोंके कारण इसकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आप अपनी प्रति पहले ही सुरक्षित करा लें।

श्री ब्रजभूमि पंचांग कार्यालय

कार्यालय : E - 219, मेन रोड़, जगजीत नगर, दिल्ली-110053

कार्या.: 22852476
निवास: 22941608
मोबा. : 9868909063